स्वास्थ्य ज्ञान व परिवार कल्याण :– आधुनिकता से लेकर पारम्परिकता तक संचार के अनेक माध्यम आज उपलब्ध है, लेकिन समाज के आचरण, दृष्टिकोण और विचारों में जितना परिवर्तन आज टी.वी. फिल्म, पत्र पत्रिकाओं के जरिये आया, उतना शायद अन्य माध्यमों से नहीं। यही वजह है कि आये दिन अपनी गतिविधियों एवं प्रस्तुतियों में अक्सर महिलाओं व उनसे जुड़े अन्य मुद्दे इनके आलोचनाओं के केन्द्र में रहते हैं। समाज की आधी आबादी अर्थात महिलाओं का इससे अप्रभावित रहना सम्भव नहीं है।

तालिका संख्या–3

स्वास्थ्य ज्ञान व परिवार कल्याण को प्रभावित करने का विवरण

विवरण	संख्या	प्रतिशत
रेडियो, टी.वी.	60	30.00
पारिवारिक पत्रिका	36	18.00
डाक्टरों से सलाह	72	36.00
पति का निर्देश	32	16.00
योग	**200**	**100.00**

तालिका संख्या–3 के सम्पूर्ण विवरण से स्पष्ट होता है कि सर्वाधिक 36.00 प्रतिशत महिलाएं डॉक्टरों की राय से अपने स्वास्थ्य की देखभाल करती हैं तथा परिवार कल्याण के उपाय को सुरक्षित मानती हैं तथा परिवार कल्याण के उपाय को सुरक्षित मानती है जबकि 30.00 प्रतिशत महिलाएं परिवार नियोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी टी.वी. व रेडियो के कार्यक्रमों से प्राप्त करती हैं तथा 18.00 प्रतिशत महिलाएं पारिवारिक पत्रिका के माध्यम से प्रभावित हैं और 16. 00 प्रतिशत महिलाएं पति के निर्देश पर चलना चाहती हैं और उन्हीं के माध्यम से अपनी स्वास्थ्य व परिवार नियोजन संबंधी क्रियाओं को सम्पादित करती हैं।

महिला स्वास्थ्य व मातृ–शिशु टीकाकरण :– भारत सरकार तथा स्वैच्छिक संगठनों का प्रयास तथा महिला स्वास्थ्य व मातृ शिशु कल्याण केंद्र देश के लिए कोई नई बात नहीं है। स्वैच्छिक प्रयासों के आधार मानव सेवा के नैतिक उद्देश्य से प्रेरित रहा है। दीन–दुखियों की सहायता हो या माता–शिशु के प्रसवोपरान्त चिकित्सीय देखभाल सभी कुछ स्वैच्छिक प्रयास के आधार पर होता आया है। जिसमें सेवा भाव निहित होता है। बच्चों की देखभाल, टीकाकरण, उचित परिस्थिति में प्रसव तथा अन्य रोगोपचार हेतु ये संस्थाएं प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी पहुंच जरूरतमंदों तक अवश्य पहुंच जाती है। या स्वयंसेवी संगठन जरूरतमंदों की आवश्यकताएं पूरी करने की कोशिश करते हैं।

तालिका संख्या–4

महिला स्वास्थ्य व मातृ–शिशु कल्याण संस्थाओं द्वारा टीकाकरण का विवरण

विवरण	संख्या	प्रतिशत
हां	190	95.00
नहीं	10	5.00
योग	**200**	**100.00**

तालिका संख्या–4 के सम्पूर्ण विश्लेषण से ज्ञात होता है कि सर्वाधिक 95.00 प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया कि महिला संगठनों व स्वैच्छिक स्वास्थ्य तथा मातृ–शिशु कल्याण संस्थाओं द्वारा किये गये टीकाकरण व देखभाल से संतुष्ट है, जबकि 5.00 प्रतिशत महिलाएं स्वैच्छिक संगठन व महिला कल्याण मातृ–शिशु संस्थाओं को क्रिया विधि से प्रभावित नही है।

आधुनिक शिक्षित महिलाएं एवं परिवार नियोजन जागरूकता :– शिक्षा मनुष्य के विचार व दृष्टिकोण में तर्कयुक्त परिवर्तन लाता है। जो महिलाएं शिक्षित हैं, वे अपने भविष्य, स्वास्थ्य व परिवार तथा परिवार कल्याण की बातें स्वयं सोच–समझकर निर्णय लेती हैं। उनमें निर्णय करने की क्षमता का विकास सहजता से हो जाता है। शिक्षित व आधुनिक महिलाएं नौकरी व व्यवसाय को महत्व देकर परिवार की आर्थिक स्थिति में सहयोग देती हैं। इस तरह वे अपने परिवार को सीमित रखने हेतु भी पूर्ण जागरूक रहती हैं।

तालिका संख्या–5
आधुनिक व शिक्षित महिलाओं का परिवार नियोजन महिलाओं का विवरण

विवरण	संख्या	प्रतिशत
हां	140	70.00
नहीं	24	12.00
उदासीन	**36**	**18.00**

तालिका संख्या–5 के विवेचन से ज्ञात होता है कि अधिकांश 70 प्रतिशत आधुनिक व साक्षर महिलाएं परिवार नियोजन व प्रजननता के प्रति अधिक जागरूक है। जबकि 18 प्रतिशत महिलाएं अभी भी ग्रामीण परिवेश के कारण उदासीन हैं, तथा 12 प्रतिशत महिलाएं परिवार नियोजन व प्रजननता को अपने परिवार अर्थात पति व अपनी सास के आदेशों का पालन करती हैं।

नव दंपती में परिवार नियोजन :– आधुनिक समय की सर्वाधिक प्रचलित धारणा मॉडलाइजेशन है। परंपरा से हटकर तर्क युक्त किया गया कार्य आधुनिकता की श्रेणी में रखा जाता है। बदलते समय के कारण परंपराओं की जगह आधुनिकता का रूप ले लिया है। इसी कारण अब परिवार नियोजन को अनुचित नहीं माना जाता। साथ में आधुनिक विचारों ने इस विचार को सही नहीं माना कि पुत्र–पुत्री से श्रेष्ठ है। पुत्र–पुत्री से कोई भेदभाव आधुनिक विचार से नहीं है, लेकिन वर्तमान समय में देखा गया है कि अब केवल एक संतान की देखभाल ही (पुत्र या पुत्री) नवदंपती अपनी जिम्मेदारी समझते हैं, अतः परिवार नियोजन का महत्व आधुनिक व शिक्षित महिलाएं ज्यादा समझती हैं।

तालिका क्रमांक– 6
नव दंपती में परिवार नियोजन अपनाने व आधुनिकता का विवरण

विवरण	संख्या	प्रतिशत
हां	146	73.00
नहीं	54	27.00
योग	**200**	**100.00**

तालिका संख्या –6 के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि सर्वाधिक 73 प्रतिशत महिलाएं यह स्वीकार करती हैं कि नव दंपतियों द्वारा परिवार नियोजन अभिकरण अपनाना आधुनिकीकरण से सकारात्मक रूप से संबंधित है। जबकि 27 प्रतिशत महिलाएं इससे सहमत नही हैं।

आधुनिकीकरण का प्रभाव एवं परिवार नियोजन :– आधुनिक समाज परिवर्तन के पर्याय होते हैं और इस इच्छा के भी कई कारण हैं जैसे आज आधुनिकता के कारण भौतिक उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। नई तकनीकी अनुसंधानों से व्यक्ति संबद्ध होता जा रहा है। जिसके कारण परिवर्तन की प्रक्रिया लगातार गतिशील होती जा रही है। यही कारण है कि समाज के लोगों में यह धारणा पल्लवित हो गई है। परंपराओं से हटकर आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं। यह प्रभाव जनसंचार माध्यमों ने और सरल बना दिया है। इसी कारण आधुनिकीकरण का प्रभाव सामाजिक परंपराओं में पड़ना स्वाभाविक है।

तालिका क्रमांक–7
आधुनिकीकरण का प्रभाव एवं परिवार नियोजन

विवरण	संख्या	प्रतिशत
हां	144	72.00
नहीं	36	18.00
उदासीन	20	10.00
योग	200	100.00

तालिका अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि सर्वाधिक 72 प्रतिशत महिलाएं स्वीकार करती हैं कि आधुनिकीकरण जनमाध्यमों का प्रभाव महिलाओं के प्रजनन दर पर परिवार नियोजन के प्रयोग से कम हुआ है। तथा 18 प्रतिशत महिलाएं इस तथ्य को स्वीकार नहीं करतीं और 10 प्रतिशत महिलाएं इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहतीं।

निष्कर्ष :– आधुनिकता का प्रभाव संचार, शिक्षा तथा जनसंख्या नियंत्रण में समाज के हर घटक पर देखा जा सकता है। जिसके फलस्वरूप आधुनिकीकरण के इस युग में नव दंपतियों द्वारा जनसंख्या नियंत्रण हेतु परिवार नियोजन को अपना लिया। साथ ही छोटा परिवार आधुनिकता के विषय में अनुकूल माना जाता है। साथ ही आधुनिकीकरण के कारण विवाह में बिलम्बिता को प्राथमिकता दी गई है। जिसके फलस्वरूप जनसंख्या नियंत्रण व बच्चों की संख्या अब लोग स्वयं सीमित कर रहे हैं। उच्च शिक्षित मुस्लिम परिवार की महिलाएं भी अब आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर हो रही हैं। तथा जनसंख्या नियंत्रण में सहयोग कर रही हैं। ऐसा अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ।

संदर्भ ग्रंथ :–

1. Lerner Daniel : The Passing Away of Traditonal Society, Free Press, 1958
2. Pye L.W. (1972) : Communications and Pollitical Development, Radha Krishna Prakashn, New Delhi.
3. Pool IDS (1968) : the Role of Communication in the process of medemization and Technological change in Best F. Hostility and W.E. Moore Led.) Industrializations and Society (Monlon) (UNESCO).
4. Srivas, M.N. (1972) : Social Change in Modern India (India Edition) Orient Lorgmen, New Delhi.
5. Gore, M.S.: Educations and Modenizations in India, Rawat Publications, Jaipur 1982.
6. Eiserstad t, S.N.: Modernizations: Protest and Change, Prentice Hall of India, New Delhi, 1969.
7. A. K. Singh (1984) : Health Modernity Concept and Correlates Cocial Changes, Council for Social Devrlopment New Delhi, Vol.14 No. 13, PP. 3-16.
8. Reddy. M.N. Krishna Fertility and Family Planning Behaviour in Indian Society, Kanishka Publisher's Distributors, New Delhi, 02, 1996.
9. District Statics Paper-2016, Finance and Statical officer, Mirzapur, Pg-83.

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

भारतीय संगीतज्ञों के संदर्भ में उनके मूल्यों का एक विश्लेषण

डॉ. अनुराधा सिंह
आर. के. केड़िया बालिका उच्च विद्यालय, मुजफ्फरपुर, बिहार

मूल्य (Values) वैसे विश्वासों से संलग्न रहता है, जो हमें यह बतलाता है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा। मूल्य किसी एक समाज की संस्कृति को प्रतिबिंबित करता है तथा संस्कृति के अधिकांश लोग एक जैसे मूल्य धारण किए रहते हैं। मूल्यों का संबंध व्यक्ति की आवश्यक्ताओं एवं उद्देश्य की संतुष्टि से होता है। जहाँ किसी वस्तु के प्रति धनात्मक मूल्य (वांछनीय), व्यक्ति को उस वस्तु की प्राप्ति के लिए प्रेरित कर सकता है, वहीं नकारात्मक अथवा अवांछनीय मूल्य उसे उद्देश्य प्राप्ति में बाधक सिद्ध हो सकता है। व्यक्ति एक दूसरे से भिन्न कई सारे मूल्य रख सकते हैं। ये मूल्य कई प्रकार के होते हैं, जैसे – धार्मिक मूल्य, सामाजिक मूल्य, आर्थिक मूल्य, नैतिक मूल्य, सौन्दर्य बोधक मूल्य आदि।

ऐसे कई अध्ययन हुए हैं, जिनमें संगीतज्ञों की मूल्य – प्रणालियों पर चर्चा की गई है। इन अध्ययनों से जो परिणाम प्राप्त हुए हैं, उनसे यह बात उजागर होती है कि मूल्यों के आधार पर संगीतज्ञ आम लोगों से काफी भिन्न होते हैं। यहाँ तक विभिन्न विधाओं के संगीतज्ञों तथा सफल एवं असफल संगीतज्ञों के मूल्यों में भी भिन्नता पाई जाती है। रायचौधरी (1977) के अध्ययन के अनुसार संगीतज्ञों में सौन्दर्य बोधक मूल्य काफी उच्च स्तर के होते हैं। प्रज्ञानंद (1979) ने अपने अध्ययन में कहा है कि संगीत वास्तव में एक संगीतज्ञ की आन्तरिक गहराई का सौंदर्य मूलक चित्रण है। उनके लिए उनका संगीत अपनी आकांक्षाओं और कल्पनाओं को बाहरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का एक उपयुक्त माध्यम है। भारतीय संगीत में प्रयुक्त सौंदर्यपूर्ण स्वरों और रागों से यह प्रमाणित होता है कि संगीतज्ञो में सौन्दर्य बोधक मूल्य उच्च स्तर के होते हैं। बेन्टले (1937) के प्रारम्भिक अध्ययन में यह पाया गया है कि जो उत्कृष्ट गायक अथवा गायिकाएँ होती है, वे सामान्यतया ईमानदार, विवेकी, सदाचारी एवं अत्यंत मृदु स्वभाव के होते हैं। कुछ ऐसे ही विचार मैकगी एवं लुइस (1942) ने भी प्रस्तुत किए हैं।

सौन्दर्यबोधक मूल्य एवं नैतिक मूल्य के साथ–साथ संगीतज्ञों में धार्मिक मूल्य भी उच्च श्रेणी के पाए जाते हैं। कुमारस्वामी (1948) ने अपने अध्ययन में यह पाया कि संगीतज्ञ सामान्यतः ईश्वर में पूर्ण आस्था रखते हैं तथा अपनी सफलता के लिए ईश्वर को ही प्रेरणा का श्रोत मानते हैं। राचौधरी (1963) ने भी इस बात की पुष्टि की है कि संगीतज्ञ ईश्वरीय शक्ति पर पूर्ण रूप से विश्वास करते हैं। उनके अनुसार यह सम्पूर्ण सृष्टि ईश्वर द्वारा ही संचालित है। अतः इससे यह स्पष्ट है कि संगीतज्ञों में धार्मिक मूल्य उच्च स्तर के होते हैं। ऐसे अध्ययन नदारद हैं, जिनमें संगीतज्ञों के आर्थिक मूल्य पर प्रकाश डाला गया हो। परन्तु अन्य व्यवसाय के समान ही संगीतज्ञों के जीवन में भी भौतिक सुख का काफी महत्व है, इस बात से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि संगीतज्ञों के आर्थिक मूल्य भी उच्च स्तर के होते होंगे। परन्तु भारतीय संगीत की परम्परा और दर्शन के अनुसार यदि संगीतज्ञ किसी आर्थिक लाभ की लालसा से प्रस्तुती देता है तो उसकी योग्यता में कमी आ जाती है। प्रचानी समय के गायक सामान्यतः संत प्रवृति के हुआ करते थे। जैसे–स्वामी हरिदास, सूरदास, मीराबाई इत्यादि। ये किसी आर्थिक लाभ के लिए नहीं, अपितु परमात्मा के लिए अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए गाते थे। परन्तु भारतीय समाज में हुए परस्पर बदलावो के फलस्वरूप भारतीय संगीतज्ञों के आर्थिक मूल्यों में भी परविर्तन आया है। आधुनिक समय के गायक सिर्फ आत्म संतुष्टि या ईश्वर की आराधना हेतु नहीं गाते, बल्कि अर्थ प्राप्ति के लिए भी गाते हैं। इस तथ्य का समर्थन सिन्हा (1989) ने अपने उस अध्ययन में भी किया है, जो उन्होंने बनारस के संगीतज्ञों पर किया है।

इस प्रकार उपर्युक्त अध्ययनों एवं व्याख्याओं से यह बात स्पष्ट है कि भारतीय संगीतज्ञों में नैतिक, धार्मिक, सौन्दर्य बोधक एवं आर्थिक मूल्य उचित मात्रा में पाए जाते हैं। परन्तु कुछ अध्ययनों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है कि भिन्न–भिन्न विधाओं के संगीतज्ञों में इन मूल्यों की मात्रा में अंतर पाया जाता है। प्रख्यात समाजशास्त्री Whitening and Child के अनुसार अलग–अलग संस्कृतियाँ लोगों में अलग–अलग गुणों एवं मूल्यों के विकास को प्रोत्साहित करती है। लक्ष्मीनारायण गर्ग ने 'निबंध संगीत' में कहा है कि शास्त्रीय संगीत की संस्कृति जितनी प्राचीन है उतनी ही भिन्न है। इसमें सदैव गुरू–शिष्य परम्परा को महत्व दिया गया है। कुमारस्वामी एवं

रायचौधरी ने भी अपने अध्ययन में पाया है कि शास्त्रीय गायकों में नैतिक मूल्य धार्मिक मूल्य तथा सौंदर्य बोधक मूल्य उच्च श्रेणी में पाए जाते हैं। वही सुगम संगीत तथा चित्रपट संगीत जनसाधारण का संगीत है जबकि लोक संगीत ग्रामीण परिवेश एवं प्राचीन लोक परंपराओं से जुड़ा हुआ संगीत है। अतः ऐसा अनुमान है कि इन विधाओं से जुड़े कलाकारों में पाए जाने वाले मूल्य अवश्य भिन्न होंगे।

इसी विषय पर डा. अनुराधा सिंह (2013) द्वारा किए गए "विभिन्न विधाओं के गायक एवं उनकी विशेषताएँ : एक विश्लेषण" विषयक शोध के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि भारतीय संगीत की विभिन्न विधाओं की गायिकाओं में आर्थिक मूल्य छोड़कर अन्य सभी मूल्यों की उच्च मात्रा पाई जाती है। लोक गायिकाएँ अन्य गायिकाओं की तुलना में अधिक धार्मिक और सामाजिक होती है। लोक संगीत के अलावे शास्त्रीय एवं सुगम संगीत की गायिकाएँ भी धार्मिक मूल्य पर उच्च अंक प्राप्त करती हैं, जिससे स्पष्ट है कि गायिकाएँ स्वभावतः धार्मिक होती है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि शास्त्रीय एवं सुगम संगीत की गायिकाओं के सामाजिक मूल्य एक समान हैं। वे समाज के सम्पर्क में होते हुए भी अपने आप में सीमित रहती हैं। इसके अतिरिक्त शास्त्रीय लोक तथा सुगम संगीत की गायिकाओं में नैतिक तथा सौंदर्यबोधक मूल्य भी एक समान तथा उच्च मात्रा में पाए गए। जिसके अनुसार संगीतज्ञ सामान्यतया ईमानदार, सभ्य तथा परोपकारी होते हैं और सौंदर्य के साथ उनका अटूट संबंध है।

इस प्रकार ऐसे अध्ययनों का अभाव है, जिसमें भारतीय संगीतज्ञों के मूल्यों की चर्चा की गई हो, परन्तु जितने भी अध्ययन है, उनसे यह स्पष्ट है कि ये संगीतज्ञों की एक प्रमुख विशेषता है, जिसका प्रभाव उनके संगीत पर विशेष रूप से पड़ता है, अतः इसका विश्लेषण आवश्यक है।

सन्दर्भ सूची :–

1. शोध प्रबंध – 'भारतीय संगीत की विभिन्न विधाओं के गायक एवं उनकी विशेषताएँ : एक विश्लेषण', डॉ. अनुराधा सिंह (2013) ति.मा.भा.वि. भागलपुर
2. निबंध संगीत – लक्ष्मीनारायण गर्ग (संकलनकर्त्ता) संगीत कार्यालय हाथरस
3- Raychaudhari, M. (1963) – Personality of the Indian musicians, Rorschachana Joponica, 6, 194-214
4- Prajnanand, S. (1979) – Music, It's form, Function and Value- Delhi : Munshiram Manoharlal Publishers.
5- Mohsin, S.M. (1968) – The Psychology of moral Values, Journal of General and Applied Psychology, 1, 1-8.
6- Parmesh, C.R. (1970) – Value Orientation of Creative Persons, Psychological Studies, 15, 108-112.

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

कर्मभूमि उपन्यास में स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि

कुलदीप जाट
शोधार्थी, हिन्दी अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.)

साम्राज्यवादी अंग्रेजों ने अपनी राजनैतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए भारतीयों को अपार संकट में डाल कर जनता को अशिक्षित एवं पिछड़ा हुआ सिद्ध करके, उन्हें आत्महीनता के गहन अंधकार में डाल दिया। भारतीय जनता देशी राजतंत्र के साथ–साथ यूरोपीय शासन के अत्याचारों को भी झेल रही थी। व्यापार के बहाने भारत में प्रवेश करके यूरोपीयों ने अपनी आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए अल्प समय में ही हमारे यहाँ अपना सम्पूर्ण प्रभुत्व स्थापित कर लिया।

अवसरवादी ब्रिटिश शासक भारतीय जनता एवं मजदूर किसानों का लगातार शोषण कर रहे थे। इस गहन शोषणकारी नीति के विषय में शम्भुनाथ ने अपने लेख में लिखा है– ''पहले जमीन की मिल्कियत कृषक वर्ग के हाथों में थी। राजा जमीन का मालिक नहीं था। वह सिर्फ पैदावार का एक हिस्सा कर के रूप में लेता था। मुगल बादशाह यही कर मुद्राओं में लेते थे; लेकिन जमीन पर कृषकों का अधिकार और स्वायत्तशासी व्यवस्था कायम थी। ब्रिटिश शासकों ने अपने सामन्ती और पूंजीवादी स्वार्थों के अनुरूप भारतीय जनता पर अपना उपनिवेशवादी इजारा कायम किया। इसने जमींदारी और रैयतदारी प्रथा विकसित की; जिसका उद्देश्य करों की लूट से अपना सरकारी खर्च चलाना था। बहुतों को भ्रम है कि अंग्रेज भारत में सिर्फ पूंजीवाद लेकर आए। वस्तुस्थिति यह है कि उन्होंने भारतीय भूमि व्यवस्था में यूरोपीय सामन्तवादी पद्धति लागू की और कृषकों का दोहरा शोषण किया।''[1] ब्रिटिशों ने देश में अंधाधुंध लूटमार की, जिससे भारतीय जनता में इनके प्रति घृणा, असंतोष और विद्रोह उत्पन्न हुआ।

उपन्यास सम्राट प्रेमचन्द ने अपने समय में ब्रिटिश उपनिवेशवादी शोषणकारी नीतियों और जनता पर होने वाले अत्याचारों को देखा। प्रेमचन्द जी बीसवीं सदी के युगदृष्टा साहित्यकार थे। सन् 1918 से 1936 तक के समय में उन्होंने अपने कथा–साहित्य में स्वतंत्रता आन्दोलन के काल को अपनी कलम से जीवन्त किया। प्रेमचन्दजी के उपन्यासों में अनेक जगहों पर स्वतंत्रता आंदोलन का वर्णन मिलता है, जैसे गबन, रंगभूमि, कर्मभूमि आदि उपन्यासों में उन्होंने उपनिवेशवादी विद्रोह पर विशेषतः प्रकाश डाला है, किन्तु कर्मभूमि उपन्यास को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि कहा जा सकता है। इस उपन्यास के अधिकांश पात्र चाहे वे स्त्री हो या पुरूष वे सभी आन्दोलन का नैतृत्व करते हैं। इसमें सुखदा आम जनता पर होने वाले विद्रोह के विषय में कहती है – ''नगर की जनता अब इस दशा में न थी कि उस पर कितना ही अन्याय हो और वह चुपचाप सहती जाय। उसे अपने स्वप्न का ज्ञान हो चुका था, उन्हें यह मालुम हो गया था कि उन्हें भी आराम से रहने का उतना ही अधिकार है, जितना धनिकों को। एक बार संगठित आग्रह की सफलता देख चुके थे। अधिकारियों की यह निरंकुशता, यह स्वार्थपरता उन्हें असह हो गयी। और यह कोई सिद्धान्त की राजनैतिक लड़ाई न थी, जिसका प्रत्यक्ष स्वरूप जनता की समझ से मुश्किल से आता है। इस आन्दोलन का तत्काल फल उनके सामने था।''[2] जनता अंग्रेजों की विस्तारवादी नीतियों को भली प्रकार से समझ गई थी, अब उसमें विद्रोह के स्वर मुखरित होने लगे थे। प्रेमचन्द के अपनी कलम के माध्यम से जनता के संकटों को मूर्त रूप दिया था।

इस उपन्यास में अंग्रेज सिपाहियों की बर्बरता को इस प्रकार व्यक्त किया गया है जब सलीम को और उसके साथियों को सिपाहियों ने बर्बरता से पीटा था – ''अंधेरा हो गया था। आतंक ने सारे गाँव को पिशाच की भांति छाप लिया था। लोग शोक और आतंक के भाव से दबे, मरने वालों की लाशें उठा रहे थे। किसी के मुंह से रोने की आवाज न निकलती थी। जख्म ताजा था, इसलिए टीस न थी। रोना पराजय का लक्षण है। इन प्राणियों को विजय का गर्व था। रोकर अपनी दीनता प्रकट न करना चाहते थे। बच्चे भी जैसे रोना भूल गए थे।''[3] निर्बलों पर किए जाने वाले अत्याचार इतने बढ़ गए थे कि जनता की जान की कीमत पानी से ज्यादा न थी। इस पर ग्रामीण जनता की स्थिति तो और भी दयनीय हो गई थी। अंग्रेजों के अत्याचारों की भयावहता इतनी अधिक थी कि चारों ओर आतंक खून–खराबा और उस पर अत्यधिक निर्धनता ने ग्रामीणों के जीवन को नारीकिय बना डाला था।

प्रेमचन्द जी इस अभियान को लेखन के माध्यम से बढ़ाना चाहते थे, लेकिन जनता और अंग्रेजों

के मध्य अवमानना का यह खेल आगे चलकर इतना विषम बना दिया कि यह स्थायी विभाजन के रूप में परिणित हो गया। स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष में पहले उच्च वर्ग अपना योगदान दे रहा था, किन्तु अंग्रेजों की शोषणकारी नीतियों से सबसे ज्यादा त्रस्त निम्नवर्ग हो रहा था, इनमें छोटे कारीगर, मजदूर और दूसरों की जमीन पर कास्तकारी करने वाले दिहाड़ी मजदूर किसान आदि शामिल थे, ब्रिटिशों के आगमन के पूर्व भारत में वर्ग विभाजित समाज था, सबके अपने–अपने अलग कार्य–क्षेत्र थे, जिसमें शांतिपूर्वक कार्यों और मेहनत से समाज का निम्नवर्ग भी अपने जीवन का निर्वहन कर रहा था। अंग्रेजों की क्रूर भावना से इस निम्न वर्ग के हृदय में बदले की भावना का बीजारोपण हुआ। क्रूरता से अत्याधिक पीड़ित इन मजदूरों ने अपना हल–बैल आदि छोड़कर हथियार उठा लिए। इस तरह के भेदभावपूर्ण व्यवहार से दुःखी यह एक तरह से बहिष्कृत होकर दोहरी जनव्यवस्था का शिकार होते गए। इस तरह का अविश्वास 'कर्मभूमि' में सलीम के शब्दों से व्यक्त होता है – ''सलीम ने हारकर कहा – तो आखिर तुम चाहते क्या हो? लगान हम दे नहीं सकते। वह लोग (अंग्रेज) कहते हैं हम लेकर छोड़ेंगे। तो क्या करें? अपना सब कुछ कुर्क हो जाने दें? अगर हम कुछ कहते हैं, तो हमारे ऊपर गोलियां चलती हैं। नहीं बोलते तो तबाह हो जाते हैं। फिर दूसरा कौन–सा रास्ता है? हम जितना ही दबते जाते हैं, उतना वह लोग शेर होते हैं। मरने वाला बेशक दिलों में रहम पैदा कर सकता है; लेकिन मारनेवाला खौफ पैदा कर सकता है, जो रहम से कहीं ज्यादा असर डालने वाली चीज है।''[4] इस उपन्यास में प्रेमचन्दजी ने भारतीय जन–मानस के घोर विषम समय का वर्णन किया है, जब प्राकृतिक आपदा से त्रस्त किसान भूखों मर रहा था और अंग्रेज सख्ती से अपना लगान वसूल रहे थे। अंग्रेजों की इस दोहरी नीति के चलते भू–स्वामी किसान अपनी ही जमीन पर मुफ्त में मजदूरी करने के लिए विवश थे।

यही भारतीय इतिहास की बड़ी त्रासदी कही जा सकती है, जब किसान, मजदूर आदि निम्नवर्ग एक प्रकार से अछूतों की श्रेणी में आ गया था और यह क्रम लगातार चलता ही गया। प्रेमचन्दजी के उपन्यास ये सभी प्रसंग दर्शाते है, जहाँ देश एवं समाज की वास्तविक सत्ता धर्मभीरू अंग्रेजों के हाथों में थी, इनकी षडयंत्रकारी गतिविधियों का विरोध जनता साहसपूर्वक कर रही थी।

ब्रिटिश दासता के समय भारतीय जनता अंग्रेजों के अत्याचारों, प्राकृतिक आपदाओं और जगह–जगह होने वाले विरोधों को सह रही थी। इसी उपन्यास में नैना किसानों पर होने वाले अत्याचार के विषय में कहती है – ''गाँव के किसानों की जमीन कौड़ियों के दाम छीन ली गयी, और आज वही जमीन अशर्फियों के दाम बिक रही है; इसलिए कि बड़े आदमियों के बंगले बने। हम अपने नगर विधाताओं से पूछते हैं, क्या अमीरों की ही जान होती है? गरीबों की जान नहीं होती? गरीबों का रक्त जहाँ गिरता है, वहाँ हरेक बूंद की जगह एक–एक आदमी उत्पन्न हो जाता है। अगर इस वक्त नगर–विधाताओं ने गरीबों की आवाज सुन ली; तो उन्हें सेंत का यश मिलेगा, क्योंकि गरीब बहुत दिनों तक गरीब नहीं रहेंगे और वह जमाना दूर नहीं, जब गरीबों के हाथ में शक्ति होगी।''[5] इस प्रसंग में उपन्यासकार ने गरीबों के हृदय में उत्पन्न विद्रोह के स्वर को महसूस किया है। जनता अपने आर्थिक हितों के साथ–साथ अपनी स्वतंत्रता को पाने के लिए लालायित हो रही थी। जब पूँजीपतियों का लोभ इस प्रकार बढ़ गया था, उन्होंने जनता के हित को त्याग कर उसे शोषण का आधार बना दिया था। हिंसा और रक्तपात स्वतंत्रता संग्राम का आधार बन गया था, इसमें ब्रिटिशों के निहित स्वार्थों को उजागर किया था। जब जनता हाथों में शस्त्र थामें अंग्रेजों से प्रतिरोध लेने को बलवती हो उठी थी। स्वतंत्रता के रण में जब हर वर्ग, हर जाति ने एकता से अपने प्राणों की आहूति दी थी। लेकिन ब्रिटिशों ने अपने स्वार्थों को पूर्ण करने के लिए भारतीय जनता को एक–दूसरे का शत्रु बना दिया था।

हिन्दू–मुस्लिम के मन में शत्रुता का बीजारोपण करके अंग्रेज अपने कुटिल इरादों में सफल हो गए थे और देश में साम्प्रदायिकता के अंधकार में देश की शांतिप्रिय जनता को डाल दिया था। इस कथन की पुष्टि प्रेमचंद पर लिखे गए लेख के माध्यम से होती है – ''हमारी समझ में नहीं आता कि वह कौन–सी संस्कृति है जिसकी रक्षा के लिए साम्प्रदायिकता इतनी जोर बांध रही है। वास्तव में संस्कृति की पुकार एक ढोंग है, निरा पाखंड है और इसके जन्मदाता भी वही लोग है जो साम्प्रदायिकता की शीतल छाया में बैठे विहार करते है। यह सीधे–सादे आदमियों को साम्प्रदायिकता की ओर घसीट लाने का केवल एक मन्त्र है, और कुछ नहीं। हिन्दू और मुस्लिम संस्कृति के रक्षक वही महानुभाव और वही समुदाय है, जिनको अपने ऊपर अपने देशवासियों के ऊपर और सत्य के ऊपर कोई भरोसा नहीं, इसलिए अन्ततः एक ऐसी शक्ति की जरूरत समझते हैं, जो उसके झगड़ों में सरपंच का काम करती रहे।''[6] अंग्रेजों ने धर्म को संकीर्ण रूप देकर

भारत की जनता को पथ–भ्रष्ट किया, जिससे वे अपना निरंकुश शासन कायम कर सके। कर्मभूमि उपन्यास में परतंत्रता एवं साम्प्रदायिकता जैसी भयंकर समस्या को विश्लेषित किया गया है।

समकालीन परिस्थितियों की जटिलताओं को उपन्यासकार ने दंगों से होने वाली बुनियादी समस्याओं को पहचान कर, उनका यथावत चित्रांकन किया है। अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए ब्रिटिश शासकों ने सम्पूर्ण देश में दंगे–फसाद को फैलाया। कर्मभूमि में इस कथन की पुष्टि होती है, जब देशभक्ति में पुरूष ही नहीं महिलाएँ भी बढ़–चढ़कर अपनी भागीदारी देकर, स्वतंत्रता के समर में अपना सर्वस्व बलिदान दे रही थी, जब अमरकांत की पत्नी नैना ने एक सभा को सम्बोधित करते हुए अपने प्राणों की आहूति दी थी – ''रेणुका ने इस भाव का तिरस्कार करके कहा – नहीं भैया, गोली क्या चलती, किसी से लड़ाई थी? जिस वक्त वह मैदान में जूलूस के साथ म्युनिसिपैलिटी के दफ्तर की ओर चली, तो एक लाख आदमी से कम न थे। उसी वक्त मनीराम ने आकर उस पर गोली चला दी। वहीं गिर पड़ी। कुछ मुँह से कहने न पाई। रात–दिन भैया ही में उसके प्राण लगे रहते थे। वह तो स्वर्ग गई; हाँ हम लोगों को रोने के लिए छोड़ गई।''[7] भारत की स्वतंत्रता को पाने के लिए देश के हर वर्ग, जाति स्त्री–पुरूष, वृद्ध, साधु, देश–भक्तों आदि ने अपना सहयोग दिया। अपने जीवन का बलिदान कर दिया।

निष्कर्ष :– निष्कर्षतः हम यही कह सकते हैं कि कर्मभूमि उपन्यास स्वतंत्रता–संग्राम की घटनाओं से भरा हुआ है। प्रेमचन्दजी ने परतंत्र भारतीय समाज की आन्तरिक दूर्दशा और आर्थिक संकट को प्रकट किया है। वे एक ऐसे कथाकार हैं, जिन्होंने अपनी सूक्ष्म–दृष्टि से अपने समकालीन समाज का अवलोकन कर, उसके यथार्थ को लिखा है। अतः यह सिद्ध होता है कि कर्मभूमि उपन्यास स्वतंत्रता समर का उद्देश्यपूर्ण साहित्य है, जो भारतीय स्वतंत्रता की पृष्ठभूमि को विश्लेषितकरता है।

संदर्भ :–

1. समकालीन जीवन सन्दर्भ और प्रेमचन्द, लेख शम्भुनाथ प्रथम सं. 1980, पृ.सं. 77
2. कर्मभूमि, प्रेमचन्द, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली आवृति सं. 1997, पृ.सं. 218
3. वही, पृ.सं. 310
4. वही, पृ.सं. 314
5. वही, पृ.सं. 324
6. प्रेमचन्द, साम्प्रदायिकता और संस्कृति, उत्तरकथा, सम्पादन–सव्यसाची, संयुक्तांक 10–11, जनवरी–अप्रेल, 1982, पृ.सं. 21
7. कर्मभूमि, प्रेमचन्द, पृ.सं. 332

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

जनजातीय समाज–मिथकों का शिकार

डॉ. पवन कुमार साहू
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली

भूमिका–मिथकों की पकड़ बहुत गहरी होती है। मिथक सदियों तक अपना आधार बनाते रहते हैं, बहुत ही चुपके–चुपके और अक्सर किसी खौफ़नाक परिणाम के लिए ख़ुद को तैयार करते हैं। जिस तरह मिथकों के निर्माण में सदियाँ लगती हैं उसी तरह इन मिथकों के प्रभाव से बाहर आने के लिए सभ्यताओं को बहुत कुछ करना पड़ता है, बहुत कुछ खोना पड़ता है। कई बार इन मिथकों के चेहरे बहुत खुबसूरत होते हैं लेकिन इनकी बदसूरती अप्रतिम होती है। मिथक ही है कि ब्राह्म्ण ईश्वर का सबसे प्रिय पूत्र होता है और मिथक ही है कि क्षत्रीय हमेशा योद्धा होता है, मिथक ही है कि व्यवसाय करने वाला केवल वैश्य समाज से ही होगा। यह तो हुए मिथकों के वे चेहरे जिनको देखकर गर्व का भाव जागता है और कभी कभी संतोष प्राप्त हेता है परन्तु कुछ मिथकों की कुरुपता आधुनिक मानव को हैरत में डाल देती है। जैसे कि शूद्र केवल सेवा करने के लिए जन्म लेता है और उसका शोषण पाप नहीं है।

मिथकों के ये सभी रुप भारत के उस समाज के हैं जो सभ्यता के केन्द्र में हैं या रहे हैं। लेकिन इसी भारत भूमि पर एक समाज ऐसा भी है जो भारत की मध्यकालीन और आधुनिक सभ्यता के केन्द्र में नहीं है। भारत का जनजातीय समाज इस धरती का सबसे प्राचीन समाज होने के बावजूद प्रगति के किसी भी नजरिये से सबसे पिछे खड़ा दिखने वाला समाज है। इस समाज की वर्तमान स्थिति को मिथकों ने कैसे प्रभावित किया है और कितना प्रभावित किया है, यह हम संक्षिप्त में ही सही परन्तु सम्रगता में देखने का प्रयास करेंगे।

मिथकों के सबसे विकृत प्रभाव को देखना हो भारत के जनजातीय समाज को देखिये। कोई ऐसा प्रभाव भी नहीं जिसे समाप्त कर दिया गया हो या जिसके प्रभाव को सीमित कर दिया गया हो अपितु एक ऐसे प्रभाव को जो अपने अतीत में शायद कुछ कम क्रूर रहा हो परन्तु इस वर्तमान में उसकी क्रूरता अप्रतिम हो गई है।

विषय वस्तु–भारत देश का यह सबसे तथ्यहीन दावा है कि वह एक आधुनिक देश है और उसके लिए नागरिक समानता या मानवीय उत्थान सबसे प्राथमिकता वाली बातें हैं। कहना न होगा कि आधुनिक विश्व के दावे में मानवाधिकारों की भूमिका सबसे बड़ी है। दुनियाँ के किसी भी कोने में मानवाधिकार की अवहेलना हो जाने पर पूरा विश्व चौकन्ना हो जाता है और सवालों की बारिश कर देता है, उस व्यवस्था या उस संस्था को कटघरे में खींचने लगता है। प्रजातांत्रिक मूल्यों वाले हमारे देश के लिए यह बात और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। क्योंकि प्रजातांत्र वाले देशों में प्रजा ही राज्य का स्वामी होता और सभी सरकारों की जवाबदेही प्रजा के प्रति ही होती है। लेकिन इन मूल्यों की किसी भी कसौटी पर भारतीय आदिवासी और सत्ता के रिश्ते को सहज नहीं कहा जा सकता। हालांकि यह समय का तकाजा था कि भारत का आधुनिक समाज अपने नजरिये में व्यापक बदलाव लाता और आदिवासी समाज के सम्बन्ध में प्रचलित मिथकों को तोड़ता और नये सिरे से रिश्तों को प्ररिभाशित करता। यह भी मुमकिन था कि इस देश का समाज अपने पूर्वजों के उन गुनाहों को बेबाकी से स्वीकार करता जो उनसे अनजाने में हो गये हो सकते हैं या शायद समय की सीमा इसकी इजाजत न देता हो। परन्तु ऐसा नहीं हुआ।

विषय को स्पस्ट करने के लिए आवश्यक है कि द्राविण प्रदेश के उस प्रारम्भिक संघर्ष को सामने रखा जाये जिसका वर्तमान में कोई मूल्य नहीं होना चाहिए। परन्तु जिसका प्रभाव आज तक भी समाप्त नहीं हुआ है।

हरिराम मीणा लिखते हैं–''जो इस धरती के मूलनिवासी थे, उन्होंने लम्बे अर्से तक जमीन और प्रकृति से जुड़ी अपनी व्यवस्था कायम की। संस्कृति, धर्म, समाज और भौतिक जीवन की एक मूल्यवान परम्परा विकसित की। बाहर से आक्रांता आये और युगों तक चले लम्बे आक्रमण, विरोध, संघर्ष और जय–पराजय की प्रक्रिया में मूलनिवासियों को सुविधाजनक परिस्थितियों से महरुम कर दिया। जो पकड़ लिये गये उन्हें दास–दलित बनाकर सेवा के लिए कोल्हु के बैल की तरह जोता गया और उनके ललाट पर अछूत की स्थाई मोहर लगा दी गई। जो खदेड़ दिये गये उन्हें दूर–दराज दुर्गम पहाड़–जंगलों में शरण के लिए बाध्य कर समाज से ही बहिस्कृत कर

दिया गया। इन सबके चलते अब तक उस मानवता को वर्चस्वकारी व्यवस्था के बुलडोजर के द्वारा रौंदा जाता रहा, फिर भी वह जनसमुदाय जिन्दा है, चूँकि उसमें गजब की प्राणशक्ति है। यह अलग बात है कि अपने अस्तित्व को बचाये रखने के लिए उन्हें लगातार संघर्ष करते रहना पड़ा। अतीत के सुरासुर संग्रामों या आर्य–अनार्य संघर्षों से वर्तमान दौर के विकास के नाम पर विस्थापन तक आदिवासियों को अपने अस्तित्व के लिए लड़ते रहना है।''

प्राचीन इतिहास के उस प्रथम आक्रमण को अनदेखा नहीं किया जा सकता। वर्तमान या मध्यकाल के ही हिन्दुस्तान में आदिवासियों की दशा और दिशा को तय करने में उसी प्रथम आक्रमण की भूमिका सबसे महत्व वाली है। वह दौर उनके अस्तित्व के संकट वाला दौर था। लेकिन जल्दी ही उन्हें ज्ञात हुआ कि अब आदिवासियों को पहचान के संकट से भी जूझना होगा।

सनातनी संस्कृति की देन–सनातनी संस्कृति भारत के आदिवासी जातियों को त्रेता और द्वापर खंडों में असुर, दैत्य, दानव, राक्षस, प्रेत और ना जाने क्या–क्या कहकर संबोधित करती है और इन्हें मनुष्य होने से ही नकार देती है। यह विचारणीय प्रश्न है कि जंगल में रहने वाली जिन जातियों ने आर्य राजाओं का संघर्ष में हर तरह से साथ दिया उनकी ही उपस्थिति जंगलों में स्वीकार की जाती है और शेष सभी समाजों को ऐसे मिथकों में बाँध दिया गया कि उसके प्रभाव ने उनके अस्तित्व को ही नकार दिया गया या सवाल बना दिया।

इन जातियों पर सभी तरह की क्रूरता और अमानवीयता का आरोपण किया गया। इन्हें असभ्य कहा गया, बर्बर कहा गया और माँस–मदिरा का सेवन करके उत्पात मचाने वाला कहा गया । परन्तु क्या यही सत्य है ? देखिये इस स्थापना को–

थामसन तथा गौरेट्स ने अपनी पुस्तक "राइज एंड फुलफिलमेंट ऑफ ब्रिटिश रूल इन इंडिया" में इसके कारणों पर प्रकाश डालते हुए लिखा है कि "भारत में 1855 के संथाल विद्रोह, जो कि उस समय एक शक्ति के रूप में उदय हुआ, ने ऐसे विरोध को जन्म दिया जो कि दो वर्षों के भीतर ही समाप्त हो गया। आदिवासी संथाल, जो कि प्रकृति की गोद में रहने वाले सीधे–सादे लोग हैं, हिन्दू घुसपैठ से परेशान हो गये थे। इनकी भूमि छिन गई तथा ये अधिक चालाक व धूर्त ऋणदाताओं के चंगुल में फंस गये। ये लोग ऐसे स्थानीय अधिकारियों के अधीन व उनके उत्तरदायित्य के अन्तर्गत थे जो इनकी कोई सहायता नहीं करते थे। फिर किसी चेतावनी के बिना बंगाल के बाहरी क्षेत्रों में तथा सौ मील तक कलकत्ता के आसपास यूरोपीय तथा भारतीयों के सिरों को तोड़ा गया, जहर बुझे तीरों को प्रयोग तथा घरों व बंगलों को जलाने जैसे कार्यों की भरमार हो गयी। यह सब नरसंहार तथा मृत्युदण्ड के रूप में धीरे–धीरे समाप्त हो गया।"

इतिहास का गहन अध्ययन करने से यह साबित हो जाता है कि जिसे आर्यजन असभ्य कह रहे हैं, दरअसल उनकी सभ्यता आर्य–सभ्यता से कहीं आगे तक विकसित थी। हड़प्पा सभ्यता के अवशेषों को देखकर ही कहा सकता है कि भारत के इन प्राचीन जातियों की संस्कृति बहुत विकसित थी, और बाद के कालों में जिस समृद्धि और सम्पन्नता पर आर्यावर्त इतरा रहा था वह दरअसल इन्हीं आदिपूत्रों की देन थी या उन्हीं से बलात् हरण किया हुआ था।

''ऋग्वेद में अनार्यों के लिए कटु भाषा का प्रयोग मिलता है, क्योंकि आर्यों को अनार्यों से कटु प्रतिरोध का सामना करना पड़ा था। आदिवासियों ने एक–एक इंच भूमि के लिए कटु सघंर्ष किया था। ये आदिवासी वेदों को नहीं मानते थे, परन्तु सभ्यता इनकी पर्याप्त उन्नत थी। इनके पास अपने किले भी थे! इन्हें दास, दस्यु आदि नामों से पुकारा जाता था। वेदों में हर स्थान पर इनकी पराजय का ही वर्णन है। अनार्यों पर आर्यों के द्वारा किये गये अत्याचार भी उनमें शामिल हैं।''

हमारे जंगलों में रहने वाली जातियाँ बहुत ही शांतिप्रिय लोग हैं। इसका प्रमाण एक युग है कि जीवन के लिए सुविधाजनक परिस्थितियों को छोड़कर इन्होंने एक दुरुह जीवन को स्वीकार किया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दिया जाये तो इसके कोई प्रमाण नहीं मिलते कि आदिवासी जातियों ने प्रतिरोध स्वरुप उपद्रव को निरंतर जारी रखा। विकसित सभ्यता, शहर, ऊपजाऊ धरती, अपने पशुधन, अपने उन लोगों को जिन्हें बन्दी बनाकर दलित बना दिया गया, छोड़कर जंगलों में पलायन करने वाले इस आदिवासियों ने नये सिरे से जीवन को जोड़ना शुरु किया और अन्ततः जोड़ भी लिया परन्तु फिर कभी पलट कर उन क्षेत्रों की ओर नहीं आये जिनसे उन्हें पिछे धकेल दिया गया था। किसी भी सुर–असुर संग्राम को देख लें, हम पाते

हैं कि असुरों को उनके जंगल जीवन में बाहरी हस्तक्षेप का सामना करना पड़ा है। रावण चाहे जो भी था परन्तु उसने अयोध्या में आकर कोई उपद्रव तो नहीं ही किया था। ताड़का जंगल में ही मारी गई, सुर्पणखा की नाक भी जंगल में ही कटी।

ऊपरलिखित ऋगवेद के वर्णन को सामने रखकर समझा जा सकता है कि अनार्यों को आर्यों के द्वारा किये गये हमलों को झेलना पड़ा जिसका सामना अनार्यों ने डटकर किया। और बाद में इन्हीं अनार्यों के निए वेदों में दास और दस्यु आदि नामों का उल्लेख किया गया।

इन घटनाओं की प्राचीनता को देखकर इसपर ऐतराज की कोई खास वजह नहीं मिलती। वह समय ही ऐसा था। तब जय–पराजय को कहने और सुनने का यही तरीका था। यह अतिशयोक्ति हो सकती है परन्तु काल के अनुसार कोई चौंकाने वाली बात नहीं है यह। अगर इसे समय के साथ परिस्कृत कर लिया जाता या इसके प्रभाव क्षेत्र को ठीक तरीके से समझ कर उसे पुनः समायोजित कर लिया जाता। परन्तु हुआ ठीक इसके विपरित। आदिवासी सम्बन्धी इन मिथकों को और भी स्थायित्व प्रदान किया गया। इससे बड़ा इसका क्या प्रमाण हो सकता है कि बाद के कालों में आदिवासी समाजों के जीवन–स्तर में कोई सुधार हमें नहीं दिखता।

अंग्रेज आ जाते हैं और भारत आधुनिक दस्तावेज के रुप में दर्ज होने लगता है। पुराण काल फिर से दुहराया जाने लगता है। अंग्रेजों को ईमारती लकड़ी चाहिए। लकड़ी वाले जंगलों पर आदिवासी समाजों की हुकमत है। हुकूमत भी नहीं बल्कि एक रिश्ता है। प्राकृतिक जीवन के अपने सौन्दर्य का रिश्ता और आव" यकता अनुसार जंगलों से जीवन यापन की वस्तुओं को प्राप्त करने का रिश्ता। आदिवासी संचय में विस्वास नहीं करता। मिल–बाँट कर खाना और अपने अभाव में भी उत्सव वाला जीवन जीते चले जाना। परन्तु अंग्रेज जंगलों को लूटना चाहते थे। इस लूट को तेज करने के लिए जंगलों में आधुनिक व्यवस्था करना वाहते थे। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए जंगल अधिनियम 1765 बनाया गया और जंगलों में ठेकेदार बैठा दिये गये। आदिवासियों के लिए बनोपज की प्राप्ति प्रतिबंधित कर दिया गया। जंगल आदिवासियों के लिए मात्र निवास स्थान ही नहीं था बल्कि जंगल से ही आदिवासी को भोजन मिलता था। अब सीधा हमला आदिवासी के पेट पर था। जंगल आदिवासियों के जीवन की धूरी थे। अंग्रेजों ने जंगलों को आरक्षित क्षेत्र घोषित कर दिया और आदिवासियों के आवाजाही को सीमित कर दिया। अब आदिवासियों के शिकार, भोजन, परम्पराएँ सबकुछ छीन लिये गये। इसके कारण आदिवासियों को जंगलों से पलायन का विकल्प भी अपनाना पड़ा। ऐसी स्थिति में विद्रोह लाजिमी था और यह हुआ भी।

अयोध्या नाथ सिंह ने अपनी पुस्तक ''भारत का मुक्ति संग्राम'' में भारत के दो सौ साल के औपनिवेशकालीन इतिहास का अध्ययन करके बताया है कि जब ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारत की व्यवस्था को अपने नियंत्रण में लेना शुरु किया था तभी से आदिवासियों ने ब्रिटिश कम्पनी से संघर्ष करना शुरु कर दिया था। इन दो सदियों में छोटे–बड़े 125 विद्रोह और संघर्ष हुए।''

आदिवासियों का संघर्ष किसी को पराजित करने या कुछ छीनने के लिए नहीं था। आदिवासी विद्रोहों के दो स्पस्ट कारण थे। पहला कि जंगल और प्राकृतिक संसाधनों पर आदिवासियों के अधिकारों को सीमित किया जा रहा था दूसरी महत्वपूर्ण बात यह थी कि आदिवासी समाज की अपनी एक अलग प्रकार की शासन व्यवस्था थी, इसमें अंग्रेजों के द्वारा हस्तक्षेप किया जा रहा था। आदिवासियों का विद्रोह तो 1768 ईस्वी से प्रारम्भ हो गया था जिसे चुआड़ विद्रोह या जंगल महल विद्रोह कहते हैं।

अंग्रेजों के लिए ये आदिवासी विद्रोह बड़ी चिन्ता का कारण बनने लगे क्योंकि इन विद्रेहों में स्थानीय दूसरे सभी समाजों का सहयोग भी आदिवासियों को प्राप्त हो रहा था। अतः यह आवश्यक हो गया था कि आदिवासी समाज को हिन्दुस्तान के दूसरे सभी समाजों से अलग–थलग कर दिया जाये।

इस प्रकार गिरिजनों के जीवन में मिथकों का एक और सुनियोजित हमला प्रारम्भ हुआ। 1871 में अंग्रेजी हुकूमत ने आपराधिक जनजाति अधिनियम बनाया। इसके तहत आदिवासी आबादी की कुछ जातियों को हमेशा के लिए अपराधी मान लिया गया। 1947 में जब देश आजाद हुआ, उस समय लगभग 128 जनजातियाँ, जिनकी आबादी भारत की कुल आबादी का एक प्रतिशत थी, पर अपराधी का लेबल चस्पा था। 1952 में इन्हीं आपराधिक जनजातियों का विमुक्त जाति का नाम दिया गया। हालाँकि आजादी के बाद के भारत में इस अधिनियम में कई बदलाव

किये गये परन्तु इसके मूल भाव में कोई परिवर्तन हीं आया। कहने की आवश्यकता नहीं कि अपराध के मूल कारणों को कभी भी देखने का प्रयास नहीं किया गया और न ही उनके निवारण का कोई प्रयास किया गया। बल्कि इसे जन्म आधारित मान लिया गया।

निर्णय–पौराणिक काल से लेकर अंग्रेजी हुकूमत तक आते–आते हो सकता है कि हम इस बात को बहुत महत्व न दें, लेकिन आजाद भारत अपने इस उत्तरदियित्व से खुद को मुक्त नहीं कर सकता कि आखिर क्यों देश की इतनी बड़ा आबादी अतीत में प्रचलित अफवाहों का शिकार रहे। दुनियाँ के सभी हिस्सों में हम मानवीय समानता को लेकर जागरुकता पाते हैं और यह भी स्वीकार करता हूँ मैं कि संवेदना के स्तर पर भारत दुनियाँ के ऐसे किसी भी प्रयास के साथ अपनी आवाज़ बुलंद करता है। लेकिन तब अपने ही देश के भीतर आकर हम आखिरकार किस जड़ता के शिकार हो जाते हैं कि सबसे ज्वलंत समस्याओं की सबसे कठोर जमीन को स्पर्ष करने से भी परहेज करने लगते हैं। राज्य का जनजातियों के प्रति दृष्टिकोण आज भी 19 वीं शताब्दी वाले भारत से प्रभावित है। आज की आवश्यकता है कि इन समुदायों के बीच गम्भीरता से काम हो ताकि इन्हें इनकी समस्याओं के लिए तैयार किया जा सके जिससे कि अपनी समस्याओं से इन्हें बाहर आने में मदद मिले।

आजाद भारत के तिहत्तर सालों में मानवीय समानता के नाम पर हमने जो कमाया है वह बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है, बावजूद इसके हमारे नारों में कभी कोई कमी नहीं आई है। अगर में कहूँ कि बढ़ते हुए समय के साथ भारत ने आदिवासी जीवन को और भी दुरुह बना दिया है तो यह गलत नहीं होगा। औद्योगिक विकास के राजपथों के रुख को देख लिजिए आप। आपको केवल और केवल यही नजर आयेगा कि इन राजपथों का गुजरना जिन बस्तियों और जिन्दगियों के सीने पर से हो रहा है वो जंगल ही है। हम कह सकते हैं कि आज फिर से सभ्यता की खाल पहनकर हम रोंद रहे हैं जंगलों को और जंगल के लोगों को।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. प्रोग्या घटक, 1 मार्च 2015, फारवर्ड प्रेस के 2015 अंक में प्रकाशित
2. ब्लाग–मिथक, इतिहास और आदिवासी–हरिराम मीणा–परिषद साक्ष्य, धरती का ताप, जनवरी–मार्च 2006
3. राइज एण्ड फुलफिलमेंट ऑफ ब्रिटिश रुल इन इंडिया–थामसन तथा गौरेट्स
4. खर्टे, अजय 2018,''आदिवासी कौन हैं!!'' डॉ. अजय खर्टे।
5. जनजातीय कार्य मंत्रालय 2018, ''होम। जनजातीय कार्यालय भारत सरकार,''https://tribal.nic.in/hindi/indexh.aspx.
6. कंगाली, माती रावण 2011, गोंडवाना का सांस्कृतिक इतिहास, तिरुमाय चन्द्रलेखा कंगाली, जयलता रोड नागपूर–4400022।
7. हाशिये से बाहर, सम्पादक रजत रानी 'मीनू', श्री साहित्यिक संस्थान 2001
8. आदिवासी समाज और शिक्षा, रामशरण जोशी, अनुवादक–अरुण प्रकाश, ग्रन्थ शिल्पी प्रकाशन,1997
9. चिन कुमार जैन का ब्लाग, उपनिवेशवाद के आदिविद्रोही आदिवासी और भारत का संविधान, न्युज 18, 2 अप्रैल 2020।

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

भारतीय दर्शन और समाज–व्यवस्था

जितेन्द्र गिरि
शोधार्थी, समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

भारत के वर्तमान सामाजिक जीवन की तथा उसके गुण–दोषों की विवेचना बहुत व्यक्तियों द्वारा हुई है तथा होती रहती है, परन्तु भारतीय समाज–व्यवस्था का वैज्ञानिक रीति से अध्ययन इतने कम विद्वानों ने किया है कि आश्चर्य होता है।[1] इस कारण आगे दिये विचारों का समर्थन अधिकांशतः शास्त्रों के ही उद्धरणों के आधार पर है तथा केवल प्रास्ताविक विवेचना में ही जहाँ आवश्यक और सम्भव प्रतीत हुआ है वहीं कुछ विद्वानों के उद्धरण दिये गये हैं।

भारतीय समाज–रचना दर्शन पर आधारित है। इसीलिये धर्म के जितने भी ग्रन्थ हैं, सबमें इहलौकिक व्यवस्था के साथ–साथ पारलौकिक उन्नति का, ब्रह्म का तथा ब्रह्म–जीव एकता का वर्णन है। वेदों में अथर्ववेद को तो ब्रह्मवेद कहा ही गया है परन्तु अध्यात्म का वर्णन अन्य वेदों में भी उपलब्ध है।[2] वेदों के अतिरिक्त प्रत्येक पुराण में भी सभी धर्मों के वर्णन के साथ मोक्षधर्म का भी पूरा वर्णन किया गया है। स्मृतियों में मनुस्मृति का प्रारम्भ सृष्टि उत्पत्ति से होता है और मध्य में सम्पूर्ण धर्मों का वर्णन करते हुए सबके अन्त में मोक्षधर्म का विवेचन किया गया है। हारीतस्मृति के भी विवरण की यही योजना है। याज्ञवल्क्यस्मृति में सभी वर्णों और आश्रमों के धर्मों का वर्णन करने के पश्चात् अन्त में अध्यात्म–तत्त्व का वर्णन किया है। ऐसा ही दक्षस्मृति में भी है। इस तथ्य को डॉ. राधाकमल मुकर्जी ने स्वीकार किया है। वे कहते हैं कि "जीवन की भारतीय योजना में सभी व्यक्तियों और उत्तरदायित्वों का निर्धारण अन्ततः दर्शन से ही होता है, जिसमें आत्मा–प्रकृति और परमात्मा के सम्बन्धों का विवेचन है।"[3] राधाकृष्ण ने लिखा है "हिन्दुओं के व्यवहारनियमों में कामनाओं के क्षेत्र को अनन्तत्व की सम्भावना के साथ जोड़ दिया है। उसने इहलौकिक और पारलौकिक तत्त्वों को साथ–साथ जोड़ दिया है।"[4] श्रीरंगस्वामी आयंगर का कहना है "एक अमानवीय स्रोत से समाज–व्यवस्था का सनातन आधार प्राप्त होने के कारण समाज–व्यवस्था दार्शनिक के क्षेत्र के अन्तर्गत आ जाती है और दर्शनशास्त्र सामाजिक विचारक के क्षेत्र के अन्तर्गत। दर्शनशास्त्र के लेखक स्मृतियों को अधिकृत मान कर उनके उद्धरण देते हैं जबकि धर्मशास्त्र के लेखक मानव–सम्बन्धों और कर्तव्यों के आध्यात्मिक आधार का उल्लेख करते हैं। एक परमात्मवादी पद्धति में नैतिकता और दर्शन को पृथक किया जा सकता है।"[5]

भारतीय समाज–व्यवस्था दर्शन पर आधारित है, इसका अर्थ यह नहीं कि वह केवल एक आदर्श की ही वस्तु रही है तथा उसका व्यावहारिक उपयोग नही रहा। धर्मशास्त्रों ने अपनी प्रत्येक व्यवस्था के व्यवहार पर पूरा जोर दिया है और उसे पालन करने की आवश्यकता बतायी है।[6] धर्मशास्त्रों ने श्रेष्ठ आदर्श स्थिति का वर्णन किया है, फिर भी व्यवहार की दृष्टि से जो उस आदर्श तक नहीं पहुँच सकते उनके लिये व्यवस्था की गयी है। इसी कारण चार वर्ण बनाये गये हैं, क्योंकि प्रत्येक वर्ण ब्राह्मण निर्धारित श्रेष्ठ जीवन का पालन नहीं कर सकता। ब्राह्मणों के लिये भी परिग्रह की अर्थात् दान लेने की निन्दा की गयी है फिर भी ब्राह्मणों की जीविका चलती रहे, इसके लिये उनकी वृत्ति के तीन साधनों में दान भी एक साधन है।[7] इस प्रकार आदर्श का ध्यान रखते हुए भी व्यावहारिकता को नश्ट नहीं किया गया है। धर्मशास्त्रों में यह व्यवस्था रखी गयी है कि प्रत्येक अपनी सर्वण भार्या से ही विवाह करे[8] और प्रतिलोम विवाह की तो बहुत निन्दा की गयी है[9] परन्तु फिर भी प्रतिलोम सम्बन्धों से उत्पन्न जातियों का वर्णन किया गया है और उन्हें समाज में (चाहे छोटा ही क्यों न हो) स्थान दिया गया है।[10] राधाकृष्ण ने भारतीय दर्शन पर विचार करते हुए लिखते हैं– "पश्चिम में दर्शन एक ऐसी वस्तु है जो कि दार्शनिकों के मस्तिष्क तक ही सीमित है। उसकी व्यावहारिक जीवन में कोई उपयोगिता नहीं है। भारत में दर्शन को व्यवहार में लाया गया है।" दर्शन और व्यवाहर का इतना श्रेष्ठ समन्वय है कि एक ओर जहाँ आदर्शवाद अपने चरम रूप में दिखाई देता है, दूसरी ओर व्यावहारिकता भी उतनी ही उत्कट है। जब व्यक्ति के सामने निर्गुण ब्रह्म से एकता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा जाता है, उस निर्गुण ब्रह्म से जो कि इन्द्रियों को अग्राह्य है और दृष्ट अनुभव से परे है, अथवा उस सम्पूर्ण विश्व के अन्दर के सभी जड़ और चेतन तत्त्वों

की मूलभूत एकता को सामने रख कर उसके आधार पर जीवन में व्यवहार करने की बात की जाती है तो यह एक ऐसा आदर्शवाद है जो केवल कल्पना की ही बात प्रतीत होती है। जब कि संन्यासी का और ब्राह्मण का ऐसा त्यागमय आदर्श सामने रखा जाता है जिसकी समता आज मिलना बहुत–ही दुर्लभ है, तब वह एक कोरा आदर्शवाद (Utopia) ही समझा जा सकता है। जब प्रत्येक गृहस्थ के दैनिक जीवन के लिये बहुत कड़ा अनुशासन निर्धारित किया गया है और उसके सम्पूर्ण दिन की बड़ी कड़ी दिनचर्या बताई गयी है तब यह विचार उठता है कि इस पर कभी व्यवहार भी किया जा सकता है अथवा नहीं ? परन्तु दूसरी ओर व्यावहारिकता भी इतनी अधिक है कि मनु का यह कथन कि "न मांस खाने में दोश है, न मदिरा पीने में, न मैथुन में, क्योंकि यह प्राणियों की (स्वाभाविक) प्रवृत्ति है," साधारण नैतिकता में विश्वास रखने वाले व्यक्ति को अखर जाता है। राजधर्म में जब शत्रु के साथ व्यवहार करने के, अथवा राजपुत्रों को वश में रखने के, अथवा विभिन्न साधनों से धन प्राप्त करने के नियम बताये गये हैं, तब उन नियमों की अनैतिकता देख कर यह स्वाभाविक है कि साधारण व्यक्ति उन नियमों के प्रति हृदय में तुच्छ भावों को धारण करे। जब वेश्याओं के विषय में स्मृतिकारों ने नियम दिये है[11] तब उन स्मृतिकारों की समाज–व्यवस्था के प्रति निरादर का भाव उत्पन्न हो जाना बहुत–ही स्वाभाविक है। यह सत्य है कि भारत ने ऐसी समाज–व्यवस्था बनायी जिसके द्वारा धीरे–धीरे एक आदर्श स्थिति तक पहुँचने का प्रयत्न किया, परन्तु यह भी सत्य है कि व्यावहारिक जीवन की सभी कमियाँ और आवश्यकताएँ भी स्वीकार की गयीं और व्यावहारिक जीवन में परिपूर्णता निर्माण करते हुए मनुष्य के दार्शनिक लक्ष्य को भी व्यावहारिक स्वरूप देने का प्रत्यन किया गया।[12]

जहाँ तक भारतीय दर्शन का प्रश्न है, भारत में छः दर्शन विख्यात हैं। परन्तु वह दःदर्शन भी परस्पर–विरोधी नहीं हैं। भारत का 'दर्शन' शब्द 'दृश्' धातु से बना है जिसका अर्थ है 'देखना' अतः दर्शन वह पद्धति है जिससे 'सत्य' का अथवा 'ब्रह्म' का साक्षात्कार किया जाये। इस दृष्टि से वह अंग्रेजी के Philosophy शब्द का पर्यायवाची नहीं हो सकता। मैक्समूलर जैमिनी की पूर्वमीमांसा को पश्चिमी दृष्टि से Philosophy नाम देने में हिचकता है क्योंकि उसमें वेद के कर्मकाण्ड–सम्बन्धी मन्त्रों का एकीकरण करने का प्रयत्न है फिर भी भारतीय दृष्टि से वह दर्शन ही है, क्योंकि उसमें कर्मकाण्ड के मार्ग से मनुष्य को ब्रह्म तक पहुँचने का मार्ग दिखाया गया है। मैक्समूलर ने यह स्वीकार किया है कि हमारी Philosophy की धारणा भारतीय दर्शन की धारणा से भिन्न है। इस भेद के कारण जहाँ पश्चिम में दर्शन की विभिन्न पद्धतियाँ परस्पर–विरोधी हो सकती हैं, कम–से–कम सब स्वतन्त्र विचारधाराएँ रखती हैं, वहाँ भारत में ऐसा नहीं है। भारत में सभी एक सत्य को देखने के विभिन्न प्रकार–मात्र हैं जिनमें मूलतः कोई भेद स्वीकार नहीं किया जाता है।[13] विभिन्न दर्शनों के विषयों का विवेचन करने पर यह बात और भी स्पष्ट हो जायेगी। न्यायसूत्रों में तर्क के द्वारा ब्रह्म की प्राप्ति (मोक्ष–प्राप्ति) का साधन बताया गया है। इन सूत्रों का प्रारम्भ यहीं से किया गया है कि निःश्रेयस् की प्राप्ति प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन आदि सोलह तत्त्वों के ज्ञान से होती है। इसमें आत्मा का अस्तित्व सिद्ध करते हुए तथा आत्मा अनित्य है यह बताते हुए कर्मफल की प्राप्ति का कारण ईश्वर को बता कर ब्रह्म का अस्तित्व सिद्ध किया गया है। वैशेषिक में आधिभौतिक तत्त्वों का विवेचन है और इस सबके मूल में ब्रह्म है तथा इनकी विवेचना से मोक्ष ही मनुष्य के जीवन का लक्ष्य होना चाहिए यह दिग्दर्शित किया है। वैशेषिक सूत्रों में कणाद का कहना है[14] "द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय, नामक पदार्थों के साधर्म्य और वैधर्म्य का तत्त्वज्ञान धर्म–विशेष (वैशेषिक) से उत्पन्न होने के कारण निःश्रेयसकारी है" और उसमें प्रारम्भ में धर्म को अभ्युदय तथा निःश्रेयसकारी बता कर इस सब धर्म के प्रमाण के रूप में वेद बताये गये हैं क्योंकि वे परमात्मा (ब्रह्म) के शब्द हैं। इतना ही नहीं इन सूत्रों में आत्मा की स्वीकृति है तथा यह कह कर कि इन्द्रियों के अनुभव सर्वगम्य न होने के कारण इन्द्रियों तथा उनकी अनुभूत वस्तुओं से परे भी कुछ है, ब्रह्म को स्वीकार किया गया है। न्याय में बुद्धि के द्वारा तथा वैशेषिक में प्रत्यक्ष संसार के विवेचन से–अर्थात् दोनों पद्धतियों में भौतिक साधनों से–इस संसार से मुक्ति की विवेचना की गयी है।

धर्म वह साधन है जो मनुष्य द्वारा अर्थ और काम के उपभोग को मर्यादित करता हुआ उसे मोक्ष की ओर ले जाता है। इसीलिये धर्म की विशेषिक सूत्र में व्याख्या की गयी है "जिसके द्वारा अभ्युदय और निःश्रेयस की सिद्धि हो वह धर्म है।"[15] इससे श्रेष्ठ और पूर्ण धर्म की व्याख्या हो ही नहीं सकती। वायुपुराण में भी धर्म की व्याख्या करते हुए कहा है "स्मृतियों ने कुशल करने वाले कर्म को धर्म तथा अकुशल करने वाले कर्म को अधर्म बताया है। धर्म का

धारणा और धृति अर्थ होने के कारण जो धारण करता है जिससे व्यवस्था बनी रहती है उसे धर्म कहा जाता है। जिससे धारणा नहीं होती और जिससे महत्व (सुयश अथवा सम्मान) प्राप्त नहीं होता उसे अर्धम कहते हैं। इस प्रसंग में आचार्य लोग उसे धर्म कहते हैं जिसके आचरण से ईष्ट की प्राप्ति हो।"[16] इस व्याख्या में भी इहलौकिक और पारलौकिक दोनों प्रकार की कुशलता अथवा दोनों प्रकार की सिद्धि की ओर संकेत किया गया है। क्योंकि धर्म शब्द 'धारणा' का अर्थ व्यक्त करने वाली 'ध' धातु से बना है इसलिये धर्म का यह भी भाव है कि उससे समाज की धारणा होती है। अर्थात् धर्म के आधार पर व्यक्ति तो अर्थ और काम का मर्यादित उपभोग करते हुए मोक्ष की ओर बढ़ता है परन्तु क्योंकि धर्म के द्वारा अर्थ और काम के उपभोग की मर्यादाएँ निश्चित रहती हैं इसलिये उसके द्वारा समाज के अन्दर व्यवस्था भी स्थापित होती है और अर्थ और काम के अनियंत्रित उपभोग से समाज में अधिकाधिक प्राप्ति की लालसा के कारण उत्पन्न पारस्परिक प्रतियोगिता और संघर्ष रुक कर समाज के सुखी और समन्वयात्मक जीवन की व्यवस्था का साधन है। धर्मशास्त्रों में जिस धर्म का अर्थात् जिस समाज–व्यवस्था का वर्णन किया गया है वह ऐसा ही धर्म है जो अर्थ और काम के नियन्त्रित उपभोग की अनुमति देते हुए मनुष्य की वश्त्ति मोक्ष की ओर मोड़ देता है और समाज–जीवन में व्यवस्था उत्पन्न करता है।

सन्दर्भ सूची :–

1. रंगस्वामी आंगर–हिन्दू व्यू ऑफ लाइफ एकॉर्डिंग टु धर्मशास्त्राज, पृ.–254
2. मैकडोनल–हिस्ट्री ऑफ संस्कृत लिटरेचर, पृ.–189
3. इण्डियन स्कीम ऑफ लाइफ, पृ.–83
4. रंगस्वामी आंगर–हिन्दू व्यू ऑफ लाइफ एकॉर्डिंग टु धर्मशास्त्राज, पृ.–79
5. रंगस्वामी आंगर–हिन्दू व्यू ऑफ लाइफ एकॉर्डिंग टु धर्मशास्त्राज, पृ.–25
6. मनुस्मृति, 1 ।108
7. मनुस्मृति, 1 ।17
8. आप. 2 ।6 ।13 ।1
9. मनु. 10 ।41, गौतम 4 ।20
10. याज्ञ. 1 ।91–96
11. कौटिल्य–अर्थशास्त्र अधिकरण 13, 1 ।5,1 ।7,5 ।2 शान्तिपर्व 140 अध्याय
12. मनुस्मृति 2 ।209
13. सिक्स सिस्टम्स ऑफ फिलॉसोफी, पृ.–197
14. न्यायसूत्र 1 ।1 ।1, 3 ।1 ।19
15. महाभारत 1 ।2
16. महाभारत 59 ।27–28

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

भारत में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर कोविड–19 लॉकडाउन का प्रभाव

महेश कुमार तिवारी
प्रवक्ता, एम.सी.एच.ई., इलाहाबाद

परिचय :– चीन के वुहान शहर से निकला कोरोना वायरस (कोविड–19) ने पूरे विश्व में भय का माहौल पैदा कर दिया है। यह भय सर्वव्यापी है। यह हमारे देश व दुनिया के लिए एक असाधारण समय है न भूतो न भविष्यति। इस बीमारी के लिए एक पुष्ट इलाज के अभाव ने लोगों की चिंताओं को अत्यधिक बढ़ा दिया है। यह चिंता जायज भी है तथा तब तक नहीं जाने वाली है जब तक कि एक विश्वसनीय व सर्वसुलभ टीके का निर्माण नहीं हो जाता है। अतः इस तरह की चिंता की भावना ने समाज के कामकाज में जबरदस्त उथल–पुथल पैदा किया है जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई है। ऐसे समय में भारतीय अर्थव्यवस्था इससे अछूती कैसे रह सकती है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार भारत में वित्तीय वर्ष 2019–20 में जी0डी0पी0 में वृद्धि दर 2 प्रतिशत से भी कम हो सकती है, ऐसा अनुमान है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) व सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (CMIE) ने भी अपनी रिपोर्टो में इस तरह की चेतावनी जारी की थी। कोविड–19 के कारण वैश्विक लॉकडाउन ने बेरोजगारी को अत्यधिक बढ़ा दिया है। इस तरह कोविड–19 संकट गम्भीर 'स्वास्थ्य संकट' से कहीं बढ़कर है तथा जिस तरह से इसने अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है 'इसे संकट के भीतर संकट' के रूप में देखा जा सकता है।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने अपनी रिपोर्ट में इस संकट को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद उत्पन्न सबसे बड़ा संकट है। आई.एल.ओ. के अनुसार वैश्विक रूप से 25 निलियन से अधिक लोगों का रोजगार इस संकट के कारण प्रभावित हुआ है। संगठन का यह अनुमान है कि पूरे विश्व में कुल श्रम कार्य बल से 5 में 4 लोग इस लॉकडाउन से प्रभावित हुए हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाड़ा, यूरोप के अधिकांश देश तथा एशियाई देशों में से अधिकांश में बेरोजगारी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रमुख क्रिस्टालिना जार्जिवा के अनुसार वर्तमान में विश्व '1930 की महान मन्दी' के बाद का सबसे बड़े आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है।

लॉकडाउन के दौरान रोजगार व बेरोजगारी की स्थिति :– भारत में कोविड'19 महामारी से निपटने के लिए लगाए गये लॉक डाउन ने बड़े पैमाने पर बेरोजगारी की समस्या को बढ़ा दिया है। सेन्टर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के आकड़ों के अनुसार, अप्रैल के पहले हफ्ते में बेरोजगारी दर 23 फीसदी पहुँच गयी थी। करीब 12 करोड़ नौकरियाँ जाने की बात कही गयी थी। अन्य अध्ययनों से भी यह बात पुष्ट होती है कि अनलॉक की प्रक्रिया शुरू होने तक भारत में कुल 14 करोड़ लोगों की नौकरी जा चुकी थी। भारत में बेरोजगारी की समस्या पहले से ही चल रही थी। एन.एस.एस.ओ. के अनुसार वर्ष 2017–18 में बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत से अधिक थी। यदि वित्तीय वर्ष 2014 व बाद के वर्षो में देखा जाय तो मोटे तौर पर संवृद्धि दर तथा बेरोजगार लगभग बराबर रही है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भारत में असंगठित क्षेत्र के 40 करोड़ से ज्यादा श्रमिक कोविड–19 महामारी से उत्पन्न आर्थिक संकट, फलस्वरूप बेरोजगारी के कारण अत्यधिक गरीबी की ओर धकेल दिये जायेंगे। भारत में लगभग 90 प्रतिशत श्रमिक असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत हैं। अतः बेरोजगारी की मार भी सबसे अधिक इन्हीं पर पड़ी है। हालांकि (यदि सरकारी या राजकीय सेवा में कार्यरत लोगों को छोड़ दिया जाय तो) कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं रहा है। मार्च 2020 में जहाँ बेरोजगारी की दर 8.7 प्रतिशत थी अब बढ़कर 23.8 प्रतिशत तक पहुँच गयी है जो अभी तक की अधिकतम दर है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में कार्यरत श्रम को अनेकों प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है जैसे उत्पादक क्षेत्र के आधार पर, शिक्षा के आधार पर, उद्योगों के वर्गीकरण के आधार पर, संगठित तथा असंगठित श्रम के आधार पर आदि। यहाँ हम मुख्य रूप से संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में बाँट कर इनका अध्ययन करेगें। चूंकि कोविड–19 से सबसे अधिक असंगठित क्षेत्र का श्रमिक है जो अपेक्षाकृत कम शिक्षित भी है (या अकुशल श्रमिक भी कह सकते हैं), प्रभावित हुआ है। अतः असंगठित क्षेत्र ही अध्ययन के केन्द्र बिन्दु में है। निम्नलिखित सारणी में भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों द्वारा कितना रोजगार उपलब्ध कराया जाता है उसका एक तुलनात्मक अध्ययन प्रतिशत के रूप में 2018–19 के आंकड़ों के आधार पर किया गया है :–

सारणी

Table Sectoral breakdown of employment by employment category
(in % 2018-19)

Sectors	Share of employment in total employment	Regular Formal	Regular Informal	Self Employed	Casual Workers	Total
Agriculture	42.43	0.08	1.12	74.13	24.67	100
Mining & Quarrying	0.42	28.56	23.66	9.25	38.52	100
Manufacturing	12.03	16.49	27.17	42.95	13.38	100
Electricity, Gas & Water Supply	0.56	45.27	31.51	19.44	3.78	100
Construction	12.14	1.60	3.88	10.83	83.68	100
Trade, Hotel & Restaurants	12.63	4.69	23.02	67.72	4.57	100
Transport, Storage & Communication	5.95	20.37	29.76	38.39	11.47	100
Finance, Business, Real Estate	3.37	41.53	26.55	30.08	1.85	100
Public Administration, Health, education	10.48	36.98	38.82	20.15	4.04	100
Total	100	9.66	14.13	52.04	24.16	100

Source: Kapoor (2020) based on PLFS 2018-19 unit data

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर कोविड–19 का प्रभाव :– उपर्युक्त सारणी में भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की स्थिति को दर्शाया गया है। उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि सबसे अधिक रोजगार प्रदान करने में जिन क्षेत्रों का अधिक योगदान है उनमें कार्यरत अधिकतर श्रमिक असंगठित श्रमिक है। असंगठित श्रमिकों में वे सभी सम्मिलित किये जाते हैं जो असंगठित उद्यमों में कार्य करते हैं। इनमें ऐसे श्रमिक भी शामिल किये जाते हैं जो औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करते हैं परन्तु नियोजकों द्वारा रोजगार अथवा सामाजिक सुरक्षा से वंचित रखे जाते हैं। असंगठित क्षेत्र की मुख्यरोजगार जनन क्रियाएं हैं –

1– कृषि एवं सम्बन्धित क्रियाएं 2– व्यापार, रेस्त्रा एवं होटल जिसमें पर्यटन भी शामिल हैं, 3– शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे कुछ क्षेत्र 4– गैर–फार्म क्षेत्र में मुख्यतः कार्य करने वाले लघु एवं मध्यम उद्यम और 5– परिवहन तथा निर्माण। । कोविड–19 महामारी से सबसे अधिक उपर्युक्त क्षेत्र का श्रमिक प्रभावित हुआ है तथा उसे अपने रोजगार को खोना पड़ा है। लॉकडाउन के दौरान श्रमिकों का एक राज्य से दूसरे राज्यों में अपने स्वगृहों को पलायन ने बेरोजगारी के आंकड़ों को और अधिक बढ़ा दिया। कार्य के लिए मौसमी माइग्रेशन भी ग्रामीण भारत की वास्तविकता है। यदि भारत में देखे तो माइग्रेशन के कई गलियारे हैं जैसे – उत्तर प्रदेश व बिहार से श्रमिक कार्य की तलाश में पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र और गुजरात में जाते हैं। इसी तरह उड़ीसा, पं0 बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों से कनार्टक व आन्ध्रप्रदेश को, राजस्थान से गुजरात, मध्य प्रदेश से गुजरात और महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु से केरल को बहुत से श्रमिक काम की तलाश में जाते हैं। ये प्रवासी श्रमिक मुख्य रूप से निर्माण क्षेत्र में (40 मिलियिन), घरेलू कार्यो में (20 मिलियन), टेक्स्टाइल्स में (11 मिलियन), ब्रिक किन वर्क (10 मिलियन), यातायात, खनन, तथा कृषि क्षेत्र में

कार्य करते हैं। इन क्षेत्रों में कार्य करने वाले 90 फीसदी से ज्यादा श्रमिक लॉकडाउन के दौरान अपने अपने गृह राज्यों को पलायन कर गये। जिससे बेरोजगारी में वद्धि हुई तथा पूर्व व्यवस्था में उत्पादन कार्य पूरी तरह से ठप हो गया। जॉन सहास ने लॉकडाउन के दौरान 3196 प्रवासी श्रमिकों पर एक अध्ययन किया। इस सर्वे द्वारा कोरोना वायरस लॉक डाउन से प्रवासी श्रमिकों पर प्रभाव को निम्नलिखित ग्राफ द्वारा स्पष्ट किया गया है –

The impact of corona virus lockdown on India's migrant population



Impact of COVID-19 on Migrant Population
Source : Jan Saahas Survey (2020)

सर्वे के अनुसार 80 फीसदी प्रवासी मजदूरों को यह भय था कि लॉकडाउन खत्म होने से पूर्व ही उनके पास खाने के सभी सामान खत्म हो जायेगें। सर्वे से यह भी स्पष्ट हुआ कि 55 फीसदी प्रवासी श्रमिक 200 से 400 रूपये की दैनिक मजदूरी पर कार्य कर रहे थे, 39 प्रतिशत श्रमिक 400 से 600 रूपये तथा मात्र 4 प्रतिशत श्रमिक 600 रूपये से अधिक की दैनिक मजदूरी पर कार्यरत थे। श्रमिकों का कार्य के दौरान शोषण होता है अधिकत्तर श्रमिक कर्ज में दबे हैं तथा उनका रहन–सहन का स्तर निम्न है, चिकित्सा, स्वास्थ सुविधाएं तथा अन्य सामाजिक लाभों से भी वे वंचित हैं। जबकि सर्वे यह भी बताता है कि 99.32 प्रतिशत श्रमिकों के पास आधार कार्ड हैं, 86.7 प्रतिशत श्रमिकों के बैंक खाते/जनधन खाते हैं, 61.7 प्रतिशत के पास राशन कार्ड हैं तथा 23.7 के पास गरीबी रेखा के नीचे के कार्ड हैं। लेकिन लॉकडाउन के दौरान सरकारी सहायता का भरपूर लाभ इन्हें नहीं प्राप्त हो सका है। हालांकि सरकार ने इस सम्बन्ध में इनकी सहायता करने का भरसक प्रयास किया तथा आरम्भ में ही 1.70 लाख करोड की वित्तीय पैकेज की घोषणा कर दी। प्रत्येक व्यक्ति को उचित राशन की दुकानों से मुफ्त राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी जो अभी भी जारी है। 40 करोड़ जनधन खातों में रू0 500/– प्रतिमहीने के हिसाब से तीन महीने तक डाला गया। सरकार ने अपनी स्वास्थ सुविधाओं में अभूतपूर्व विस्तार करते हुए वर्तमान में प्रतिदिन 14 से 15 लाख कोविड के टेस्ट करवा रही है तथा स्वास्थ के आधारभूत ढाँचे में आमूलचूल परिवर्तन लाया है। वेंटिलेटर, बिस्तर, ऑक्सीजन की उपलब्धता जैसे सामानों में अभूतपूर्व वृद्धि की गयी साथ ही साथ डाक्टरों, नर्सो व अन्य चिकित्सा कर्मियों के प्रति सरकार ने तथा लोगों ने सराहनीय संवेदनशीलता दिखाई है, फिर भी इस कोविड–19 महामारी में सब कुछ अपर्याप्त सा लग रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में गिरावट विगत कई वर्षो से दिखाई पड़ रही थी। जिसे अधिकांश अर्थशास्त्री मंदी की ओर जाते हुए कह रहे हैं। यह गिरावट केवल भारत की आर्थिक नीतियों का ही परिणाम है ऐसा कहना उचित नहीं होगा क्योंकि इसी दौरान वैश्विक आर्थिक माहौल भी मंदी की ओर बढ़ रहा है । हाँ इस गिरावट के कारणों में हम भारत सरकार के द्वारा लागू किये गये कुछ आर्थिक सुधारों सम्बन्धी फैसलों को जल्दबाजी में व पर्याप्त पूर्व तैयारी को किये बिना लागू

किया जाना कह सकते हैं। इसी समय वैश्विक महामारी कोविड–19 ने इसे पटरी से उतार दिया। इस गिरावट से भारतीय अर्थव्यवस्था का असंगठित क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुआ।

कोविड–19 संकट से पूर्व ही विमुद्रीकरण व जी0एस0टी0 को लागू करने के गलत कार्यान्वयन के कारण असंगठित क्षेत्र झटके खा रहा था। यद्यपि विमुद्रीकरण व जी0एस0टी0 को लाना सरकार का एक प्रशंसनीय कदम था लेकिन इसके कारण संगठित क्षेत्र पर तो धनात्मक प्रभाव पड़ा परन्तु असंगठित क्षेत्र में इसकी प्रभाविता ऋणात्मक ही रही है। असंगठित क्षेत्र से जुड़ी करोड़ों छोटी व्यापारिक क्रियायें जो कि नकद लेन देन पर निर्भर थी या तो बन्द हो गयी या अत्यधिक घाटे में चली गयी। ऐसा प्रतीत होता है कि 2012 से 2018 के बीच लगभग 6.18 मिलियन लोगों ने जो अपनी नौकरी खोई वह विमुद्रीकरण व जी0एस0टी0 सम्बन्धी विवादित क्रिया कलापों का परिणाम थी। अतः कोविड–19 से पूर्व ही भारत का असंगठित क्षेत्र आर्थिक मंदी के झटके से प्रभावित था।

यह एक कड़वी सच्चाई है तथा यह समझने में कोई कठिनाई नहीं है कि व्यवसायिक ढाँचे और गरीब भारत के लोगों को अव्यवस्थित राष्ट्रव्यापी बन्दी ने भूख, भुखमरी और मरने के लिए छोड़ दिया। पिरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे के अद्यतन आकड़े (2017–18) के अनुसार 57.1 ग्रामीण परिवार अपनी कुल आय का अधिकतम हिस्सा स्वरोजगार से तथा 25.1 परिवार आकस्मिक मजदूरी से कमा रहे थे। ये ग्रामीण परिवार अधिकतर सीमान्त खेती के कार्यो तथा छोटे छोटे कारीगरी के कार्यो में संलग्न थे। इसी तरह शहरी क्षेत्र के लोग छोटी मोटी रेहड़ी–पटरी की दुकानों, बहुत ही छोटे पैमाने के व्यवसायों आदि में संलग्न थे। कोविड–19 के कारण आर्थिक क्रियाओं के बन्द हो जाने के कारण इन करोड़ों लोगों की आँखे कष्ट में ही जागती तथा सोती थी। इस आर्थिक सुनामी के चपेट में आने से ये अत्यन्त नाजुक स्थिति का सामना करते रहे हैं। व्यवसायिक अनिश्चतता इनकी नाजुक दशा को जैसे चिढ़ा रही है। भारत में 90 प्रतिशत श्रमिक असंगठित क्षेत्र से जुड़े हैं जिनके लिए सामाजिक सुरक्षा का कोई उपबन्ध नहीं है यदि संख्यात्मक रूप में देखें तो इनकी संख्या लगभग 412 मिलियन हैं। इनकी दशा के उत्तरदायी कारणों को यदि कोविड–19 के परिप्रेक्ष्य में देखा जाय तो यह एक प्रकार के 'घृणित व्यवहार' के कारण उत्पन्न हुआ कहा जा सकता है जिसे सरकार ने गैर आवश्यक वस्तुओं की दुकानों को लॉकडाउन के दौरान पूरी तरह से बन्द करके और गम्भीर बना दिया। 'घृणित व्यवहार' से यहाँ तात्पर्य कोविड–19 से बचाव के उपायों में शामिल एक महत्वपूर्ण कदम 'सामाजिक दूरी' (दो गज की दूरी) तथा घर से बाहर न निकलने की अपील जैसी गैर सामाजिक क्रिया से है जिसने आर्थिक गतिविधियों को एकदम ठप कर दिया। इस तरह की क्रियाओं ने अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया। इस अर्थव्यवस्था के मांग पक्ष व पूर्ति पक्ष अर्थात उपभोग व उत्पादन दोनों को समान रूप से प्रभावित किया, परिणामस्वरूप असंगठित क्षेत्र का श्रमिक जिसे पेड लीव नहीं मिलती उसका रोजगार छिना, मजदूरी में कमी आयी तथा कार्य के घंटे कम किये गये जिससे उसकी आय बुरी तरह प्रभावित हुई।

यद्यपि कोविड–19 लॉकडाउन ने वैश्विक व्यवस्था को ऋणात्मक रूप में प्रभावित किया लेकिन यदि हम लोगों के स्वास्थ को अलग रखें तो इसने सबसे अधिक अर्थव्यवस्थाओं को ही प्रभावित किया है। अतः भारतीय अर्थव्यवस्था भी इससे बुरी तरह प्रभावित हुई तथा अप्रैल से जून की तिमाही में भारत की जी0डी0पी0 की वृद्धि दर – 23.9 (ऋणात्मक) रही जो कि अब तक की ऐतिहासिक गिरावट है। अनेक मान्यता प्राप्त विश्वसनीय वैश्विक आर्थिक संस्थाओं ने भारत की जी0डी0पी0 में वृद्धि 2020–21 के दौरान 2 प्रतिशत से भी नीचे रहने का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के अधिकांश श्रमिक असंगठित क्षेत्र से सम्बन्धित है अतः अपेक्षाकृत सबसे अधिक व्यक्तिगत रूप से प्रभावित भी वही हैं।

कोरोना की महामारी में देश में भयंकर स्वास्थ समस्या को असंगठित मजदूरों के पलायन ने संकट ग्रस्त भी किया एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश को मजदूरों के पलायन ने संक्रामण को बढ़ाया। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि कोरोना संक्रमण और असंगठित क्षेत्र में कारोबार आदि पर सम्यक रूप से विचार किये बिना 23 मार्च 2020 से लॉकडाउन की घोषणा बिना सम्यक तैयारी से कर दी गई यद्यपि शासन स्तर पर मजदूरों को सुविधाओं के लिए आश्वस्त किया जाता रहा पर कोरोना से भयग्रस्त मजदूर के समक्ष विकल्पहीनता की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। कुछ राज्य सरकारों तथा केन्द्रीय सरकार में पर्याप्त तालमेल के अभाव से ही अव्यवस्था को नियंत्रित नहीं किया जा सका। इस प्रकार की आपदाओं को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्र सरकार को कुछ तात्कालिक और दूरगामी कदम उठाने की आवश्यकता है। उ0प्र0 और बिहार जैसे प्रदेशों को विशेष राज्य का दर्जा देकर यहाँ औद्योगिक इकाईयाँ

स्थापित की जायें जिसमें श्रमिकों का माइग्रेशन प्रतिबन्धित हो कृषि आधारित उद्योग लघु स्तर में स्थापित हों जिससे मजदूरों को अपने निवास से नजदीक ही रोजगार मुहैया हो सकें। एक आवश्यक कदम यह भी है कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का रजिस्ट्रेशन किया जाये तथा उनके एक राज्य से दूसरे राज्य के विसरण का विवरण रखा जाये।

सन्दर्भ ग्रन्थ :–

- घोष अजीत 2019 – Employment in India, Oxford India Short Introduction. New Delhi, Oxford University Press.
- कपूर, राधिका 2020 – Covid - 19 and the State of India's Labour Market ICRIER Policy Series 18 June 2020
- लाहोटी, राहुल, अमित, रोसा, अब्राहम, सुरभि केसर और पारितोष नाभ 2020 – Hunger Grows as India's Lockdown Killr Job - Results of a Survey from 12 state : The India Forum, 5 June 2020
- सेन गुप्ता ए व अन्य (2009) – Skill Formation and Employment Assurance in unorganised Sector, National Commission for Enterprises in the unorganized Sector, New Delhi.
- बेमन, जन – "At work in the informal economy of india : A Perspective from the bottom up (OIP)" OUP Cataloquo (2016)
- आई0एल0ओ0 (ILO)", DOS "Statistical update on employment in the informal economy" Inbens, GW (2014)
- अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) 2020 'ILO Monitor : Covid - 19 and the world of work'. Second edition Briefing note 7 April 2020.
- थोराट, सुखदेव व पॉल अटवाल "The legacy of Social exclusion : A correspondence study of job discrimination in India". Economic and Political Weekly (2007): 4141-4145
- कन्नन, के0पी0 और जी0 रविन्द्रन "From Job less to Job - loss growth : Gainers and losers in India's employment performance during 2012-2018" Economic and Political weekly 54, No. 44 (2019) : 38 - 44
- बालामुरूगन, एस0 और बी0के0 हेमलता "Imacts on Demonetization : Organised and unorganised sector". IOSR Journal of Humanities and Social Sciences, e-ISSN (2017 : 2279 - 0837
- अग्रवाल, आभा "Demonlization and cashless economy" ACADEMICIA An International Multidisciplinary Research Journal 8, No. 6 (2018) : 73 - 80
- सेन्टर फॉर मोनिटरिंग इण्डियन इकोनॉमी रिपोर्ट (CMIE) – 2020
- जन साहस सर्वे रिपोर्ट 2020
- आर्थिक सर्वेक्षण 2019–20
- योजना, कुरूक्षेत्र तथा विभिन्न समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के सामयिक अंकों के लेख आदि।

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

किशोरों के शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति पर आत्म–सम्मान का प्रभाव

जोगेन्द्री पठारिया
शोधार्थी, व्यावहारिक मनोविज्ञान, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर
डॉ. अर्चना चतुर्वेदी
प्राध्यापक, शासकीय मानकुंवर बाई, कला एवं वाणिज्य स्वशासी, महाविद्यालय, जबलपुर

सारांश :– आत्म–सम्मान हर व्यक्ति के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण होता है। इसमें व्यक्ति स्वयं का प्रत्यक्षीकरण एवं अन्य व्यक्ति उसका प्रत्यक्षीकरण किस रूप में कर रहे होंगे, का भाव निहित होता है। इसके विकास में व्यक्ति के वातावरण के साथ अंतःक्रिया की सुगमता का प्रभाव होता है। परिवार एवं अन्य व्यक्तियों के साथ अंतःक्रिया इसके विकास में सहायक होती है।

किशोरों में आत्म–सम्मान उनका स्वयं पर यह विश्वास की वह समर्थ, पूर्ण रूप से सक्षम, अर्थपूर्ण, सफल एवं प्रशंसनीय है। आत्म–सम्मान इस अवधारणा को इंगित करता है, कि उसका स्वयं के संबंध में मूल्यांकन जिसमें वह जो भी अनुभव करता है, वो उसके आत्म–सम्मान से जुड़ा होता है। वास्तव में आत्म–सम्मान का अर्थ किशोरों के मस्तिष्क की उस अवस्था से होता है। जब वह अपनी क्षमताओं, प्रभावों और सम्बन्धों का सही और वस्तुनिष्ठ आकलन करते है।

आत्म–सम्मान का उच्च होना जहाँ किशोरों को आत्म–विश्वासी, दृढ़ निश्चयी, उत्तरदायी, आशावादी बनाता है। जब उनका ये आत्म–सम्मान निम्न होता है, तो उनमें अपने उत्तरदायित्वों से दूर भागने की प्रवृत्ति विकसित हो जाती हैं। यह देखा गया है, कि जो किशोर एवं किशोरियां अपने शरीर छवि आकृति के आकार से संतुष्ट नहीं रहते हैं, उनमें आत्म–सम्मान निम्न स्तर का पाया जाता है। जो कि किशोरों में शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति के विकास में सहायक होता है।

प्रस्तुत शोध कार्य में किशोर, किशोरियाँ तथा किशोर एवं किशोरियों के सम्मिलित समूह के शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति में आत्म–सम्मान के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। अध्ययन का उद्देश्य–''किशोरों के शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति पर आत्म–सम्मान के प्रभाव का अध्ययन करना''। प्रस्तुत शोध कार्य में न्यादर्श के लिए 250 छात्र एवं 250 छात्राओं को प्राथमिक न्यादर्श के लिए चयन किया गया है, एवं इन पर आत्म–सम्मान के प्रभाव मापनी का प्रशासन, एवं फलांकन कर उच्च एवं निम्न प्रभाव के छात्र–छात्राओं को छांटकर उन पर शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति परीक्षण का प्रशासन व फलांकन किया गया है। निष्कर्ष स्वरूप यह पाया गया कि किशोर, किशोरियाँ तथा किशोर एवं किशोरियों के सम्मिलित समूह के शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति पर आत्म–सम्मान का सार्थक प्रभाव नहीं पड़ा है।

मूल शब्द :– आत्म–सम्मान, शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति (बॉडी–डिस्मॉर्फिक डिसऑर्डर)

प्रस्तावना :– व्यक्ति सदा से ही अपने मूल्यों और योग्यताओं में निर्णय, आकलन व मूल्यांकन करते रहते हैं, अर्थात् व्यक्ति में अपने स्व या आत्म को सम्मान एवं स्नेह देने की आवश्यकता सदा ही रहती है। आत्म–सम्मान की यह आवश्यकता जिसमें व्यक्ति अपने आप को सम्मान देना चाहता है। यह अर्जित प्रकृति की होती है, और इसकी उत्पत्ति विभिन्न प्रकार के कार्यों के संतोषजनक आत्म–अनुभूतियों से होती है। जब व्यक्ति को उसके परिवार, समूह या समाज के महत्वपूर्ण लोगों से मान–सम्मान या प्रशंसा मिलती है, तो उसमें सकारात्मक आत्म–सम्मान की भावना या प्रेरणा भी मजबूत होती जाती है। सुखी व सफल जीवन का सर्व सम्मत तत्व आत्म–सम्मान है। इसके अभाव में सफलता तो प्राप्त की जा सकती है, उपलब्धियां भी अर्जित की जा सकती हैं, लेकिन हमारा आत्म मन भी उतना ही सुखी, संतुष्ट और संतृप्त हो ये संभव नहीं। आत्म–सम्मान न होने पर जीवन में गंभीर अपूर्णता व रिक्तता आ जाती है, और ये रिक्तता एक गहरी कमी का अनुभव देती है। जो कि एक अनजानी रिक्तता, पीड़ा, असुरक्षा और अशांति से व्यथित कर देती है। व्यक्ति के आत्म–सम्मान की भावना उसके लिंग, आयु या उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि के अनुसार होती है। अतः भिन्न–भिन्न व्यक्तियों में आत्म–सम्मान की भावना भी भिन्न–भिन्न होती है।

किशोरावस्था में आत्म–सम्मान की भावना का एक प्रमुख स्थान होता है, और आत्म–सम्मान की इस भावना का विकास उनमें स्वतः ही हो जाता है। जब

किशोर अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना शुरू कर देता है, तथा उन्हें सहर्ष रूप से स्वीकार भी करता है, तो उसका आत्मसम्मान उच्च हो जाता है। वहीं जब किशोर स्वयं को कमजोर व पंसद नहीं करते तो उनका आत्म–सम्मान निम्न स्तर का होता है, और उनका व्यवहार असंतुलित एवं अवसाद, चिंता जैसी समस्याओं से परिपूर्ण रहता है। यह देखा गया कि जो किशोर एवं किशोरियाँ अपने शरीर छवि आकृति के आकार से संतुष्ट नहीं रहते है, तो उनमें आत्म–सम्मान निम्न स्तर का पाया जाता है।

सबेती; फहिमे तथा गोर्जीयन; जारा (Sabeti; Fahimeh & Gorjian Zahra) (2014) ने अबादान ईरान में ''स्थूल काय किशोरों के शारीरिक छवि संतुष्टि तथा आत्म–सम्मान के मध्य संबंधों का अध्ययन किया''। परिणाम में बताया कि शरीर छवि का अच्छा न दिखना एवं निम्न आत्म–सम्मान के लिए मोटापा एक प्रमुख कारण हो सकता है। फ्रेडरिक भौ.ए. एल. (Frederick; Shay; A.L.) (2014) ने छात्र–छात्राओं के आत्म–सम्मान और शरीर आकृति विसंगति के मध्य सहयोजन का अध्ययन किया। परिणामों के आधार पर इन्होंने बताया कि शरीर आकृति विसंगति और आत्म–सम्मान के मध्य उच्च धनात्मक सह–संबंध था। बंसल; श्रुति (Bansal; Shruti) (2017) ने पाया कि किशोरवय लड़कियों में शरीर छवि के प्रति असंतुष्टि की तीव्रता के कारण आत्म–सम्मान का स्तर भी कम हो जाता है। ये अध्ययन सुनिश्चित करते हैं, कि आत्म–सम्मान के स्तर कम होने से शरीर छवि के प्रति असंतुष्टि की भावना के विकास में वृद्धि होती है।

उपरोक्त संक्षिप्त विश्लेषणात्मक व्याख्या से यह स्पश्ट हो जाता है, कि किशोरावस्था के समय किशोरों के सकारात्मक एवं नकारात्मक आत्म–सम्मान का भाव उनके शरीर आकृति के प्रत्यक्षीकरण पर पड़ता है। निम्न आत्म–सम्मान या नकारात्मक आत्म–सम्मान होने पर किशोर अपने शरीर आकृति को लेकर भी असमंजस की स्थिति में रहते हैं, साथ ही उनका आस–पास के वातावरण के प्रति भी प्रत्यक्षीकरण सही नहीं होता, जो उनके निम्न आत्म–सम्मान को दर्शाता है। वहीं दूसरी तरफ यदि उनका आत्म–सम्मान उच्च रहता है, तो वे अपने आप में आत्म विश्वासी रहते है, और भविष्य के प्रति उन्मुख होते है। निम्न आत्म–सम्मान जहाँ उनमें आहार विकृति एवं शरीर आकृति–विकृति को जन्म देने में सहायक होता है। अतः इस दिशा में शोध कार्य किये जाने की आवश्यकता है, जिससे कि" शोरवय बालक–बालिकाओं के समूह को उनके शरीर आकार व आत्म–सम्मान के प्रति जागरूक किया जा सके, जिससे वे अपने शैक्षिक एवं पारिवारिक उत्तरदायित्वों पर ध्यान दे सके।

उद्देश्य :– किशोरों के शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति (Body Dysmorphic Disorder) पर आत्म–सम्मान के प्रभाव का अध्ययन।

चर– स्वतंत्र चर :– आत्म–सम्मान।
परतंत्र चर :– शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति (बॉडी–डिस्मॉर्फिक डिसऑर्डर)
नियंत्रित चर :– आयु 13 से 16 वर्ष के किशोर।

परिकल्पना :– किशोरों के शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति पर आत्म–सम्मान का कोई सार्थक प्रभाव नहीं पड़ता है।

न्यादर्श :– प्रस्तुत शोध कार्य में न्यादर्श निम्नानुसार लिया गया है–

तालिका क्रमांक–1
प्राथमिक न्यादर्श

समूह	संख्या
छात्र	250
छात्रा	250
कुल संख्या	**500**

इन छात्र–छात्राओं पर आत्म–सम्मान मापनी का प्रशासन एवं फलांकन कर उच्च एवं निम्न आत्म–सम्मान के छात्र–छात्राओं को अंतिम न्यादर्श में चयनित किया गया।

आत्म–सम्मान के प्रभाव के आधार पर अंतिम न्यादर्श निम्नानुसार है–

तालिका क्रमांक–2
आत्म–सम्मान संबंधी अंतिम न्यादर्श

आत्म–सम्मान का स्तर	छात्र	छात्रा	कुल संख्या
उच्च	44	40	84
निम्न	42	40	82

परीक्षण– प्रस्तुत शोध कार्य में निम्नांकित परीक्षणों का उपयोग किया गया है–
(1) आत्म–सम्मान मापनी– डॉ. मीनाक्षी बिस्वाल (2002)
(2) शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति परीक्षण (BDD) स्वनिर्मित एवं मानकीकृत

विधि :– प्रस्तुत शोध कार्य हेतु अनुसंधान की योजना

बनाई गई थी, जिसमें समष्टि से एक प्रतिनिधिकारी न्यादर्श का चयन कर मानकीकृत परीक्षणों का प्रयोग करके आंकड़े प्राप्त किये गये व उन पर सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग कर परिणाम प्राप्त किये गये। सर्वप्रथम विद्यार्थियों से आत्म–सम्मान मापनी को भरवाया गया एवं उच्च एवं निम्न प्राप्तांक के छात्र एवं छात्राओं को छांटा गया। आत्म–सम्मान के उच्च एवं निम्न समूहों के छात्र एवं छात्राओं की सूचियां अलग–अलग बनाई गई एवं इन पर शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति परीक्षण का विधिवत प्रशासन किया गया। इनके फलांकन के उपरांत आत्म–सम्मान के उच्च व निम्न स्तर के अध्ययन हेतु मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात की गणना की गई।

विश्लेषण एवं व्याख्या :– प्रस्तुत शोध अध्ययन के प्रदत्त विश्लेषण के उपरांत निम्नानुसार परिणाम प्राप्त हुए–

तालिका क्रमांक–03
किशोर, किशोरियाँ तथा किशोर एवं किशोरियों के शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति पर आत्म–सम्मान के प्रभाव सम्बन्धी तुलनात्मक परिणाम

समूह	आत्म–सम्मान का स्तर	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	'पी' मान
किशोर	उच्च	44	48.52	14.71	0.34	>0.05
	निम्न	42	49.64	15.58		
किशोरियाँ	उच्च	40	47.63	19.79	0.07	>0.05
	निम्न	40	47.88	11.71		
किशोर + किशोरियाँ	उच्च	84	48.10	17.21	0.28	>0.05
	निम्न	82	48.78	13.77		

स्वतंत्रता के अंश – 84,78,164
0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 1.99, 1.98
0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 2.64, 2.61

उपरोक्त तालिका में प्रदर्षित परिणामों से स्पष्ट होता है, कि किशोर, किशोरियाँ तथा किशोर एवं किशोरियों के सम्मिलित समूह के शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति पर आत्म–सम्मान का सार्थक प्रभाव नहीं पड़ा है। प्राप्त क्रांतिक अनुपातों के मान क्रमशः 0. 34, 0.07 एवं 0.28 हैं, जो 0.05 स्तर पर सार्थक नहीं है। इससे स्पष्ट होता है, कि किशोर, किशोरियाँ तथा किशोर एवं किशोरियों के सम्मिलित समूह के शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति पर आत्म–सम्मान का प्रभाव नहीं पड़ा है। किशोरों का आत्म–सम्मान उनके मस्तिष्क की वह अवस्था है, जब वे अपनी क्षमताओं एवं अपनी शरीर आकृति का सम्मान करते है, व उनसे संतुष्ट रहते है। प्रतिनिधिकारी न्यादर्श समूहों में आत्म–सम्मान का स्तर उच्च है, जिससे उनकी शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति पर आत्म–सम्मान का प्रभाव नहीं पड़ा है। क्योंकि आत्म–सम्मान व्यक्ति के शरीर आकृति आकार के प्रति उसके दृष्टिकोण व जैसा वो अनुभव करता है, उन सबका परिणाम है। किशोरों में आत्म–सम्मान की भावना का सबसे प्रमुख स्थान होता है, और आत्म–सम्मान की इस भावना का विकास उनमें स्वतः ही हो जाता है। किशोरावस्था में इस आत्म–सम्मान के भाव की स्वतः ही वृद्धि हो जाती है, वे अपने आपको समाज में वैसे ही देखना चाहते है, जैसे उनके परिवारजनों या जो उनके आदर्श हैं। जिस कारण उनमें आत्म–निर्भर बनने, प्रत्येक कार्य करने को तैयार रहने और अपने आदर्शों की नकल करने, वे सब भाव आ जाते है। किशोरों का आत्म–सम्मान उनका अपनी क्षमताओं के प्रति अवलोकन है, यदि किशोरों का आत्म–सम्मान उच्च है, तो उन्हें अपनी क्षमताओं पर अधिक विश्वास होगा और ये सकारात्मक स्व–प्रत्यक्षीकरण के फलस्वरूप होता है।

जब किशोर अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना शुरू कर देता है तथा उन्हें सहर्ष रूप से स्वीकार भी करता है तो उसका आत्म–सम्मान उच्च हो जाता है। प्रस्तुत शोध के प्रतिनिधिकारी न्यादर्श समूहों में आत्म–सम्मान के स्वस्थ स्तर को इंगित कर रहा है।

इस संदर्भ में राथा कृष्णन; बालन तथा च्युएन; लो यी (Ratha Krishan Balan and Chuen Loh Yi 2011) ने अपने शोध में पुरूष विश्वविद्यालय मलेशिया के छात्रों के शरीर छवि प्रत्यक्षीकरण का अध्ययन किया। अध्ययनकर्त्ताओं ने छात्रों के आत्म–मूल्यांकन के द्वारा उनके शरीर असंतुष्टिकरण, पुरूषत्व प्रेरकों तथा आत्म–सम्मान, साथ ही साथ

उनके मध्य सम्बन्धों का भी अध्ययन किया। परिणाम स्वरूप बताया कि शरीर असंतुष्टि का उच्च आत्म–सम्मान के साथ धनात्मक सह–संबंध पाया जो यह दर्शाते है, कि वे एक स्वस्थ शारीरिक छवि का प्रदर्शन करते पाये गये। जो प्रस्तुत शोध परिणाम के समतुल्य है।

न्यिमेका; अबामारा सी. तथा सोलोमन, अगु ए., (Nnaemeka Abamara C. Solomon Agu A. 2014) ने छात्राओं के शरीर छवि और आत्म–सम्मान के मध्य सम्बन्धों का अध्ययन किया परिणाम के आधार पर इन्होंने बताया कि शरीर आकृति, आत्म–सम्मान को सार्थक रूप से प्रभावित करती है।

बंसल; श्रुति (Bansal Shruti 2017) ने पाया कि किशोरवय लड़कियों में शारीरिक छवि, संतुष्टि तथा आत्म–सम्मान के मध्य संबंधों में शरीर छवि के प्रति असंतुष्टि की तीव्रता के कारण आत्म–सम्मान का स्तर भी कम हो जाता है। ये परिणाम प्रस्तुत शोध परिणाम से भिन्न है।

प्रस्तुत शोध निष्कर्ष यह प्रदर्शित कर रहे हैं, कि किशोर, किशोरियाँ तथा किशोर एवं किशोरियों के सम्मिलित समूह पर शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति पर आत्म–सम्मान का सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया है। अतः पूर्व में ली गई परिकल्पना स्वीकृत होती है। शोधकर्त्ता के न्यादर्श में सम्मिलित किशोर एवं किशोरियों से उनके शरीर छवि आकृति व आत्म–सम्मान के विषय में चर्चा के दौरान यह अनुभव किया कि न्यादर्श समूहों में आत्म–सम्मान स्वस्थ स्तर का है, जिसे बनाए रखने के लिए उन्हें व्यक्तिगत एवं सामाजिक मार्गदर्शन की कुछ और आवश्यकता है। जिससे वे अपने इस आत्म–सम्मान के स्वस्थ स्तर को बनाए रखे एवं अपने शैक्षिक एवं व्यावसायिक कैरियर पर ध्यान दे सके।

इस प्रकार उपरोक्त विवरण से स्पष्ट हो जाता है, कि आत्म–सम्मान हर व्यक्ति के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण होता है। इसमें व्यक्ति का स्वयं पर प्रत्यक्षीकरण एवं अन्य व्यक्ति उसका प्रत्यक्षीकरण किस रूप में कर रहे होंगे का भाव निहित होता है, इसके विकास में व्यक्ति के वातावरण के साथ अंतःक्रिया की सुगमता का प्रभाव होता है। परिवार एवं अन्य व्यक्तियों के साथ अंतःक्रिया इसके विकास से सहायक होती है।

निष्कर्ष :– किशोर, किशोरियाँ तथा किशोर एवं किशोरियों के सम्मिलित समूह के शरीर दुष्क्रिया आकृति–विकृति पर आत्म–सम्मान का सार्थक प्रभाव नहीं पड़ा है।

संदर्भ :–

- Abamara Nnaemeka, C. & Agu Solomon, A. (2014), Relationship between Body Image and self-Esteem among female Undergraduate Students of Behavioural Sciences, IOSR Journal of Humanities and Social Science, Volume 19, Issue 1, Ver.XII (feb 2014), PP01-05 e-ISSN : 2279-0837, P-ISSN : 2279-0845.
- Bansal, Shruti (2017), Relationship between Body Image satisfaction and self-Esteem in adolescent girls; Phonix-International Journal for Psychology and Social Science, Volume 1, Issue 2 : Page No. 1-84
- Frederick, Shay, A.L., (2014), Running head: Body image Disturbance and self-Esteem, The connections between body image Disturbance and self-Esteem in College Men and Women Mckendree University Shy-Frederick. pdf
- कपिल, एच. के. (2012)–अनुसंधान विधियाँ (व्यवहारपरक विज्ञानों में), एच.पी. भार्गव बुक हाउस, 4/230, कचहरी घाट, आगरा–282004, पंद्रहवां संस्करण, पृ.सं.60
- Ratha Krishnan, B. & Chuen Loh Yi, (2011), Body image perception among Multi-ethnic male university students, Journal Kemanusiaan, Bil. 18, ISSN : 1675-1930
- सिंह, अरूण कुमार (2002) उच्चतर नैदानिक मनोविज्ञान, मोतीलाल बनारसी दास, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृ.सं. 120
- सिंह, अरूण कुमार (2010) मनोविज्ञान, समाज शास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, मोती लाल बनारसी दास, नवम् संशोधित एवं परिवर्धित संस्करण, पृ.सं. 37,38,39

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

खरगोन जिले में ''नर्मदा नदी के सरक्षण हेतु जन आंदोलन''

डॉ. रवीन्द्र सोहोनी, शोध निर्देशक
प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान, राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर, जिला मंदसौर (म.प्र.)
भारतसिंह भंवर
शोधार्थी

नर्मदा बचाओं आंदोलन भारत के पर्यावरण आंदोलनों की परिपक्वता का उदाहरण है। इसने पहली बार पर्यावरण विकास के संघर्ष को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनाया जिसमें न केवल विस्थापित परिवार बल्कि वैज्ञानिकों गैर सरकारी संगठनों और आम जनता की भी भागीदारी रही है। नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बांध परियोजना का उद्घाटन 1961 में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया था। जिसमें गुजरात, मध्यप्रदेश तथा राजस्थान के मध्य जल वितरण नीति पर सहमति नही बन पाई। और 1969 में भारत सरकार ने नर्मदा जल विवाद न्यायधिकरण सर्वसम्मति पर पहुँचा तथा नर्मदा पर दो विशाल बांध–गुजरात में सरदार सरोवर बांध तथा मध्यप्रदेश में नर्मदा सागर बांध, 28 मध्यम बांध तथा 3000 जल परियोजना निर्माण को शामिल था। 1985 में इस परियोजना के लिए विश्व बैंक ने 450 करोड़ डालर का लोन देने की घोषणा की है।

सरकार के अनुसार इस परियोजना से मध्यप्रदेश, गुजरात, तथा राजस्थान के सूखा ग्रस्त क्षेत्रों 2.27 करोड़ हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के लिए जल मिलेगा, बिजली का निर्माण होगा पीने के लिए जल मिलेगा तथा क्षेत्र में बाढ़ को रोका जा सकेगा। एक और इस परियोजना को समृद्ध तथा विकास का सूचक माना जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप सिंचाई पेयजल की आपूर्ति, बाढ़ पर नियंत्रण रोजगार के नये अवसर बिजली तथा सूखे से बचाव आदि लाभों को प्राप्त करने की बात की जा रही थी इससे तीन राज्यों के 37000 हेक्टेयर भूमि और 13000 हेक्टेयर वन भूमि जलमग्न हो जाएगी है। जिसमें 248 गॉव के एक लाख लोग विस्थापित होंगे तथा 58 प्रतिशत लोग आदिवासी क्षेत्र हैं।

भारतीय संघ में राज्य घरानों का शामिल करके 28 मई 1948 को मध्य भारतीय नाम से राज्य का गठन किया गया। इस मध्य भारत राज्य का एक मुख्य जिला निमाड़ (पश्चिम) था जिसका मुख्यालय खरगोन था। औपचारिक रूप से 16 जून, 1998 में पश्चिम निमाड़ का विभाजन खरगोन और बड़वानी जिले में हुआ। इस प्रकार वर्तमान खरगोन या पश्चिम निमाड़ जिला मई 1998 अस्तित्व मे आया।

खरगोन को प्राचीन इतिहास में महिष्मति के नाम से जाना जाता है लेंकिन इसका वर्तमान नाम जिले के पुराने नाम प्रान्त निमाड़ से लिया गया है। पूर्व दिशा में गंजल नदी से शुरू होकर पश्चिम में हिनाफल तक फैली 225 मील लम्बी और लगभग 40 मील चौड़ी नर्मदा घाटी को प्रशासनिक रूप से प्रान्त निमाड़ के रूप मे जाना जाता था। कई किन्वदन्तियां इस बात की तरफ भी इशारा करती है कि शायद ''नीम के पेड़ों की अधिकता'' ने इस इलाके को निमाड़ के रूप में प्रसिद्धि दी। एक दूसरी व्यवस्था के अनुसार नर्मदा नदी के उद्गम से समुद्र तक पहुंचने की दूरी के ठीक बीच में या आधी दूरी में निमाड़ स्थित है। इस आधे को निमाड़ी भाषा में ''नीम''बोला जाता है और इसी वजह से इस जिले का नाम निमाड़ पड़ा।

वैसे खरगोन सभ्यता के शुरूआत में ही विकसित क्षेत्र के रूप में जाना जाता है और तत्कालीन होलकर रियासत के जमाने में खरगोन में संतुलित विकास के बहुत ऐसे प्रयास किए गए जिससे जिले की सामाजिक और आर्थिक दशा में सकारात्मक बदलाव आया। खरगोन शायद मध्यप्रदेश के उन गिन–चुने जिलों में शामिल है जहां विकास के लिए व्यवस्थित प्रयास आजादी से पहले भी किए गए। कपास के साथ–साथ खरगोन नर्मदा, नर्मदा के घाटों और महेश्वर के वस्त्र शिल्प के लिए भी प्रख्यात रहा है। आज भी खरगोन कसरावद, मण्डलेश्वर और महेश्वर के लिए उतना ही जाना जाता है जितना की 100 साल पहले जाना जाता था। ऐतिहासिक खुदाइयों से निकले प्रमाणों के आधार पर तैयार दस्तावेज यह बताते है कि खरगोन में प्राचीन काल से ही अत्यंत विकसित सभ्यता रही है।

इस क्षेत्र में अच्छी खेती, उद्योग और परम्परागत शिल्प के अवशेष यह साबित करते है कि यह क्षेत्र विकसित सभ्यता और संस्कृति का केन्द्र रहा

और इस क्षेत्र में अनेक महान शासक तथा सभ्यताएं फली फूली और विकसित हुई बल्कि इन समस्याओं ने विकास और स्वशासन के अभिनव कदम भी स्थापित किए।

इसे दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि आज का खरगोन प्रदेश के पिछड़े जिलों में गिना जाता है। और वर्ष 2005 में शुरू किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना सहित पिछड़ा क्षेत्र अनुदान कोश सहित जिलों के लिए शुरू किया गया है। जिले में विकास की वर्तमान दशा को समझते समय यह जानना और समझना जरूरी है कि आज खरगोन किन वजहों से पिछड़ा है। जिले में विकास की स्थिति को समझने से पहले हम विकास तथा मानव विकास की अवधारणा तथा उसके विभिन्न आयामों को समझने का प्रयास करेंगे।

खरगोन जिले के उत्तरी जिले के उत्तरी दिशा में नर्मदा जी का घाटी एवं दक्षिण में ताप्ती नदी की घाटी है जिसकी विभाजन रेखा सतपुड़ा पर्वत श्रेणी है जो जिले के पूर्व से पश्चिम की और फैला हुआ है। जिले के उत्तरी भाग में वन क्षेत्र अधिक है एवं भूमि के कटाव के कारण कही–कही जमीन का आकार बीहड़ की तरह है। जिले के दक्षिणी भाग में उपजाऊ जमीन है, जिसमें अंबना और सुक्ता नदियों का बहाव है। जिले के कोई वन क्षेत्र अथवा जंगल नहीं है लेकिन जमीन उबड़–खाबड़ है जहाँ खजूर, महूआ एवं आम के बगीचे है। ताप्ती घाटी के दक्षिण की और सतपुड़ा पर्वत माला है जो निमाड़ को बराबर के मैदान से पृथक करता है।

''भारत में जन आंदोलन'' (नर्मदा बचाओं आंदोलन के विशेष संदर्भ में) किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन के अंतर्गत समग्र रूप से मध्यप्रदेश के खरगोन, जिले का चयन किया गया हैं जिसमें संपूर्ण नर्मदा आंदोलन को सम्मिलित करेंगे जहॉ आंदोलन किया गया हैं, और उन क्षेत्रों को अपने अध्ययन में शामिल करेंगें जहॉ बांध बनाया गया हैं। बांध बनने से विस्थापित हुए परिवारों को अपने अध्ययन में दैव निदर्शन विधि द्वारा चयन किया जायेगा।

सुश्री पाटकर ने सरदार सरोवर बांध के बड़वानी और खरगोन जिले में डूब प्रभावितों से करोड़ों की ठगी और उनके नाम पर लगभग 1700 फर्जी रजिस्ट्रियों का मामला उजागर किया। इस मामले में भी जस्टिस झा आयोग पूरे मामले की जांच कर रहा है। सुश्री पाटकर ने इस मामले में उजागर किया कि डूब प्रभावितों और उनके पुनर्वास के लिए गठित नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण ने ही करोड़ों रूपए की अनियमितता की। इधर महेश्वर बांध परियोजना पिछले 30 वर्शों से पूर्ण नहीं हो पाईं पुनर्वास में एक या दो गांवों को छोड़कर पूर्ण हो सके। नर्मदा बचाओ आंदोलन के हस्तक्षेप के अलावा बांध निर्माण ऐजेंसी के कई बार बदलने से भी परियोजना को करोड़ो रूपए की आर्थिक जरूरत् की वजह से पुनर्वास कार्य नहीं हो सका। अपने पुराने डूब प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे ग्रामवासियों के लिए नर्मदा बचाओ आंदोलन सक्रिय है।

सन्दर्भ सूची :–

1. जिला सांख्यिकीय पुस्तिका जिला खरगोन
2. मुखर्जी, रवीन्द्रनाथ : ''सामाजिक शोध व सांख्यिकी'', विवेक प्रकाशन, दिल्ली,
3. नर्मदा समग्र : अनिल दवे
4. नदी का सौदर्य : अमृतलाल वैगड़
5. बूंदों की मनुहार : क्रांति चतुर्वेदी
6. जंगल रहे ताकि नर्मदा बहे : पंकज श्रीवास्तव
7. नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
8. जिला कृषि एवं विकास विभाग
9. पटैरया शिवअनुराग, ''मध्यप्रदेश'' नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, वसंत कुंज, नई दिल्ली
10. मध्यप्रदेश संदर्भ 2014, आयुक्त मध्यप्रदेश जनसंपर्क कार्यालय, बाणगंगा भोपाल
11. निरगुणे वसंस, निमाड़ी संस्कृति और साहित्य, आदिवासी ललित कला अकादमी, श्यामला हिल्स, भोपाल
12. संगवई संजय, दि रिवर एण्ड लाइफ, क्योरवेल पब्लिशर्स, एम.पी. नगर, भोपाल

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

भारत में महिलाओं की स्थिति का विश्लेषण

डॉ. सत्येन्द्र कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर (इतिहास–विभाग) बेनी सिंह कॉलेज हाट्टा, चेनारी रोहतास (बिहार)

किसी भी परिवार, समाज अथवा राष्ट्र का उन्नयन वहाँ की नारियाँ की स्थिति पर निर्भर करता है। यदि नारियों की स्थिति अच्छी एवं सम्मानजनक है, तो उस परिवार, समाज अथवा राष्ट्र की उन्नति निःसंदेह होगा और प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। नेपोलियन बोनापार्ट का यह कथन की "मुझे एक योग्य नारी दो मैं, तुम्हें योग्य राष्ट्र दूँगा" इस संदर्भ में सर्वथा सभी चीन्ह् प्रतीत होती है।

ऐतिहासिक विश्लेषण :– भारत में प्राचीनकाल में महिलाओं की स्थिति अच्छी थी। महिलाओं को समाज में सर्वोपरि स्थान प्रप्त था। उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था, साथ ही महिलाओं को सुख, समृद्वि, भाांति, वैभव एंव ज्ञान का प्रतीक माना जाता था। इसी तरह, वैदिक काल में भी महिलाओं की स्थिति अच्छी थी। महिलाओं को आजादी प्राप्त थी एंव घर से बाहर इच्छानुसार विचरण करती थी। विवाह, पुनर्विवाह इत्यादि क, प्रचलन था। महिलाओं के बिना धार्मिक कार्य पूर्ण नहीं माना जाता था। साथ ही वैदिक काल में बाल–विवाह एंव पर्दा–प्रथा का प्रचलन नहीं था।

वैदिक काल के बाद उतर वैदिक काल में महिलाओं की स्थिति में ह्रास होने लगा। उत्तर वैदिक काल में महिलाओं के लिये वेदों का अध्ययन वर्जित कर दिया गया और विधवा पुनर्विवाह निषिद्ध कर दिया गया। साथ ही वाल–विवाह का प्रचलन भारतीय समाज में प्रारंभ हुआ। कुल मिलकर यहीं से महिलाओं की स्थिति खराब होने लगी।

धर्मशास्त्र काल में महिलाओं की स्थिति और खराब होने लगी क्योंकि वैदिक नियमों का परित्याग कर दिया गया और महिलाओं को सम्पति के अधिकार से वंचित कर दिया गया। मुगलकालीन जो मध्यकाल से संबंधित था, भारतीय संस्कृति एवं महिलाओं की स्थिति की रक्षा हेतु ब्राम्हणों द्वारा कठोर नियम बनाये गये, जिसमें बाल–विवाह, सती–प्रथा,पर्दा–प्रथा इत्यादि मुख्य था। एक पत्नी के रहते दूसरी पत्नी को रखना सामाजिक प्रतिष्ठा समझी जाती थी। मुख्यरूप से इसी कारण महिलाओं की स्थिति में तेजी से ह्रास होना कारण हो गया।

अंगेजी शासनकाल में भी महिलाओं की स्थिति में कोई विशष सुधार नहीं हुआ। धर्मशास्त्र काल की एवं पूर्व समय की महिला आधारित कुप्रथाएँ प्रचलित थी। कुछ भारतीयों द्वारा महिलाओं की स्थिति में सुधार हेतु प्रयास किये गये। इस परिपेक्ष्य में राजा राममोहन राय द्वारा ब्रह्म समाज की स्थापना की गई जो सती–प्रथा के विरूद्ध था। महर्शि दयानन्द सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना की गई जो वैदिक काल की आदर्शो की पुर्नस्थापना का प्रयास था। इसी तरह, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने विधवा पुनर्विवाह का प्रचलन, बहुपत्नी विवाह का विरोध एवं महिला–शिक्षा पर बल दिया। भारतीय महापुरूषों के इस प्रयास के परिणामतः अंग्रेजी सरकार ने महिलाओं की स्थिति में सुधार एवं उत्थान हेतु कुछ कानून बनायें जिसमें सती प्रथा निषेध अधिनियम, 1829 हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम, 1856, बाल–विवाह निरोधक अधिनियम, 1929 एवं महिलाओं के भरण–पोशण से संबंधित 1946 का अधिनियम इत्यादि मुख्य है।

स्वतंत्रता पश्चात् महिलाओं की स्थिति :– स्वतंत्रता प्राप्ति के पचात् भारत में सरकार द्वारा महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए विशेष प्रयास किया गया। भारतीय संविधान में संवैधानिक प्रावधान बनाकर महिलाओं को विशेष अधिकार दिया गया, जिसका उपयोग करके आपना व्यक्तिगत, सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास में योगदान दे सके।

भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद 14 के द्वारा महिलाओं एवं पुरूषों को राजनीतिक आर्थिक एंव सामाजिक क्षेत्र में समान अधिकार प्रदान किया गया है। इसी तरह, अनुच्छेद 15 महिलाओं को जहाँ समानता का अधिकार प्रदान करता हैं, वहीं अनुच्छेद 16 रोजगार का समान अवसर प्रदान करता है। संविधान का अनुच्छेद 39 सुरक्षा एवं समान काम के लिए समान वेतन की वकालत करता है।

महिलाओं की विभिन्न संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु उनसे संबंधित कानून भी बनाये गये हैं। जिससे महिलाओं को संरक्षण प्राप्त हो सके और वे सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सके। इस संदर्भ में हिन्दू विवाह अधिनियम (1976 संशोधित), देह व्यापार

निवारण अधिनियम, 1956 (1986 में संशोधित) अश्लील चित्र निवारण एक्ट, 1986, सती प्रथा निवारण अधिनियम, 1986, प्रसव–भ्रूण से संबंधित अधिनियम, 2005 हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम, 2005 (संशोधित) और घरेलू हिंसा से संरक्षण आधारित अधिनियम, 2005 इत्यादि मुख्य है।

वर्त्तमान संदर्भ में महिलाओं की स्थिति :– वर्त्तमान संदर्भ में महिलाओं की स्थिति में और सुधार करने के लिए एवं कल्याण के लिए सरकारी एवं गैर सरकारी स्तर पर अनेक कार्यक्रम एवं योजनाएँ संचालित है। सरकारी नौकरीयों में आरक्षण, भारत की पंचवर्षीय योजनाओं में भी महिलाओं के विकास हेतु महिला शिक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक एवं पारिवारिक सुरक्षा इत्यादि को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। अनेक सरकारी कार्यक्रमों जैसे, ड्वाकरा, ट्राइसेम, इंदिरा महिला योजना, महिला समृद्धि योजना, महिला स्वयं सिद्ध योजना, जननी सुरक्षा योजना, कस्तुरवा गाँधी बालिका शिक्षा योजना, जीवन भारती महिला सुरक्षा योजना, महिला शक्ति पुरस्कार योजना, वंदे मातरम् योजना इत्यादि संचालित करके महिलाओं की स्थिति सुधारने का प्रयास किया गया है।

मूल्यांकन :– भारत में महिलाओं की स्थिति एवं विकास से संबंधित अनेक प्रावधानों के संचालीत होने एवं उसकी वर्णात्मक व्याख्या के आधार पर स्पष्ट है कि हमारी सरकार, समाज एवं प्रशासनिक तंत्र महिलाओं की सुरक्षा एवं समृद्धि हेतु काफी सजग है। फिर भी आज के वैश्विक युग में महिलाऐं भी स्वयं को एवं अपने समुदाय को जरूरत से अधिक सशक्त बनाने का प्रयास किया है। जिससे महिला अधिकार का समूचित उपयोग नहीं हो रहा है। किसी समुदाय में महिला अधिकारों का उपयोग के साथ–साथ दुरूपयोग होने लगता है। जिसके प्रभाव से अन्य समुदाय के महिलाओं के अधिकार का हनन होता है और उसकी स्थिति अच्छी नहीं हो पाती।

आज शहरी महिलाओं की अपेक्षा ग्रामीण महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं है। इसका मुख्य कारण है, महिलाओं में शिक्षा का अभाव। ग्रामीण महिलाओं में शिक्षा के कमी के पीछे शिक्षा के प्रति अरूचि, प्रेरणा की कमी, पारिवारिक एवं आर्थिक कारण होती है। एक तरफ जहाँ शिक्षा के कमी के कारण महिलाओं में जागरूकता की कमी होती है और उसकी स्थिति नहीं सुधर पा रही है। वहीं दूसरी तरफ घरेलू हिंसा भी महिलाओं की कमजोर स्थिति को दर्शाता है।

इस तरह स्पष्ट है कि महिलाओं की स्थिति सुधारने एवं सम्मान जनक जीने में परिवार से लेकर राष्ट्रीय और संवैधानीक स्तर पर, पंचवर्षीय योजनओं में एवं अन्य योजनाओं में महिलाओं के शिक्षा में सुनिश्चित किया जाय और प्रत्येक स्तर पर उनकी भूमिका सुनिश्चित किया जाये तभी परिवार एवं समाज में महिलाओं की स्थिति सुधरेगी और सम्मान जनक स्थान प्राप्त होगा।

संदर्भ सूची :–

1. झा, डी0 एन0– प्राचीन भारत की रूप रेखा, पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली।
2. मित्तल, ए0के0 – मध्यकालीन भारत का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।
3. बसु, डी0डी0 – भारतीय संविधान
4. संपादन मंडल – प्राचीन, मध्य एवं आधुनिक भारत का इतिहास, एन0सी0ई0 आर0टी0, नई दिल्ली।
5. वर्मा, बिहारी, एस0 एवं पाण्डेय ए0 एन0– ग्रामीण विकास अविष्कार पब्लिकेशन, जयपुर।

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

चक्रपाणि विजय महाकाव्य में चित्रित सामाजिक मान्यतायें

विजय कुमार यादव
शोधछात्र, आर्य कन्या पी.जी. कालेज, हापुड़
डॉ. संगीता अग्रवाल
शोध निर्देशिक, विभागाध्यक्षा, संस्कृत आर्य कन्या पी.जी. कालेज, हापुड

सारांश :– साहित्य समाज का दपर्ण होता है प्रत्येक कवि की कृति पर तत्कालीन वातावरण, समाज एवं परिस्थितियों का प्रभाव पड़ता है। यही प्रभाव भट्ट लक्ष्मीधर कृत चक्रपाणि विजय महाकाल्य पर दृष्टिगत होता है। कवि जिस समाज में रहता है वह संश्लिष्ट एवं निर्मल लोकशास्त्र का ज्ञाता होता है। आश्रम व्यवस्था, वर्ष व्यवस्था, आर्शीवाद, अतिथि सत्कार, सदाचार, विवाह, समाज में स्त्री सम्मान आदि का अध्ययन किया गया है। इसलिए किसी काव्य का सामाजिक अध्ययन करते समय उसमें वर्णित तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियॉ एवं परंपरागत मान्यताओं का निरूपण आवश्यक है।

शब्दकुंजी :– महाकाव्य, आश्रम व्यवस्था, वर्ण व्यवस्था सदाचार, विवाह आदि।

प्रस्तावना :– साहित्य समाज का विशिष्ट सांस्कृतिक तत्व है जो हमें सांस्कृतिक जड़ता से बचाता है। श्रेष्ठ साहित्य के अभाव में सांस्कृतिक जड़ता बढ़ती है जिससे समाज और सभ्यतायें पतोन्मुख होती है इसलिए साहित्य की यह विशेषता है कि वह संस्कृति को गति एवं लय देकर उसे जीवांतता प्रदान करता है। जिससे समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया जा सके। इस प्रकार कहा जा सकता है कि साहित्य किसी राष्ट्र के सामाजिक जीवन का व्यापक तत्व है।

विषय वस्तु :– प्राचीनकाल से ही वर्ण व्यवस्था, आश्रम व्यवस्था आदि सामाजिक मान्यतायें भारतीय संस्कृति एवं हिन्दू समाज के संगठन का एक प्रमुख आधार रही है इस व्यवस्था के अर्न्तगत समाज को चार वर्गो में विभक्त किया गया। प्रारंभ में इस व्यवस्था के अन्तर्गत व्यक्ति अपनी रूचि, योग्यता और मनः स्थिति के अनुसार किसी भी वर्ण को स्वीकार कर सकता था, लेकिन वर्ण व्यवस्था का यह लचीलापन कुछ ही समय बाद वैदिक काल में समाप्त हो गया।

चक्रपाणि विजय महाकाव्य में सामाजिक मान्यताएँ :–

आश्रम व्यवस्था :– भारतीय समाज में आश्रम धर्म का विधान वैज्ञानिक और सर्वश्रेष्ठ है। आश्रम शब्द का अर्थ है – जिसमें श्रम ही श्रम है, जिसमें आलस्य को स्थान नहीं, वैदिक शब्दावली में तपस्या है। वस्तुतः जीवन एक श्रम साध्य है यात्रा है जिसमें हर क्षण कर्म में रत रहते हुए सौ वर्ष तक जीने की अभिलाषा सार्थक कही जा सकती है– कुर्वन्तेवहे कर्माणि विजीविशेच्छतं समाः, इसलिए मनुष्य की सामान्य आयु सौ वर्ष स्वीकार करते हुए चार आश्रमों में विभक्त किया गया है – ब्रम्हचर्य, गृहस्य, वानप्रास्थ तथा संयास।

महाभारत के अनुसार आश्रम व्यवस्था रूपी चार पदों की सीढ़ी जो ब्रम्हलोक ले जाती है–

चतुष्पदी ही निः श्रेणी ब्रह्मश्येषा प्रतिष्ठिता,
एतामारूह निःश्रेणी ब्रम्हलोके महीयते।
ब्रम्हचारी गृहस्थश्च वानप्रायोंऽयं भिक्षुक,
पयोक्त चारिणः सर्वेगच्छन्ति परमं गतिम्।।

वर्ण व्यवस्था :– ऋग्वेद में वर्ण व्यवस्था का सर्वप्रथम उल्लेख प्राप्त होता है। समाज में विविध कार्यो के संचालन के लिए वर्ण व्यवस्था का विधान था। यजुर्वेद में चारों वर्णों ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य, शुद्र के कर्तव्यों का सुन्दर वर्णन प्राप्त होता है –

ब्रह्मणे ब्राहमणं क्षत्राय राजन्यं मरूद्भ्यों वैश्यं
तपसे शूद्रम्।

गीता में भगवान श्री कृष्ण ने ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र के कर्मो का अलग–अलग निर्देश किया है –

चतुर्वर्णं मया सृष्टं गुण कर्म विभागशः।
तस्य कर्तारमपि मां विद्धयकर्तारमव्ययम्।।[5]

महाकवि भट्ट लक्ष्मीधर के समय में वर्ण व्यवस्था अत्यन्त सुदृढ़ थी। ब्राहम्ण का समाज में सर्वोपरि स्थान था क्योंकि उन्हें पक्षिक कार्यो का पुरोहित स्वीकार किया गया –

दीक्षावतः सोमपरिग्रहार्थम्।[6]

आर्शीवाद :– भारतीय मान्यता के अनुसार श्रेष्ठ गुरूजनों एवं अपने से बड़े श्रेष्ठ पुरूषों का अभिवादन करने पर आर्शीवाद मिलता है। प्रत्येक जीव के आन्तरिक हृदय में एक ब्रम्ह का निवास मिलता है और अन्तः करण से निःश्रीत प्रत्येक शब्द का अपना महत्व

है। इसलिए आर्शीवाद की प्राप्ति जीवन का महत्वपूर्ण क्षण है। चक्रपाणि विजय महाकाल में उषा वर प्राप्ति हेतु गौरी का पूजन करती है तब पार्वती जी हृदय से आलिंगन करके आर्शीवाद देती है–

प्रणम्य देवीमय तत्प्रसादलब्धोचितस्यानगता नतक्षूः।
पृष्ठेन बाहुद्वयपीडिताग्डी भेजे भुजास्पर्षनपूर्वमस्याः।।[7]

समरांगण में जाते समय पुत्र का मस्तक चूम कर मॉ आर्शीवाद देती है–

औत्पत्तिकजयों डप्यन्तरूद्यत्कलमलाकुलम्।
भूत्कृत्य ध्यातकल्याणमुमया मूहिर्न चुम्बितः।।[8]

अतिथि सत्कार :– भारतीय संस्कृति एवं परंपरा में अतिथि को देवता के समान माना गया है–**''अतिथि देवो भवः''।**

अतिथि सत्कार हमारी परंपरा है जिससे हमें श्रेष्ठ जनों से अक्षुण्य तप, आर्शीवाद के रूप में प्राप्त होता है। कठोपनिषद में अतिथि सत्कार का वर्णन बड़े ही मनोरम ढंग से वर्णित है।

चक्रपाणि विजय महाकाव्य में जिस समय नारद मुनि द्वारिका पुरी पहुँचते है उसी समय श्रीकृष्ण उनका स्वागत करते है –

अभ्युत्यिते तु गोविन्देमुनेरजनि साहवसः।
चलं हि चलिते तस्मिन् स योगी जगदीवते।।

वसन्त आगमन के समयउसके स्वागत में कोयल का कूजन अत्यन्त मनोहरी वर्णन दृष्टव्य है –

छययैव सहकरपाढवे शंसति प्रसवनीयभड्कुरम्।
एति पाति पुनरेती चाकुल कोकिल स्पृहयमाणमानसः।।[11]

सदाचार :– शास्त्रों में उल्लिखित सन्नियमों के मार्ग पर जीवन संचालित करना सदाचार कहलाता है। सदाचार से पारिवारिक संगठन, सामाजिक प्रतिष्ठा तथा उन्नति की नयी गतियॉ स्वयं समक्ष उपस्थित हो जाती है। सदाचारी महापुरूष जीवन की अनन्त उचाई को छूता हैं।

यदादिशति देवर्षिः कृत्यमद्य तदेव नः
छतेपि कटि कीदृग बलाबलविचीरणा।।[12]

समाज के सभी वर्णों के लोग आचार संहिता के अनुरूप कार्य करते थे। इसका उलंघन केवल समर भूमि में ही होता था –

आचार इसे हन्यन्ते मखेसु पशुवों यथा।
रणेशु रिपवोडप्येव रूददिभरिव सज्जनैः।।[13]

विवाह :– भारतीय आचार्यो के अनुसार सन्तान के बिना परलोक में सद्गति नहीं मिलती इसलिए स्त्री–पुरूष को दाम्पत्य जीवन आवश्यक है। आचार्य मनु ने आठ प्रकार के विवाहों का उल्लेख किया है–

1. ब्रहम विवाह
2. दैव विवाह
3. आर्य विवाह
4. प्राजापत्य विवाह
5. आसुर विवाह
6. गान्धर्व विवाह
7. राक्षस विवाह
8. पैशाच विवाह

विष्णु पुराण में भी कहा गया है –

ब्राहमों दैवस्तयैवार्श, प्राजापत्यस्तयासुरः।
गान्धर्व राक्षसौ चान्यों पैशाचाष्टमों मतः।।[16]

चक्रपाणि विजय महाकाव्य में वर्णित विवाह दैव और गान्धर्व विवाह के कोटि में आते है। उषा और अनिरूद्ध का विवाह गान्धर्व है। विवाह में अनेक रीतियों को अपनाया जाता था जिनमें हाथ मिलाने की प्रक्रिया, भांवर पड़ना, मंगल समय में पाणिग्रहण[17] का होना आदि प्रमुख है –

चित्रभूशण मणिप्रभागणैश्चर्चिताः सदन भिन्तयस्तया।
तद्विवाह लिखित विरेजिरे दर्शयन्त्य इव मातृमण्डलम्।।[18]

समाज में स्त्री का सम्मान :– किसी भी देश की सभ्यता और संस्कृति का परिचय उस देश की स्त्रियों की दशा पर निर्भर करता है। परंपरागत देशों की अपेक्षा भारत में स्त्रियों की दशा सदैव समुन्नत एवं पूजनीय रही है और उन्हें गृह लक्ष्मी के समान माना गया है –

''स्त्रियः श्रियश्च गेहेशु च विशेशोऽस्ति करचन्''।

चक्रपाणि विजय महाकाव्य में तत्कालीन समाज में स्त्रियों की महनयिता का सुंदर वर्णन मिलता है –

अशेषयोशाजनपूर्वगुर्वोमुमां कुमारि प्रथमं नमेति।
विहस्य यद् भाषितमीश्वरेण तदास तस्या पतिलाभूरूलम्।।

संस्कार :– संस्कार शब्द निष्पत्ति एवं उपसर्ग पूर्वक कृ धातु से घम् प्रत्यय करने से होती है। इसका व्युत्पत्ति लभ्य अर्थ हुआ – परिष्कार, मनोभाव या शोधन। भारत वर्ष में संस्कार केवल हिन्दू धर्म के ही नहीं अपितु अन्य धर्म एवं सम्प्रदायों के महत्वपूर्ण अंग रहे है। विगत अनेक शताब्दियों से संस्कार धार्मिक तथा सामाजिक एकता के प्रभावकारी माध्यम रहे है।

हिन्दू संस्कारों का सविस्तार प्रतिपादन कतिपय ब्राहमण ग्रंथों तथा गृहय सूत्रों में हुआ है। गृहयसूत्र में 12 आरवलायन तथा मानव गृहय सूत्र में 13, पारस्कर गृहय सूत्र एवं मनुस्मृति में 14 संस्कारों का तथा

चक्रपाणि विजय महाकाल में श्रीकृष्ण का यह कथन सदाचार का सुंदर

वैखमस में 18 एवं गौतम धर्म सूत्र में 40 संस्कारों का वर्णन मिलता है। परवर्ती समृतियों में 16 संस्कारों का वर्णन इस प्रकार है –

1. गर्भाधान संस्कार
2. पुंसवन संस्कार
3. समिन्तोन्नयन संस्कार
4. जातकर्म संस्कार
5. नामकरण संस्कार
6. निष्क्रमण संस्कार
7. अन्नप्राशन संस्कार
8. चूड़ाकर्म संस्कार
9. कर्णवेधन संस्कार
10. उपनयन संस्कार
11. वेदारम्भ संस्कार
12. समावर्तन संस्कार
13. विवाह संस्कार
14. वानप्रस्थ संस्कार
15. सन्यास संस्कार
16. अन्त्येष्ठि संस्कार

संस्कारों का सर्वाधिक प्रयोजन तो मानवीय विकास की सम्पूर्ति में ही है। श्रेष्ठ संस्कारों के सदाचरण से मानव श्रेष्ठ बनता है। मनुस्मृति के अनुसार जप, तप, यज्ञ, महायज्ञ आदि के वैदिक विधि विधान पूर्वक करने से मानव का शरीर श्रेष्ठ बनता है–

स्वाध्यायेन व्रतैर्होस्त्रैविधेनेज्यया खुटैः।
महायज्ञैश्च यसैश्च ब्रहनीयं क्रिपटे तनुः।।[21]

चक्रपाणि विजय महाकाव्य में महाकवि ने संस्कारों का महत्व प्रतिपादन किया हैनायक अनिरूद्ध वाल्यावस्था में ही सम्पूर्ण विधाओं का विधिवत अध्ययन कर लेता है –

शैषवेऽपि हि पितामहविद्यावल्लि पल्लवमवाप्यत तेन।
एक एव यदनेकतमाना मानसानि युगवत् प्रविवेश।।[22]

वेशभूषा :– प्राचीन काल से वर्तमान काल की ओर बढ़ते हुए मानव ने अपने व्यक्तित्व को अधिकाधिक आकषर्ण बनाने के लिए अनेको वस्त्राभूषणों एवं श्रंगार प्रसाधनों का निर्माण किया और कर रहा है। अच्छे वेशभूषा के द्वारा मानव की सामाजिक सम्पन्नता का बोध होता है। भारत वर्ष में ऋतुओं के अनुकुल वस्त्र पहनने का विधान है।

चक्रपाणि विजय महाकाव्य के अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि लोग उस समय अपनी परंपरा के अनुसार वस्त्र धारण करते थे। उस समय लाल वस्त्र को मांगलिक माना जाता था। स्त्रियॉ अपने स्तन को कॉनुकी से आच्छादित करती थी। ओढ़ने के लिए श्रृंगारित शाल का प्रयोग करती थी –

आगत्य दोः पञ्जरचूर्णितेभ्यश
चाणूरकंसादिमहासुरेभ्यः।
पार्श्वस्थितेनेव यशोभरेण शालेन श्रृंगारित दिग्विभागाम्।। [23]

उस समय अधोवस्त्र और अन्तरीय धारण करने की प्रथा थी –

मसे विशाखाविषदप्रदोशे या हादशी रात्रिरूदार चंद्रा।
स्वप्नायमाना मदनायमान द्रष्टाखि तस्यां पतिमात्मतुल्यम्।।[24]

निष्कर्ष :– महाकवि भट्ट लक्ष्मीधर कृत चक्रपाणि विजय महयकाव्य में वर्णित सामाजिक मान्यतायें समाज के आंतरिक परिवेश को वर्णित है। इसमें मनुष्य की प्रत्येक अवस्था के साथ–साथ उसके सामाजिक प्रतिष्ठा तथा उन्नति का अवमूल्ययन किया गया है।

सन्दर्भ सूची :–

1. यजुर्वेद 40/2
2. मनु स्मृति 6/87
3. महाभारत शा. पर्व अ. 242/15/16
4. यजुर्वेद 30/5
5. गीता 4/13
6. चक्रपाणि वि. महा. 2/13
7. चक्रपाणि वि. महा. 4/23
8. चक्रपाणि वि. महा. 16/4
9. कठोपनिषद
10. चक्रपाणि 13/9
11. चक्रपाणि वि. महा. 5/2
12. चक्रपाणि 13/57
13. चक्रपाणि 18/29
14. मनुस्मृति 8/54
15. मनुस्मृति 3/23
16. विष्णुपुराण 3/10/24
17. चक्रपाणि 9/29
18. चक्रपाणि – 5/59
19. मनुस्मृति – 9/2
20. मनुस्मृति – 3/28
21. चक्रपाणि – 3/46
22. चक्रपाधि – 4/22
23. चक्रपाणि – 8/54
24. चक्रपाणि – 5/49

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति और परम्परा

डॉ. हेमन्त सिंह कंवर
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, शासकीय मुकुट धर पाण्डेय कॉलेज, कटघोरा, कोरबा (छ.ग.)

सारांश :– भारतीय संस्कृति की विशेषता है विभिन्न संस्कृतियों का अद्‌भुत समागम। यहां धर्म संस्कृति का प्राण माना जाता है, सांस्कृतियॉ एक दूसरे से प्रभावित करती आई है। छत्तीसगढ़ जनजाति संख्या आधिक्य राज्य है। राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 32% जनसंख्या जनजातियों और 42 प्रकार की जनजातियॉ निवास करती है। सबसे बड़ी जनजाति गोड़ है। गॉव में रहने वाले आदिवासी लोग कुटी, माटी का कच्चा घर, बांस, झोपड़ी में रहते है। अब कुछ लोग पक्का मकान बनाकर रहने लगे है। छत्तीसगढ़ी जनजाति का लोक गीत सरल सहज और सुंदर संगीतमय रहता है। इनके लोक गीत में जीवन के तथ्य और अंचल की वे भावपूर्ण संस्कृति का समाहित रहती है। आदिवासी लोग लंगोटी, धोती, पागा, अंगरखा, लुंग्गी, लुगरा और पोलखा तथा स्त्रियॉ फुँदरा–फुँदरी और फीता से बेनी गाथते और पहनते है। इनका आभूशण पुरूश एक हाथ में चूड़ा, कान में बाली और गले में कंठी ताबीज धारण करते है और स्त्रियॉ नाक और बॉह में गोदना गोदवाते है। भोजन पकाने का दो मुहा चूल्हा, माटी का चूल्हा बनाते है। हॉडी, पराई, कुँडेरा, कनौजी, कसेली, तवा, गोरसी, चिमनी आदि। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहते है, दुनिया भर में धान का सबसे ज्यादा किस्म यहां पाया जाता है। यहां दो प्रकार का रोटी बनाते हैं सूखा खुपरी, अंगाकर दूसरा तेल से चिला, बरा, सोहारी, ठेठरी, खुमरी पपची, लाडू प्रमुख है। यहां पूरे बारह महीना त्योहार और उत्साह मनाते है। हरेली, नागपंचमी, कमरछठ, तीजा, गणेश पूजा, पोला, राखी, नवरात्रि, नवाखई, देवारी, देवउठनी, छेरछेरा, माघीपुन्नी, होली, रामनवमी, चैतनवरात्रि इत्यादि प्रमुख है, जनजातियों का प्रमुख त्यौहार खो–खो कबड्डी, गोंटा, बांटी, गिल्ली–डंडा आदि तथा मुर्गा लड़ाने का प्रचलन है।

शब्दकुंजी :– जातीय, संस्कृति, परम्परा, भौगोलिक दृष्टि, संवेदनशीलता इत्यादि।

प्रस्तावना :– भौगोलिक दृष्टि से दक्षिण कौशल अपनी विकासशील संस्कृति एवं सभ्यता के विशेषताओं के साथ एक पूर्ण छत्तीसगढ़ इकाई के रूप में हैं। भारत को हम गॉवों का राष्ट्र भी कह सकते है। इस देश की लगभग सत्तर फीसदी आबादी छः लाख से भी ज्यादा गॉवों मे निवास करती है। सभी गांव संरचना एवं व्यवहार मे एकरूपता भी नहीं है। परम्परा, संरचना, शैली और धार्मिक रीति–रिवाज की वृद्धि से ग्रामीण परिवार एवं इनमे निवास करने वालों मे भी काफी वैविध्य है। हर एक परम्परा लंबे विकास के दौर में स्थापित हुई है। सामाजिक प्रतिमानो कानूनो और प्रतिस्थापनाओं मे अधिकारों और कर्तव्यों मे इन्हीं का प्रतिबिम्ब झलकता है। भारतीय ग्रामीण सामाजिक व्यवस्था में प्रायः संयुक्त परिवार, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक तथा धार्मिक व्यवस्थाओं की मूल इकाई है।

भारतीय समाज की संरचना के प्रमुख तत्व जाति एवं जनजाति है। भारत के दूर–दराज क्षेत्रों में बसी अनेक जनजातीयॉ इसका आधार है। देश की जनसंख्या का एक बड़ा भाग जनजातियों का है। ये जनजातियॉ वर्षो से शोषित व उत्पीड़ित रही है। गरीबी अज्ञानता व अभावों से ग्रस्त जनजातीयों को सदियों कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उद्योगों में जिन आदिवासियों ग्रामीणों की भूमि ली जा रही है उन्हें केवल मुआवजा देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि भू–स्वामियों को योग्यतानुसार नौकरी, उद्योगों में हिस्सेदारी देनी होगी। हिस्सेदारी पर भू–स्वामी भी उद्योगों का मालिक होगा और जीवन पर्यन्त उसके जीवकोपार्जन का मार्ग प्रशस्त होगा। भारतीय संविधान में जनजातीयों को उनकी समाजिक आर्थिक उन्नति के लिए उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कुछ विशेष सुविधाएँ प्रदान करने के प्रावधान रखे गये है। इसके लिए एक अनुसुची तैयार की गई है। जिसमें उन सभी जनजातीयों को सम्मिलित किया गया है जिन्हें विशेष सुविधाएँ प्रदान की जाती है। संविधान में इन्हें अुसूचित जनजातीयों के नाम इंगित किया गया है। अतः किसी संस्कृति विशेष का मूलभूत रूप स्थान नहीं होता, परन्तु जनजातीय संस्कृतियॉ भौगोलिक पर्यावरण के कारण अपनी पहचान बनाए रह सकी है। यह भी विशेष रूप में उल्लेखनीय है कि मानव विज्ञान के प्रमुख सिद्धांत भी जनजातीय संस्कृति के अध्ययन पर आधारित है। अक्टूबर, 1999 के पूर्व आदिवासियों के विकास के लिए देश में केन्द्र सरकार के अधीन "आदिवासी कल्याण मंत्रालय (Ministry of Tribal Welfare Department) कार्यरत था जो संघ/राज्यों के लिए आर्थिक–सामाजिक कल्याण के लिए नीतियों,

बजटीय प्रावधान, आरक्षण, संवैधानिक ढाँचे में दिशा निर्देश जारी करेगा।

जनजातियों भारतीय समाज व संस्कृति को निराली छवि प्रदान करती है। भारत में 532 जनजातियॉ निवास करती है तथा सन् 2001 की जनगणना के अनुसार इनकी जनसंख्या कुल जनसंख्या का लगभग 8.2 प्रतिशत है। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार इनकी जनसंख्या 10,42,81,034 है। जो भारत की जनसंख्या का लगभग 8.6 प्रतिशत है। जनजातियों को वन्यजाति, आदिवासी, आदिम जाति गिरिजन आदि अनेक नामों से पुकारा जाता है। भारतीय संविधान में इन लोगों को अनुसूचित जनजातियॉ कहा गया है। वास्तव में जनजाति व्यक्तियों का एक समूह है, जो निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में निवास या विचरण करता है आदि पूर्वज से अपना उद्गम मानता है, जिसकी एक सामान्य संस्कृति है जो आज भी आधुनिक सभ्यता के प्रभावों से वंचित है, और स्वतंत्रता की मुख्यधारा से अलग है। चूंकि जनजातीय समूहों में आदिम जनजातीय समूह अत्यंत संवेदनशील है इसलिए उनके आर्थिक–सामाजिक विकास के लिए केन्द्रीय क्षेत्र से प्रायोजित तथा राज्य योजना से पर्याप्त धनराशि आबंटित करने की व्यवस्था की जा रही है। सरकार यह महसूस करती है कि पर्याप्त धनराशि उन तक नहीं पहुंच पा रही है। जिससे ये लोग अपनी संस्कृति और परम्परा को बनाये रखने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ की प्रमुख जनजातियां :– छत्तीसगढ़ जनजाति बहुल राज्य है। राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 32% जनसंख्या जनजातियों की है। राज्य में कुल 42 प्रकार की जनजातियॉ निवास करती है। सबसे बड़ी जनजाति गोड़ है। सबसे अधिक जनजाति दंतेवाड़ा 79% एवं सबसे कम जनजाति जांजगीर चांपा (12%) जिले में निवास करते है। राज्य के 5 जिलों दंतेवाड़ा, बस्तर, जशपुर, कांकेर, सरगुजा में 50% से अधिक जनजाति निवास करती है।

जनजातियों को अनुसूचित नाम साइमन ने 1927 में दिया संविधान के अनुच्छेद 341 एवं 342 में इन विशिष्ट जनजातियों को नामित किया गया है। संविधान में 212 जनजातियों को अनुसूचित जनजाति घोषित किया है। छत्तीसगढ़ में 42 अनुसूचित जनजातियॉ निवास करती है। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजातियों की संख्या 66, 16, 596 लाख है। जो राज्य की संख्या का 31.76% है। सबसे कम जनसंख्या वाला जिला जांजगीर चांपा 12%, रायपुर 12%, दुर्ग 12%, बिलासपुर 19%, छत्तीसगढ़ के जनजाति कुल जिले प्रतिशत में दंतेवाड़ा 79%, बस्तर 66%, जशपुर 65% है।

प्रमुख जनजातियॉ :– गौंड़ – बस्तर, सरगुजा, दुर्ग, रायगढ़, मुड़िया – बस्तर के कोण्डागॉव एवं नारायणपुर माड़िया – बस्तर, दंतेवाड़ा, कांकेर, भुजिया – रायपुर हलबा – कांकेर बस्तर दंतेवाड़ा, राजनांदगॉव। उरॉव – सरगुजा, कोरिया, रायगढ़, जशपुर। कोरकू – सरगुजाख् कोरिया, रायगढ़, कोरबा, कोरवा – जशपुर, रायगढ़, कमार – रायपुर, धमतरी (नवागढ़, सिहावा) बैगा – कवर्धा, बिलासपुर सरगुजा, बिझवार – रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, बिरहोर – जशपुर, रायगढ़, सरगुजा कंवर – रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगॉव, कोरबा, सरगुजा, पाण्डों – सरगुजा जिले में निवासरत है।

जनजातीय संस्कृति एवं परम्पराएं :– गॉव में रहने वाले आदिवासी लोग कुटी, माटी का कच्चा घर, बांस, झोपड़ी में रहते है। अब कुछ लोग पक्का मकान बनाकर रहने लगे है।

पहिनावा :– यहां के निवासी लंगोटी, धोती, पागा, अंगरखा, लुंग्गी, लुगरा और पोलखा पहनते है। स्त्रियॉ फुॅदरा–फुॅदरी और फीता से बेनी गाथते है। समय के प्रभाव से अब कमीज, फुलपेंट, कोट, कुरता पैजामा और जैकेट, पहनने लगे है।

गहना :– पुरूष एक हाथ में चुड़ा, कान में बारी और गले में कंठी ताबीज धारण करते है। स्त्रियॉ नाक और बॉह में गोदना गोदवाते है। कोई अपने हाथ में अपने नाम का गोदना गोदवाते है। विवाहित स्त्रियॉ मॉग में सिंदूर, कुहकु, बंदन लगाते है। माथे में टिकली, कुॅवारी और विवाहित मुड़ में बड़े–बड़े खोपा, और ककई काकोवा खोचे रहते है। प्रमुख गहने चुटकी, बिछिया, मुंदरी, पइरी, पइजन, करधन, हाथ में एठी, पट्टा, ककनी, बांह मा बहॅूटा गले में सूंता, रूप्ये का माला, बाली, खिनवा, नथनी, फूलों और गले में ताबीज भी पहनते है।

विवाह :– स्वयंवर, लमसेना विवाह बहुविवाह, अपहरण विवाह में वधुमुल्य चुकाना होता है बाल विवाह सतीप्रथा दूध लौटाया विवाह प्रथा होती है। जिसमें ममेरे, फुफेरे भाई बहनों का नाम होता है। बैगा जनजाति धार्मिक संस्करों को मानती है। प्रमुख देवता दूल्हादेव, भवनीमाता, खैरामाता, बाघेश्वरी देवी, कंवर

जाति का ठाकुर देव, मरखी माता, बाररानी आदि है। पूजन कार्य पुरूषों द्वारा किया जाता है बलि प्रथा वर्तमान में भी प्रचलित है, जिसमें सुअर, मुर्गा, बकरा, की बलि दी जाती है।

भोजन पकाने का उपकरण :– भोजन पकाने का दो मुहा चूल्हा, माटी का चूल्हा बनाते है। हॉडी, पराई, कुँडेरा, कनौजी, कसेली, तवा, गोरसी, चिमनी आदि। खाने–पीने के लिए केला पत्ता, पतरी–दोना, थारी, लोटा, कटोरी, गिलास, फूल कॉस का थाली लोटा का उपयोग करते है। चॉवल को पकाकर भात बनाते है। और जो भी भात शेष बचता है, उसको पानी में डुबोकर सुबह बासी नमक, चटनी के साथ खाकर अपने कृषि या जंगल के काम लकड़ी इकट्ठा करना, मधुरस, गोंद निकालना, कंद–मूल फल या पशु पक्षी का शिकार करने जाते है।

प्रमुख अनाज :–छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहते है, दुनिया भर में धान का सबसे ज्यादा किस्म यहां पाया जाता है। कोदो–कुटकी, कुचली, मढ़िया, कोसरा, उड़द, मूंग, राहर, मूंगफली, आदि की खेती की जाती है। घर में अनाज रचाने के लिए कोठी,गोना, ढोलकी रखते है।

प्रमुख व्यंजन :– यहां दो प्रकार का रोटी बनाते हैं सूखा खुपरी, अंगाकर दूसरा तेल से चिला, बरा, सोहारी, ठेठरी, खुमरी पपची, लाडू प्रमुख है।

लोक देवी–देवता :– प्रत्येक गॉव में देवी–देवता माना जाता है। त्योहार में गाजे–बाजे के साथ पूजा करते है। और मन्नत मांगते है। शीतलामाता, चंडीदेवी, ठाकुर देव बूढ़देव कंवर जाति में बार पूजा बड़े धूम–धाम से मनाया जाता है।

प्रमुख त्यौहार :– यहां पूरे बारह महीना त्यौहार और उत्साह मनाते है। हरेली, नागपंचमी, कमरछठ, तीजा, गणेश पूजा, पोला, राखी, नवरात्रि, नवाखई, देवारी, देवउठनी, छेरछेरा, माघीपुन्नी, होली, रामनवमी, चैतनवरात्रि इत्यादि प्रमुख है, अब राष्ट्रीय पर्व भी बड़े धूम धाम से मानाये जाते है।

गीत और लोक गात की परम्परा :– आदिवासियों का जीवन प्राकृतिक जीवन से आबद्ध रहता है वे आडम्बर से दूर रहते है। इनका लोक गीत सरल सहज और सुंदर संगीतमय रहता है। इनके लोक गीत में जीवन के तथ्य और अंचल की वे भावपूर्ण संस्कृति का समाहित रहती है। सुवा, ददरिया, पंडवानी, मड़ई, गीत, करमा, डंडा, फाग, भोजली, चुलमाटी, बिहाव गीत, टिकावन गीत, भड़ांनी गीत, गौरागीत, जसगीत प्रमुख है। वाद्ययंत्रों में ढोलक, मंजीरा, झांझर, हरमुनिया, तबला खंझेरी, मांदर, चिकारा, बांसुरी, ढोल, को सुनकर सब मोहित हो जाते हैं।

पारंपरिक खेल एवं मनोरंजन के साधन :– जनजातियों का प्रमुख त्यौहार खो–खो कबड्डी, गोंटा, बांटी, गिल्ली–डंडा, लुकौला, आधी–चपाटी, रस्साकसी, फुगड़ी, बइला गाड़ी दौड़ और गेड़ी दौड़, गुलेल और तीर–धनुष। अब क्रिकेट, फुटबाल, व्हलीबाल, बैडमिंटन आदि खेल खेलने लगे है। मनोरंजन के साधनों में नाच–गम्मत, डगचगहा के कमाल, बेंदरा भालू के कमाल, जादूवाला, का खेल देखकर मनोरंजन करते है। जंगली क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी गॉव में मुर्गा लड़ाने का प्रचलन है।

उपसंहार :– वर्तमान में आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन से बेदखल किया जा रहा है। अतः सरकार को कानून में दिये गये प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकारों को विशेष अदालतें, गठित करनी चाहिए। छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से भरपूर है। आदिवासियों का जीवन प्राकृतिक जीवन से आबद्ध रहता है वे आडम्बर से दूर रहते है। उद्योगों में जिन आदिवासियों ग्रामीणों की भूमि ली जा रही है उन्हें केवल मुआवजा देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि भू–स्वामियों को योग्यतानुसार नौकरी, उद्योगों में हिस्सेदारी देनी होगी। हिस्सेदारी पर भू–स्वामी भी उद्योगों का मालिक होगा और जीवन पर्यन्त उसके जीवकोपार्जन का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही जनजाति समुदाय के साथ न्याय तथा जनजाती संस्कृति एवं माननीय मूल्यो का संवर्धन होगा। छत्तीसगढ़ की बहुरंगी जीवन शैली, विलयन रीति रिवाज और परम्पराऐं हर किसी को आमंत्रित करती रही है।

संदर्भ ग्रंथ :–

1. छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं लोक आयाम के विभिन्न स्वरूप – श्री मदन लाल गुप्ता
2. छत्तीसगढ़ की अस्मिता – संपादक – डॉ. मन्नू लाल यदु
3. लेक साहित्य और संस्कृति – डॉ. दिनेश्वर प्रसाद
4. छत्तीसगढ़ का इतिहास – प्रो. रमेंद्र नाथमित्र
5. छत्तीसगढ़ लोक साहित्य अर्थ और व्याप्ति – डॉ अनुसुइया अग्रवाल
6. छत्तीसगढ़ साहित्य दशा और दिशा – श्री नंद किशोर तिवारी

7. छत्तीसगढ़ संस्कृति एवं परिवेश – गीता तिवारी – आभा तिवारी
8. डॉ. कुमार, पोलीटिकल इकोनामिक आफ पावरटी–ए–माइक्रो लेवल स्टडी, 2007।
9. डॉ. सक्सेना एस.सी. श्रम समस्याऐं एवं सामाजिक सरुक्षा, रस्तोगी प्रकाशन, मेरठ, बारहवा संस्करण पृष्ठ 341।
10. डॉ. सिंह एवं डॉ. विरेन्द्र, ग्रामीण जनजातीय समाज 1994।
11. सिन्हा बी.सी., आर्थिक संवृध्दि और विकास, रायपुर पेपर बैक्स नोपड़ा, पृष्ठ 05।
12. डॉ. बघेल डी.एस. एवं डॉ. बघेल श्रीमती किरण, अनुसंधान पद्धतिशास्त्र, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल, पृष्ठ 14।
13. शास्त्री राजा राम, समाज कार्य, उ.प्र. हिन्दी संरचना, लखनऊ, पृष्ठ 298।

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

श्रीमद्भागवत पुराण में वर्णित समाज का अध्ययन

डॉ. विजय शंकर मिश्र
प्राचार्य, पंकज माहेश्वरी स्मृति महाविद्यालय, जायस, अमेठी (उ.प्र.)

सारांश :– श्रीमद्भागवत् एक महाकाव्या है जिसमें भगवान श्री कृष्ण के अवतारों का विस्तृत उल्लेख है। प्राचीन कालीन समाज में वर्ण व्यवस्था और आश्रम व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्थान है। आश्रम व्यवस्था में ब्रम्हचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा सन्यास आश्रम की व्यवस्था के संकेत मिलते हैं। ऋग्वेद में ब्रम्हचर्य अवस्था का संकेत करने वाला शब्द ब्रम्हचारी मिलता है।

शब्दकुंजी :– समाज, उपनयन, वर्णव्यवस्था, संस्कार, आश्रम, सामाजिक, समीक्षण इत्यादि।

प्रस्तावना :– श्रीमद्भागवत् महाकाव्य एक ऐसा ग्रन्थ है जो श्री कृष्ण के अवतार विषयक तो प्रमुख रूप से है किन्तु इसके अतिरिक्त यह ग्रन्थ राजाओं, राजवंशों की परम्परा का विवरण देकर सामाजिक संदर्भों का भी संकेत करता है। उस काल में समाज की क्या स्थिति थी, किस प्रकार के लोग, किस रूप में अपना जीवन व्यतीत करते थे और वे किस–किस नाम से पुकारे जाते थे– इस सन्दर्भ में सामाजिक स्वरूप विवरण भी श्रीमद्भागवत् पुराण में यत्र–तत्र देखा जा सकता है और जिसका समीक्षण कर तत्कालीन समाज का स्परूप समझा जा सकता है।

विषयवस्तु –

आर्य :– यह शब्द श्रेष्ठता का द्योतक है। इससे वह व्यक्ति अथवा वर्ग सम्बोधित होता है। श्रीमद्भागवत् पुराण में एक स्थान पर आर्य शब्द का प्रयोग किया गया है। वहाँ पर यह कहा गया है कि भगवान शुक्र ने नाभाग के चरित्र कथन में आर्य शब्द का प्रयोग किया है। इन्हें अंगिरस के समूह पुत्रों का नाम भी दिया गया है।

अनार्य :– श्रीमद्भागवत् पुराण में एक स्थान पर अनार्य शब्द का प्रयोग किया गया है और कहा गया है कि कोई पाखण्डी ऋषभयदवी का अनुवर्तन करते हुए अनार्य वेद रहित परम्परा से अपनी वृद्धि से अन्यथा कल्पना कलियुग में कल्पित करेंगे।

तेशां पुरस्तादभवन्नार्यावर्ते नृपा नृप।
पंचविंशतिः पश्चाच्च नयो मध्ये परेअन्यतः।।1।।

अन्येम्यो वान्तरदिशः कश्यपाय च मध्यतः।
आर्यावर्तगुपराद्रष्ट्रे सदस्येभ्यस्ततः परम्।।2।।

दानव :– आचार्य मनु जब देवताओं और दानवों की उत्पत्ति का क्रम लिखते है तो वे निरुपण करते है कि दैत्य, दानव, यक्ष, गन्धर्व, राक्षस, सुपर्ण, किन्नरों के पिता अत्रि के पुत्र वर्हिषद कह गये हैं। मरीची आदि ऋषि इनके पिता है, क्योंकि पितरों से देवता और दानव की उत्पत्ति हुई और फिर बाद में देवताओं से सभी जगत क्रम से उत्पन्न हुआ। श्रीमद्भागवत् पुराण में भगवान के नृसिंह रुप के पराक्रम का वर्णन करते हुए यह कहा गया है कि उन्होने अपने नाखूनों से दैत्येन्द्र का उदर विदीर्ण कर दिया।

असुर :– श्रीमद्भागवत् पुराण में जब असुरों का उल्लेख आया है तो यह कहा गया है कि वे सभी उषना के मत का अनुसरण करते हैं। देवताओं का प्रतीकार करते है। ये महमत्त स्वभाव वाले हैं और आततायी होते हैं।

अन्य जातियाँ :– श्रीमद्भागवत् पुराण में अनेक जातियों का संकेत किया गया है। जैसे– भोजवंश का संकेत अधिक रुप में है। यह वह वंश है जिसमें कंस पैदा हुआ था और जिसे यदुवंश भी कहा जाता है। एक अन्य स्थान पर राजवंश का वर्णन करते हुए यह कहा गया है कि महाभोज राजा धर्मात्मा था और इसी के वंश में भोज उत्पन्न हुए। श्रीमद्भागवत् महा पुराण में उल्लेख है कि –

श्लाघनीयगुणः शूरैर्भवान भोजयशस्करः।
स कथं भगिनी हन्यात् स्त्रियमुदवाहपर्वणि।
उग्रसेनं च पितरं यदभोजान्धकाधिपम्।
स्वयं निगृह्य वुभुजे भूरसेनान् महाबलः।।

इस महापुराण के संदर्भ में एक स्थल पर यह भी उल्लेख है कि कंस ने भगवान कृष्ण से सम्बंधित लोगों को मारने का भी मन बनाया था। जब कंस ने अक्रूर को यह कहा कि तुम ब्रज से जाकर कृष्ण को ले आओ। मैं पहले तो उन्हें हाथी से कुचल कर मारूगाँ और यदि वे इस पर भी बच गए तो तो मल्लयुद्ध में उनका वध करूंगा। इसके बाद उनके जो सम्बंधी भोज होंगे मैं उनका भी वध करूंगा। भागवत महा पुराण में इसका वर्णन मिलता है कि–

तयोर्निहत्योस्तप्तान वसुदेवपुरोगमान्।
तद्बधून–निहनिश्यामि वृष्णिभोज दशार्हवान्।।

अंत में इस सम्पूर्ण वंश के विनष्ट हो जाने का अद्भुत विवरण भी इस पुराण में दिया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रद्युम्न, साम्ब, अक्रूर, भोज, अनिरूद्ध, सात्यकी आदि जितने थे वे सभी गदा लेकर आपस में ही संघर्षरत् हुए और अन्ततः सभी विनाश को प्राप्त हुए।

वर्णव्यवस्था :– वर्णव्यवस्था भारतीय परम्परा की सर्वाधिक प्राचीन परम्परा है। प्राचीनकाल से ही वर्ण व्यवस्था, आश्रम व्यवस्था आदि सामाजिक मान्यतायें भारतीय संस्कृति एवं हिन्दू समाज के संगठन का एक प्रमुख आधार रही है इस व्यवस्था के अर्न्तगत समाज को चार वर्गो में विभक्त किया गया। प्रारंभ में इस व्यवस्था के अन्तर्गत व्यक्ति अपनी रूचि, योग्यता और मनः स्थिति के अनुसार किसी भी वर्ण को स्वीकार कर सकता था, लेकिन वर्ण व्यवस्था का यह लचीलापन कुछ ही समय बाद वैदिक काल में समाप्त हो गयी।

ब्राम्हणोस्यमुखमासीद जैसा ऋग्वैदिक कथन इस परम्परा का प्राचीनतम कथन है। इसी को अनेक उपनिषदें अपने–अपने स्वरूप में संकेतित करती हैं। ब्रम्हारण्यक उपनिषद् में एक अन्य स्थान पर यह कहा गया है कि विश्व की आदि सत्ता ब्रम्ह है। इसने अपने एकाकीपन के भाव से उबरने के लिए क्षत्रिय वर्ग की सृष्टि की। इन्द्र, वरूण, सोम, रूद्र आदि देवताओं की सृष्टि में ये सभी क्षत्रिय वर्ग में आते हैं। पुनः उस ब्रम्ह ने वसु, रूद्र, आदित्य, आदि वैश्यवर्ग की सृष्टि की। इसके बाद उस ब्रम्ह ने स्वर्ग में शुद्रों की भी उत्पत्ति की। इसी स्वर्ग–विधान के अनुसार ही पृथ्वी पर वर्ण–विधान हुआ।

श्रीमद्भागवत गीता में वर्ण व्यवस्था का स्वरूप स्पष्ट करते हुए यह निरूपण हे कि भगवान ने सृष्टि के निर्माण में प्रत्येक के गुण और कर्म का विभागशः निरूपण कर चार वर्णों की सृष्टि की गई है। ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रों के कर्म स्वभाग से उत्पन्न गुणों द्वारा विभक्त किए गए हैं। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र के कर्मो का अलग–अलग निर्देश किया है –

चतुर्वर्ण मया सृष्टं गुण कर्म विभागशः।
तस्य कर्तारमपि मां विद्धयकर्तारमव्ययम्।।[5]

ब्राम्हण :– ब्राम्हण, वर्णव्यवस्था में श्रेष्ठतम् वर्ण के रूप में प्रारम्भ से ही मान्य है। ऋगवेद में कहा गया है कि जो राजा ब्राम्हणों को आदर देता है। और उन्हें दान देता है। वह सदा सुखी रहता है। त्रैस्तरीय संहिता में यह कहा गया है कि ब्राम्हण ऐसे देव हैं जिन्हें हम प्रत्यक्ष देख सकते हैं। भातपथ ब्राम्हण में कहा गया है कि ब्राम्हणों में चार विलक्षण गुण होते हैं– ब्राम्हण्य, पवित्रारण, यज्ञ तथा लोकपक्ति। इस रूप में जब व्यक्ति ब्राम्हणों से शिक्षा प्राप्त करता है तो वह ब्राम्हणों को चार अधिकार देता है अर्वा, दान, अजेयता तथा अवध्यता।

पुराणकाल में अवश्य ही ब्राम्हण की श्रेष्ठता प्रतिपादित है क्योंकि यह कहा गया है कि ब्राम्हण जन्म से ही गुरू होता है। वह केवल स्वयं ही संस्कारवान् नहीं होता था अपितु दूसरों को संस्कार देकर श्रेष्ठ बनाने का कार्य भी करता था।

क्षत्रिय :– क्षत्रिय भगवान के भुजाओं से उत्पन्न हुए हैं– यह वेद का संकेत है। उपनिषद् इस संदर्भ में यह कहती कि बम्ह ने अकेले होने पर विभूति युक्त कर्म करने में स्वयं को असमर्भ पाया इसलिए सामर्थ्य से युक्त क्षत्रिय की उत्पत्ति की। इस उत्पत्ति के सथ ही यह कहा गया कि क्षत्रिय से बढ़कर कोई नहीं है। इसीलिए राजपूत यज्ञ में ब्राम्हण क्षत्रिय से नीचे बैठकर क्षत्रिय की उपासना करते हैं और उसी में ब्रम्हभाव का अनुभव करते हैं।

वैश्य :– ब्रम्ह के द्वारा सृष्टि के विस्तार का जो कम कहा गया है उसी कम में यह भी प्राप्त होता है कि ब्रम्ह अपने ऐश्वर्य का सम्पादन बिना विश में नहीं कर सकता। इसीलिए उसने ही वैश्य की उत्पत्ति की। वैश्यों में वसु, रूद्र, आदित्य और विश्वदेवा की गणना की गई है, जिस पर आचार्य शंकर ने अपने शष्य में यह निरूपित किया है कि सृष्टि मं धनोपार्जन की व्यवस्था के लिए इन देवाताओं की गण्धना वैश्यों में की गई है। छन्दोग्योपनिषद में ब्राम्हण, क्षत्रिय और वैश्यों को द्विजाति मे गिन कर यह बताया गया है कि वैश्य जाति में वही जन्म लेता है जिसके आचरण श्रेष्ठ होते हैं।

शूद्र :– शूद्र वर्ण का महत्व इसी तथ्य से समझा जा सकता है कि ब्रम्हा ने सभी की उत्पत्ति करने के पश्चात् यह विचार किया कि बिना विश के वह अपने ऐश्वर्य का विस्तार नहीं कर सकता। इसलिए इसे मुख्य रूप से श्रम से जोड़ा गया। शूद्र के देवता पूजा के क्रम में यह कहा गया कि यही सबका पोषण करता है इसलिए पोषण किए जाने के कारण इसकी पूजा की जानी चाहिए।

आश्रम व्यवस्था :– आश्रम शब्द की व्याख्या में कहा गया है कि श्रेय की इच्छा करने वाले व्यक्ति जहां पहुंचकर श्रम से मुक्त हो जाते हैं, उसे आश्रम कहते हैं। अथवा जहां पहुंचकर व्यक्ति सम्यक् प्रकार से श्रम कर सके। वह आश्रम है। अथवा आश्रम जीवन की वह स्थिति है जहां कर्तव्य पालन के लिए पूर्ण रूप से श्रम किया जाए। ये आश्रम है– ब्रम्हचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा सन्यास। भारतीय समाज में आश्रम धर्म का विधान वैज्ञानिक और सर्वश्रेष्ठ है। आश्रम शब्द का अर्थ है– जिसमें श्रम ही श्रम है, जिसमें आलस्य को स्थान नहीं, वैदिक शब्दावली में तपस्या है। वस्तुतः जीवन एक श्रम साध्य है यात्रा है जिसमें हर क्षण कर्म में रत रहते हुए सौ वर्ष तक जीने की अभिलाषा सार्थक कही जा सकती है– कुर्वन्तेवहे कर्माणि विजीविशेच्छतं समाः, इसलिए मनुष्य की सामान्य आयु सौ वर्ष स्वीकार करते हुए चार आश्रमों में विभक्त किया गया है – ब्रम्हचर्य, गृहस्य, वानप्रास्थ तथा संयास[2]।

महाभारत के अनुसार आश्रम व्यवस्था रूपी चार पदों की सीढ़ी जो ब्रम्हलोक ले जाती है–

चतुष्पदी ही निः श्रेणी ब्रह्मष्येषा प्रतिष्ठिता,
एतामारूह निःश्रेणी ब्रम्हलोके महीयते।
ब्रम्हचारी गृहस्थश्च वानप्रायोंऽयं भिक्षुक,
पयोक्त चारिणः सर्वेगच्छन्ति परमं गतिम्।।

प्राचीन कालीन वर्ण व्यवस्था में ब्रम्हचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा सन्यास आश्रम की व्यवस्था के संकेत मिलते हैं। ऋृगवेद में ब्रम्हचर्य अवस्था का संकेत करने वाली शब्द ब्रम्हचारी मिलता है। अथर्ववेद में यह कहा गया है कि आचार्य उपनयन संस्कार के पश्चात् ब्रम्हचारी को अपना अन्तवासी बनता था। ब्रम्हचर्य के द्वारा ही देवों ने मृत्यु पर विजय प्राप्त की थी।

ब्रम्हचर्य आश्रम :– यज्ञोपवीत संस्कार के पश्चात् ब्रम्हचर्य प्रारम्भ होता था। उपनयन शब्द ही इस अर्थ को घोषित करता है जिसका अभिप्राय होता है वटु को आचार्य के पास ले जाना। आचार्य मनु ने ब्रम्हचारी के लिए विविध प्रकार व्रतों का कथन किया है। इन व्रतों में यह कहा गया है कि ब्रम्हचारी के लिए मधु, मांस, गन्ध, माला, स्त्रिय–सम्पर्क, प्राणियों की हिंसा, छत्र धारण काम, क्रोध, लोभ की वृत्तियां, गीतवादन, छूत, अमृतभाषण, ब्रम्हचर्य का स्खलन वणित था। इस रूप में ब्रम्हचारी विधि पूर्वक पूर्ण निष्ठा से अपने व्रत का पालन करता था और विधि–व्यवस्थित जीवन व्यतीत करता हुआ आचार्य आश्रम में विणध्ययन करता था।

गृहस्थ आश्रम :– एक स्थान पर यह कहा गया है कि गृह, गृह नहीं है अपितु गृहणी ही गृह है। इससे गृहस्थ का गृही होना घोषित है और गृह में गृहिणी का महत्व विदित है। ऋगवेद में एक स्थान पर कहा गा है कि पति और पत्नी मिलकर रहें। वहां पर इन्द्र से यह प्रार्थना की गई है कि वे स्त्री जो सौभाग्यशाली बनावें। पत्नी से सन्तानोत्पत्ति का भी महत्व संकेतित है। क्योंकि दस पुत्र प्राप्त करने की आकांक्षा है इसी क्रम में यह भी कहा है कि मनुष्य जन्म से तीन ऋणों से ग्रस्त होता है। ये ऋण हैं – देवऋण, पितृऋण, और ऋषि ऋण। इनमें से व्यक्ति पितृऋण से तथी उऋण हो सकता है ज बवह विवाह कर सन्तान की उत्पत्ति करे। पुत्र की परिभाषा भी यही है कि जो नरक से अपने पितरों का उद्धार करता है, वही पुत्र है।

वानपस्थ आश्रम :– इस आश्रम के सन्दर्भ में स्मृतिकार कहते हैं कि जो कठोर नियमों का पालन करते हुए वन में निवास करते हैं वे वानप्रस्थी है जब गृहस्थाश्रम में रहते हुए बाल पक जाये, त्वचा ढीली पड़ जाये, तब रोगों से ग्रसित होकर स्त्री को पुत्रों के संरक्षण में देकर अथवा उसे भी साथ लेकर वन का आश्रम ग्रहण करे। वहां पर जाकर नियमित रूप से वानप्रस्थी अग्नि होत्र करें, शीत, उष्णादि द्वन्दों से उपराम रहे तथा बसन्त, शरद ऋतुओं में भी यज्ञकर्म सम्पातिद करता रहे। वानप्रस्थाश्रम निवासी के लिए यह विधान है कि वह वन में जो भी फल – मूलआदि उपलब्ध होवे, उनके माध्यम से ही अपना जीवन चलावे। किसी प्रकार का पका हुआ अन्न ग्रहण न करे। ग्रीष्म ऋतु में अग्नि तपे और हेमन्त में जल में खड़े होकर तप करे। स्वाध्याय में रहे, मित्रता की भावना रखे, दान देने में प्रवृत्त हो और सभी प्राणियों के प्रति कृपाभाव वाला बने।

संन्यास आश्रम :– वैदिक संहिताओं में सन्यासाश्रम का बहुत स्पष्ट संकेत तो नहीं मिलता, किन्तु मुनि शब्द का उल्लेख अवश्य कई स्थानों पर किया गया है ऋग्वेद में कहा गया है कि पीले वस्त्र धारण करने वाले और बात लक्षण वाले होते थे। वे शरीर से तो मरणधर्मा थे किन्तु स्थिति वायु से भी ऊपर थी। उपनिषद संन्यास आश्रम के नियम योग से मुक्त अमृत पद को प्राप्त कर लेते हैं। इसी प्रकार से एक अन्य संदर्भ में यह कहा गया है कि धर्म के तीन स्कन्धों में से तप, व्रतादि का पालन कर परिब्राजक अमृतत्व को प्राप्त करता है।

उपसंहार :– भागवत् महा पुराण तत्कालीन समाज के विशय में जानने का महत्वपूर्ण महाकाव्य है। जिसमें भारतीय समाज में वर्ण व्यवस्था और आश्रम धर्म का विधान वैज्ञानिक और सर्वश्रेष्ठ है। पुराणकाल में अवश्य ही ब्राम्हण की श्रेष्ठता प्रतिपादित है क्योंकि यह कहा गया है कि ब्राम्हण जन्म से ही गुरू होता है। वह केवल स्वयं ही संस्कारवान् नहीं होता था अपितु दूसरों को संस्कार देकर श्रेष्ठ बनाने का कार्य भी करता था। अथर्ववेद में यह कहा गया है कि आचार्य उपनयन संस्कार के पश्चात् ब्रम्हचारी को अपना अन्तवासी बनता था। ब्रम्हचर्य के द्वारा ही देवों ने मृत्यु पर विजय प्राप्त की थी।

संदर्भ ग्रंथ :–

- मत्स्य पुराण, पृष्ठ 1052
- भागवत महा पुराण, पृष्ठ, 444
- भागवत महा पुराण, पृष्ठ, 462
- भागवत महा पुराण, पृष्ठ, 28
- भागवत महा पुराण, पृष्ठ, 10
- मनुस्मृति, पृष्ठ 117
- मनुस्मृति, पृष्ठ 116
- भागवत महा पुराण, पृष्ठ 984
- भागवत महा पुराण, पृष्ठ 320
- भागवत महा पुराण, पृष्ठ 547
- ऋग्वेद 10/90/12
- यजुर्वेद 32/11
- यजुर्वेद 26/2
- श्रीमद्भगवत गीता पृष्ठ 75
- श्रीमद्भगवत गीता पृष्ठ 254
- ऋग्वेद 4/50/9
- तैतरीय संहिता 1/7/3/1
- भागवत महा पुराण, पृष्ठ 593
- ईशोपनिषद, पृष्ठ 28
- छन्दोपनिषद्, पृष्ठ 529
- मनुस्मृति, 2/177–180
- भागवत महा पुराण, पृष्ठ 377
- www.shodhganga.com

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

बारेला जनजाति के सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति में हुए परिवर्तनों का अध्ययन

मनीषा सावले
पी.एच.डी. शोधार्थी (समाजकार्य) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, (विक्रम विश्वविद्यालय), उज्जैन, म.प्र.
प्रार्थना निगम
प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, (विक्रम विश्वविद्यालय), उज्जैन, म.प्र.

प्रस्तावना :– मानव एक सामाजिक प्राणी है। और यह समाज से परे नहीं रह सकता। प्रत्येक मानव की कुछ आवश्यकताएँ होती है जिनमें कुछ अनिवार्य तो कुछ ऐच्छिक कही जा सकती है। समाज कोई अखण्ड व्यवस्था नहीं है बल्कि समाज का निर्माण तो अनेक अंगों जिनमे समूह, संस्थाएँ, समितियाँ, प्रथाएँ, परम्पराएँ व रीति–रिवाज आदि से मिलकर होता है। यह अपने सदस्यों की दिनचर्या को नियमित एवं नियंत्रित करती है। समाज चाहे आदिम हो या आधुनिक, प्रत्येक समाज की एक संरचना होती है। समाज का अपना एक संगठन होता है, जिसके कारण समाज के सदस्य एकजुट रहते है।

बारेला जनजाति मे सामाजिक संगठन के अन्तर्गत नातेदारी, विवाह, परिवार, वंश–समूह, गोत्र आदि का विशेष महत्व है। भारतीय संस्कृति विश्व मे अद्‌भुत है। इसी से हमे किसी भी समाज का सामाजिक–सांस्कृतिक परिचय प्राप्त होता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन मे वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता महसुस होती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास प्राचीन समय से ही कई भारतीय मनीशियों द्वारा किया जाने लगा।

भारत मे प्राचीन काल से ही सामाजिक कल्याण व वैयक्तिक कल्याण कार्य किया जा रहा है। यह सुनियोजित भारतीय सामाजिक व्यवस्था के विकास को दर्शाती है। भारतीय सामाजिक व्यवस्था ने कुछ सीमा तक बरेला जनजाति की सामाजिक व्यवस्था को भी प्रभावित किया है। जनजातीय समाज में किसी व्यक्ति का स्थान, कर्त्तव्य और उसके अधिकार प्रायः दूसरे सदस्यों के साथ उसके जन्मजात संबंधों पर निर्भर होते है। वर्तमान समय में बारेला जनजाति की सामाजिक स्थिति जिसमे परिवार, नातेदारी, विवाह, स्त्रियों की स्थिति आदि के परम्परागत स्वरुप में परिवर्तन परिलक्षित हो रहे हैं।

शोध के उद्‌देश्य :– बारेला जनजाति के सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्तर में हुए परिवर्तनों का अध्ययन करना।

शोध की उपकल्पना :– बारेला जनजाति के सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तनों पर शिक्षा एवं नई तकनीकी का सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

शोध कार्य में प्रयुक्त प्रविधि :–

अध्ययन का क्षेत्र :– मध्यप्रदेश के जिला खरगोन में बारेला जनजाति में सामाजिक सांस्कृतिक परिवर्तन का अध्ययन हेतु शोध अध्ययन के लिए चयनित किया गया।

अध्ययन का समग्र :– प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिए मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में निवासरत समस्त बारेला जनजाति के परिवारों को प्रस्तुत अध्ययन के समग्र के रूप में सम्मिलित किया गया।

अध्ययन की इकाई :– प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिए मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में निवासरत बारेला जनजाति परिवार के मुखिया का चयन उद्‌देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया जिसको प्रस्तुत अध्ययन की इकाई के रूप में सम्मिलित किया गया।

निदर्शन विधि :– प्रस्तावित शोध अध्ययन में खरगोन जिले के भगवानपुरा विकासखण्ड के पाँच गांवों में ढाबला, रसगांगली, भुलवानिया, काबरी और गड़ी का चयन उद्‌देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया। चयनित गांव में प्रत्येक गांव से 60–60 परिवारों का चयन उद्‌देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया। इस प्रकार कुल न्यादर्श का आकार 300 परिवारों को अध्ययन के लिए चयनित किया गया।

तथ्यों का संकलन :– प्रस्तुत अध्ययन हेतु प्राथमिक तथा द्वितीयक आंकड़ों का संग्रहण किया गया तथा उनका विश्लेषण करके निष्कर्ष प्राप्त किये गये।

प्राथमिक संमक :– प्राथमिक आंकड़ों का संग्रहण निर्मित साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से अध्ययन क्षेत्र में जाकर उत्तरदताओं से प्रत्यक्ष सम्पर्क कर साक्षात्कार कर, क्षेत्र का निरीक्षण एवं अवलोकन तथा समुह चर्चा के माध्यम से किया गया। साक्षात्कार

अनुसूची में अध्ययन के उददे" यों के अनुरुप प्रश्नों का समावेश किया गया।

द्वितीयक संमक :– द्वितीयक तथ्यों का संकलन जनजातियों से सम्बन्धित साहित्य के अध्ययन, शोध पत्र–पत्रिकाएँ, शासकीय प्रतिवेदन, जनगणना प्रतिवेदन, जिला सांख्यिकीय विभाग, पंचायत कार्यालय, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, जिला गजेटियर, समाचार–पत्र, इंटरनेट एवं विभिन्न पुस्तकालयों जिनमें विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, ज्योतिबाफूले पुस्तकालय, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) इंदौर, केन्द्रीय पुस्तकालय, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर, मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान संस्थान, उज्जैन पुस्तकालय में प्रत्यक्ष रूप से अध्ययन के आधार पर किया गया है।

तकनीक एवं उपकरण :– संमक एकत्रित करने हेतु अवलोकन पद्धति, समूह चर्चा, अनुसूची, साक्षात्कार पद्धति, अनौपचारिक वार्तालाप, एस. पी. एस. एस., सारणीयन एवं फोटोग्राफी का उपयोग किया गया है।

तथ्यों का विश्लेषण :– अध्ययन क्षेत्र खरगोन जिले के भगवानपुरा विकासखण्ड के 300 बारेला जनजाति परिवारों का साक्षात्कार अनुसूची द्वारा प्राथमिक तथ्यों का संकलन किया गया। संग्रहित तथ्यों को अलग–अलग नम्बर (कोड) दिये गये, इन कोड के आधार पर कम्प्यूटर द्वारा एस. पी. एस. एस. (SPSS) पैकेज का प्रयोग करते हुऐ तथ्यों का सारणीयन एवं सांख्यिकी विश्लेषण किया गया है।

तालिका 1.1
परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के फैसले को मान्यता देने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	पिता	79	26.3
2	माता	108	36.0
3	कमाने वाला सदस्य	38	12.7
4	वृद्ध सदस्य	21	7.0
5	शिक्षित सदस्य	19	6.3
6	सभी सदस्य	35	11.7
	कुल योग	**300**	**100.0**

उपर्युक्त तालिका में बारेला जनजाति के परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के फैसले को मान्यता देने का विवरण प्रस्तुत किया गया है जिसके विवरण से यह स्पष्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 36 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के लिए माता के फैसले को मान्यता दी जाती है जबकि सबसे कम 6.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के लिए शिक्षित सदस्य के फैसले को मान्यता दी जाती है। 26.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के लिए पिता के फैसले को माना जाता है वहीं 12.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के लिए कमाने वाले सदस्य के फैसले को मान्यता प्रदान की जाती है। परिवार के वृद्ध सदस्यों के फैसले को मान्यता देने वाले कुल 7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया वहीं 11.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार में सभी सदस्यों के फैसले को मान्यता प्रदान की जाती है।

तालिका 1.2
परिवार में महत्वपूर्ण निर्णयों में महिलाओं को प्राथमिकता दिए जाने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	126	42.0
2	नहीं	174	58.0
	कुल योग	**300**	**100.0**
यदि हाँ तो किन–किन मामालों में			
क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	समाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने में	36	28.57
2	व्यवसाय करने में	32	25.39
3	बैंक से सम्बन्धित निर्णय में	19	15.10
4	घरेलू खर्च से सम्बन्धित निर्णयों में	39	30.94
	कुल योग	**126**	**100.0**

उपर्युक्त तालिका में परिवार में महत्वपूर्ण निर्णयों में महिलाओं को प्राथमिकता दिए जाने का विवरण प्रस्तुत किया गया है जिसके विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 42 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार में महत्वपूर्ण निर्णयों में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है जबकि 58 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार के महत्वपूर्ण निर्णयों में महिलाओं को प्राथमिकता नहीं दी जाती है।

कुल उत्तरदाताओं में से 126 उत्तरदाताओं के द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि उनके परिवार के महत्वपूर्ण निर्णयों में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है तो उत्तराताओं से यह जानकारी प्राप्त की गई कि किन–किन मामलों में महिलाओं को प्राथमिकता दी

जाती है। प्राप्त जानकारी के आधार पर यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 28.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि समाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने के लिए निर्णय लेने के लिए महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है जबकि 25.39 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार में व्यवसाय करने के लिए निर्णय लेने के लिए महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है। 15.10 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाए गए जिन्होंने बताया कि उनके परिवार में बैंक से सम्बन्धित निर्णय लेने में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है वहीं 30.94 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार में घरेलू खर्च से सम्बन्धित निर्णयों में महिलाओं को प्राथमिकता प्रदान की जाती है।

तालिका 1.3
महिलाओं की स्थिति में बदलाव आने से सम्बन्धित विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	171	57.0
2	नहीं	129	43.0
	कुल योग	**300**	**100.0**
यदि हाँ तो महिलाएं किन–किन कारणों से प्रभावित हुई है			
क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	शिक्षा के प्रभाव से	82	47.95
2	नगरीय सम्पर्क से	20	11.69
3	बहाय समाज के सम्पर्क से	18	10.52
4	संचार माध्यमों के प्रभाव से	28	16.38
5	फैशन के प्रभाव से	23	13.46
	कुल योग	**171**	**100.0**

बारेला जनजाति की महिलाओं की स्थिति में बदलाव आने का विवरण तालिका क्रमांक 1.3 में प्रस्तुत किया गया है तालिका में दिए गऐ आंकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि कुल उत्तराताओं में से 57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनकी परिवार की महिलाओं की स्थिति में बदलाव आ रहा है जबकि 43 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनकी परिवार की महिलाओं की स्थिति में बदलाव नहीं आ रहा है आज भी वे अपने परिवार की पुरानी परम्परा को ही समाहित किए हुए हैं।

कुल उत्तरदाताओं में से 171 उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार में महिलाओं की स्थिति में बदलाव आ रहा है तो उत्तरदाताओं से जानकारी प्राप्त की गई कि किन–किन कारणें से महिलाओं की स्थिति में बदलाव आ रहा है। कुल उत्तराताओं में से 47.95 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि शिक्षा के प्रभाव से महिलाओं की स्थिति में बदलाव आ रहा है वहीं 11.69 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि महिलाओं के नगरीय सम्पर्क में आने के कारण उनकी स्थिति में बदलाव दिखाई दे रहा है। 10.52 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बहाय समाज के सम्पर्क के कारण महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन आ रहा जबकि 16.38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वर्तमान समय में संचार साधनों के प्रभाव के कारण महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन हो रहा है। 13.46 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन फैशन के प्रभाव के कारण हो रहा है।

तालिका 1.4
परिवार के स्वरूप में परिवर्तन होने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	186	62.0
2	नहीं	114	38.0
	कुल योग	**300**	**100.0**
जनजातिय परिवार के स्वरूप में हुए परिवर्तनों पर पड़ने वाले प्रभावों का विवरण			
क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	औद्यौगिक का प्रभाव	77	41.39
2	नगरीकरण का प्रभाव	43	23.12
3	संचार के साधनों का प्रभाव	31	16.67
4	उपरोक्त सभी	35	18.82
	कुल योग	**186**	**100.0**

परिवार के स्वरूप में परिवर्तन होने के आंकड़ों से यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 62 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार के स्वरूप में परिवर्तन हो रहा है जबकि 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके उनके परिवार के स्वरूप में परिवर्तन नहीं हो रहा है।

जनजातिय परिवार के स्वरूप में हुए परिवर्तनों पर पड़ने वाले प्रभावों के विवरण से यह स्पश्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 41.39 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार के स्वरूप में औद्यौगिक के प्रभाव के कारण परिवर्तन हो रहा है जबकि 23.12 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बतया

कि उनके परिवार के स्वरूप में नगरीकरण के प्रभाव के कारण परिवर्तन हो रहा है। 16.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार के स्वरूप में संचार साधनों के प्रयोग के कारण परिवर्तन हो रहे हैं वहीं 18.82 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार के स्वरूप में उपरोक्त सभी कारणों से परिवर्तन हो रहे हैं

तालिका 1.5
बारेली बोली के अतिरिक्त और अन्य भाषा का प्रयोग किए जाने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	निमाड़ी	108	36.0
2	हिन्दी	134	44.7
3	दोनों	58	19.3
	कुल योग	**300**	**100.0**

उपर्युक्त तालिका में बारेला जनजाति के द्वारा बारेली बोली के अतिरिक्त और अन्य भाषा का प्रयोग बोलने के लिए किए जाने का विवरण दिया गया है जिसके विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 36 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बारेला जनजाति में बारेली बोली के अतिरिक्त निमाड़ी बोली का प्रयोग किया जाता है जबकि 44.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके बारेला जनजाति में बारेली बोली के अतिरिक्त हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जाता है। 19.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बारेला जनजाति में बारेली बोली के अतिरिक्त दोनों भाशाओं का प्रयोग किया जाता है।

तालिका 1.6
बारेला जनजाति के युवक–युवतियों द्वारा परम्परागत पोषाक पहनने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	81	27.0
2	नहीं	138	46.0
3	कभी–कभी	81	27.0
	कुल योग	**300**	**100.0**

उपर्युक्त तालिका में बारेला जनजाति के युवक–युवतियों द्वारा परम्परागत पोषाक पहनने का विवरण प्रस्तुत किया गया है जिसके विवरण से स्पश्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 27 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बारेला जनजाति के युवक–युवतियों द्वारा परम्परागत पोषाक पहने जाता है जबकि 46 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बारेला जनजाति के युवक–युवतियों द्वारा परम्परागत पोषाक नहीं पहना जाता वे वर्तमान समय में आधुनिक पहनावा को अपनाने लगे हैं। 27 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बारेला जनजाति के युवक–युवतियों द्वारा दोनों ही प्रकार की पोषाक पहनते हैं।

तालिका 1.7
बारेला जनजाति में पारम्परिक आभूषणों का प्रचलन होने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	161	53.7
2	नहीं	139	46.3
	कुल योग	**300**	**100.0**

उपर्युक्त तालिका में बारेला जनजाति में पारम्परिक आभूषणों का प्रचलन होने का विवरण प्रस्तुत किया गया है जिसके विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि कुल उत्तराताओं में से 53.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बारेला जनजाति में आज भी पारम्परिक आभूषणों का प्रचलन पाया जाता है जबकि 46.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बारेला जनजाति में आज भी पारम्परिक आभूषणों का प्रचलन नहीं पाया जाता है वे वर्तमान आधुनिक आभूणषों के प्रति अधिक आकर्षित होता जा रहे हैं।

तालिका 1.8
वर्तमान में महिलाओं द्वारा आभूषण एवं श्रंगार सामग्री के उपयोग को मान्यता देने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	आधुनिक	94	31.3
2	पारम्परिक	109	36.3
3	दोनों	97	32.4
	कुल योग	**300**	**100.0**

वर्तमान में महिलाओं द्वारा आभूषण एवं श्रंगार सामग्री के उपयोग को मान्यता देने का विवरण से यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 36.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बाताया कि बारेला जनजाति की महिलाओं के द्वारा आज भी पारम्परिक आभूषण एवं श्रंगार सामग्री के उपयोग को मान्यता दी जाती है जबकि सबसे कम 31.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वर्तमान में बारेला जनजाति की महिलाओं के द्वारा आधुनिक आभूषण एवं श्रंगार सामग्री के उपयोग को मान्यता दी जाती है। 32.4 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाए गए जिन्होंने बताया कि बारेला जनजाति की महिलाओं के द्वारा दोनों ही प्रकार के आभूषण एवं श्रंगार सामग्री के उपयोग को मान्यता दी जाती है।

तालिका 1.9
वर्तमान में बारेला जनजाति के युवक–युवतियों द्वारा गुदना बनवाने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	160	53.3

2	नहीं	140	46.7
	कुल योग	**300**	**100.0**

वर्तमान में बारेला जनजाति के युवक–युवतियों द्वारा गुदना बनवाने के विवरण से यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 53.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वर्तमान में बारेला जनजाति के युवक–युवतियों द्वारा गुदना बनवाया जाता है और अत्यआधुनिक तरीके से बनवााया जाता है जबकि 46.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वर्तमान में बारेला जनजाति के युवक–युवतियों द्वारा गुदना नहीं बनवाया जाता।

तालिका 1.10

बारेला जनजाति की पारम्परिक गुदना आकृतियों में परिवतन का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	202	67.3
2	नहीं	98	32.7
	कुल योग	**300**	**100.0**

तालिका क्रमांक 4.32 में बारेला जनजाति की पारम्परिक गुदना आकृतियों में परिवर्तन होने का विवरण प्रस्तुत किया गया है जिसके विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 67.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बारेला जनजाति की पारम्परिक गुदना आकृतियों में धीरे–धीरे परिवर्तन हो रहा है जबकि 32.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बारेला जनजाति की पारम्परिक गुदना आकृतियों में कोई परिवर्तन नहीं आया है वे आज भी पुराने तौर तरीके से गुदना की आकृतियों को अपने शरीर पर बनवाने का कार्य करते हैं।

तालिका 1.11

उत्तरदाताओं के परिवार में पारम्परिक समाजिक संस्कारों में परिवर्तन होने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	227	75.7
2	नहीं	73	24.3
	कुल योग	**300**	**100.0**

उपर्युक्त तालिका में उत्तरदाताओं के परिवार में पारम्परिक समाजिक संस्कारों में परिवर्तन होने का विवरण दिया गया है जिसके विवरण से यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 75.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार में पारम्परिक समाजिक संस्कारों में परिवर्तन हो रहा है जबकि 24.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके परिवार में पारम्परिक समाजिक संस्कारों में परिवर्तन नहीं हो रहा है।

तालिका 1.12

बारेला जनजाति की परम्पराओं एवं नियमों को बनाए रखने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	168	56.0
2	नहीं	132	44.0
	कुल योग	**300**	**100.0**

तालिका क्रमांक 1.12 में दिये गये आंकड़ों के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 56 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे बारेला जनजाति की परम्पराओं एवं नियमों को बनाए रखना चाहते हैं जबकि 44 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे बारेला जनजाति की परम्पराओं एवं नियमों को बनाए रखना नहीं चाहते हैं।

तालिका 1.13

जनजाति संस्कृति से जुड़े प्रतीक शुभ–अशुभ/शकुन–अपशकुन के प्रचलन को मानने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	181	60.3
2	नहीं	119	39.7
	कुल योग	**300**	**100.0**

जनजाति संस्कृति से जुड़े प्रतीक शूभ–अशूभ/शकुन–अपशकुन के प्रचलन को मानने के विवरण से यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 60.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे जनजाति संस्कृति से जुड़े प्रतीक शूभ–अशूभ/शकुन–अपशकुन के प्रचलन को मानते हैं जबकि 39.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे जनजाति संस्कृति से जुड़े प्रतीक शूभ–अशूभ/शकुन–अपशकुन के प्रचलन को नहीं मानते हैं।

तालिका 1.14

बारेला जनजाति द्वारा भूत–प्रेत, जादू–टोना आदि में विश्वास रखने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	207	69.0
2	नहीं	93	31.0
	कुल योग	**300**	**100.0**
यदि हाँ तो विश्वास रखने का कारण			
क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	पारिवारिक विश्वास के कारण	104	50.25
2	प्रत्यक्ष अनुभव के कारण	31	14.97

3	कही सुनी बातों के कारण	40	19.32
4	उपर्युक्त सभी	32	15.46
	कुल योग	**207**	**100.0**

बारेला जनजाति द्वारा भूत–प्रेत, जादू–टोना आदि में विश्वास रखने के आंकड़ों का विश्लेषण करने से यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 69 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके द्वारा भूत–प्रेत, जादू–टोना आदि में विश्वास किया जाता है जबकि 31 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके द्वारा भूत–प्रेत, जादू–टोना आदि में विश्वास नहीं किया जाता है।

भूत–प्रेत, जादू–टोना आदि में विश्वास करने वाले कुल उत्तरदाताओं में से 50.25 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि पारिवारिक विश्वास के कारण वे भूत–प्रेत, जादू–टोना आदि में विश्वास करते हैं जबकि 14.97 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि प्रत्यक्ष अनुभव के कारण वे भूत–प्रेत, जादू–टोना आदि में विश्वास करते हैं। 19.32 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके द्वारा कही सुनी बातों के कारण भूत–प्रेत, जादू–टोना आदि में विश्वास किया जाता है वहीं 15.46 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके द्वारा कि उपर्युक्त सभी कारणों के कारण भूत–प्रेत, जादू–टोना आदि में विश्वास किया जाता है।

तालिका 1.15

बारेला जनजाति द्वारा वर्तमान में अपने तीज त्यौहार व पर्व उत्सवों का मनाने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	209	69.7
2	नहीं	91	30.3
	कुल योग	**300**	**100.0**
यदि हाँ तो किस प्रकार			
क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	गीत नृत्य से	22	10.53
2	ढोल मान्दल से	67	32.05
3	पूजा–पाठ से	61	29.19
4	उपरोक्त सभी	59	28.23
	कुल योग	**209**	**100.0**

बारेला जनजाति द्वारा वर्तमान में अपने तीज त्यौहार व पर्व उत्सवों का मनाने के विवरण से यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 69.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वर्तमान में बारेला जनजाति द्वारा अपने तीज त्यौहार व पर्व उत्सवों को मनाया जाता है जबकि 30.3 प्रतिशत उत्तरदाओं ने जानकारी प्रदान दी कि वर्तमान में बारेला जनजाति द्वारा अपने तीज त्यौहार व पर्व उत्सवों को नहीं मनाया जाता है।

वर्तमान में बारेला जनजाति द्वारा अपने तीज त्यौहार व पर्व उत्सवों को मनाने वाले कुल उत्तरदाताओं में से 10.53 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके द्वारा गीत एवं नृत्य से अपने तीज एवं त्यौहार व पर्व उत्सवों को मनाया जाता है जबकि 32.05 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनके द्वारा ढोल एवं मांदल से अपने तीज एवं त्यौहार व पर्व उत्सवों को मनाया जाता है। 29.19 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाए गऐ जिन्होंने बताया कि उनके द्वारा पूजा–पाठ करके अपने तीज एवं त्यौहार व पर्व उत्सवों को मनाया जाता है वहीं 28.23 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे उपरोक्त सभी के द्वारा अपने तीज एवं त्यौहार व पर्व उत्सवों को मनाया जाता है।

तालिका 1.16

बारेला जनजाति में प्रचलित लोकगीत, संगीत व लोकनृत्य में बदलाव आने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	202	67.3
2	नहीं	98	32.7
	कुल योग	**300**	**100.0**

बारेला जनजाति में प्रचलित लोकगीत, संगीत व लोकनृत्य में बदलाव आने का विवरण से यह ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 67.3 प्रतिशत उत्तराताओं ने बताया कि बारेला जनजाति में प्रचलित लोकगीत, संगीत व लोकनृत्य में बदलाव आ रहा है जबकि 32.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बारेला जनजाति में प्रचलित लोकगीत, संगीत व लोकनृत्य में कोई बदलाव नहीं आ रहा है।

तालिका 1.17

वर्तमान में बारेला जनजाति की लोक कलाओं के प्रचलन में कमी आने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	71	23.7
2	नहीं	139	46.3
3	परिवर्तन के साथ	90	30.0
	कुल योग	**300**	**100.0**

वर्तमान में बारेला जनजाति की लोक कलाओं के प्रचलन में कमी आने के विवरण से यह स्पष्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 23.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वर्तमान में बारेला जनजाति की लोक कलाओं के प्रचलन में कमी आ रही है जबकि 46.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वर्तमान में बारेला जनजाति की लोक कलाओं के प्रचलन में कमी नहीं आ रही है। 30 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि परिवर्तन के साथ वर्तमान

में बारेला जनजाति की लोक कलाओं के प्रचलन में कमी आ रही है।

तालिका 1.18
वर्तमान में बारेला जनजाति की लोक वाद्य यंत्रों के प्रयोग में कमी आने का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	134	44.7
2	नहीं	166	55.3
	कुल योग	**300**	**100.0**
यदि हाँ तो किस प्रभाव से परिवर्तन हुआ			
क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	शिक्षा के प्रभाव से	40	29.85
2	आधुनिक यंत्रों के प्रयोग से	50	37.31
3	संचार साधनों का प्रभाव	44	32.84
	कुल योग	**134**	**100.0**

वर्तमान में बारेला जनजाति की लोक वाद्य यंत्रों के प्रयोग में कमी आने के विवरण से यह स्पष्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 44.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वर्तमान में बारेला जनजाति की लोक वाद्य यंत्रों के प्रयोग में कमी आ रही है जबकि 55.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वर्तमान में बारेला जनजाति की लोक वाद्य यंत्रों के प्रयोग में कोई कमी नहीं आ रही है। कुल 134 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वर्तमान में बारेला जनजाति की लोक वाद्य यंत्रों के प्रयोग में कमी आ रही है। इन उत्तरदाताओं से यह जानने का प्रयास किया गया कि वर्तमान में बारेला जनजाति की लोक वाद्य यंत्रों के प्रयोग में कमी क्यो आ रही है तो कुल उत्तरदाताओं में से 29.85 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि शिक्षा के प्रभाव के कारण वर्तमान समय में बारेला जनजाति की लोक वाद्य यंत्रों के प्रयोग में कमी आ रही है जबकि 37.31 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि आधुनिक वाद्य यंत्रों के प्रयोग के कारण वर्तमान समय में बारेला जनजाति की लोक वाद्य यंत्रों के प्रयोग में कमी आ रही है वहीं 32.84 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने जानकारी दी कि संचार साधनों के प्रयोग के कारण वर्तमान समय में बारेला जनजाति की लोक वाद्य यंत्रों के प्रयोग में कमी आ रही है।

निष्कर्ष :–

1. वर्तमान समय में बारेला जनजाति में सकारात्मक सामाजिक पविर्तन हो रहे हैं। जिसके कारण ये जनजाति समाज की मुख्य धारा से जुड़ने में सक्षम हो पा रही है।
2. बारेला जनजाति के द्वारा अभी तक तकनीकि के प्रयोग में निपूणता हासिल नहीं की जिसके कारण वे अपने बच्चों को तकनीकि शिक्षा दिलाने में असमर्थ हैं और तकनीकि के प्रयोग से अभी तक उनकी दूरी बनी हुई है।
3. वर्तमान समय में बारेला जनजाति के लोग धीरे धीरे तकनीकि का उपयोग करना सीख रहे हैं निश्चित ही इसका सकारात्मक प्रभाव उनके सामाजिक परिवर्तन और शिक्षा पर पड़ेगा।
4. बारेला जनजाति की सांस्कृतिक परम्पराओं जैसे आभूषणों का प्रचलन, श्रंगार सामग्री, गुदना आकृति एवं सामाजिक संस्कारों में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है।
5. उत्तरदाताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान समय में बारेला जनजाति के लोगों के द्वारा नए–नए आभूषण, वेशभूषा एवं कृत्रिम आभूषणों का प्रयोग बढ़ा है वहीं बोली–भाषा, परम्परा एवं नियम और देवी देवताओं की पूजा करने के लिए वे आज भी बारेला जनजाति की ही मान्य सांस्कृतिक परम्पराओं का पालन करते हैं और उन्हीं के द्वारा अपने अनेकों कार्य सम्पन्न करते हैं।

सुझाव :–

1. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर प्रयास एवं योजनाबद्ध शिक्षण प्रणाली को प्रोत्साहित कर क्रियान्वित किये जाने की आवश्यकता है, ताकि शिक्षा के स्तर को सुधारा जा सके।
2. बारेला जनजाति के लोगों के लिए शिक्षण एवं रोजगार को प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को सरलीकृत कर तक पहुँचाना चाहिए।
3. कृषि क्षेत्र में नवीन संसाधनों का विकास कर गाँव में ही स्वरोजगार एवं दैनिक रोजगार के अवसरों को बढ़ाया जाना चाहिए।
4. टेलीविजन के माध्यम से ऐसे सृजनात्मक कार्यक्रमों का संचालन होना चाहिए जिससे उनमें जागरुकता का विकास हो ना कि बाजारवादी एवं उपभोक्तावादी मानसिकता को बढ़ावा मिले।

सन्दर्भ ग्रंथ :–

1. **एम. जी स्वामी (2011),** ''मध्यप्रदेश सामाजिक शोध समग्र'', रिसर्च बुलेटिन, (सितम्बर) लोक विकास एवं अनुसंधान ट्रस्ट, इन्दौर।
2. **एल्विन, वेरियर (1951),** ''द ट्राइबल आर्ट आफ मिडिल इण्डिया'' ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, लंदन।

3. **यादव, स्मिता (2012),** ''मध्यप्रदेश सामाजिक शोध समग्र'', (जून), लोक विकास एवं अनुसंधान ट्रस्ट, इन्दौर।
4. **यादव, राजीव एवं जे. राय (2005),** ''आदिवासी स्वस्थ्य पत्रिका'', भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद, जबलपुर।
5. **शर्मा, के. एल. (2010),** ''भारतीय सामाजिक संरचना एवं परिवर्तन'', रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर।
6. **शांडिल्य, महेशचन्द्र (2010),** ''मध्यप्रदेश की जनजातीय सांस्कृतिक परम्परा का साक्ष्य, आदिवासी लोककला एवं तुलसी साहित्य अकादमी, भोपाल।
7. **बया, विकास (2015),** ''जनजातीय विकास'', क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली।
8. **बघेल, डी. एस. (2006),** ''भारतीय समाज'', महावीर पब्लिशर्स एण्ड डिस्टीब्युटर्स।
9. **बी. एल. नागदा (2008),** ''आदिवासी स्वास्थ्य पत्रिका'', जनवरी एवं जुलाई, (2008), क्षेत्रिय जनजाति आयुर्विज्ञान अनुसंधान केन्द्र भारतीय आयुर्विज्ञान आनुसंधान परिषद, जबलपुर।

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

भारत छोड़ो आंदोलन एवं महिलाओं की भूमिका उत्तर प्रदेश राज्य के विशेष संदर्भ में

डॉ. संजीव कुमार राजपूत
अतिथि विद्वान (राजनीति विज्ञान) वृंदा सहाय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डबरा, ग्वालियर

प्रस्तावना :– 7 अगस्त 1942 ईस्वी को कांग्रेस का अधिवेशन मुंबई में प्रारंभ हुआ 8 अगस्त को महात्मा गांधी ने समिति के समक्ष भारत छोड़ो का अपना इतिहासिक प्रस्ताव रखा यह प्रस्ताव कुछ संशोधनों सहित स्वीकार कर लिया गया।

कांग्रेस इस बात से भली भांति परिचित थी कि अंग्रेज भारत छोड़कर आसानी से नहीं जाएंगे अतः उसने एक जन आंदोलन प्रारंभ करने का निश्चय किया आंदोलन को प्रारंभ करने से पहले गांधीजी अंग्रेजी सरकार से बातचीत करने के पक्षधर थे गांधी जी ने कांग्रेस कार्यकारिणी समिति के समक्ष 70 मिनट का अभिभाषण दिया इंद्र विधाना चस्पति के शब्दों में ''गांधीजी उस दिन ऐसे बोल रहे थे मानो उनकी अंतरात्मा से भगवान बोल रहे थे।

डॉ. पट्टाभि सीता रमैया लिखते हैं कि वास्तव में गांधीजी इस दिन अवतार और पैगंबर की प्रेरक शक्ति से प्रेरित होकर भाषण दे रहे थे गांधी जी के दिए गए भाषण से मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस कार्यकारिणी समिति के समक्ष जो 70 मिनट का भाषण देविय सक्ती से ओतप्रोत प्रतीत होता है।

अपने दिव्य भाषण के अंत में गांधी जी बोले यह संघर्ष मेरे जीवन काल का अंतिम संघर्ष होगा गांधी जी ने भारतवासियों को करो या मरो का मंत्र दिया।

महिलाओं का व्यापक योगदान :– भारत छोड़ो आंदोलन में महिलाओं ने सक्रिय होकर गतिविधियों में भाग लेकर भारत को स्वाधीनता दिलाने के लिए अपने कार्यों को अंजाम देती रही महिलाओं की गतिविधियां सक्रिय रूप से जुलूसों प्रदर्शनों और धरनों तक सीमित नहीं थी विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण कैंप भी खुल गए थे। जहां महिलाओं और लड़कियों घायलों की सेवा के लिए प्राथमिक चिकित्सा, होम नर्सिंग का प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें आत्म रक्षा के लिए लाठी, बंदूक आदि चलाने एवं गुप्त कार्यवाही का संचालन करने भूमिगत रहते हुए आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता था

उत्तर प्रदेश राज्य एवं महिलाएं :– छात्र व छात्राओं ने आंदोलन में सक्रियता दिखाते हुए 10 अगस्त 1942 को लड़कियों की एक टोली ने कार्यालय पर हमला बोल दिया उस क्षेत्रों को अपने कब्जे में ले लिया छात्रों के साथ छात्राओं की टोलियां भी हर जिले में गांव – गांव भ्रमण कर स्वतंत्रता की दीवानों के परिवारों में राहत कार्य कर रही थी और जो लोग घर में चुपचाप बैठे हुए थे ऐसे लोगों को आंदोलन में भाग लेने के लिए उत्साहित करती हैं।

बलिया जिले में आंदोलन अधिक उग्र था जिला प्रशासन पर बागियों ने कब्जा कर लिया सरकार ने फौज बुलाकर बलिया जिले को द्वारा अपने कब्जे में लेने के लिए लोगों पर अत्याचार करना प्रारंभ किया कांग्रेस जनों के लगभग 150 मकान लुटे और जला दिए गए महिलाओं की अस्मिता जेवर कपड़े लूटे गए बच्चों को गांव से बाहर निकाल कर घरों में आग लगा दी गई महिलाओं को बंदूक की नोक पर घर से बाहर निकाल दिया उनमें से कुछ गर्भावस्था तथा अंतिम अवस्था में तथा आसन्न प्रसवा भी थी उनके गहने जबरदस्ती से उतरवा लिए गए।

कानपुर में विद्यार्थियों ने डेढ़ महीने तक हड़ताल रखी लखनऊ में आंदोलन वनारस से धीमा रहा पर कान्यकुब्ज स्कूल के लड़कों व महिला विद्यालय की लड़कियों ने विशेष साहस दिखाया 10 – 11 अगस्त 1942 को जगह – जगह जुलूसों के साथ आंदोलन प्रारंभ किए वनारस हिंदू विश्वविद्यालय में आंदोलन तीव्र था 11 अगस्त को बलिया में भी छात्रों के जुलूस पर सरकार द्वारा लाठीचार्ज हुआ वनारस में 11 अगस्त को छात्रों के जुलूस को कुचलने के लिए गोली चलाने का आदेश भी दे दिया गया।

सिपाहियों ने गोली चलाने से इनकार किया तो उस दिन कोई घटना घटित नहीं हुई 12 अगस्त को पुनः जुलूस को निकाला जिसमें बड़ी तादाद में छात्राओं ने भाग लिया जुलूस पर पहले लाठियों से प्रहार किया गया फिर गोली चलाई कुछ छात्रों ने अगुवाई कर रही।

लड़कियों को पीछे धकेला और गोलियों को अपने सीने पर झेल लिया इससे लड़कियों में अधिक उत्साहित होकर अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए घोड़ों की लगामें पकड़कर कुछ घुड़सवारों को नीचे गिरा दिया इसके बाद कई राउंड गोलियां चली जिसमें छात्र बा राहगीर जख्मी हुए।

बनारस जिला के अंतर्गत कई गांव की महिलाओं पर अंग्रेजी शासन के द्वारा किए गए अत्याचार की क्रूर कहानियां भी रिकॉर्ड की गई थी कहीं कहीं उन्हें बाहों से पकड़कर घसीटा गए और उनसे दंड बैठक भी दिलवाई गई तथा उन्हें भूखा प्यासा भी रखा गया अंग्रेजी हुकूमत का विरोध करने पर एक स्त्री का 1 महीने का बच्चा उसकी आंखों के सामने जिंदा जला दिया गया।

आजमगढ़ के गांव से भी स्त्रियों के साथ बलात्कार के समाचार मिले थे रामगढ़ गांव की चेत नामक अछूत की पत्नी पर 20 गौरो ने इतना जुल्म ढाया कि वह मर गई मंझा गांव में एक स्त्री को उसके घर वालों के सामने ही बलात्कार किया गया दनदारा में एक स्त्री को बिना कारण राह चलते गोली मार दी गई पर अमीला गांव में घर लूटने के लिए पुलिस आई पुलिस का सामना सुप्रसिद्ध अलगू राम शास्त्री की भाभी ने डटकर किया पुलिस वालों को इस कदर धमकाया कि वह अपना सा मुंह लेकर वापस चले गए अनेक मकान जलाए स्त्रियों के सतीत्व नष्ट किया गया

अत्याचारों के द्वारा शहीद होने महिलाओं की उपलब्ध नाम गाजीपुर की राधिका देवी जो डर कर घर से भागते हुए पुलिस की गोली से मारी गई बलिया की कुमारी जानकी जुलूस में भाग लेते हुए गोली की शिकार हुई बलिया क्षेत्र से ही जमुना माली जानवर चराते हुए पुलिस की गोली का शिकार हुई जौनपुर की श्रीमती उंगली और नेहा रानी पुलिस की गोली से घायल हो गई उसमें नेहा रानी उसी दिन मृत्यु हो गई।

आंदोलन में सक्रिय महिलाएं :– वनारस डिवीजन में 1942 के आंदोलन में अग्रणी भाग लेने वाली 16 महिलाओं के नाम मिले हैं मिर्जापुर की श्रीमती राजेश्वरी देवी और वनारस की देवकली को दो–दो वर्ष की सजाए मिली श्रीमती सज्जन देवी मेहनोत 50वीं बार जेल गई।

श्रीमती लक्ष्मी को 1 वर्ष की कड़ी सजा मिली बलिया की पार्वती देवी को 18 महीने और जिंसा देवी को 15 महीने की शेष सभी महिलाओं को कुछ दिनों से लेकर 6 महीने तक की सादा कैद कड़ी कैद की सजा मिली।

गोरखपुर के एक गांव उलिया की झिमीपा धोबन जिसके पति को गोली मारकर उसके घर में आग लगा दी जिससे नेपाल में भागकर भूमिगत हो गई वापसी आने पर पकड़ी गई 8 महीने की जेल में डाल दिया गया

झांसी डिवीजन से अग्रणी आंदोलन में भाग लेने वाली 13 नाम मिले हैं इनमें झांसी की केसरबाई और हमीरपुर की क्रांति देवी को एक–एक वर्ष की साथ जुर्माना भी भुगतना पड़ा हमीरपुर की सरस्वती देवी पुलिस लाठी से घायल होने पर भी जेल भेजी गई शेष सभी महिलाओं को 1 से 6 माह की सादा व कड़ी सजाए सुनाई गई।

जिला अलीगढ़ से अग्रणी भाग लेकर की जाने वाली 14 महिलाओं के नाम मिले जिसमें सूरज कुमारी को एक वर्ष सूरज बाई पुत्री मनोहर सिंह तथा सूरज बाई पुत्री नारायण सिंह को 10–10 महीने इसी तरह है कृष्णा दुलारी और हेमलता देवी को 10–10 महीने तक नजरबंदी की सजा मिली गंगा देवी की 3 महीने की बच्ची 1932 के आंदोलन में जेल में मर गई थी उन्होंने 1941–42 में फिर भाग लिया जेल गई शेष महिलाओं को 1 से 6 माह तक की सजाए मिली।

आंदोलन में अल्मोड़ा नैनीताल का पहाड़ी क्षेत्र भी पीछे नहीं था यहां से महिला नेतृत्व में 11 नाम मिले हैं जिनमें फबिया देवी को एक वर्ष सरस्वती देवी को 9 माह की कैद की सजा दी गई शोभावती मित्तल जंगल ठेका के विरुद्ध सत्याग्रह करके गिरफ्तार कर ली गई 1 वर्ष बाद रिहा कर दी गई विद्या देवी देश सेवक का नेतृत्व रेल पटरियों को उखड़वाने और तोड़फोड़ की कार्यवाही अत्यंत प्रभावी रही नैनीताल की यह प्रौढ़ महिला 1941 में व्यक्तिगत सत्याग्रह में गिरफ्तार होकर जेल गई थी जेल से रिहा होने पर भारत छोड़ो आंदोलन में सम्मिलित हो गई तोड़फोड़ की कार्रवाईयों में कार्यरत होने के कारण उन्हें भारतीय दंड संहिता तथा भारत रक्षा कानून की की कई धाराओं के तहत 15 वर्ष की लंबी अवधि की कड़ी कैद की सजा सुनाई गई थी।

स्थानीय जनता व नेताओं के प्रयास से उन्हें 1946 में रिहा कर दिया गया विरानी देवी सहित शेष महिलाओं को 3 से 6 मार्च तक की सजा दी गई कहीं–कहीं सजा के साथ जुर्माना भी किए गए इस क्षेत्र में विनोवाभावों की विदेशी शिष्या सरलावेन (हेलीमेन) ने भी 1942 के आंदोलन में खुलेआम भाग लिया व जेल की सजा भी भुगती।

आगरा, मथुरा, सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद से 32 महिलाओं ने नेतृत्व किया इन महिलाओं ने भी काफी लंबी का कडी सजाएं सुनाई गई महत्वपूर्ण रूप से आगरा जिले की श्रीमती आनंदी देवी को 18 माह श्रीमती अक्षय कुमारी को 16 माह सरण कुमारी को 16 माह सरोज कुमारी, विजय कुमार, प्रेमवती, रूपवती ,कमला शर्मा को एक – एक वर्ष की

कड़ी कैद व नजरबंद की सजा मिली आगरा मथुरा की शेष महिलाओं को 3 से 6 माह तक सजा मिली।

सहारनपुर की लीलावती को 1 वर्ष नजरबंद करके रखा गया उससे उसके पति का ठिकाना पूछने पर नहीं बताया गया तो उसे यातनाएं दी गई उनके पति साढ़े 3 वर्ष भुमिगत रहे नजरबंदी के दौरान उन्होंने बच्चों को जन्म दिया मेरठ से कमला चौधरी, गायत्री देवी, सावित्री रस्तोगी, प्रकाश वती सूद गाजियाबाद से रघुनाथ कुमारी, अंगूरी देवी नाम उल्लेखनीय है इन सभी को जेल की सजा भुगतनी पड़ी।

उन्नाव जिले से 10 महिलाओं के नाम नेतृत्व कर्ता के रूप में मिलते हैं बदायूं से 4 शाहजहांपुर से 4 सीतापुर से 5 खीरी से 3 बिजनौर से 4 देहरादून से 2 मैनपुरी से 1 इन सभी का सादा व कड़ी सजाए तथा जुर्माना भुगतना पड़ा था।

इलाहाबाद आंदोलनकारियों का गढ़ बन चुका था जबकि लखनऊ राजधानी होते हुए भी आंदोलन धीमी गति से चला सभी बड़े नेताओं को आंदोलन के शुरू में ही गिरफ्तार कर लिया गया ऐसी परिस्थिति में छात्रों व महिलाओं ने आगे आकर आंदोलन का संचालन किया महिला नेताओं को भी 1–1 करके जेल में डालने लगे। होम पॉलीटिकल 18 सितंबर 1942 की रिपोर्ट के अनुसार इंदिरा व फिरोज गांधी को भारतीय सैनिकों द्वारा उन्हें गिरफ्तार करने से इंकार कर दिया तब ब्रिटिश सैनिकों ने उन्हें गिरफ्तार किया इस क्षेत्र से जेल जाने बाली प्रमुख महिलाओं के नाम उमा नेहरू, हाजिरा बेगम पुर्निमा वैनरजी, सावित्री श्याम स्वरूप, कुमारी बक्शी ,राजेंद्र कुमारी बाजपाई इत्यादि।

उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों क्षेत्रों ग्रामीण अंचलों से महिलाएं ने सक्रिय होकर अपने अद्भुत शौर्य साहस से प प्रतिबंधों, कड़े कारावास और पारिवारिक कष्टों का सामना किया।

यदि हम महिलाओं के योगदान की बात करें तो हम कह सकते हैं कि अंग्रेजी हुकूमत की ईंट से ईंट बजा दी और अंग्रेजी शासन का पंगु बनाते हुए देश को स्वाधीनता दिलाने में साहस भरा कार्य किया।

निष्कर्ष :– भारत छोड़ो आंदोलन से विश्व के अन्य देशों को भी भारत की वास्तविक स्थिति से परिचित हुए अमेरिका व चीन का इस आंदोलन का गहरा प्रभाव पड़ा चीन के मार्शल च्याग काई शेक ने 25 जुलाई 1942 को अमेरिका के राष्ट्रपति को पत्र लिखा।

"अंग्रेजों के लिए सबसे श्रेष्ठ नीति यह है कि भारत को पूर्ण स्वतंत्रता दे दे"

रूजवेल्ट ने भी काई शेक की बात का समर्थन किया इस आंदोलन के कुछ अन्य कारणों से युद्ध के बाद अमेरिका और इंग्लैंड में लोकमत इतना तेज हो गया कि इंग्लैंड को विवश होकर भारत छोड़ना पड़ा।

भारत छोड़ो आंदोलन ने जनता में अभूतपूर्व जागृति उत्पन्न कर दी और जनता मैं ब्रिटिश शासन के विरुद्ध मुकाबला करने की भावना उत्पन्न की इस आंदोलन से ब्रिटिश सरकार को आभास हो गया कि भारत को और अधिक समय तक पैरों तले दबाकर नहीं रखा जा सकता।

यद्यपि इस आंदोलन से भारत को स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हुई लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इस आंदोलन मैं जो बलिदान दिए थे वह जब व्यर्थ नहीं गए।

हम कह सकते हैं कि छात्र वह छात्राएं हैं कामकाजी महिलाओं ने स्वाधीनता के लिए जो इस आंदोलन में बलिदान दिए व अस्मरणीय है तथा उनका बलिदान देश के लिए 1 नीव के पत्थर के समान था।

संदर्भ सूची :–

- माइकेल ब्रेचर – नेहरू पॉलिटिकल बायोग्राफी प्र. 89
- नेहरू जे.एल – दि डिस्कवरी ऑफ इंडिया प्र. 502
- डॉ. पट्टाभि सीता रमैया हिस्ट्री ऑफ दि नेशनल कांग्रेस ऑफ इंडिया प्र. 462
- लुई फिशर – दि ग्रेट चौलेंज प्र.162
- अंबा प्रसाद – दि इंडियन रिवोल्ट ऑफ 1942 प्र. 122–123
- डॉ. ईश्वर प्रसाद – हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न इंडिया
- पामर – मेजर गवर्नमेंन्टसऑफ इंडिया प्र. 298

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

विकासमित्र का मुसहर जाति के जनजीवन पर प्रभाव : मधेपुरा जिला के संदर्भ में

प्रभाकर सिंह
शोधार्थी, यू.जी.सी. नेट, (समाजशास्त्र), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (मध्यप्रदेश)
डॉ. रजोल कुमार सक्सेना
प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, शासकीय महाविद्यालय मेहगाँव, भिण्ड (मध्यप्रदेश)

सारांश :– बिहार सरकार ने अनुसूचित जातियों में पिछड़ों का आँकलन करने के लिए 2007 में एक महादलित आयोग का गठन किया। इस आयोग का काम अनुसूचित जातियों में भी अति पिछड़ी जातियों का पता लगाना, इनके पिछड़ने का कारण तथा इनके शैक्षिक एवं सामाजिक जनजीवन में सुधार के लिए अनुशंसायें करना था। जिससे इस जाति के जीवन में सुधार आ सके। आयोग ने बिहार की 22 अनुसूचित जातियों में से सभी जातियों को महादलित की श्रेणी में रखा। इन्हीं जातियों में से एक मुसहर जाति है जिसकी जनसंख्या बिहार की कुल अनुसूचित जाति का 16.19% है। जो चमार (31.14%) एवं दुसाध (30.88%) के बाद तीसरा स्थान रखता है। महादलित के जनजीवन में सुधार के लिए आयोग ने सरकार से विभिन्न प्रकार की अनुशंसाएँ की जिनमें से एक विकास मित्र को नियुक्त करना है।

मुख्य शब्द :– महादलित, मुसहर, विकास मित्र, अनुसूचित जाति।

परिचय :– भारतीय संविधान के अनुच्छेद 38 और अनुच्छेद 46 ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए बहुत जोर दिया है। संविधान के इन्हीं निर्देशों के मद्देनजर, सरकार ने अनुसूचित जातियों के सामाजिक–आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के लिए कई योजनाएँ शुरू की हैं। यह पाया गया कि अनुसूचित जाति के कुछ वर्ग इन योजनाओं से काफी लाभान्वित हुये हैं और खुद का विकास किया हैं, लेकिन यह भी देखा गया कि अनुसूचित जाति का एक बड़ा वर्ग सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है। राज्य सरकार ने अनुसूचित जातियों के बीच इन सबसे वंचित वर्गों के समग्र विकास के लिए विचार–विमर्श एवं पहल की। 2007 के शुरुआत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दलित जातियों में भी पिछड़ी जातियों का आँकलन करने के लिए एक महादलित आयोग का गठन किया।

राज्य सरकार ने महादलित आयोग को निम्न बातों का पता लगाने का कार्य दिया :–

- अनुसूचित जातियों के भीतर की उन जातियों को पहचानें जो विकास की प्रक्रिया में पिछड़ गयी हैं।
- इन जातियों के शैक्षिक और सामाजिक स्थिति का अध्ययन करना और इनके उत्थान के लिए उपाय सुझाना।
- इनके रोजगार के तरीके के साथ उनके शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान के लिए उपाय शुरू करने के लिए कार्रवाई की सिफारिश करना।
- इन जातियों के चयन का मुख्य आधार उनकी मौजूदा सामाजिक–आर्थिक स्थिति, सरकारी नौकरी में भागीदारी, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी और शैक्षिक स्थिति होगी।
- कोई अन्य विषय आयोग यदि राज्य सरकार को सौंपता हैं।

आयोग ने अपना पहला रिपोर्ट नवंबर 2007 में प्रस्तुत की, जिसमें बिहार की 22 दलित जातियों में से 18 जाति को महादलित की श्रेणी में रखा गया, इस श्रेणी में दुसाध, चमार, पासी एवं धोबी को नहीं रखा गया। ये 18 जाति बिहार की कुल अनुसूचित जातियों का मात्र 37% होता था। इसके बाद आयोग ने अपनी अगली रिपोर्ट अप्रैल 2008 में प्रस्तुत की, जिसमें इन्होंने पासी और धोबी को भी महादलित की श्रेणी मे शामिल करने की अनुशंसायें की। इसके बाद नवंबर 2009 में आयोग की तीसरी रिपोर्ट आयीं, जिसमें आयोग ने चमार को भी महादलित की श्रेणी लाने की अनुशंसा की।

इस प्रकार से देखा जाये तो बिहार के कुल अनुसूचित जाति के 69% लोग महादलित की श्रेणी में आ गये, इस श्रेणी में सिर्फ दुसाध को नहीं रखा गया था। परन्तु वर्ष 2015 में दुसाध जाति को भी इस श्रेणी में शामिल कर लिया, जिसके बाद अनुसूचित जाति के 100% लोग महादलित की श्रेणी में आ गये।

आयोग[1] ने इस जाति के जनजीवन में सुधार के लिए कई अनुशंसाएँ की जिनका विवरण निम्न हैं :–

- आवास योजना के लिए जमीन। (Land for

Housing Scheme)

- महादलित आवास योजना। (Mahadalit Awas Yojna)
- महादलित जल आपूर्ति योजना। (Mahadalit Water Supply Scheme)
- महादलित शौचालय निर्माण योजना। (Mahadalit Toilet Construction Scheme)
- महादलित बस्ती रोड सम्पर्क योजना। (Mahadalit Basti link Road scheme)
- महादलित आँगनवाड़ी। (Mahadalit Aganwadi)
- महादलित शिशु सदन। (Mahadalit Creche)
- महादलित के लिए विशेष स्कूल छात्रावास। (Special School/Hostel for Mahadalit)
- मुख्यमंत्री महादलित पोशाक योजना।
- दशरथ माँझी कौशल विकास योजना।
- मुख्यमंत्री नारी ज्योति कार्यक्रम।
- धनवंतरी मोबाईल आर्युवैदिक चिकित्सा।
- चलता फिरता (गतिशील) जन वितरण प्रणाली। (Mobile Public Distribution System)
- सफाई प्रणाली के लिए शिक्षा। (Eradication of scavenging system)
- सामुदायिक भवन सह वर्क शेड का निर्माण। (Construction of Community Hall cum Work-Shade)
- प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के लिए जिला और प्रखंड संसाधन केन्द्र की स्थापना। (Establishment of District - Block Resource Centre for Training and Research)
- सामुदायिक रेडियो। (Community Radio)
- छात्रवृत्ति। (Scholarship)
- महादलित के लिए हैल्थ सब सेंटर की स्थापना करना।
- उपरोक्त के अलावा आयोग ने हर पंचायत से एक "विकास मित्र" नियुक्त करने की अनुशंसाएँ की जो महादलित समुदाय को मौजूदा सरकारी कार्यक्रम से जोड़ने में मदद करेगी।

विकास मित्र :– बिहार राज्य महादलित आयोग के अनुशंसा के आधार पर विकास मित्र की नियुक्ति का कार्य 2010 के प्रारंभ में **"बिहार महादलित विकास मिशन"**[2] को सौंपा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक विकास मित्र को नियुक्त किया जायेगा। जबकि शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक 4 वार्ड पर एक विकास मित्र को नियुक्त किया जायेगा। यहाँ ध्यातव्य हो कि जिस पंचायत में 50 महादलित परिवार से कम रहते हैं, तो उस पंचायत को पड़ोस के पंचायत में जोड़कर विकास मित्र को नियुक्त किया जायेगा। प्रारंभ में इस विकास मित्र की नियुक्ति अनुबंध (Contract) के आधार पर 11 महीनों के लिए की गयी थी। परंतु समय–समय पर इनके अनुबंध को बढ़ाया गया। प्रारंभ में विकास मित्र को पारिश्रमिक के तौर पर 3,000 रू. प्रतिमाह मिलता था, परंतु आज इनकी पारिश्रमिक 12,000 रू. प्रतिमाह है, जिनमें से 2,000 रू. प्रतिमाह कर्मचारी भविष्य निधि (EPF - Employee Provident Fund) काट कर 10,000 रू. प्रतिमाह वेतन दिया जाता है।

विकास मित्र के नियुक्ति की प्रकिया[3] :– विकास मित्र के लिए अभ्यर्थी में निम्नलिखित योग्यताएँ होनी चाहिए।

- विकास मित्र सिर्फ महादलित परिवारों से नियुक्त किये जायेंगें, इसके अलावा अभ्यर्थी को उसी पंचायत (ग्रामीण) या उसी वार्ड (शहरी) का निवासी होना चाहिए।
- विकास मित्र महादलित जाति में से उस जाति का होगा जो कि संख्या में उस पंचायत या वार्ड में सबसे ज्यादा होगा।
- 50% विकास मित्र का पद महिलाओं के आरक्षित होगा।
- अभ्यर्थी का उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- प्रथम चरण में पुरूष और महिलाओं के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं रखी गयी थी, दूसरे चरण में पुरूष के लिए दसवीं तथा महिला के लिए आठवीं रखी गयी। इसके बाद तीसरे एवं चौथे चरण में पुरूष के लिए पांचवीं तथा महिलाओं के लिए साक्षर रखा गया।

विकास मित्र की कर्तव्य एवं जिम्मेदारियाँ[4] : (Duties and Responsibilities of Vikas Mitra) :– विकास मित्र की नियुक्ति संविदा आधार पर बिहार महादलित विकास मंच द्वारा की गयी। विकास मित्र को सूचना देना, उनसे सूचना प्राप्त करना और किसी भी कार्यक्रम को लागू करना बिहार महादलित विकास मंच द्वारा खुद किया जाता है या फिर अनुसूचित जाति और जनजाति विभाग बिहार सरकार द्वारा किया जाता है। विकास मित्र के कर्तव्य एवं जिम्मेदारियाँ निम्नलिखित हैं :–

- अनुसूचित जाति और जनजाति परिवारों का सर्वेक्षण करना।
- सरकार के विभिन्न तरह के योजना जैसे बीपीएल, स्कूल, इंदिरा आवास योजना, पीने के पानी की व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन इत्यादि के बारे में लोगों को जागरूक करना तथा इसे लागू करवाना।
- सभी योग्य परिवारों को सरकारी सुविधाएँ मुहैया कराना तथा इन योजनाओं के द्वारा कई प्रकार के सामाजिक कल्याण कार्यक्रम जैसे कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन (केन्द्रीय प्रायोजित योजना जैसे कि इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन, इसके साथ राज्य की योजना जैसे कि लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और बिहार विकलांग पेंशन योजना), मृत्यु लाभ (राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना), कबीर अंत्येष्ठि अनुदान योजना जो कि अंतिम संस्कार में आनेवाली खर्चे के लिए दिया जाता है। इसके अलावा कुछ योजनायें लड़कियों के लिए है, जिसमें मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना है।
- सरकारी योजना का लाभ पाने के लिए महादलित परिवारों को आवेदन पत्र भरवाने में मदद करना तथा भरे हुये आवेदन पत्र को किस सरकारी कार्यालय में जमा करना है उस कार्यालय के बारे में बताना।
- स्कूलों का सर्वेक्षण करना तथा यह सुनिश्चत करना कि मुख्यमंत्री पोशाक योजना के अनुरूप बच्चों को रूपया मिला है कि नहीं। लाभान्वित परिवारों को मिले हुये रूपये से पोशाक खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना।
- यह सुनिश्चत करना कि महादलित मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में है, यदि नहीं है तो उसके नाम को वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए बी एल ओ (Booth Level Officer) से सम्पर्क करना, तथा उनको अपने वोट के अधिकार के बारे में बताना एवं वोट ड़ालने के लिए प्रोत्साहित करना।
- महादलित के बच्चों को स्कूलों से जोड़ना।
- सरकारी जनवितरण योजना के अन्तर्गत मिलने वाले अनाजों का कूपन वितरित करना।
- महादलित परिवारों को मनरेगा योजना से जोड़ना।
- महादलित लाभान्वित परिवारों को प्रखंड विकास कार्यालय से जोड़ना।

व्यवहार में विकास मित्र की डियुटी जिला के अनुसार अलग–अलग है। जिलाधिकारी (DM-District Magistrate), अनुमंडलाधिकारी (SDO – Sub Divisional Officer) और प्रखंड कल्याण अधिकारी (BWO-Block Welfare Officer) विकास मित्र को जिम्मेदारी देने में मुख्य भूमिका निभाते है, प्रखंड कल्याण अधिकारी सप्ताह में एक बार बैठक (Meeting) करके विकास मित्र के द्वारा किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते है, तथा इनके कार्यों की समीक्षा महीने में एक बार अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा की जाती है।

शोध प्रविधि :– विकास मित्र के द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवा के लिए शोधार्थी ने मधेपुरा जिला के दो प्रखंडों के 11 विकास मित्र का चुनाव किया, जिसमें एक प्रखंड का नाम उदाकिशुनगंज एवं दूसरे प्रखंड का नाम बिहारीगंज है। उदाकिशुनगंज प्रखंड में कुल 16 पंचायत एवं बिहारीगंज प्रखंड में कुल 14 पंचायतें हैं। इन दोनों पंचायतों में मुसहर विकासमित्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का अध्ययन किया गया। उदाकिशुनगंज पंचायत में कुल 10 मुसहर विकासमित्र हैं, जिनमें 06 पुरूष एवं 04 महिला हैं। बिहारीगंज प्रखंड में 01 मुसहर विकास मित्र हैं जो पुरूष हैं। उदाकिशुनगंज के 10 विकास मित्र में से 03 इंटर, 03 मैट्रिक एवं 04 आठवां तक पढ़ा है। जबकि बिहारीगंज प्रखंड के 01 विकासमित्र की शिक्षा बी.ए. है। सभी विकास मित्र से शोधार्थी द्वारा खुद सम्पर्क किया गया एवं उसका आमने–सामने बैठकर साक्षात्कार किया गया।

विकासमित्र की वास्तविक स्थिति :– साक्षात्कार के दौरान शोधार्थी को पता चला कि सिर्फ एक विकास मित्र को सरकार द्वारा निर्धारित सभी कार्यों के बारे में पूर्ण जानकारी हैं। चार को कुछ जिम्मेदारी के बारे में पता है एवं कुछ के बारे में पता नहीं है। बाकी बचे छः विकासमित्र को तो कुछ पता हीं नहीं है।

साक्षात्कार के दौरान यह भी पाया गया कि जो महिला विकास मित्र हैं वो कभी अपने प्रखंड नहीं गयी है और ना हीं उसको अपने कार्य के बारे में कुछ जानकारी है। उनका सारा कार्य उनके पति के द्वारा किया जाता है, तथा उनके पंचायत में आनेवाली जनता भी विकास मित्र का नाम पूछने पर उनके पति का हीं नाम बताते हैं।

यहाँ यह भी देखा गया कि महिला विकास मित्र के पति यदि शैक्षणिक योग्यता में उनसे कम है तो भी निर्णय का अधिकार उसके पति के पास हीं है। जिससे यह साबित होता है कि किसी सरकारी पद धारण की हुई महिला का यदि ये हाल है तो बाकी का हाल तो और बुरा होगा, जो महिला सशक्तिकरण के दिशा में एक प्रश्नचिन्ह है।

मुसहर जाति के जनजीवन पर विकासमित्र का प्रभाव :– विकास मित्र से साक्षात्कार के बाद शोधार्थी वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए पंचायत के महादलित परिवारों से मिला एवम् लोगों से विकास मित्र द्वारा प्रदान की जानेवाली सेवा के बारे में पूछा। ज्यादतर उत्तरदाता विकासमित्र के द्वारा प्रदान की जानेवाली योजना एवं सेवा से अनभिज्ञ थे।

जब शोधार्थी ने लोगों से पूछा कि क्या विकास मित्र आपलोगों को सरकार की ओर से मिलने वाली इंदिरा आवास योजना दिलवाने में मदद करता है, तो उन्होंने बताया कि इंदिरा आवास योजना पाने के लिए विकास मित्र को बीस से पच्चीस हजार रूपये का घूस (रिश्वत) देना पड़ता है, जो पहले घूस देता है, उसको इंदिरा आवास योजना का लाभ मिलता है, नहीं तो नहीं तो मिलता है।

जितने भी उत्तरदाता से मिला किसी के भी घर में शौचालय की व्यवस्था नहीं थीं, न हीं उस टोले में कोई सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था थी। लोग खुले में शौच जाते हैं, पीने के साफ पानी की व्यवस्था नहीं हैं। एक टोले पर तीन–चार घरों में चापाकल (हैंडपम्प) हैं, जो खुद के पैसे से लगाया गया है, उसी चापाकल से टोले के सभी लोग पानी पीते हैं। उस चापाकल के पास काफी गंदगी फैली रहती है, जो बीमारी का एक कारण हो सकता है।

विकास मित्र द्वारा कभी भी किसी स्कूल का सर्वेक्षण नहीं किया गया और न हीं कभी बस्ती में जाकर महादलित परिवारों को शिक्षा का लाभ बताया और न हीं उन्हें अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित किया। एक प्रश्न के जवाब में उत्तरदाता ने कहा कि "गरीब को कौन पूछता है साहेब, विकास मित्र तो अपना पैसा बनाने में लगा रहता है।"

महादलित परिवारों को सरकार की ओर से मिलने वाली योजना जैसे कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, वृद्धा पेंशन इत्यादि में नाम जुड़वाने के लिए भी घूस देना पड़ता है। सबसे कठिन कार्य जो महादलित परिवारों के लिए है, वो है विकास मित्र से मुलाकात होना। कई बार तो विकास मित्र से भेंट हुए लोगों को साल–साल भर तक हो जाता है।

अध्ययन के दौरान यह भी पाया गया कि लगभग सभी विकास मित्रों के खुद के जीवन स्तर में सुधार आया है, सभी के पास कुछ न कुछ अपनी जमीन है, इनके घर अपनी खुद की जमीन पर है, इनका घर साफ–सुथरा रहता है, कईयों के घर पक्के बने हुये हैं, कईयों के पास मोटरसाईकिल एवं कारें हैं, इनके घरों में पीने के साफ पानी की व्यवस्था है, घर में शौचालय हैं, बच्चे निजी स्कूल (Private School) में पढ़ते हैं। इन सभी चीजों पर विचार करने से ये बात तो स्पष्ट होती है कि 12,000 रू. पाने वाला विकास मित्र का जीवन स्तर इतना अच्छा नहीं हो सकता है। जो उत्तरदाता के घूस लेने वाली बातों की पुष्टि करता है। विकास मित्र से बातचीत के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि अब ये अपने बाकी महादलित परिवार (पड़ोसी) से अपने आप को उच्च मानते हैं, तथा उनको घृणित भावना से देखते हैं और यह बोलते हैं कि "ये लोग सुधरने वाला नहीं हैं।"

निष्कर्ष :– यद्यपि महादलित परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हेतु यह सरकार द्वारा उठाया गया एक सकारात्मक कदम है, परंतु सरकारी कर्मचारी और विकास मित्र के मिलीभगत के कारण सिर्फ विकास मित्र के हीं जीवन स्तर में सुधार आ पाया। महादलित आयोग की अनुशंसा थी कि महादलित समाज से आनेवाले विकास मित्र अपने लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कार्य करेगा, जो कि पूर्णतः सफल नहीं रहा। इसका एक कारण विकास मित्र को मिलने वाली कम वेतन भी है। क्योंकि विकासमित्र का कार्य पूरे पंचायत को देखना रहता है, पूरे पंचायत की दूरी लगभग 2 किमी के आसपास होती है। फिर बैठकों में भाग लेने के लिए प्रखंड जाना पड़ता है, जिसकी दूरी करीब 10 किमी है। अनुमानतः इस प्रक्रिया में विकास मित्र का करीब 1500 से 2000 रूपये का पेट्रोल खर्चा हीं आ जाता है। जिसके लिए सरकार की ओर से कोई अलग भत्ता या मानदेय नहीं मिलता है। इस तरह से देखा जाये तो, यदि विकास मित्र निष्ठावान होकर कार्य करे तो उसे अपना पेट भी भरना मुश्किल हो जायेगा।

सुझाव :– विकास मित्र के ज्ञानाअर्जन में वृद्धि के लिए उसे अधिक प्रशिक्षण की आवश्यकता है जिससे कि वो अपने कार्य को भलीभाँति समझ सके और उसे ईमानदारी से निभा सकने में सक्षम हो सके। पंचायतों के अंदर विकास मित्र का एक कार्यालय निश्चित होना चाहिए, जहाँ पर आम महादलित आसानी से उनसे मिलकर अपनी समस्या का समाधान पा सके। विकास

मित्र को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। विकास मित्र के नियोजन से महादलित परिवारों को कितना लाभ पहुँचा है इसका समय–समय पर सर्वेक्षण होना चाहिए, जिससे विकास मित्र द्वारा प्रदान की जानेवाली सेवा में आने वाली कमियों को दूर किया जा सके। विकास मित्र को सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Bihar state Mahadalit Commission (2007): Interim report no- 1 Patna, Bihar: Government of Bihar.
2. Letter reference no- BMVM/05/08-66 dated 01 February 2010.
3. Banerjee, Abhijit and Rohini Somanathan (2007): The political economy of public goods : Some evidence from India, in journal of Development economics 82-2, pp 287-314
4. Bihar Mahadalit Vikas Mission (2011): Vikas Mitras handouts for trainers Patna, Bihar.

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020

2020

प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के छात्र–छात्राओं के शैक्षिक समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. क्रान्ति कुमार सिंह
प्रवक्ता (मनोविज्ञान) हंडिया पी.जी. कॉलेज, हंडिया, प्रयागराज

शोध सार :– शिक्षा आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है जो मानव को जीवन जीने की कला सिखाती है वह समाज में अपनी भूमिका किस प्रकार अदा करे इसके लिए उसे परिपक्व बनाती है। शिक्षा द्वारा ही बालक धर्म, राज्य, समुदाय, सभ्यता और संस्कृति का ज्ञान प्राप्त करता है जिससे उसमें राष्ट्रीय विकास के लिए आवश्यक तत्व एवं अनिवार्य घटक ''समाज के साथ समायोजन'' की क्षमता का विकास होता है। परन्तु यह तभी सम्भव है जब वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हों। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य उत्तम होने पर ही वह अपने जीवन, समाज, राष्ट्र के प्रति पूर्ण योगदान कर सकता है।

परिवेश की उपेक्षाओं के कारण व्यक्ति द्वारा की गई अनुकूलन परक अनुक्रियाएं तथा इसके साथ सामंजस्य बनाए रखन को समायोजन कहते है। अतः उचित समायोजन होने पर ही शैक्षिक क्रियाएं उचित रूप में हो सकती है। व्यक्ति समायोजन के माध्यम से ही अपनी आवश्यकताओं इच्छाओं एवं प्रेरणाओं तथा उन्हें संतुश्ट करने वाले कारकों के बीच एक संतुलन कायम करता है। अतः एक अध्यापक विद्यार्थी की आवश्यकता, क्षमता, रूचि, योग्यता, विशेषता आदि को ध्यान में रखकर शिक्षा प्रदान करता है। तथा विद्यार्थियों में विभिन्नता के कारण समायोजन प्रभावित होता है। बहुत से बालक संवेगात्मक रूप से मजबूत नहीं होते जिससे कक्षा तथा कक्षा के बाहर समायोजन नहीं कर पाते जिसके कारण उनकी `शैक्षिक उपलब्धि प्रभावित होती है और उनका सर्वांगिण विकास नहीं हो पाता है। प्रस्तुत अध्ययन में माध्यमिक स्तर के छात्र–छात्राओं और शैक्षिक समायोजन, शहरी एवं ग्रामीण छात्र–छात्राओं का शैक्षिक समायोजन, तथा कला एवं विज्ञान वर्ग के छात्र–छात्राओं के शैक्षिक समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन करने का प्रयास किया गया है।

शोध का उद्देश्य :– प्रस्तुत शोध के निम्नलिखित उद्देश्य है।

1. प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के छात्र–छात्राओं के शैक्षिक समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन।
2. प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण छात्र–छात्राओं के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन।
3. प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के छात्र–छात्राओं (कला एवं विज्ञान वर्ग) के शैक्षिक समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन।

परिकल्पना :– अध्ययन में जो परिकल्पना निर्मित की गयी निम्नलिखित है।

1. प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं के शैक्षिक समायोजन के स्तर में सार्थक अन्तर पाया जाता है।
2. प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण छात्र–छात्राओं के समायोजन के स्तर में सार्थक अन्तर पाया जाता है।
3. प्रयागराज जनपद के कला एवं विज्ञान वर्ग के छात्र–छात्राओं के शैक्षिक समायोजन के स्तर में सार्थक अन्तर पाया जाता है।

समस्या सम्बन्धी साहित्य का सर्वेक्षण :– समस्या सम्बन्धी भारतीय एवं विदेशी साहित्य का सर्वेक्षण किया गया है जिसमें ए.आशा.टी. (1980), सक्सेना आर. (1983), सी.आर. परमेरा (1973), एस गरवार (1974), जैकोवविट्रज (1988), युग किंबल प्रमुख है।

अनुसंधान की योजना एवं विधि :– इस शोध में अनुसंधान विधि के रूप में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया। उपकरण के रूप में स्वनिर्मित प्रश्नावली का प्रयोग किया गया है। न्यादर्श के चयन में प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के 100 विद्यार्थियों को लिया गया। तथा उनको लिंग, क्षेत्र एवं जाति में वर्गीकृत किया गया। स्वतन्त्र चर विद्यार्थी एवं आश्रित चर शैक्षिक समायोजन।

प्रदत्तो के विश्लेषण के लिए सांख्यिकीय विधि के रूप में मध्यमान, प्रमाणिक विचलन, क्रान्तिक अनुपात का प्रयोग किया गया।

आँकड़ो का सारणीयन एवं विश्लेषण :–

(क) प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं के शैक्षिक समायोजन का मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात।

तालिका संख्या–1

कुलविद्यार्थी	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता
छात्र	50	62.88	8.67	2.2	0.05 तथा 0.01 स्तर पर क्रान्तिक अनुपात का मान अधिक है।
छात्राएं	50	60.02	3.54		

(ख) प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थी के शैक्षिक समायोजन का मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात।

तालिका संख्या–2

कुलविद्यार्थी	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता
ग्रामीण विद्यार्थी	50	56.10	4.7	2.61	0.05 तथा 0.01 स्तर पर क्रान्तिक अनुपात का मान अधिक है।
शहरी विद्यार्थी	50	53.8	4.2		

(ग) प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के कला एवं विज्ञान वर्ग के छात्र–छात्राओं के शैक्षिक समायोजन का मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात।

तालिका संख्या–3

कुलविद्यार्थी	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता
कला वर्ग के विद्यार्थी	50	53.94	4.98	3.12	0.05 तथा 0.01 स्तर पर क्रान्तिक अनुपात का मान अधिक है।
विज्ञान वर्ग के विद्यार्थी	50	51.25	3.56		

व्याख्या :– उपर्युक्त तालिका संख्या–1 से स्पष्ट है कि छात्रो का मध्यमान, मानक विचलन क्रमांक 62.88 एवं 8.67 प्राप्त हुआ है जबकि छात्राओं का मध्यमान व मानक विचलन क्रमशः 60.02 एवं 3.54 प्राप्त हुआ है तथा इन दोनों का क्रान्तिक अनुपात का मान 2.2 प्राप्त हुआ। प्राप्त क्रान्तिक अनुपात का मान सार्थकता से अधिक है। अधिक मान सार्थक अन्तर का स्पष्ट करता है जिससे स्पष्ट होता है कि प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के छात्र–छात्राओं शैक्षिक समायोजन में सार्थक अन्तर पाया गया है। अतः हमारी परिकल्पना संख्या–1 स्वीकार की जाती है।

उपर्युक्त तालिका संख्या–2 से स्पष्ट है कि ग्रामीण विद्यार्थियों का मध्यमान, मानक विचलन क्रमांक 56.10 एवं 4.7 प्राप्त है। जबकि शहरी विद्यार्थियों का मध्यमान व मानक विचलन 53.8 तथा 4.2 प्राप्त हुआ है। दोनों का क्रान्तिक अनुपात 2.61 प्राप्त हुआ है। प्राप्त क्रान्तिक अनुपात का मान सार्थकता स्तर से अधिक है। अतः ग्रामीण विद्यार्थियों एवं शहरी विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन में सार्थक अन्तर पाया गया है। अतः हमारी परिकल्पना संख्या–2 स्वीकार की जाती है।

उपर्युक्त तालिका संख्या–3 से स्पष्ट है कि कलावर्ग के विद्यार्थियों का मध्यमान मानक विचलन क्रमांक 53.94 एवं 4.98 प्राप्त हुआ है। जबकि विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों का मध्यमान व मानक विचलन 51. 25 तथा 3.56 प्राप्त हुआ है। इन दोनों का क्रान्तिक अनुपात का मान 3.56 प्राप्त हुआ है। प्राप्त क्रान्तिक अनुपात का मान सार्थकता स्तर से अधिक है। अतः कला वर्ग के विद्यार्थियों एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षिक के समायोजन में सार्थक अन्तर पाया गया। अतः हमारी परिकल्पना संख्या– 3 स्वीकार की जाती है।

शोध निष्कर्ष :–

1. प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के छात्र–छात्राओं शैक्षिक समायोजन में सार्थक अन्तर पाया गया। अतः हमारी परिकल्पना स्वीकार की जाती है।
2. प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन में

सार्थक अन्तर पाया गया। अतः हमारी परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

3. प्रयागराज जनपद के माध्यमिक स्तर के कला वर्ग एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षिक समायोजन में सार्थक अन्तर पाया गया। अतः हमारी परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

उपर्युक्त परिणाम का आधार समान अवसर उपलब्ध न हो पाना है। यदी समान अवसर उपलब्ध कराया जाय तो शैक्षिक समायोजन में समानता देखने को मिलेगी।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

- **कपिल एच.के.** – अनुसंधान विधियाँ–भार्गव प्रिन्टर्स आगरा।
- **युंग किबंल** – शिक्षा मनोविज्ञान की आधारशिला, विनोद पुस्तक मन्दिर,
- आगरा।
- **शर्मा आर.**– चाइल्ड साइकोलॉजी एटलान्टीक प्रकाशन एवं वितरक, दिल्ली।
- **मंगल एस.के.**– शिक्षा मनोविज्ञान एवं सांख्यिकी विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
- **श्रीवास्तव डी.एन., वर्मा प्रीती**– मनोविज्ञान और शिक्षा मे सांख्यिकी विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा।
- **देसाई एन.एन.** – 'ऐन इन्टेस्टिगेशन इन टू द क्रिएटिव थिंकिंग एबल्टी ऑफ स्टूडेन्टस् ऑफ हायर सेकेन्ड्री ऑफ गुजरात स्टेट इन द कान्टेक्सट ऑफ सम साइकोसोसिफैक्टर' पी.एच. डी. एजूकेशन एस.पी.यू.(1987)

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के प्रति ग्राम शिक्षा समिति एवं पालक शिक्षक संघ की अभिवृत्ति का अध्ययन

डॉ. कविता रायकवार
प्राचार्या, भोपाल डिग्री कॉलेज, भोपाल
शिव कुमार सेजकर
शोधार्थी, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रस्तुत शोधकार्य में बुरहानपुर शहर के प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के प्रति ग्राम शिक्षा समिति एवं पालक शिक्षक संघ की अभिवृत्ति का अध्ययन किया गया है। इस हेतु निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। इसके लिए प्रतिभागियों को प्रश्नावली दे उन से उत्तर प्राप्त किया गया है। प्रस्तुत शोधकार्य हेतु बुरहानपुर शहर के प्राथमिक विद्यालयों को लिया गया है इन चयनित विद्यालयों में से 50 ग्राम शिक्षा समिति सदस्यों एवं 50 पालक शिक्षक संघ सदस्यों अर्थात कुल 100 सदस्यों को यादृच्छिक न्यादर्श विधि के अन्तर्गत चुना गया। सांख्यकीय गणना हेतु काई वर्ग परीक्षण उपयोग में लाया गया है जिससे स्पष्ट होता है कि 'शिक्षा बच्चो के लिए अति आवश्यक है', के प्रति ग्राम शिक्षा समिति एवं पालक शिक्षक संघ के सदस्यों की अभिवृत्तियों के विभिन्न मतों में सार्थक अंतर नहीं पाया गया। वहीं 'देश में प्राथमिक शिक्षा प्रगति पर है', के प्रति ग्राम शिक्षा समिति, एवं पालक शिक्षक संघ के सदस्यों की अभिवृत्तियों के विभिन्न मतों में सार्थक अंतर पाया गया। अतः पहली परिकल्पना स्वीकृत एवं द्वितीय परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है।

तथ्यात्मक पद :– प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण, ग्राम शिक्षा समिति सदस्या एवं पालक शिक्षक संघ सदस्य, अभिवृत्ति

प्रस्तावना :– सैकड़ों वर्षों से पहले के विभिन्न नागरिक प्रतिष्ठानों के माध्यम से मानव सुधार के क्षेत्र में एक व्यक्ति को एक उपयोगी नागरिक में बदलने के लिए एक आवश्यक कार्य माना गया है। प्रत्येक समाज में, शिक्षा व्यक्ति और समुदाय दोनों के लिए जीवन को सुखी, समृद्ध और सुखद बनाती है। आम जनता की उन्नति और सुधार इस बात पर निर्भर करते हैं कि बच्चे कैसे बदल सकते हैं और सीखने के विशिष्ट भागों को तैयार कर सकते हैं।

शिक्षा के सामाजिक तत्व सामाजिक सम्मान, दृढ़ संकल्प, योग्यता और अनुभव के संचरण को रोजमर्रा की जिंदगी में काम करने की व्यवस्था के प्रसारण के रूप में शामिल करते हैं। जीवन के प्रत्येक भाग से व्यक्ति एक सामाजिक व्यवस्था में जी रहा है। यह एक समाज में सभी लोगों के ज्ञान, कौशल, कार्य क्षमता और जन्मजात क्षमताओं के निर्माण की प्रक्रिया में मानव संसाधन विकास है।(हर्बिरोन 1964)

वर्तमान समय में लोग यह मानते हैं कि शिक्षा का सीधा संबंध जीवन और स्वतंत्रता की दिशा के साथ मानक होना चाहिए। शिक्षा को हर एक सुसंस्कृत समाज में जाति, धर्म, और स्थिति के आधार पर अलग न होने के साथ, हवा और पानी की तरह मुक्त होना चाहिए और सभी के लिए सुलभ होना चाहिए।

मनुष्य एक जिज्ञासू प्राणी है और इसी जिज्ञासा के फलस्वरूप वह विभिन्न तथ्यों को ज्ञात करने हेतु अपने ज्ञान को बढ़ाता है। जैसे जैसे ज्ञान की मात्रा बढ़ती है वह उसे सुनियोजित करने का प्रयास करता है और यही प्रयास शोध का रूप ले लेता है। व्यक्ति अपने पूर्व ज्ञान को प्रामाणिकता प्रदान करने हेतु शोध करता है तथा इन शोधों के निष्कर्ष ही समाज के लिए उपयोगी होते हैं।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति उस देश की शिक्षा व्यवस्था के स्वरूप एंव स्थिति के मापदण्ड के रुप में देखा जाता है। आगे यही दृष्टिकोण के प्राथमिक शिक्षा की ओर अपनी दृष्टि उन्नमुख करती है। क्योंकि यही शिक्षा की प्रथम सीढ़ी होने के नाते राष्ट्र की भावी उच्च शिक्षा की नीवं का निर्माण करती है। राष्ट्रीय जीवन से निरक्षरता का प्रजातंत्र के निर्माण के लिये प्रगतिशील मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से भारतीय संविधान निर्माताओं ने भारतीय संविधान की धारा 45 में संवैधानिक निर्देशो का इस प्रकार से प्रतिपादन किया है। ''राज्य इस संविधान के क्रियान्वित किये जाने के समय से दस वर्ष के अंतर्गत जब तक कि सभी बालक 14 वर्ष की आयु पूर्ण नही कर लेगें, निशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करेगा''। इस संवैधानिक निर्देश के प्रतिरोपण से स्पष्ट होता है कि इसका मूल उददेश्य शिक्षा को सार्वभौम बनाना था।

लेकिन संविधान के लागू होने के 10 साल तक भी भारत अनेक सामाजिक एंव आर्थिक समस्याओं के चलते अपने सभी 6–14 साल तक के बच्चो के लिए प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहा। जिसके चलते यह समय सीमा समय–समय पर बढाई जाती रही। संवैधानिक रूप से भारत सरकार शिक्षा को मूलभूत अधिकार के रूप में (अनुच्छेद 21 (ए) संविधान के 86 वे संशोधन में दिसम्बर 2002 में जोडा गया, एंव संसद द्वारा जुलाई 2009 में पारित किया गया) स्वीकार कर 6–14 साल के प्रत्येक बच्चे को मुफ्त एंव अनिवार्य शिक्षा देने के लिये बचनबद्ध है।

इस हेतु भारत सरकार के कई प्रयासों में ऑपरेशन ब्लेक वोर्ड (1986), नॉन फार्मल एजूकेशन स्कीम(1986), शिक्षा कर्मी प्रोजेक्ट(1987), महिला सामख्य (1989), लोक जुम्बीश(1992), जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम(1994), मध्यान्ह भोजन(1995), स्कूल चलो अभियान(1996), एवं सर्व शिक्षा अभियान(2001) प्रमुख है। अधिक आबादी, अनेक सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं, एवं क्षेत्रिय विभिन्नता के चलते विस्तृत स्तर पर शिक्षा प्रदान करना कठिन कार्य है। शर्मा (1996) के अनुसार पूर्व के कुछ वर्षो में शिक्षा संबंधी कार्यो में मात्रक और सामाजिक महत्व की दृष्टि से वृद्धि हुई है। किंतु उनकी उपलब्धि के लिये प्रावधानों में अनुपातिक रूप से वृद्धि नही हुई है। शैक्षिक योजनाओं का लाभ निचले स्तरों तक पहुँचानें, योजनाओं का सही रूप से कार्यन्वित होने सरकारी खजाने के सही उपयोग, स्थानीय निकायों का सरकारी निकायों के साथ मिलकर कार्य करने तथा इन योजनाओं का मूल्यांकन, संचालन रख रखाब आदि करने की दृष्टि से शैक्षिक प्रशासन का कार्य जटिल हुआ है।

इसी जटिलता को दूर करने के लिये भारत सरकार ने सभी की सरकारी कार्यो मे भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु संविधान में 73 वाँ. एवं 74 वाँ संशोधन किया संविधान के 73 वाँ संशोधन (1982) के अनुसार स्थानीय पंचायतों के निर्माण एवं पंचायतों का ग्रामीण स्तर पर संधीय कार्यो में सामाजिक भागीदारी को सुनिश्चित किया गया। 74 वाँ संशोधन में शहरों में नगर पालिका का निर्माण भी इसी उद्देश्य के लिये किया गया। राज्यों से अपेक्षा की गई है कि वह इन स्थानीय निकायों के साथ मिलकर इन्हे अधिकार, कर्तव्य एवं वित्तिय संबंधी हस्तक्षेप करने की भागीदारी सुनिश्चित करें। इसी से भारत में शिक्षा के विर्केन्द्रीकरण की शुरूआत मानी गयी।

सर्व शिक्षा अभियान की सफलता हेतू सरकार ने पहले से ही शिक्षा में समुदाय की भागीदारी पर बल दिया है। इसके फलस्वरूप राज्य, जिला, तहसील एवं ग्राम स्तर पर प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में अधिकारो एवं कर्तव्यों का विकेन्द्रीकरण कर सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित किया गया है। ग्राम स्तर पर विद्यालय के प्रमुख फैसले लेने अमलीकरण करने एवं कार्य प्रणाली पर निगरानी करने हेतु स्थानीय निकायों ग्राम शिक्षा समिति, पालक शिक्षक संघ, स्कूल प्रशासन समिति, माता शिक्षक संघ, आदि समितियों का निमार्ण सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत किया गया है। प्रस्तुत शोध में इन्ही स्थानीय निकायों की ओर से प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण में और सफल बनाने में किये गये प्रयासों को वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन करने का प्रयास किया गया ह।

चूंकि शोधार्थी मध्यप्रदेश के एक जिले में निवास करता है। और शिक्षा के क्षेत्र में कई वर्षो से संलग्न ही अतः उसे प्राथमिक शिक्षा की जमीनी सच्चाई दिखाई दी और उसने इस विषय को शोध हेतु चयन किया। जिससे वह यह जान सके कि ग्राम शिक्षा समिति एवं पालक शिक्षक संघ के सदस्य शिक्षा के प्रति अपनी क्या अभिवृत्ति रखते है, यह जान सके। जिससे प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण में कोई अवरोह उत्पन्न नही हो और वह निरन्तर अपने लक्ष्य प्राप्ति की और बढ़ सके।

किसी भी शोध की संकल्पना पूर्व शोधों के अध्ययन के बिना असभंव होता है। प्रस्तुत शोध की संकल्पना निम्न पूर्व शोधों के अध्ययन के आधार पर की गई है। **मेनन (1999)** ने हरियाणा में ग्रामीण शिक्षा समितियों का अध्ययन, जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत किया। शोध के प्रमुख निष्कर्षो में से ग्रामीण शिक्षा समिति के मानकों का सही ढंग से पालन न होना, महिला सदस्यों का उदासीन रवैया, एवं महिला सदस्यों का तयशुदा आरक्षण (50 प्रतिशत) से भी कम होना प्रमुख थे। **फरेनकोईस (2002)** ने पेरिस विश्वविद्यालय तथा सेंटर ऑफ सांईसेस व हयूमेनिटिस नई दिल्ली के सोजन्य से 'Impact of the Educational Reform on the School Education System: The Field of Educational Gurantee Scheme (EGS) and other primary School in Madhya Pradesh" नामक शोध किया और पाया कि सरकारी तंत्र की निष्क्रियता शिक्षा गारंटी योजना के सफल होने की राह का प्रमुख अवरोध है।

सांख्यकीय विश्लेषण :– संकलित न्यादर्श का सारणीकरण करके उसका सांख्यकीय विश्लेषण किया गया। शोध की आवश्यकता के अनुसार काई वर्ग से सांख्यकीय गणना एवं परीक्षण किया गया।

न्यादर्श :– प्रस्तुत शोधकार्य में बुरहानपुर जिले के प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के प्रति ग्राम शिक्षा समिति एवं पालक शिक्षक संघ की अभिवृत्ति का अध्ययन किया गया है। इस हेतु निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। इसके लिए प्रतिभागियों को प्रश्नावली दे उन से उत्तर प्राप्त किया गया है। प्रस्तुत शोधकार्य हेतु बुरहानपुर शहर जिले के प्राथमिक विद्यालयों को लिया गया है इन चयनित विद्यालयों में से 50 ग्राम शिक्षा समिति सदस्यों एवं 50 पालक शिक्षक संघ सदस्यों अर्थात कुल 100 सदस्यों को यादृच्छिक न्यादर्श विधि के अन्तर्गत चुना गया।

शोध के परिकल्पना :–

1. 'शिक्षा बच्चो के लिए अति आवश्यक है', के प्रति ग्राम शिक्षा समिति एवं पालक शिक्षक संघ के सदस्यों की अभिवृत्तियों के विभिन्न मतों में सार्थक अंतर नहीं है।
2. 'देश में प्राथमिक शिक्षा प्रगति पर है', के प्रति ग्राम शिक्षा समिति, एवं पालक शिक्षक संघ के सदस्यों की अभिवृत्तियों के विभिन्न मतों में सार्थक अंतर नहीं है।

व्याख्या :–

सारणी क्रमांक 01

'शिक्षा बच्चो के लिए अति आवश्यक है', के प्रति', ग्राम शिक्षा समिति, एवं पालक शिक्षक संघ की अभिवृत्तियों संबंधी तुलनात्मक परिणाम

अभिभावक	संख्या	प्रतिक्रिया		'काई वर्ग' मान	सार्थकता स्तर
		सहमत	असहमत		
ग्राम शिक्षा समिति सदस्य	50	29	21	2.15	>0.01
पालक शिक्षक संघ	50	36	14		

स्वतंत्रता के अंश –02 0.01 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान –9.21

प्रस्तुत सारणी में प्रदर्शित परिणामों से यह स्पष्ट है कि प्राप्त 'काई वर्ग' का मान 2.15 स्वतंत्रता के अंश 02 पर सार्थकता के 0.01 स्तर के लिए निर्धारित मान 9.21 से कम है, जो सार्थक नहीं है। अर्थात् ग्राम शिक्षा समिति, एवं पालक शिक्षक संघ की अभिवृत्ति के मत समानताएं पाई गईं तथा पालक शिक्षक संघ सदस्यों में इस बात के प्रति अधिक सकारात्मक अभिवृत्ति पाई गई। वहीं ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों में इस बात के प्रति कम सकारात्मक अभिवृत्ति पाई गई। अतः परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। उपरोक्त परिणामों को आरेख क्रमांक 01 में प्रदर्शित किया गया है।

आरेख क्रमांक 01

'शिक्षा बच्चो के लिए अति आवश्यक है', के प्रति ग्राम शिक्षा समिति एवं पालक शिक्षक संघ की अभिवृत्तियों संबंधी तुलनात्मक आरेख



सारणी क्रमांक 02

'देश में प्राथमिक शिक्षा प्रगति पर है', के प्रति ग्राम शिक्षा समिति, एवं पालक शिक्षक संघ की अभिवृत्तियों संबंधी तुलनात्मक परिणाम

अभिभावक	संख्या	प्रतिक्रिया		'काई वर्ग' मान	सार्थकता स्तर
		सहमत	असहमत		
ग्राम शिक्षा समिति सदस्य	50	38	12	16.23	<0.01
पालक शिक्षक संघ	50	18	32		

स्वतंत्रता के अंश –02 0.01 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान –9.21

प्रस्तुत सारणी में प्रदर्शित परिणामों से यह स्पष्ट है कि प्राप्त 'काई वर्ग' का मान 16.23 स्वतंत्रता के अंश 02 पर सार्थकता के 0.01 स्तर के लिए निर्धारित मान 9.21 से अधिक है, जो सार्थक है। अर्थात् ग्राम शिक्षा समिति, एवं पालक शिक्षक संघ की अभिवृत्ति के मत भिन्नताएं पाई गईं तथा ग्राम शिक्षा समिति सदस्यों में इस बात के प्रति अधिक सकारात्मक अभिवृत्ति पाई गई। वहीं पालक शिक्षक संघ के सदस्यों में इस बात के प्रति कम सकारात्मक अभिवृत्ति पाई गई। अतः परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है। उपरोक्त परिणामों को आरेख क्रमांक 02 में प्रदर्शित किया गया है।

आरेख क्रमांक 02

'देश में प्राथमिक शिक्षा प्रगति पर है', के प्रति ग्राम शिक्षा समिति एवं पालक शिक्षक संघ की अभिवृत्तियों संबंधी तुलनात्मक आरेख



संदर्भ ग्रंथ सूची :–

- भारत सरकार (2006), सर्व शिक्षा अभियान, अधिसूचना 2004 व 2005 नई दिल्ली भारत सरकार।
- अग्रवाल, जे.सी. (2012) : उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षा, अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा
- भटनागर, आर.पी. (1995): शिक्षा अनुसंधान : विधि एवं विश्लेषण, ईगल बुक्स इंटरनेशनल, मेरठ
- गुप्ता, एस.पी. (2005): सांख्यिकीय विधियाँ, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद
- कपिल. एच.के. (2008): सांख्यिकीय के मूल तत्व, अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा–7
- मुकर्जी, रवीन्द्रनाथ(2012): सामाजिक शोध व सांख्यिकी, विवेक प्रकाशन जवाहर नगर,

दिल्ली–7

- पाण्डेय, रामशकल एवं मित्र करूणाशंकर (2008) : मूल्य शिक्षण, अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा 7
- रूहेला, एवं भार्गव, (2012): उभरते भारत में शिक्षा, एच.पी. भार्गव बुक हाउस, आगरा –4
- सरीन, एस एवं सरीन, ए (2007) शैक्षिक अनुसंधान विधियाँ, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा – 2
- शर्मा, आर.के.,एवं एट अल, मूल्य शिक्षा एवं मानवाधिकार, राधा प्रकाश मन्दिर प्रा.लि., आगरा
- श्रीवास्तव, मेद्या (2008–09) "विद्यार्थियों के सामाजिक आर्थिक स्तर का नैतिक मूल्यों पर पड़ने वाले प्रभाव का एक अध्ययन" देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (लघु शोध प्रबन्ध)
- श्रीवास्तव. पी, (2017) "निचली बस्ती के किशोरों के मध्य नैतिक निर्णय बिहेवियरल साइनाटिस्ट (बाइ–एनुअल)" वाल्यूम 18. नं 2, पृ. क्र. 131–136
- Buch, M.b. (1988, 1992) : Fourth Survey of Research in Education, National Council of Education Research and Training, New Delhi, Vol. I & II.
- Deka T. (2003) Panchayati Raj for developing Rural India, Retrieved from www.Edcuationforallindia.com Page 44
- Francois, L (2012) Impact of the Educational Reform on school system. The field study of EGS and other primary school in Madhya Pradesh, New Delhi. French Research Institute of India.

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

रसवदादि अलंकार

डॉ. आनन्द कुमार दीक्षित
प्राचार्य, विवेकानन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलॉजी, इटावा

संक्षेपिका :– आचार्य भरत की ''न हि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते'' इस उक्ति के अनुसार रस का प्राधान्य व्यक्त किया गया है और आचार्य विश्वनाथ के ''वाक्यम् रसात्मकं काव्यम्'' में रस को काव्य की आत्मा कहा गया है और अलंकारो को कटक कुण्डलवत (हार केयूरवत)। भारतीय अलंकार शास्त्र में ज्वलन्त प्रश्न सदैव उठता रहा है कि क्या अलंकार को भी रस के समान मान्यता प्राप्त हो सकती है? इस प्रश्न की जिज्ञासा की शान्ति हेतु प्रस्तुत शोधपत्र में आचार्य भामह से लेकर अलंकारसर्वस्वम् के टीकाकार श्रीविद्याचक्रवर्ती तक की विचारसरणि में आवगाहन कर रसवदादि अलंकारों की सत्ता की सिद्धि हेतु प्रयास किया गया हैं।

की–वर्ड :– रसवत, प्रेय, ऊजस्वि, समाहित, रस, रसाभास, भाव, भावाभास, भामह, उद्भट, आनन्दवर्धन, मम्मट, रूय्यक, जयदेव, विश्वनाथ, अप्पयदीक्षित, श्रीविद्याचक्रवर्ती, नारायणदासबनहट्टी, कुमारीएस.एस. जानकी।

आचार्य आनन्द वर्धन ने रस आदि को चित्तवृत्ति का विभिन्न रूप माना हैं–

''चित्तवृत्ति विशेषा हि रसादयः''। इसी प्रकार के आधार मानकर संभवतः रूय्यक ने चित्तवृत्तिगत के रूप में एक नवीन श्रेणी स्थापित की। इसमें रसवद्, प्रेय, ऊर्जस्वि, समाहित, भावोदय, भावसन्धि तथा भावशबलता इन अलंकारों की गणना की। इन अलंकारों का विकास क्रम कला और अनुभूति के दो पक्षों में विभक्त मिलता है। कला पक्ष के पोषक, भामह, दण्डी तथा उद्भट आदि हैं। अनुभूतिवादी आचार्यों में आनन्दवर्धन, मम्मट, पण्डितराज आदि आते हैं।

भामह ने रसवद् अलंकार, प्रचछन्न श्रृंगार आदि रस का चमत्कार पूर्ण उद्घाटन माना हैं। उन्होंने उदाहरणों से ही इन अलंकारों को स्पष्ट किया है।

''रसवद्दर्शितस्पष्ट श्रृंगारादि रसं यथा।।''1

प्रेयस् का निरूपण करते हुए भामह का मत हैं–

प्रयोगृहागतं कृष्णमवादीद् विदुरो यथा।
अद्य या मम गोविन्द जाता त्वयि गृहागते।
कालेनैशा भवेत्प्रीतिस्तवैवागमनात्पुनः।।2

ऊर्जस्वी को बताते है–''

ऊर्जस्वि कर्णेन यथा पार्थाय पुनरागतः।
द्विः सन्दधाति किं कर्णः शल्येत्यहिरपाकृतः।।

दण्डी ने प्रियतर कथन स्पष्टतः चाटु या भक्ति प्रेय, रस से सुन्दर कथन रसवत् रूढ़ अहंकार से युक्त कथन ऊर्जस्वि माना हैं। इन तीनों में वाच्य शोभारूपी उत्कर्ष रहता है अतः ये तीनों अलंकार कहे जाते है।

''प्रेयः प्रियतराख्यानं रसवद् रसपेशलम्।
ऊर्जस्वि रूढाहंकारं युक्तोत्कर्श च तत् त्रयम्।।3

उद्भट ने प्रेय, रसवद् और ऊर्जस्वि को सम्यक् रूप से प्रतिपादित किया है। उनका विवेचन निम्नवत् है–

''रत्यादिकानां भावानांमनुभावादि सूचनैः।
यत्काव्यं वध्यते सद्भिस्तत् प्रेयस्वदुदाहृतम्।।''[4]

अर्थात् रत्यादि भावों के अनुभाव आदि की सूचना द्वारा जो काव्य ग्रंथित होता है उसे विद्वज्जन प्रेयस्वद संज्ञा देते हैं। उदाहरण दिया है–

''इयं च सुतवाल्ल्भ्यान्निर्विशेषस्पृहावती।
उल्लापयितुमारब्धा कृत्वेमं क्रोड आत्मनः।।''[5]

भट्टोद्भट सम्मत रसवद् अलंकार का लक्षण है–

''रसवद्दर्शित स्पष्ट श्रृंगारादिरसादयम्।
स्वशब्द स्थायि संचारि विभावाभिनयास्पदम्।।''[6]

अर्थात् श्रृंगारादि रसों के स्पष्ट प्रतिपादन से यह अलंकार रसवद् कहलाता है। इसमें रस का स्ववाचक शब्द, स्थायीभाव, संचारीभाव, विभाव तथा अभिनयात्मक अनुभाव रहते हैं। प्रेयस्वत् का सम्बन्ध स्थायीभाव से है, रसवत का रस से। प्रेयस्वत् में अनुभावों के द्वारा स्थायीभाव सूचित होता है। रसवत् में रस की पूर्णता के लिए इसका पंचरूप वर्णन होता हैं। इसमें रसवाचक शब्द का कथन ध्वनिवादियों की दृष्टि में रसापकर्षक दोष माना गया है। उद्भट रसविवेचन के साथ ही नौ रसों की भी गणना कराते हैं–

श्रृंगाहास्यकरूणरौद्र वीरभयानकाः
वीभत्साद्भुतशान्ताश्च नव नाट्ये रसाः
स्मृताः।।''[7]

यहाँ दण्डी द्वारा त्याग दिये गये शान्त रस का संग्रह भी सभी रसों के साथ ही कर दिया गया है। इस विशिष्टता का प्रतिपादन आचार्य मम्मट जैसे आलंकारिक की कृति में भी नहीं प्राप्त होता, मम्मट ने भी शान्त को अलग से बताया है।

उद्भट ने रसवत् का जो उदाहरण दिया हैं उससे ''स्वशब्द'' का अर्थ रति या श्रृंगार आदि शब्द नहीं अपितु काम, कन्दर्प, मन्मथ, कामप्रिया आदि शब्द भी है जो प्रायः श्रृंगार प्रसंग में ही प्रयुक्त होते हैं।

उद्भट कृत रसवद् का उदाहरण हैं–

''इति भावयतस्तस्य समस्तान्पार्वतीगुणान्।
संभृतानल्प संकल्पः कन्दर्पः प्रबलो भवत्।।
स्विद्यतापि स गात्रेण बभार पुलकोत्करम्।
कदम्ब कलिकाकोष केसर प्रकरोपमम्।।
क्षणमौत्सुक्य गर्भिपया चिन्तानिश्चलया क्षणम्।
क्षणं प्रमोदालसया दृशास्यास्यमभूष्यत।।[8]

यहॉ भगवान शंकर का अभिलाषिक विप्रलम्भ श्रृंगार निबद्ध है। यहॉ स्वशब्द हैं– प्रबल कंदर्प या काम (रति)। वही स्थायी 'कंदर्प' शब्द से स्पष्ट कर दिया गया है कारण यह है कि श्रृंगार रति का परिपोष ही तो है। रति युवा और युवक का काम ही है। इसलिए रति विशेष का वाचक 'केदर्प' शब्द यहॉ स्थायी का वाचक शब्द हैं। औत्सुक्य चिन्ता एवं हर्ष नामक संचारी तो स्पष्ट ही शब्दोक्त हैं। इसी प्रकार स्वेद और रोमांच सात्विक भाव भी शब्दोपात्त हैं। वे भी संचारी ही है कारण, सात्विक भी स्थायी भाव की एक विशेष अवस्था है अतः निर्वेद आदि की ही प्रकार वे भी एक प्रकार के संचारी ही हैं। 'इति भावयतस्तस्य.....' के द्वारा विभाव का निर्देश किया गया हैं। तत्तत् गुणों से विभूषित भावनागोचर भगवती ही विभाव हैं। 'दृशा' द्वारा यहॉ अभिनय के नाम पर कटाक्षाभिनय कहा गया है। अतः यहॉ स्ववाचक शब्द आदि पॉच साधनों द्वारा अभिलाषिक श्रृंगार की अभिव्यजंना की गई है।

ऊर्जस्वी की स्थापना के सम्बन्ध में उद्भट का विवेचन मम्मट आदि के निरूपण का मूल आधार बना। उद्भट ने ऊर्जस्विता के लिए अनौचित्य को आवश्यक माना था।

उद्भट कृत ऊर्जस्विता का लक्षण हैं–

''अनौचित्य प्रवृत्तानां कामक्रोधादि कारणात्।
भावानां च रसानां च बन्ध ऊर्जस्वि कथ्यते।।[9]

अर्थात् काम एवं क्रोधादि के कारणवश अनुचित ढंग से जहॉ रस या भाव प्रवृत्त हो वहॉ ऊर्जस्वि नामक अलंकार होता है।

प्रतिहारेन्दुराज इसे स्पष्ट करते है कि कहीं तो रस एवं भाव का शास्त्रीय ज्ञान के अनुरूप उपनिबंध होता है और कहीं विरूद्ध। जहॉ शास्त्रीय ज्ञान के अनुरूप उपनिबंध होता है। वहां तो प्रेयान अलंकार तथा रसवद् अलंकार होता है और जहॉ तद्विरूद्ध होता है या तन्मूलक लोक व्यवहार विरूद्ध अभिधान होता हैं वहॉ रसभाव की जब बंधान होती है तब ऊर्जस्वित् काव्य होता है। कारण यह है कि वहॉ राग द्वेश एवं मोह के कारण अनुचित ढंग से रसभाव आदि का उपनिबंध होता है। इसीलिए अपनी कल्पना से परिकल्पित होने के कारण ऊर्ज या बल की विद्यमानता होती है। अतः यहॉ ऊर्जस्वि का व्यवहार होता है।

ऊर्जस्वि का उद्भट ने उदाहरण दिया हैं–

''तथा कामोऽस्य बवृधे यथा हिमगिरेः सुताम्।
संग्रहीतुं प्रववृते हठेनापास्य सत्पथम्।।''[10]

यहॉ सम्पूर्ण विश्व का अतिक्रमण करने वाले भगवान शिव के प्रति अविवाहित कुमारी को विषय बनाकर काम का जो हठसंग्रह है–वह शास्त्रीय अंकुश के विरूद्ध है और यह सब बढ़े हुए राग के कारण है इसीलिए यहॉ ऊर्जस्विता हैं। इस प्रसंग में 'काम बढ़ा' यह प्रयोग स्ववाचक श्रृंगार का शब्द है। श्रृंगार का कारण यह है कि रतिपोषात्मक होने के कारण कामवृद्धि उसका स्वभाव ही है। यहॉ प्रयुक्त काम शब्द श्रृंगार रस के स्थायीभाव रति का ही वाचक स्वशब्द हैं। हिमगिरि की सुता आलम्बन विभाव हैं हठेन कहने से आवेगरूप व्यभिचारी भाव का प्रतिपादन हैं। सत्पथ का त्याग करने से मोह ध्वनित होता है। 'संग्रहार्थ प्रवृत्त हुए' इस उक्ति से आंगिक अनुभाव कहा गया। इस प्रकार स्ववाचक शब्द आदि पॉचों सामग्री से ऊर्जस्वि रूप श्रृंगार सूचित हो रहा है।

समाहित अलंकार का जो रूप मम्मट के काव्यप्रकाश या रूय्यक के अलंकारसर्वस्व में प्राप्त होता है। उसका आधार भी उद्भट प्रतिभा प्रसूत है। लक्षण हैं–

''रसभावतदाभासवृत्तेः प्रशमबन्धनम्।
अन्यानुभावनिःशून्य रूपं यत् तत् समाहितम्।।''[11]

अर्थात् रस, भाव एवं रसाभास तथा भावाभास की वृत्ति का जहां प्रशम बताया जाय और अतिरिक्त रसादि के अनुभावादिकों की पूर्णरूपेण भून्यता हो। वहॉ समाहित नामक अलंकार होता है।

प्रतिहारेन्दुराज समाहित को स्पष्ट करते हैं–''यत्र पूर्वेशां रसादीनां वासनाया दाढ्र्येन तेशूपषान्तेश्वपि रसाद्यन्तराणां न स्वरूपमाविर्भवति आविर्भवदपि वा कार्यवशेन केनचित्तिरोधीयते तत्र समाहितालंकारो भवति।''[12]

अर्थात् जहां पूर्ववर्ती रस आदि की वासना दृढ़ होने से उनके शान्त हो जाने पर भी अन्य रसों का स्वरूप आविर्भूत नहीं हो पाया अथवा आविर्भूत होता हुआ भी कार्यवशात् किसी के द्वारा तिरोहित कर दिया जाता है उसे समाहित नामक अलंकार माना जाता है। इसका उदाहरण उद्भट के शब्दों में–

''अथकान्तां दृशं दृष्ट्वा विभ्रमाच्च भ्रमं भ्रुवोः।
प्रसन्नं मुखरागंच रोमांच स्वेदसंकुलम्।।
स्मर ज्वरप्रदीप्तानि सर्वाङ्गानि समादधत्।
उपासर्पद्गिरिसुतां गिरिशः स्वास्ति पूर्वकम्।।[13]

यहॉ समादधत् से अभिप्राय हैं–स्वरूपस्थ करते हुए। ''समादधत्'' में यद्यपि 'नुम्' का आगम

होना चाहिए, फिर भी अभ्यास संज्ञा प्राप्त को नुम् नहीं होता इस निशेध से यहॉ नुम की प्रवृत्ति नहीं हुई। यहॉ भगवान शंकर के जो कांत दृष्टि आदि अनुभाव कहे गये हैं–उनका अवहित्थाया आकार प्रच्छादन द्वारा तिरोधान ही कहा गया हैं।

उद्भट के उपरान्त आचार्य आनन्दवर्धन का रसवदलंकार वर्णन अत्यन्त महत्वपूर्ण है। ये अनुभूतिवादी आचार्यों की कोटि में आते है तथा 'रसवद अलंकार' शब्द के स्थान पर 'रसालंकार' शब्द प्रयोग करते है। ध्वन्यालोककार की उक्ति हैं–

''प्रधानेऽन्यत्र वाक्यार्थे यत्रांङ्गं तुरसादयः।
काव्ये तस्मिन्नलंकारों रसादिरिति मे मतिः।।[14]

अर्थात् जहॉ रसादि अंग हों और कोई अन्य तत्त्व प्रधान हो तो रस आदि उसी काव्य में अलंकार होते है। यहॉ आनन्दवर्धन कृत अंगभूत रस की चर्चा में रस शब्द का अर्थ अंगभूत स्थायिभाव माना जाता है क्योंकि रस जब अनुभूति रूप है और विश्रान्ति रूप भी तब तो रस के अतिरिक्त कुछ भी नहीं रहता फलतः रस किसी के अलंकार नहीं होते। अपितु स्थायी भी आस्वाद के कारण रस के समान ही होता है अतः उन्हें भी रस कह दिया जाता है।

आचार्य मम्मट असंलक्ष्यक्रमव्यंग्य ध्वनि में रस, भाव, रसाभास, भावाभास तथा भाव शान्ति आदि की गणना कराते हुए बताते है कि जब वे रसादि अलंकार से भिन्न हों और अलंकार्य रूप से स्थित हों–

''रसभावतदाभासभावशान्त्यादिरक्रमः।
भिन्नो रसाद्यलंकारादलंकार्यतया स्थितः।''[15]

वृत्ति में स्पष्ट करते हैं– ''प्रधानतया यत्र स्थितो रसादिस्तत्रालंकार्यः, यथोदाहरिष्यते। अन्यत्र तु प्रधाने वाक्यार्थे यत्राङ्गभूतो रसादिस्तत्रगुणीभूतव्यङ्गये रसवत् प्रेय ऊर्जस्वि समाहितादयोऽलंकाराः।''[16]

अर्थात् जहॉ रस आदि प्रधान रूप से स्थित होते है वहॉ ये अलंकार्य कहलाते हैं। जैसे कि उनके उदाहरण आगे गुणीभूत व्यंग्य के प्रकरण में पंचम उल्लास में दिये हैं। तथा जहां अन्य वस्तु या अलंकार आदि रूप वाक्यार्थ के प्रधान होने पर रसादि, उन वस्तु या अलंकार आदि के अंग होते है, उनमें रसादि के गुणीभूत व्यंग्य होने पर रसवत्, प्रेय ऊर्जस्वि और समाहित आदि चार प्रकार के अलंकार होते हैं।

रूय्यक ने रसवत्, प्रेय, ऊर्जस्वि तथा समाहित अलंकारों का एक साथ वर्णन किया है क्योकि इन चारों अलंकारों में रस आदि का अलंकारत्व है। जहॉ रसादि विशय अंग बनकर प्रयुक्त हों वहॉ रसवत् अलंकार है। भाव के अलंकारत्व में प्रेय अलंकार है। रसादि के अनौचित्य के कारण अलंकारत्व में ऊर्जस्वि। रसादि के प्रशम में समाहित अलंकार है। रूय्यक के ही शब्दों में –''.....**रत्यादिश्चित्तवृत्ति विशेषो रसः।.....देवादि विषयश्च रत्यादिर्भावः।** तदाभासो रसाभासो भावाभास" च। आभासत्वम् अविषयप्रवृत्यानौचित्यम्। तत्प्रशम उक्त प्रकाराणाम् निवर्तमानत्वेन प्रशाम्यदवस्था। ..... **एशामुपनिबन्ध क्रमेण रसवदादयोलंकाराः।** रसोविद्यते यत्र निबन्धने व्यापारात्मनि तद् रसवत्। प्रियतरं प्रेयो निबन्धनमेव दृष्टव्यम्। एवमूर्जो बलं विद्यते तत्र, तदपि निबन्धनमेव। **अनौचित्यप्रवृत्तत्वादत्रबलयोगः। समाहितं परिहारः।** स च **प्रकृतत्वाद् उक्तभेद विषयः प्रशमापरपर्यायः।''**[17]

रूय्यक कृत रसवदादि का लक्षण है–

''रसभावतदाभास तत्प्रशमानां निबन्धनेन
रसवत्प्रेयऊर्जस्वि समाहितानि।''[18]

रसवत् का उदाहरण है– **''किं हास्येन न में प्रयास्यसि.....रिक्त बाहुबलयस्तारं रिपुस्त्रीजनः**[19] **यहॉ प्रधान है करूण रस और अंग भूत है विप्रलम्भ श्रृंगार।** अतः यह दोनों ही मतों में उदाहरण माना जा सकता है।

प्रेयोलंकार का उदाहरण–''गाढ़ालिङ्गनवामनीकृतकुच .....
....लीनाविलीना नु किम्।''[20]

यहॉ नायिका में हर्ष नामक व्यभिचारीभाव संयोग श्रृंगार का अंग है।

ऊर्जस्वि का उदाहरण–दूराकर्षणमोहमन्त्र. ..... एतन्न वेद्मि स्फुटम्।''[21]

यहॉ सीता के लिए रावण की निम्न अभिलाषा से निष्पन्न विप्रलम्भ श्रृंगार तथा औत्सुक्य नामक संचारी भाव अनौचित्यपूर्वक आगे बढ़े हैं।

समाहित का उदाहरण है– **''अक्ष्णोः स्फुटास्रकलुशो.....प्रसरं ददति।''**[22]

यहां कोप का प्रशम (श्रृंगार का अंग है) अतः समाहित अलंकार है।

जयदेव ने रूय्यक का अनुसरण करते हुए रसवद् आदि अलंकारों का एक छन्द में वर्णन कर दिया है–

''रस–भाव तदाभास भावशान्ति निबन्धनाः।
रसवत् प्रेय ऊर्जस्वित् समाहितमयाभिधाः।।''[23]

आचार्य विश्वनाथ ने भी रसवत् आदि अलंकारों का वर्णन रूय्यक की ही शैली में किया है–

''रसभावौ तदाभासौ भावस्य प्रशमस्तथा।
गुणीभूतत्त्वमायान्ति यदालंकृतयस्तदा।
रसवत्प्रेय ऊर्जस्वि समाहितमिति क्रमात्।।[24]

वृत्ति में कुछ तथ्यों को स्पष्ट करते है– ''प्रकृष्ट प्रियत्वात् प्रेयः'', ऊर्जो बलम्, अनौचित्य प्रवृत्तौ

तदत्रास्तीनि ऊर्जस्वि, समाहितं परिहारः।''[25]
अप्पयदीक्षित ने चन्द्रालोक की ही शैली में प्रायः अनुकरण मात्र प्रस्तुत किया है–

रसभाव तदाभास भावशान्ति निबन्धनाः।''
चत्वारो रसवत् प्रेय ऊर्जस्वि च समाहितम्।[26]

श्रीविद्या चक्रवर्ती की रसवदालंकारों पर निष्कृष्टार्थ कारिका है–

''रसभाव गुणीभावादनौचित्य प्रवृत्तितः।
रसवत्प्रेय ऊर्जस्वि समाहित चतुष्टयम्।।
रसवत्व प्रियत्वाभ्यामूर्जः प्रशमयोगतः।
निबन्धनं रसवदाद्याख्यां संप्रतिपद्यते।।''[27]

इस प्रकार उद्भट से पूर्व भामह तथा दण्डी ने रसवत् का विवेचन किया। उद्भट की वैज्ञानिक व्याख्या को उत्तरवर्ती आचार्यों ने स्वीकार कर लिया और इन चारों अलंकारो का एक साथ वर्णन किया।

रस, भाव, आभास तथा प्रशम में क्रमशः रसवत्, प्रेयस्, ऊर्जस्वि तथा समाहित नामक अलंकार होते हैं। रस जहां अंगी न बनकर अंग बन जाता है वहॉ रसवत् है। इसी प्रकार भाव के अंगत्व में प्रेयस अलंकार है। रसाभास एवं भावाभास के अंगत्व में ऊर्जस्वि, रसभाव के प्रशम में समाहित अलंकार होता है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :–

1. काव्यालंकार–भामह–3/6
2. तदेव–3/5
3. काव्यादर्श–2/275
4. काव्यालंकारसारसंग्रह–4/2
5. तदेव–पृ.–353, साहित्य सम्मेलन प्रयाग संस्करण।
6. तदेव–4/3
7. तदेव–4/4
8. काव्यालंकार सार संग्रह–पृ.–53, बनहट्टी संपादित।
9. काव्यालंकारसारसंग्रह–4/5
10. तदेव–पृ.–54, बनहट्टी संपादित।
11. काव्यालंकार सार संग्रह–4/7
12. तदेव–पृ.–56, बनहट्टी संपादित।
13. तदेव–पृ.–56, तदेव।
14. ध्वन्यालोक–आनन्दवर्धन–2/5
15. काव्यप्रकाश–4/26
16. तदेव–पृ.–94, विश्वेश्वर कृत टीका।
17. अलंकारसर्वस्व–पृ.–213–214, कु. जानकी संपादित।
18. तदेव–सूत्र–83
19. तदेव–पृ.–215–कु. जानक संपादित।
20. तदेव–पृ.–216–वही।
21. तदेव–पृ.–217, वही।
22. अलंकारसर्वस्व–पृ.–217, कु. जानकी संपादित।
23. चन्द्रालोक–जयदेव, 5/117
24. साहित्यदर्पण–10/95–96
25. तदेव–पृ.–61, पी.वी.काणे संपादित 1, 2, व दशम् परिच्छेद।
26. कुवलयानन्द–170
27. अलंकार सर्वस्व संजीवनी–पृ.218, कु. जानकी संपादित।

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

रहीम के दोहे आज के परिप्रेक्ष्य में

डॉ. कनक रागिनी
स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, हिंदी, उत्क्रमित + 2 उच्च विद्यालय चौबे, चलकुशा, हजारीबाग, झारखंड

हिंदी साहित्य प्रेमियों में भला रहीम का नाम कौन नहीं जानता ? कबीर, सूर, तुलसी, रहीम, मीरा आदि तो जन–जन के कंठहार रहे हैं। आज इनकी पंक्तियाँ सुक्तियाँ बन गई हैं जो मानवता का पग–पग पर पथ प्रदर्शन करती है। मनुष्य को मनुष्यत्व से जोड़ती है इनकी पंक्तियाँ। सत्य–असत्य, पाप–पुण्य, धर्म–अधर्म, प्रेम–प्रतिष्ठा, सज्जन–दुर्जन, नीति–अनीति, पात्र–कुपात्र, न्याय–अन्याय इत्यादि अत्यंत कठिन दर्शन को जिस सहजता, सरलता और सरसता से इन्होंने आम–जन जीवन और प्राकृतिक दृष्टांतों एवं उदाहरणों से समझाया है वह अद्‌वितीय अविस्मरणीय और सहज अनुकरणीय हैं।

दोहा छंद के संदर्भ में रहीम कहते हैं–

"दीरघ दोहा अरथ के, आखर थोरे आहिं।
ज्यों रहीम नट कुंडली, सिमिटि कूदि चढ़ि
जाहिं।।"

रहीम कहते हैं– दोहों में भले ही कम अक्षर या शब्द हैं, परंतु उनके अर्थ बड़े गूढ़ और विस्तृत होते हैं। अर्थात् कम शब्दों में बड़े से बड़े रहस्य को दोहे छंद में प्रस्तुत करना सरल है। इसलिए रहीम ने जीवन–जगत से संबंधित अपने दृष्टिकोण दोहों के माध्यम से व्यक्त किया है जो प्रत्येक युग में संदर्भित की जाती रहेंगी। इनके दोहों से मानव जाति सीख लेकर अपने जीवन की जटिल समस्याओं को सुलझाने में समर्थ होगा। इस आलेख में रहीम के उन दोहों को लिया जा रहा है जो अति लोकप्रिय हैं और इन दोहों को आज के परिप्रेक्ष्य में समझने की कोशिश की जा रही है।

"रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय।
तोड़े से फिर न जुरै, जुरै गाँठ पड़ जाए।।"

प्रेम की व्यापकता का वर्णन सभी कवियों ने किया है। किन्तु प्रेम रूपी धागे को संजोने की बात रहीम ने बताई है। उन्होंने यह भी समझाया है कि प्रेम रूपी धागे को तोड़ना नहीं चाहिए क्योंकि यदि यह धागा एक बार टूट जाए तो फिर जुड़ता नहीं और यदि जोड़ने की कोशिश भी की जाए तो उसमें गाँठ लगाकर ही जोड़ा जा सकता है।

मानव का मन बड़ा ही नाजुक होता है। यदि उसमें गाँठ पड़ जाए तो वह गाँठ आजीवन नहीं खुल पाता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य की कोशिश यह होनी चाहिए कि हमारे प्रेम–संबंधों में गाँठ न पड़े।

वर्तमान समय में व्यक्ति को इन पंक्तियों को ऐसे कुंजी के रूप में प्रयोग करने की आवश्यकता है जो व्यक्ति के मन में गाँठों को पड़ने ही न दे। संबंधों की नाजुकता, कोमलता, स्निग्धता आदि के प्रति व्यक्ति को अत्यधिक सर्तक रहना चाहिए। आज संबंधों के प्रति सर्तकता में भारी कमी आई है। परिणामस्वरूप संबंध टूट रहे हैं और यदि टूटने से किसी तरह बच भी जाए तो संबंधों में शीथिलता, जड़ता और उदासीनता का समावेश हो गया है। ऐसा लगता है– जैसे लोग संबंधों को नहीं संभाल रहे हैं, संबंधों को ढो रहे हैं। संबंधों में टूटन की बड़ी व्यापक और सूक्ष्म प्रक्रिया का नतीजा है एकल परिवार। प्रेम संबंधों में आई गाँठ का ही परिणाम है परिवार में बिखराव। ऐसे में यह पंक्तियाँ प्रेम संबंधों को संजोने का आधार बन सकती हैं।

"रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।
पानी गए न उबरै, मोती, मानुस, चून।।"

रहीम ने व्यक्ति की प्रतिष्ठा को ही उसका सब कुछ माना है। जैसे कांतिविहीन मोती का कोई मोल नहीं रह जाता है वैसे ही मनुष्य की प्रतिष्ठा एक बार चली जाए तो वह मृतक के समान है।

आज के संदर्भ में रहीम की पंक्तियाँ अत्यंत महत्वपूर्ण और अनुकरणीय हैं। चूँकि आज व्यक्ति प्रतिष्ठा को अभिमान से जोड़ लिया है और अपनी प्रतिष्ठा के लिए उसे चाहे जितने भी भ्रष्ट आचरण करना पड़े वह उससे चूकता नहीं। आज धनवान, दौलतवान और सामाजिक रुतवे को प्रतिष्ठा से जोड़ कर देखा जाता है जबकि प्रतिष्ठा इन सबसे कहीं ऊपर है। प्रतिष्ठा मनुष्यता के जीवंतता का प्रतीकार्थ है। प्रतिष्ठा मानवता की कांति है और इस जीवंतता और कांतिमयता से समस्त जड़–चेतन में प्रति पल नवीनता का संचरण होना ही मनुष्य की वास्तविक प्रतिष्ठा है। जहाँ हर ओर एक–दूसरे को धक्के देकर और यदि संभव हो तो धक्के देकर गिराए गए व्यक्ति के ऊपर से गुजर कर आगे बढ़ जाने की होड़ मची हुई है। ऐसे समय में रहीम की पंक्तियाँ मनुष्य को प्रतिष्ठा के असल अर्थ को समझाता है ताकि मनुष्य, मनुष्य को हानि पहुँचाकर प्रतिष्ठा प्राप्त न करें। मनुष्य, मनुष्य का सहयोग कर उसे अपनी दया एवं करुणा से सराबोर कर प्रतिष्ठा का मार्ग प्राप्त करें। यह प्रतिष्ठा उसे सदैव के लिए जीवंतता या अमरत्व प्रदान करेगी।

"रहिमन निज मन की व्यथा, मन ही राखो गोय।
सुन इठलैहै लोग सब, बाँट न लैहै कोय।।"

रहीम अपने मन की व्यथा मन में रखने की बात कहते हैं। चूँकि संसार में ऐसा कोई नहीं है जो आपसी व्यथा को समझे। जब भी उसे अवसर प्राप्त होगा, वह आपकी भावनाओं की हँसी उड़ाएगा।

अपने मन की पीड़ा, वेदना आदि को कवि ने किसी से न कहने की बात कही है। ये बातें वर्तमान समय में अत्यधिक प्रासंगिक हैं। चूँकि आज व्यक्ति, व्यक्ति की पीड़ा, दुख, दर्द, वेदना आदि का ही मजाक नहीं उड़ाता अपितु वह दूसरों को दुख, कष्ट और संकट में देखकर सुख प्राप्त करता है। मनुष्य अपनी पीड़ा दूसरों के समक्ष बाँटकर पीड़ा के भार से मुक्त महसूस करता था। कहा भी जाता है कि पीड़ा बाँटने से कम होती है किंतु रहीम के अनुसार यदि हम पीड़ा बाँटते हैं तो और बढ़ जाएगी क्योंकि हम जिन्हें अपना हमदर्द समझकर अपनी पीड़ा उनके समक्ष व्यक्त करते हैं। वे हमारी पीड़ा को दूर करने के बजाय हमारा मजाक उड़ाते हैं एवं लोगों के समक्ष हँसी का पात्र बना देते हैं। ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो उसके लिए ही रहीम ने अपने मन की व्यथा को अपने मन में ही रखने की सलाह दी है।

"जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापे नहीं, लिपटे रहत भुजंग।।"

जिनकी प्रकृति उत्तम होती है, उन्हें कुसंगत से भी प्रभाव नहीं पड़ता जैसे चंदन से विषधर लिपटे रहते हैं तो चंदन में उनका विष नहीं फैलता बल्कि उन्हें ही शीतलता प्राप्त होती है जो जीवन में विष धारण करते हैं।

आज के परिप्रेक्ष्य में इन पंक्तियों को देखे तो व्यक्ति स्तर पर प्रकृति में अर्थात् व्यक्ति की प्रकृति में उत्तमता लाने की आवश्यकता है। यदि ऐसे उत्तम प्रकृति के व्यक्तियों के निर्माण में हमारा समाज सफल हो जाता है तो बुरे प्रकृति के लोग भी उन्हें कुछ हानि नहीं पहुँचा सकेंगे बल्कि उत्तम चरित्र वालों से प्रेरित होकर उनमें भी बदलाव आ जाए।

"तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियहिं न पान।
कहि रहीम पर काज हित, संपत्ति सँचहिं
सुजान।।"

प्राकृतिक उपादानों से सदैव सीख ही मिलती है। हाँ! इस बात की संभावना लेने वाले या सीखने वाले मनुष्य की चिंतनशीलता पर निर्भर है कि वह प्रकृति से क्या और कितना ले सकता है? धन कमाने और जमाने के इस होड़ वाली संस्कृति से मुक्ति के साधन ही नहीं साध्य भी है रहीम की यह पंक्ति। काश! आज भी संपत्ति संचय का उद्देश्य परहित और दूसरों की भलाई हो तो संपूर्ण विश्व का मानचित्र ही बदल जाए। तरुवर और सरवर के समान प्रकृति के लोगों की संख्या आधी भी हो जाए तो शेष आधे लोगों का स्वमेव कल्याण हो जाएगा।

"कहि रहीम संपत्ति सगे, बनत बहुत बहु रीति।
विपत्ति कसौटी जे कसे, ते ही साँचे मीत।।"

सच्चे संबंधों की पहचान की जो कसौटी रहीम ने निर्मित की है। वह आज के संबंधों के परख का मानक है। श्वास शरीर की जीवनदायिनी शक्ति है तो संबंध जीवन की जीवनदायिनी योग है। संपत्ति और विपत्ति के संग होने पर कच्चे और सच्चे संबंधों की परख होती है। यदि हम यह जानना चाहते है कि हमारे सच्चे मित्र कौन हैं तो इसकी सबसे सरल कसौटी यही है कि जो विपत्ति में भी हमारा साथ दे। चूँकि जब व्यक्ति धनवान होता है तो सब उसे पूछते हैं और जैसे ही विपत्ति आती है वे उनसे दूरी बनाने लगते हैं। आज के संदर्भ में यह अति आवश्यक है कि हम ऐसे सच्चे संबंधों को पहचाने और सदैव उनके साथ रहे।

"जाल परे जल जात बहि, तजि मीनन की मोह।
रहिमन मछरी नीर को, तऊ न छाँडत छोह।।"

रहीम कहते हैं जब कोई मछुवारा मछली पकड़ने के लिए जाल फेंकता है और जब जाल में मछली फँस जाती है तो वह जाल खींचता है। जाल जैसे ही पानी से बाहर आता है तो जाल से पानी बह जाता है और मछली जाल में ही फंस कर रह जाती है और जल से वियुक्त होने के कारण तड़प–तड़प कर प्राण दे देती है। जल मछलियों से अपना मोह त्याग देता है लेकिन मछली जल का वियोग सहन नहीं कर पाती है। मीन के जल प्रेम से मनुष्यों को यह सीख लेनी चाहिए कि प्रेम जीवन का अनिवार्य तत्त्व है। उससे विलग होकर जीवन संभव ही नहीं है। मनुष्य और मछली के लिए क्रमशः हवा और पानी की अनिवार्यता को समझना और उसका संरक्षण करना भी अनिवार्य हैं मछली जल के बाहर श्वसन क्रिया नहीं कर सकती और मनुष्य जल के भीतर। प्रकृति की रचनात्मक भिन्नता के कारण मनुष्य हवा के बिना और मछली जल के बिना जीवित नहीं रह पाती है। आज का मानव प्रकृति प्रेम को भूला बैठा है। वह जल और हवा को दूषित कर अपने जीवन प्रेम को ही छल रहा है। ऐसे में मछली के जल प्रेम से हमें प्रकृति प्रेम की सीख लेने की आवश्यकता है। यदि हममें प्रकृति प्रेम न होगा तो आने वाले समय में मानव को अपने जीवन प्रेम के मोह को भी त्यागना होगा। प्रकृति प्रेम को अन्तःकरण में धारण कर ही मानव सांसारिक प्रेम में सफल हो सकता है।

"धरती की रीत है, सीत धाम औ मेह।
जैसे परै सौ सहि रहै, त्यों रहीम यह देह।।"

धरती के साथ–साथ मनुष्य के शरीर की सहन शक्ति धरती के समान है। जिस प्रकार धरती सर्दी–गर्मी–बरसात को अपने ऊपर झेल लेती है उसी प्रकार मनुष्य का शरीर भी जीवन में आने वाले सुख–दुख के पल व्यतीत करता है।

क्षिति, जल, पावक, गगन एवं समीर से रचित मानव शरीर इन पंच तत्त्वों के गुणों को भी धारण करता है। धरती, धीरता, सहनशीलता, निस्वार्थता जैसे गुणों को धारण करती है। मनुष्य का देह भी इन गुणों को धारण करता है किंतु मनुष्य अपने गुणों को भूलता जा रहा है। स्वार्थी, अधैर्यी और असहनशील होता जा रहा मानव को रहीम की इन पंक्तियों को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

"खैर, खून, खाँसी, खुसी, बैर, प्रीत, मदपान।
रहिमन दाबे न दबै, जानत सकल जहान।।"

सकुशलता, हत्या खाँसी, खुशी बैर, प्रेम, मदपान को व्यक्ति चाहकर भी नहीं दबा सकता और सारे संसार को इसकी खबर लग ही जाती है।

सदृवृत्तियाँ हो या कुवृत्तियाँ इन्हें दबाना और छिपना उचित नहीं चूँकि एक न एक दिन इन वृत्तियों को जग जाहिर होना ही है। सद्वृत्तियाँ दबाने से मानव मन की सात्विकता समाप्त होती है। कुवृत्तियाँ दबाने से व्यक्ति आत्महीनता के बोध से भर उठता है। रहीम की यह पंक्ति उन खूनियों के लिए सर्वाधिक सीख लेने योग्य है जो इस भ्रम में जीते हैं कि वे अपने कुकृत्य को छुपा लेंगे। रहीम कहते हैं कि ऐसे निंदनीय कार्य छुपाना सरल नहीं है। एक दिन संसार को सत्य का पता चल ही जाएगा। मानव अपने सद्वृत्तियों का प्रसार कर सब को सुखी बनाए और कुवृत्तियों पर विजय पाकर मानवता को विजयिनी बनाए।

"रहिमन ओछे नरन सो, बैर भली न प्रीत।
काटे–चाटे स्वान के, दोऊ भाँति विपरीत।।"

जिस प्रकार कुत्ते का काटना और चाटना दोनों ही हानिकारक है ठीक उसी प्रकार बुरे स्वभाव के लोगों से प्रेम करना और बैर रखना दोनों ही विपरीत परिणाम देते हैं।

रहीम मनुष्य को सावधान करना चाहते है कि प्रेम या बैर करने से पूर्व व्यक्ति बैरी और प्रेमी की प्रकृति को अच्छी तरह जाँच परख लें। उच्छृखंल व्यक्ति से बैर या प्रेम करने से बचना चाहिए। आज व्यक्ति अपने प्रेमी या बैरी का व्यक्तित्व परखे बिना बैर या प्रेम कर बैठता है। यह उचित नहीं। अतएव श्वान प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों से दूर रहने में ही व्यक्ति की भलाई निहित है।

"टूटे सुजन मनाइए, जौ टूटे सौ बार।
रहिमन फिरि फिरि पोहिए, टूटे मुक्ताहार।।"

सच्चे प्रकृति वाले व्यक्ति यदि सौ बार रुठ या टूट जाए तो उसे सौ बार भी मानने और जोड़ने के लिए सज्ज रहना चाहिए। जिस प्रकार मोतियों की माला चाहे जितनी बार भी टूटे उसे हर बार संजोकर जोड़ लेते हैं। ठीक उसी प्रकार सज्जनों को प्रेम से मना लेना चाहिए। चाहे वे जितने बार भी क्यों न रुष्ट हो जाए। सज्जन जीवन के हरेक मोड़ पर पथ प्रदर्शक की भाँति होते हैं। वे हमारे शुभ चिंतक होते हैं। ऐसे व्यक्ति से रुष्ट रहना उचित नहीं। आज ऐसे लोग भी है जो सज्जनों के सत्य वचन से रुष्ट होकर अपनी हानि कर लेते हैं।

"मन, मोती, अरु, दूध, रस, इनकी सहज सुभाय।
फट जाए तो न मिले, कोटिन करो उपाय।।"

रहीम कहते हैं कि मन, मोती, फूल, दूध और रस का स्वभाव अत्यंत सहज है। किंतु यदि ये एक बार फट जाएँ तो करोड़ों उपाय करने के बावजूद भी ये फिर से सहज और सामान्य रूप में नहीं आते हैं।

मोती, फूल, दूध और रस के स्वभाव का उदाहरण कविवर रहीम ने मन की प्रकृति को स्थापित की है। ताकि मनुष्य इन प्राकृतिक उपादानों के माध्यम से मन की गति, स्थिति, प्रकृति आदि को समझे और किसी का हृदय तोड़ने से पूर्व सौ, हजार या लाख बार नहीं अपितु करोड़ों बार सोच–विचार करे। चूँकि एक बार मन टूटने के बाद करोड़ों उपाय के बाद भी नहीं जुड़ता है। आज मनुष्य वस्तुओं को तोड़ने जैसा मानव मन को तोड़ता है। ऐसे में रहीम की इन पंक्तियों को जीवन में उतारने की आवश्यकता है।

आज के परिप्रेक्ष्य में रहीम द्वारा रचित ये कालजयी दोहे महाकालजयी हो गए हैं। मानव जीवन को पग–पग पर पथ प्रशस्त करती ये पंक्तियाँ जीवन को सफल बनाने के मंत्र से प्रतीत होते हैं। रहीम के दोहों की जीवंतता और संजीवनी शक्ति मानव को मानवता से जोड़ने में सहायक सिद्ध हुई थी, आज उपयोगी सिद्ध हो रही है और आगे कल्याणकारी सिद्ध होंगी।

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् किशोरवय शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का अध्ययन

रूचि चौहान
शोधार्थी, शिक्षा शास्त्र विभाग, स्वामी विवेकानन्द विश्वविद्यालय, सागर
डॉ. शशिप्रभा त्रिपाठी
शोध निर्देशक, सहायक प्राध्यापक, शिक्षा–शास्त्र विभाग, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

सारांश :– प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् किशोरवय शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का अध्ययन करना है। शोध के लिए छतरपुर जिले की शासकीय व अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 600 विद्यार्थियों का चयन किया गया है जिसमें 300 छात्र व 300 छात्राऐं हैं। व्यक्तित्व का अध्ययन के लिए डॉ. अशोक वर्मा एवं श्रीमती मीनू अग्रवाल द्वारा निर्मित ''व्यक्तित्व परीक्षण'' का प्रयोग किया गया है। तथ्यों का विश्लेषण, मध्यमान, मानक विचलन एवं टी परीक्षण द्वारा किया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् किशोरवय छात्र व छात्राओं के व्यक्तित्व में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

प्रस्तावना :– प्रत्येक व्यक्ति के बाह्य गुण उसके व्यवहार से ज्ञात हो जाते है। प्रत्येक व्यक्ति अपने गुणों द्वारा दूसरे लोगों को प्रभावित करता है वह दूसरे के गुणों से भी प्रभावित होता है चूंकि हर व्यक्ति के समस्त गुण उसके व्यक्तित्व में आ जाते है। अतः यही गुण उसके व्यवहार को भी व्यक्त करते है। व्यक्तित्व में व्यक्ति का स्वभाव, भाव, गुण, आचरण, विचार आदि का समावेश होता है उनके अनुसार उसका व्यक्तित्व दूसरों पर अच्छा या बुरा प्रभाव डालता है। विद्यार्थियों एवं शिक्षा के क्षेत्र की समस्त प्रक्रिया ही शिक्षक के व्यक्तित्व पर अवलंबित है प्रत्येक आयु समूह में व्यक्ति अपने व्यक्तित्व को बेहतर बनाने का प्रयत्न करता है क्योंकि व्यक्तित्व का एक उपलब्धि मूल्य होता है। अच्छे और प्रभावकारी व्यक्तित्व होने पर व्यक्ति अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त कर सकता है। प्रत्येक उपलब्धि के पीछे व्यक्तित्व का प्रभाव कार्य करता है।

सीखने की प्रभावशीलता, पाठ्यक्रम, शिक्षण अवधि, कक्षा में वातावरण, शिक्षण विधियाँ, शिक्षण सामग्री आदि पर निर्भर होने के साथ ही विद्यार्थी के व्यक्तित्व पर पूर्ण रूप से निर्भर होती है। व्यक्तित्व के कुछ कारक ऐसे होते है जो कि सामान्य निम्न स्तर के होने पर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को कमजोर बना देते है जिसका प्रभाव उसके सीखने की प्रक्रिया पर बुरा होता है। अगर प्रभावशील व्यक्तित्व वाला विद्यार्थी हुआ तो उसका प्रभाव अच्छा पड़ता है। वे कौन से कारक है जो विद्यार्थी के व्यक्तित्व को प्रभावशील बना देते है? व्यक्तित्व का अध्ययन केवल मनोवैज्ञानिकों ने ही नहीं बल्कि समाजशास्त्री, मानवशास्त्री एवं शिक्षाशास्त्रियों ने भी किया है। किसी भी कार्य में प्रभावशीलता उसमें कार्यरत व्यक्तियों के गुणों एवं विशिष्टता और अनुभवों पर आधारित गुण होते है। न तो हर व्यक्ति हर कार्य में प्रभावशील हो सकता है और न ही प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति उपयुक्त कार्यकर्ता बन सकता है।

किसी के व्यावहारिक गुण व्यक्तिगत तौर पर उस व्यक्ति से पूर्ण रूप से जुड़े नहीं होते बल्कि उसके पर्यावरण से जुड़े होते है जिस पर्यावरण में वह बड़ा हुआ हैं। सभी बच्चों को अच्छे पर्यावरण की आवश्यकता होती है। एक छोटे शिशु के लिए एक अच्छा पर्यावरण वह होता है जिस घर में उसकी परवरिश होती है और माँ उसे लगातार स्नेह, लाड़–प्यार देती है। अभिभावक प्रोत्साहन एक बच्चे के मानसिक, मनोवैज्ञानिक, मानसिक विकास और उसमें पैत्रिक स्वाभाविक गुणों के विकास में प्रभावी योगदान देता है।

अध्ययन की आवश्यकता तथा महत्व :– शिक्षा वह प्रकाश है जिसके द्वारा बालक का समग्र शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संवेगात्मक एवं अध्यात्मिक घटक एवं राष्ट्र का प्रखर चरित्र सम्पन्न नागरिक बनकर संस्कृति एवं सभ्यता को पुनः स्थापित रखता है। इस प्रकार शिक्षा व्यक्ति एवं समाज दोनों के लिए अति आवश्यक है। विद्यार्थियों के निर्माण एवं समाज के उत्थान में शिक्षा का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान है। व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारने और समाज की दिशा निर्धारण करने का सबसे महत्वपूर्ण साधन शिक्षा में शिक्षा भावनाऐं, प्रकृति के अनुरूप समायोजित करने के साथ रूचि को एक निश्चित दिशा देती है। शिक्षण एक विज्ञान है जिसमें न केवल एक पक्ष लेना मात्र ही महत्व नहीं रखता बल्कि उनकी व्यक्तिगत विशिष्टताओं का ज्ञान प्राप्त करना होता है।

'व्यक्तित्व' शब्द की उत्पत्ति :– 'व्यक्तित्व' अंग्रेजी

के पर्सनेल्टी शब्द का रूपान्तर है। अंग्रेजी के इस शब्द की उत्पत्ति यूनानी भाषा के पर्सोना शब्द से हुई है, जिसका अर्थ है– नकाब या मुखौटा। यूनानी लोग नकाब पहनकर मंच पर अभिनय करते थे, ताकि दर्शकगण यह न जान सकें कि अभिनय करने वाला कौन है– दास, विदूषक, राजकुमार या राजनर्तकी। अभिनय करने वाले जिस प्रकार के पात्र का अभिनय करते थे, उसी प्रकार का मुखौटा पहन लेते थे।

व्यक्तित्व का अर्थ :– व्यक्तित्व में एक मनुष्य के न केवल शारीरिक और मानसिक गुणों का, वरन् उसके सामाजिक गुणों का भी समावेश होता है, किन्तु इतने से भी व्यक्तित्व का अर्थ पूर्ण नहीं होता है। कारण यह है कि यह तभी संभव है, जब एक समाज के सब सदस्यों के विचार, संवेगों के अनुभव और सामाजिक क्रियायें एक–सी हों। ऐसी दशा में व्यक्तित्व का प्रश्न ही नहीं रह जाता है। इसीलिए, मनोवैज्ञानिकों का कथन है कि व्यक्तित्व–मानव के गुणों, लक्षणों, क्षमताओं, विशेषताओं आदि की संगठित इकाई है।

मार्टन प्रिंस :– ''व्यक्तित्व व्यक्ति की सभी प्रकार की जन्मजात प्रकृति, आवेगों, प्रवृत्तियों, इच्छाओं एवं मूल–प्रवृत्तियों और अनुभवों के द्वारा अर्जित बातों का योग है।''

अध्ययन के उद्देश्य :–

1. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के समग्र किशोरवय छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व का अध्ययन करना।
2. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के किशोरवय शहरी छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व का अध्ययन करना।
3. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के किशोरवय ग्रामीण छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व का अध्ययन करना।

परिकल्पनाऐं :–

1. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के समग्र किशोरवय छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व के स्तर में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के किशोरवय शहरी छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व के स्तर में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
3. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के किशोरवय ग्रामीण छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व के स्तर में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

उपकरण :– प्रस्तुत अध्ययन में व्यक्तित्व को मापने के लिए डॉ. अशोक वर्मा एवं श्रीमती मीनू अग्रवाल द्वारा निर्मित ''व्यक्तित्व परीक्षण'' का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श :– प्रस्तुत अध्ययन के लिए छतरपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण हायर सेकेण्डरी स्कूलों के 16 से 18 वर्ष के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के 600 विद्यार्थी सम्मिलित किए गए हैं जिसमें 300 छात्र एवं 300 छात्राऐं सम्मिलित हैं।

शोध विधि :– प्रस्तुत अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

प्रदत्तों का सारणीयन

सारणी 1.1

उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के समग्र किशोरवय छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन

क्र.	चर	न्यादर्श	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता स्तर	
						0.05	0.01
1.	समग्र शहरी छात्र– छात्राओं का व्यक्तित्व मापनी अंक	300	60.45	6.25	1.32	सार्थक अंतर नहीं है।	सार्थक अंतर नहीं है।
2.	समग्र ग्रामीण छात्र– छात्राओं का व्यक्तित्व मापनी अंक	300	59.95	6.70			
	Df-598					1.96	2.58

तालिका क्रमांक 1.1 को देखने से ज्ञात होता है कि समग्र किशोरवय छात्र–छात्राओं का क्रांतिक अनुपात 1.32 पाया गया। प्राप्त मान की सार्थकता देखने के लिए 0.05 एवं 0.01 स्तर पर तालिका में दिए गए सार्थकता मानों से तुलना करने पर यह पाया गया कि 'सी.आर.' का प्राप्त मान 1.32, 0.05 के मान 1.96 एवं 0.01 के मान 2.58 के मानों से कम है। अतः इससे निष्कर्ष निकलता है कि समग्र छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व में सार्थक अंतर नहीं है। अतः समग्र छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व का स्तर समान है।

सारणी 1.2

उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के किशोरवय शहरी छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन

क्र.	चर	न्यादर्श	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता स्तर	
						0.05	0.01
1.	शहरी छात्रों का व्यक्तित्व मापनी अंक	150	59.25	6.25	2.03	सार्थक अंतर है।	सार्थक अंतर नहीं है।
2.	शहरी छात्राओं का व्यक्तित्व मापनी अंक	150	60.82	7.08			
	Df-298					1.97	2.59

सारणी क्रमांक 1.2 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि किशोरवय शहरी छात्र एवं छात्राओं के व्यक्तित्व का क्रांतिक अनुपात 2.03 पाया गया। प्राप्त मान की सार्थकता देखने के लिए 0.05 एवं 0.01 सार्थकता स्तर पर तालिका में दिए गए सार्थकता मानों से तुलना की गई जिसमें यह पाया गया कि 'सी.आर.' का प्राप्त मान 2.03, 0.05 के मान 1.97 से अधिक है एवं 0.01 के मान 2.59 के मान से कम है। अतः निष्कर्ष निकलता है कि किशोरवय शहरी छात्र एवं छात्राओं के व्यक्तित्व में सार्थक अंतर नहीं है। अतः शहरी छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व का स्तर समान है।

सारणी क्र. 1.3

उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के किशोरवय ग्रामीण छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन

क्र.	चर	न्यादर्श	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता स्तर	
						0.05	0.01
1.	ग्रामीण छात्रों का व्यक्तित्व मापनी अंक	150	58.73	6.70	0.02	सार्थक अंतर नहीं है।	सार्थक अंतर नहीं है।
2.	ग्रामीण छात्राओं का व्यक्तित्व मापनी अंक	150	58.75	6.56			
	Df-298					1.97	2.59

सारणी क्रमांक 1.3 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि किशोरवय ग्रामीण छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व का क्रांतिक अनुपात 0.02 पाया गया। प्राप्त मान की सार्थकता देखने के लिए 0.05 एवं 0.01 सार्थकता स्तर पर सार्थकता मानों से तुलना करने पर यह पाया गया कि 'सी.आर.' का प्राप्त मान 0.02, 0.05 के मान 1.97 एवं 0.01 के मान 2.59 के मानों से कम है। अतः निष्कर्ष निकलता है कि किशोरवय ग्रामीण छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व में सार्थक अंतर नहीं है। अतः किशोरवय ग्रामीण छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व का स्तर समान है।

निष्कर्ष :–

1. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के समग्र किशोरवय छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व के स्तर में अंतर नहीं है।
2. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के किशोरवय शहरी छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व के स्तर में कोई अंतर नहीं है।
3. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के किशोरवय ग्रामीण छात्र एवं छात्राओं के व्यक्तित्व के स्तर में कोई अंतर नहीं है।

परिकल्पनाओं का सत्यापन :–

1. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के समग्र किशोरवय छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व में कोई सार्थक अंतर नहीं है। अतः परिकल्पना क्र.1 स्वीकृत की जाती है।
2. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के किशोरवय शहरी छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व में कोई सार्थक अंतर नहीं है। अतः परिकल्पना क्र.2 स्वीकृत की जाती है।
3. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के किशोरवय ग्रामीण छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व में कोई सार्थक अंतर नहीं है। अतः परिकल्पना क्र.3 स्वीकृत की जाती है।

सन्दर्भ सूची :–

1. कपिल, एच.के. (2009), सांख्यिकीय के मूलतत्व, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
2. पाठक, पी.डी. (2008), शिक्षा मनोविज्ञान, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
3. मंगल, एस.के. (2010), शिक्षा मनोविज्ञान, पी.एच. आई., लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली।
4. सिंह, अरूण कुमार (2009), उच्चतर मनोविज्ञान, मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन, बंगला रोड, इलाहाबाद।
5. हरलॉक, ई.वी. (1980), डेवलपमेंट साइकोलॉजी, टी.एम.एच. पब्लिकेशन, नई दिल्ली।

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

सतत् विकास एवं पर्यावरणीय पर्यटन

Dr. Mohd Sadiq Ali Khan
Principal, School Education, Sanskriti University, Mathura, India

प्रस्तावना :– वर्तमान समय में मानव कार्य–कलापों में पर्यटन महत्वपूर्ण होता जा रहा है जिसके कारण ही पर्यटन का राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय महत्व भी बढ़ता जा रहा है। साथ ही यह देश की आर्थिक क्रियाओं को भी प्रोत्साहित करता है जो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है। पर्यटन एक ऐसा शब्द है जो कुछ विशिष्ट उद्देश्यों को लेकर लोकजन की यात्रा और देश एवं विदेश के विविध हिस्सों से जुड़े सभी सम्बन्धित मामलों एवं प्राक्रमों को निरूपति करता है। पर्यटन में दो घटक शामिल होते हैं पर्यटक एवं पर्यावरण। पर्यटक का मकसद चाहे जितना भी सौम्य क्यों न हो फिर भी स्थानीय पर्यावरण पर उसका कुछ न कुछ प्रभाव पड़ता जरूर है। पर्यटकों के व्यवहार सहित उनकी विभिन्न क्रियाएँ पर्यावरण पर निश्चित रूप से किसी न किसी प्रकार का दबाव डालती है।

अतः प्रयास यह होना चाहिए कि पर्यटकों के लौटने के बाद जल्द ही वह क्षेत्र पूर्व मूल स्थिति में आ सके, लेकिन ऐसा होता नहीं है। पर्यटन एक अत्यन्त महत्वपूर्ण आर्थिक क्रिया है क्योंकि इससे किसी देश की अर्थव्यवस्था कई गम्भीर समस्याओं जैसे – गरीबी, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता एवं विदेशी मुद्रा अर्जन की समस्या को हल किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से पर्यटन के विकास और विस्तार की बात पर दिनोंदिन जोर दिया जा रहा है किन्तु इसके विस्तार से पर्यावरण एवं प्रकृति के लिए अनेक नये संकटों का भी विस्तार होने लगा है। इसका एक उदाहरण वर्ष 2013 में हुई केदारनाथ त्रासदी है जिसका कारण वहाँ पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु किया गया अन्धाधुंध निर्माण को बताया जाता है जो कि ऐसे क्षेत्रों में निर्माण के नियमों को परे रखकर किया जा रहा था। गोयल, राजेश, (2011)[1]

सतत् विकास की धारणा एवं पर्यटन :– यहाँ हम सतत् विकास की अवधारणा को पर्यावरण से जोड़ कर स्पष्ट कर रहे है चूंकि सतत् विकास की धारणा से स्पष्ट होता है कि वर्तमान विकास ऐसा होना चाहिए जिससे हमारी वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताएँ तो पूरी हो ही जाए साथ ही साथ भविष्य की आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्राकृतिक संसाधन बने रहे। इस अवधारणा को विकसित करने की आवश्यकता इसलिए हुई क्योंकि वर्तमान युग में हर देश तेजी से विकास करने की होड़ में प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक विदोहन कर रहे है जिससे बढ़ती जनसंख्या का इन पर निरन्तर दबाव बढ़ता जा रहा है।

पूर्व साहित्य अवलोकन :–

शर्मा, कमल (1996)[2] पर्यटन एक बहुआयामी क्रिया है जिसमें पर्यटकों के मूल स्थान से लेकर गन्तव्य तक की विभिन्न अवस्थाओं में अलग–अलग सुविधाएँ एवं सेवाएँ अनिवार्य है। पर्यटन का सम्बन्ध केवल पर्यटक एवं उसके विकास भर से नहीं होता बल्कि इसके अनुकूल और प्रतिकूल प्रभाव प्राकृतिक वातावरण, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक वातावरण पर भी पड़ते है, जिनका अध्ययन एवं चिंतन आवश्यक है। भूतिया, शार्प (2005)[3], पर्यटन उद्योग की सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना है। जो पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों की शिक्षा एवं प्रशिक्षण पर निर्भर करता है। इस उद्योग में बड़े स्तर पर शिक्षित, प्रशिक्षित एवं योग्य व्यक्तियों की सदैव मांग बनी रहती है। इसके अतिरिक्त एक बड़ी समस्या नियंत्रण विहिन होटलों के अंधाधुंध निर्माण की है जो बिना किसी नियन्त्रण के पर्यावरण को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करते है। गौतम, शिवानन्द, (1999)[4], पर्यटन स्थलों पर लगातार बढ़ते निर्माण कार्य प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए घातक है। पर्यटन एवं पर्यावरण पारिस्परिक रूप से अन्तर्सम्बन्धित है, अतः निर्माण कार्य से जुड़े प्रत्येक पक्ष (सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव) को ध्यान में रखना चाहिए।

उद्देश्य :– शोध पत्र का उद्देश्य सतत् विकास एवं इको टूरिज्म के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन कर इसके अनुकूल एवं प्रतिकूल प्रभावों का अध्ययन करना है।

इको टूरिज्म :– इन दिनों इको टूरिज्म का प्रयोग जोर–शोर से हो रहा है जिसमें प्रकृति के दोहन पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है उसके संरक्षण पर कम दिया जा रहा है। पर्यावरणीय पर्यटन एवं पारिस्थितिकी पर्यटन प्रकृति पर आधारित है जो प्रकृति से प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त आनन्द से सम्बन्धित है। इसके पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए स्थान विशेष की उपयुक्तता आवश्यक है। साथ ही पर्यटन को प्राकृतिक पर्यावरण में स्थाई ह्रास का साधन नहीं बनना चाहिए। पर्यटन का वास्तविक एवं प्राचीन स्वरूप धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन का ही रहा है बाकी के अन्य रूप

इन्हीं से सृजित हुए है और भारत में तो धार्मिक एवं इको टूरिज्म का अत्यधिक महत्व व सम्भावनाएँ है। क्योंकि भारत अपनी विविधता एवं जैव विविधता के लिए पूरे विश्व में जाना जाता है।

मीठे पानी की डॉल्फिनों में से एक सोंस या गंगेटिक डॉल्फिन भारत में पायी जाती है। सर्पों की अनेक प्रजातियाँ भी भारत में है जैसे – सबसे जहरीले सर्पों में किंग कोबरा यही पाया जाता है, इनके अतिरिक्त सालामंडर की कई प्रजातियाँ, पौधों की लगभग 47,000 प्रजातियाँ, जिसमें से 7000 तो केवल भारत में ही पाये जाते है। यहाँ 62 प्रतिशत वनस्पति सीमित है जो हिमालय, खासी की पहाड़ियों एवं पश्चिमी घाटों में पायी जाती है। भारत में 7500 कि.मी. लम्बी तटरेखा, नदी मुहानों और डेल्टा में जैव विविधता के अपार भण्डार है। भारत प्रवासी पशु–पक्षियों का भी महत्वपूर्ण आवास है।

उपरोक्त उदाहरणों से यह स्पष्ट होता है कि भारत में पर्यावरण परिस्थितिकी एवं पारिस्थितिकी तन्त्र आधारित इको टूरिज्म की अपार सम्भावनाएँ उपलब्ध हैं जिनके उचित विकास की आवश्यकता है जिससे सतत् विकास की धारणा एवं पर्यटन विकास में सन्तुलन स्थापित किया जा सके।

पर्यावरण एवं पर्यटन विकास के मध्य सन्तुलन :– इनके मध्य सन्तुलन के प्रयासों को हम निम्नलिखित बिन्दुओं के द्वारा स्पष्ट कर सकते है –

- पर्यटन क्षेत्र की समग्र आर्थिक नीति तैयार करते समय स्थानीय स्थानीय समुदाय को शामिल किया जाना चाहिए।
- पर्यटन स्थलों पर कचरें एवं अपशिष्ट का उचित निपटारा किया जाना चाहिए।
- इको पर्यटन के लिए संसाधनों का उपयोग और स्थानीय निवासियों की आजीविका के मध्य सम्भावित संघर्ष की पहचान करना एवं उनके मध्य संघर्ष को न्यूनतम करना।
- इको टूरिज्म के विकास के प्रकार एवं पैमाने पर्यावरण तथा स्थानीय समुदाय की संस्कृति एवं उनके सामाजिक रहन–सहन के अनुकूल होना चाहिए।

पर्यटन के लाभ का आधार ही धार्मिक एवं पर्यावरणीय (इको) पर्यटन है किन्तु वर्तमान परिस्थिति इसे क्षीण करने वाली है। अन्तर्राष्ट्रीय नैतिक शास्त्र संहिता के अनुच्छेद तीन में कहा गया है कि ''पर्यटन विकास के सभी अंशधारकों को प्राकृतिक पर्यावरण को सुरक्षित रखना चाहिए ताकि वर्तमान और भावी पीढ़ियों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को समान रूप से सन्तुष्ट करने वाले सक्षम, मजबूत और सतत् आर्थिक विकास का लक्ष्य हासिल किया जा सके।'' इस विचार का सैद्धान्तिक से अधिक इसका व्यावहारिक रूप में महत्व है जिसे प्रत्येक देश को अपनाना चाहिए। मासिक पत्रिका योजना, अगस्त (2002), पिछले 10 वर्षों में लोगों, निगमों तथा देशों के मध्य आय, संसाधन और आर्थिक संवृद्धि में निरन्तर वृद्धि देखी जा रही है। धनवान देशें में रहने वाले विश्व की आबादी के 5वें और निर्धन देशों में रहने वाले 5वें का अनुपात वर्ष 1960 में 30:1 था जो 1997 में बढ़कर 74:1 हो गया अर्थात् आर्थिक विषमता में भी बहुत अधिक वृद्धि पूरे विश्व में देखने में आयी है। अतः आर्थिक विकास में व्याप्त नैतिकता के मूल्य का विकास होना जरूरी है तभी यह आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय असन्तुलन एवं विषमता को दूर किया जा सकता है।

पर्यटन का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव :–

1. वायुमण्डल :–

कारण :– पर्यटन स्थलों की ओर यात्रा में वृद्धि से मोटर कार, जहाज, ट्रेन आदि से प्रदूषण में वृद्धि।

प्रभाव :– वायु और ध्वनि प्रदूषण, पौधों, पेड़ के ऊपर हानिकारक प्रभाव, मनोरंजन संसाधनों की क्षति।

2. वनस्पति :–

कारण :– मनोरंजन स्थलों के निर्माण हेतु वन क्षेत्र की कटाई, उद्यानों और वनों में आग का विचारहीन प्रयोग, उद्यानों एवं वनों में बढ़ता यातायात, फलों और पौधों पर कवक का संग्रहण।

प्रभाव :– इससे वन्य सम्पदा को अत्यधिक क्षति होती है जिसमें अनमोल लकड़ी, पेड़, पौधे तथा अनेक प्रकार की दुलर्भ जड़ीबूटियों तथा वन्य जीवों के जीवन पर घातक प्रभाव।

3. जल :–

कारण :– कूडे–कचरे और मलजल की निकासी झील, नदियों और समुद्री तटों में, पर्यटन पोत या नौकाओं से तेल की निकासी आदि।

प्रभाव :– प्रदूषित जल से स्वास्थ्य को संकट, समुद्री पौधों एवं जीव–जन्तुओं का विनाश, जलाश्यों में विशाक्तता के स्तर में वृद्धि, समुद्री खाद्य का दूषित होना आदि।

4. मानव बस्तियों एवं स्मारकों :–

कारण :– होटल, दुकानों आदि का निर्माण एवं विस्तार, मनोरंजन हेतु पर्यटन स्थलों का अत्यधिक प्रयोग।

प्रभाव :– जन विस्थापन यातायात का संकुचन, बढ़ा हुआ प्रदूषण आदि, अतिसंकुलता, विरूपण सुरक्षा के लिए बाधा।

उपरोक्त दर्शाये गये बिन्दुओं में पर्यटन के कारण प्रकृति एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को बताया गया है। जैसे–जैसे पर्यटन का पर्वतीय क्षेत्रों में विस्तार एवं विकास होता है वैसे–वैसे वहाँ के पर्यावरण पर उसका दबाव बढ़ता जाता है। अर्थात् पर्यटन विकास प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव को बढ़ाता है।

सामान्तया पेयजल एक बेहद महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है जिसे पर्यटन व्यवसाय अत्यधिक मात्रा में प्रयोग में लाता है जिससे पीने के पानी की कमी बढ़ती जा रही है और अत्यधिक मात्रा में अपशिष्ट जल में निगर्त होता है। इसके अतिरिक्त पर्यटन उद्योग का सीधा असर भूमि संसाधनों पर भी पड़ता है। जैसे – खनिज, जीवाश्यम ईंधन, जंगल, आर्द्र भूमि, वन्य जीव आदि सभी इससे प्रभावित होते हैं। पर्यटन का विकास एवं विस्तार करने के लिए इन संसाधनों का अंधाधुंध विदोहन हो रहा है जो सतत् विकास की धारणा की धज्जिया उड़ा रहा है। पर्यटन गतिविधियों के कारण पारिस्थितिकी तन्त्र में अनेक बदलाव देखे जा रहे है। जैसे – रामेश्वरम के पास का करोडेई द्वीप, जो किसी समय समुद्री जीव वैज्ञानिकों के लिए स्वर्ग माना जाता था, वह द्वीप अब किसी भी प्रकार के शैक्षिक एवं शोध गतिविधियों के लायक नहीं रहा। क्योंकि अत्यधिक पर्यटक आगमन के कारण वहाँ के कोरल एवं अन्य समुद्री जीवन समाप्त हो गया। इसके अतिरिक्त इन जीवों के प्राकृतिक भोजन से अलग पर्यटकों द्वारा मनोरंजन हेतु दिये जाने वाले जंक फूड के कारण इन जीवों के जीवन तथा आदतों पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ा है।

सुझाव :– पर्यटन एवं पारिस्थितिकी के मध्य सामांजस्य (सन्तुलन) स्थापित करने हेतु सुझाव निम्नलिखित हैं :–

- सर्वप्रथम पर्यटकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाया जाये।
- पर्यटन क्षेत्र की वहन क्षमता के अनुसार पर्यटन को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
- वन्य एवं समुद्री जीवों के प्राकृतिक भोजन एवं शैलियों से किसी प्रकार की छेड़छाड़ (हस्तक्षेप) न किया जाए।
- पर्यटन के अविवेकपूर्ण विकास पर प्रतिबन्ध एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों जैसे – संरक्षित अभयारण्यों, पहाड़ी ढालों केदारनाथ जैसे पहाड़ी ढालों इत्यादि में पर्यटन एवं निर्माण के नियमों को सही ढंग से लागू किया जाना चाहिए।
- पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियों के विपरीत प्रभाव की हरसंभव निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए इसके लिए प्रशासन कैमरे के माध्यम से यह कार्य सुनिश्चित कर सके है।
- इसके अतिरिक्त मैं यहाँ एक महत्वपूर्ण सुझाव और देना चाहती हूँ जो पर्यावरणीय पर्यटन के स्वस्थ विकास से सम्बन्धित है इसके अन्तर्गत सरकार को ''पर्यटक बागीचा'' के नाम से एक थीम को विकसित किया जाना चाहिए जिसके अन्तर्गत पर्यटन स्थल पर आने वाले पर्यटकों को कम से कम एक पेड़ अथवा पौधा लगाने हेतु प्रोत्साहित किया जाये साथ ही उनके संरक्षण हेतु कुछ धनराशि इच्छानुसार दान करने की बात रखी जाए इसके अतिरिक्त पर्यटकों के द्वारा इस प्रकार से पौधोरोपण कराकर उस पर उनका नाम एवं स्थान अंकित किया जाए ऐसा करने से पर्यटक अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित होंगे। इसके अतिरिक्त पर्यटन स्थलों पर प्रकृति एवं मानव जीवन से सम्बन्धी सुन्दर एवं मूल्यपरक स्लोगन भी लिखे जाने चाहिए।

निष्कर्ष :– वर्तमान परिदृष्य को देखते हुए प्रकृति एवं पर्यटन के मध्य उचित सामांजस्य बनाने की आवश्यकता है जिसकी व्याख्या सतत् विकास द्वारा की जाती है। सतत् विकास की अवधारणा स्पष्ट करती है कि किस प्रकार से मनुष्य पर्यावरण एवं प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करके अपनी आवश्यकता को इस प्रकार से पूरा करें कि उसकी वर्तमान आवश्यकता की तो पूर्ति हो ही जाए साथ ही आने वाली भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी प्रकृति के निःशुल्क उपहार शेष बचे रहे। पर्यटन के आर्थिक महत्व से ज्यादा महत्वपूर्ण विभिन्न राष्ट्र एवं उनकी संस्कृति के प्रति सद्भावना का विकसित करना है। वर्तमान समय में पर्यटन बहुत बड़े व्यापार के रूप में उभर कर सामने आया है जिसका सरकार एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर स्वस्थ एवं सुन्दर पर्यटन के रूप में विकास करना चाहिए।

सन्दर्भ सूची :–

1. गोयल, राजेश, (2011), ''पर्यटन के सिद्धान्त'', वन्दना पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, ISBN : 978-81-89949-32-7, पेज नं. 151–161
2. शर्मा, कमल, (1996), ''पर्यटन विकास में समसामयिक विचारणीय प्रश्न एवं उनसे सम्बन्धित समस्याएँ'', आदित्य पब्लिशर, नई दिल्ली, ISBN : 81-87725-09-09, पेज नं. 1–3
3. भूटिया, शार्प, (2005), ''ग्रोथ एण्ड डेवलेपमेंट आफ टूरिज्म सेक्टर .....'', अमेरिकन इण्टरनेशनल जनरल आफ रिसर्च इन ह्युमनिटीज आर्ट एण्ड सोशल साइन्सेस, ISBN No. : 2328-3734
4. गौतम, शिवानन्द, (1999), ''पर्यटन स्थल पर बढ़ता निर्माण कार्य : प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए घातक .....'', आदित्य पब्लिशर, नई दिल्ली, ISBN : 81-87725-09-09, पेज नं. 33–36
5. डॉ. एल.के. इदनानी–पर्यावरण संरक्षण आज की जरूरत, कुरूक्षेत्र जनवरी 2008, पृ.क्र.11
6. अश्विनी कुमार लाल–धरती के बढ़ते तापमान का मुकाबला, योजना, जून 2008, पृ.क्र. 24
7. शंभूनाथ यादव–जलवायु परिवर्तन से निपटने को हम है तैयार, कुरूक्षेत्र, मार्च 2010, पृ.क्र. 3
8. प्रांजल धर – जलवायु परिवर्तन – कारण और प्रभाव, योजना, अप्रैल 2010, पृ.क्र. 23
9. संतोष कुमार–पर्यावरण, विकास एवं आपदा–पंचतत्व संतुलन योजना, मई 2012, पृ. क्र.9
10. चंद्रभान यादव – पर्यावरण संरक्षण का हो सामूहिक प्रयास, कुरूक्षेत्र, जून 2012, पृ.क्र. 3
11. अभिनीत कुमार–आर्थिक विकास में पर्यावरण का योगदान, योजना जून 2013, पृ.क्र. 33
12. डॉ. केशव टेकाम एवं तुलसीराम दहायत – पर्यावरण सहज विकास परियोजनाएं, कुरूक्षेत्र, फरवरी 2014, पृ.क्र. 4

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

औपनिवेशिक भारत में प्रेस की भूमिका

डॉ. श्रवण कुमार ठाकुर
एम. ए. पी–एच. डी. इतिहास, विभाग, ल. ना. मि. वि. दरभंगा

सार–संक्षेप :– साहित्य समाज के जीवन का दर्पण है और उसकी इच्छाओं आकांक्षा और सन्देहों को लिपिबद्ध करता है। इसलिए यह समाज में होनेवाले परिवर्तनों का एक अमूल्य रिकॉर्ड है। इस प्रकार से 19 वीं सदी में हुए भारत के सामाजिक और बौद्धिक परिवर्तनों का इतिहास हम इस युग में भारत की विभिन्न भाषाओ में प्रकाशित साहित्यिक कृतियों में खूबी के साथ पढ़ सकते हैं। उससे हमें समाज में चालू क्रांति के सम्बन्ध में पक्की गवाही प्राप्त होती है।

कूट–शब्द :– औपनिवेशिक भारत, समाचार– पत्र, प्रेस, सरकार, स्वंतत्रता।

प्रस्तावना :– भारत भाषाओँ में बंगला भाषा सबसे प्रथम थी जिसमे पाश्चत्य प्रभाव के परिणाम दृष्टिगोचर हुए। धीरे–धीरे दूसरी भाषाएं भी उन्हीं प्रभावों के अधीन आ गई और उनमे भी उसी प्रकार के विकास हुए। यधपि यह सत्य है कि सभी वर्ग भारत में ब्रिटिश शासन की स्थापना से प्रभावित थे, फिर भी समाज के विभिन्न हिस्सों में जो परिवर्तन हो रहे थे, वे एक से नहीं थे। जहाँ तक कि जनता का सम्बन्ध था, मध्ययुगीन कृषि और औद्योगिक पध्दतियों के टूटने से काफी परिवर्तन हो रहा था। "फिर भी उनसे सामाजिक रीतिनीति और धार्मिक रुखों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। चूँकि जनता सम्पूर्ण रूप से निरक्षर थी, इसलिए वह उस युग कि बौध्दिक धाराओं से लगभग अछूती रही। लोगों के पेशों था उत्पादन की पुराणी विधियों में बहुत कम परिवर्तन हुआ। अर्थ व्यवस्था जहाँ की तहां रुकी रही और जनता के तौर तरीकों में और जन –साहित्य में परम्परा से कोई विशेष टूटन दृष्टिगोचर नहीं हुई।"[1]

इसके विपरीत मध्यम वर्ग एक नए आर्थिक तथा बौद्धिक वातावरण में जोरों के साथ उठ रहा था। इसके तरुण सदस्य अधिकाधिक रूप से अंग्रेजी शिक्षा अपना रहे थे और उनके ग्रहणशील मनों में नए विचार बहुत जोरों के साथ अंकुरित होने लगीं तथा विचारों और भावनाओं के तरीके बदलने लगे। नया जीवन तथा नई शिक्षा, इन दोनों के प्रभाव से मध्यमवर्गीय समाज में आधुनिकता का बोलबाला हुआ। साहित्य में इसकी प्रतिध्वनि हुई।

"बंगला भाषा और साहित्य के विकास में यह दोहरापन बहुत स्पष्ट दिखाई पड़ता है। पाश्चात्य विचारों के प्रभाव पड़ने के पहले शिक्षित तथा सम्पन्न लोगों के बंगला साहित्य और साधारण लोगों के साहित्य में एक ही प्रकार कि विशेषताए थी और उनमे एक ही प्रकार के विषयों का वर्णन था। उनके रूप में भिन्नता बहुत अधिक नहीं थी ।"[2]

अभिजात साहित्य का सृजन ऐसे लेखकों के द्वारा होता था जो बड़े राजाओं और जमींदारों के दरवारों में रहते थे, जबकि जनता का साहित्य ग्रामीण चारणों का सृजन होता था। 18 वीं शताब्दी में दो दरबार ऐसे थे जो साहित्य और संस्कृति के बहुत मशहूर केंद्र थे। एक (कृष्णनगर) नदिया, जहाँ राजा कृष्णचन्द्र राय का शासन था और दूसरा ढाका का विक्रमपुर, जहाँ राजा राय बल्लभ का राज्य था। कवि भारत चन्द्र प्रथम दरबार में थे तथा जयनारायण तथा उनकी भांजी अन्नदामयी दूसरे राजदरबार में थी। भारतचंद्र को 'अन्दामंगल' नामक काव्य से ख्याति मिली जिसमे विद्या और सुन्दर कि कहानी है और जय नारायण को 'हरिलीला' नामक कृति से ख्याति मिली। ये दोनों परम्परागत महान शैली के अंतिम महाकवि थे।

"भारतचंद्र की मृत्यु के बाद कोई प्रतिभाशाली कवि नहीं हुआ। दरबारी कवियों या जन कवियों में हम भारतचंद्र, जय नारायण और राम प्रसाद की तरह कोई प्रमुख रचियता नहीं पाते हैं। ऐसा लगता है कि उनकी दृष्टि धुंधली और उनकी कला शिथिल पड़ रही थी। मध्ययुगीन परम्परागत कविता कि धारा गन्दी और पतली हो चुकी थी। बंगाल पश्चिम से आये विदेशी शासन में जा चुका था और पराजय के धक्के से ऐसा लगता है कि काव्य–प्रतिभा खण्डित हो गई थी।"[3]

सन 1903 ई० में बम्बई कि प्रेस रिपोर्ट में भारतीय पत्रों को निम्न श्रेणियों में बांटा है :–

- मराठी पत्र जो मुख्यतः चितपावन ब्राह्मणों के हाथों में है और ब्रिटिश शासन के प्रति शत्रुता से प्रेरित है।
- वे पत्र जो कांग्रेस का समर्थन करते हैं और 'तरुण भारत' के राजनैतिक अधिकारों की आकांक्षा समर्थन करते हैं और प्रश्नों पर संयम और बिना पक्षपात के विचार करते हैं।
- ऐसे पत्र जो ब्रिटिश नीति का बराबर समर्थन करते रहते हैं और सम्पूर्ण रूप से राजभक्त है।
- ऐसे पत्र जो नरम हैं और काफी राजभक्त है और प्रश्नों पर संयम और बिना पक्षपात के विचार

करते हैं।

- ऐसे प्रकाशन जो ऊपर बताई हुई श्रेणी में नहीं आते और साधारणतः निर्दोष है।

"काव्य नाटक और गद्य की आत्मा में परिवर्तन आया जो महाविद्रोह की आधी शताब्दी बाद परिपक्व हुआ। इस युग के ऐन पहले तक बंगला कविता अभी अपने बचपन से नहीं निकली थीं। पर 'संवाद प्रभाकर' के सम्पादक इश्वरचन्द्र गुप्त (1812–1859) की कविताओं के प्रकाशन के बाद यह परिवर्तन बहुत स्पष्ट हो गया।"[4] उनके एक साथी रंगलाल बनर्जी (1826–87) ने ऐसे काव्यों की रचना की जिनसे प्रेम, वीरता, तथा देशभक्ति कि भावना उत्पन्न होती है। उन्होंने राजपूत इतिहास से ली गई एक घटना पर आधारित 'पदमिनी उपाख्यान' में राजपूत रमणियों का बहुत गौरवमय दृष्टान्त प्रस्तुत किया। पदमिनी की ही तरह उनके दूसरे काव्य 'कर्मदेवी' और 'सुरसुन्दरी' में अंग्रेजी के काव्य कौशल और शैली अपनाई गई थी और ये काव्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देते थे।

नवीनचन्द्र सेन (1848–1909) ने भी हेमचन्द्र के साथ–साथ हिन्दू समाज के पुनरुत्थान की बात सोची। उन्होंने तीन काव्य लिखे 'रैवतक' 'कुरुक्षेत्र' और 'प्रभास' उनमे कृष्ण के जीवन का वर्णन किया। इसमें राष्ट्रीय पतन के कारणों पर विचार किया गया और उसकी दवा सुझाई गई।

"एक ही धर्म हो, एक ही जाति हो. एक ही राज्य और एक ही कानून हो। सब का मूल मन्त्र हो सार्वजनिक हित।"

"बंगाल तथा भारत के दूसरे भागों में इन पुनरुज्जीवनवादी आन्दोलनों का एक असर यह हुआ कि हिन्दू समाज और भी अपने में सिमट गया और इतना आत्मपरक हो गया कि लोग भूल गए कि यहाँ हिन्दुओं के अलावा भी दूसरे लोग हैं। इस प्रकार से पूर्णरूप से अपने ही में सीमित रहने तथा अपने कल्याण के चिन्तन में डूबे रहने की प्रवृति ने देश में व्यापक राष्ट्रीय भावना के विकास पर बुरा असर डाला।"[5]

"जब 19 वीं शताब्दी के प्रथम चरण में अंग्रेजों के हाथों में पेशवा का राज्य चला गया तो बंगाल पर जिन राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक तत्वों का प्रभाव पड़ा था वे बम्बई प्रेसिडेन्सी में भी क्रियाशील हो गए। मराठी भाषा और साहित्य बंगला के ढंग पर ही परिवर्तित होने लगा।"[6]

1833 में सरकार की शिक्षा नीति में परिवर्तन हुआ और भारतीय भाषाओँ के प्रोत्साहन के बजाय अब अंगेजी पृष्ठपोषण होने लगा। सर एरस्किन पेरी की अध्यक्षता में बम्बई की शिक्षा बोर्ड अंग्रेजी का बहुत जबरदस्त हामी हो गया और उसने भारतीय भाषाओँ पर खर्च से हाथ खींच लिया। यह भारतीय लेखकों के लिए एक चुनौती थी और भारतीय लेखकों ने इसे स्वीकारने में देर नहीं की। बालशास्त्री जाम्भेकर, दादोबा पांडुरंग और परशुराम तात्या गोडबोले ने यह चुनौती मंजूर की। जाम्भेकर ने मराठी में कई पाठ्य पुस्तकें लिखीं।

निष्कर्ष :– उन्नीसवीं सदी के उतरार्ध में राजनीतिक संगठनों के निर्माण के बावजूद. राष्ट्रवाद का प्रमुख संवाहक प्रेस ही बना रहा। यहाँ तक कि तब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी अपने कामकाज के लिए प्रेस पर निर्भर थी। राजनीतिक कार्यक्रम चलाने के लिए उस समय तक कांग्रेस का कोई संगठनात्मक आधार नहीं तैयार हो पाया था। इसके प्रस्तावों और कारवाईयों को भी जनता के बीच अखबार ही पहुंचाते थे। राष्ट्रीय आन्दोलन की बुनियाद रखने में अखबारों और पत्रकारों की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका थी। भारतीय प्रेस के प्रति ब्रिटिश सरकार के दृष्टिकोण तथा समय समय पर लगाये गए प्रतिबंधो से स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय प्रेस का इतिहास संघर्षों से पूर्ण है। सभी गवर्नर जनरलों ने प्रेस के प्रति अलग अलग दृष्टिकोण अपनाये जैसे लार्ड वेलजली, लार्ड मिंटो. लार्ड एडम, लार्ड कैनिंग तथा लार्ड लिटन भारतीय प्रेस की स्वंतत्रता का पक्ष में नहीं थे। वे उस पर प्रतिबन्ध लगाने को सफल भी हुए। भारतीय राष्ट्रीयता के विकास में प्रेस का योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा।

सन्दर्भ सूची :–

1. इलियट एंड डासन, भारत का इतिहास
2. एल्फिन्स्टन, हिस्ट्री ऑफ इंडिया
3. कौशल, एन० प्रेस एण्ड डेमोक्रेसी इन इंडिया
4. श्रीनिवास, एम० एन० सोशल चेंज इन इंडिया
5. हिंदी पत्रकारिता के नए आयाम, डॉ बच्चन सिंह
6. जैन, एम, एस आधुनिक भारत का इतिहास, विश्व प्रकाशन, नई दिल्ली 1993

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

पॉलीसिस्टिक अंडाशय सिड्रोंम (पी.सी.ओ.एस.) के नियंत्रण में योग

बिन्दु सिंह पंवार
शोधकर्ता

परिचय :– ''पॉलीसिस्टिक अंडाशय सिंड्रोम'' (पीसीओएस) या ''पॉलिस्टिक अंडाशय रोग'' (पीसीओडी) एक ऐसी स्थिति है जो एक महिला के हार्मोन के स्तर को प्रभावित करती है। पीसीओएस वाली महिलाएं पुरूष हार्मोन की तुलना में अधिक–सामान्य मात्रा में उत्पादन करती हैं। यह हार्मोन असंतुलन उन्हें मासिक धर्म को छोड़ने का कारण बनता है और इससे उन्हें गर्भवती होने में कठिनाई होती है। पीसीओएस भी चेहरे और शरीर पर बालों के विकास, और गंजापन का कारण बनता है। और यह मधुमेह और हृदय रोग जैसी दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

पॉलीसिस्टिक अंडाशय सिंड्रोम वाली महिलाओं में से लगभग आधी अधिक वजन वाली या मोटापे से ग्रस्त हैं और उनमें फैटी लीवर का खतरा बढ़ जाता है। इसके अतिरिक्त, पॉलीसिस्टिक अंडाशय सिंड्रोम वाली कई महिलाओं में इंसुलिन का स्तर ऊंचा होता है, जो एक हार्मोन है जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। 40 वर्ष की आयु तक, पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम से ग्रस्त लगभग 10 प्रतिशत अधिक वजन वाली महिलाओं में असामान्य रूप से उच्च रक्त शर्करा का स्तर (टाइप 2 मधुमेह) विकसित होता है, और 35 प्रतिशत तक प्रीडायबिटीज (उच्चतर सामान्य रक्त शर्करा के स्तर) का विकास होता है जो मधुमेह के लिए कटऑफ तक नहीं पहुंचता है।)। मोटापा और इंसुलिन के स्तर में वृद्धि (हाइपरन्सुलिनमिया) पॉलीसिस्टिक अंडाशय सिंड्रोम में एण्ड्रोजन के उत्पादन को बढ़ाता है।



© MAYO FOUNDATION FOR MEDICAL EDUCATION AND RESEARCH. ALL RIGHTS RESERVED.

पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस)

महिला प्रजनन प्रणाली के हार्मोनल या अंतः स्त्रावी तंत्र से जुड़ा एक आम विकार है। भारत में कुछ अध्ययन किए गए हैं जो इंगित करते हैं कि 10 प्रतिशत भारतीय महिलांए इस विकार से पीड़ित हैं। सही समय पर निदान और विकार के बारे में जागरूगता इस बांझपन सिंड्रोम को रोकने में मदद कर सकती है। यह किशोरावस्था के दौरान होने वाली एक उभरती हुई स्वास्थ्य समस्या है। पीसीओडी रोग की रोकथाम और बेहतर प्रबंधन के लिए स्वस्थ जीवन शैली, आहार अनुशासन और नियमित व्यायाम के बारे में जागरूकता की आवश्यकता है। पीसीओएस और बांझपन पर काबू पाने के लिए चिकित्सा समग्र स्वास्थ्य की देखभाल करने में मदद करता है।

पीसीओडी के कारण :– जबकि पीसीओएस का कारण अज्ञात है, वहाँ परिवार के इतिहास, इंसुलिन प्रतिरोध और जीवन शैली या पर्यावरण के साथ संबंध प्रतीत होते हैं।

1. हार्मोन्स असंतुलन
2. पारिवारिक इतिहास
3. इंसुलिन प्रतिरोध और जीवन शैली
4. वनज
5. धूम्रपान
6. अत्यधिक शराब का सेवन
7. समयपूर्व यौवन

पीसीओडी के लक्षण :– पीसीओएस/पीसीओडी के लक्षणों में शामिल हो सकते हैं:–

1. पीरियड्स (समय पर मासिक धर्म का न आना)
2. अतिरिक्त बाल (hirsutism) (मुँह, कमर, पेट, हाथ व पैरो पर अधिक बालों का उगना)
3. बालों का झड़ना (खालित्य)
4. मुंहासे (चेहरे पर मुहासों का होना)
5. प्रजनन क्षमता में कमी
6. मनोवैज्ञानिक प्रभाव – (भावनात्मक उथल–पुथल)
7. मेटाबोलिक सिंड्रोम

PCOD/PCOS - यौगिक उपचार :– वर्तमान में बहुत सी महिलाएँ पीसीओडी से पीड़ित हैं, परन्तु यह समस्या उतनी बड़ी नहीं है, जितनी बड़ी लगती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हेल्थ रिसर्च के अनुसार

10–15 प्रतिशत महिलाएँ इस समस्या से जूझ रही हैं। योग इस समस्या के निदान हेतु सर्वोत्तम उपाय है। इस समस्या को योगाभ्यास द्वारा ठीक किया जा सकता हैं।

- योग – ''योगश्चित्त वृत्ति निरोधः'' – चित्त की वृत्तियों का निरोध होना ही योग है। चित्त वृत्तियाँ शांत होते ही मन/शरीर के समस्त तनाव दूर हो जाते हैं।
- योगासन – अष्टांग योग का तृतीय सोपान ''स्थिर सुप्तमासनम्''
- प्राणायाम – प्राण (जीवन शक्ति) का आयाम (विस्तार) ही प्राणायाम है। पूरक–कुम्भक–रेचक/गहरी श्वास–प्रश्वास।
- ध्यान – धारणा शक्ति की गहनता ही ध्यान है। किसी भी एक लक्ष्य पर गहन एकाग्रता ध्यान कहलाती है।

योग का विज्ञान शरीर पर सूक्ष्म व गहरे स्तर पर कार्य करता है। योग शरीर में अन्दर दबे हुए तनाव को बाहर निकाल देता है। पीसीओडी हेतु चयनित विशेष योगासन, श्रोणि के क्षेत्र को खोल देते हैं और इस क्षेत्र को आराम पहुंचाते हैं। प्राणायाम द्वारा मन को आसानी से शांत किया जा सकता है। आसन और प्राणायाम के साथ ध्यान शारीरिक और मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाता है।

वे योगासन जो गर्भाशय, अण्डाशय, किडनी और शरीर के अन्य अंगों की मालिश कर उन्हें तन्दुरूस्त बनाते हैं, पीसीओडी हेतु बहुत उपयुक्त होते हैं, परन्तु यहाँ यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ये योगासन प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक के निर्देशानुसार ही करना चाहिए। ऐसे योगासन जो कि पेट के निचले हिस्से पर अधिक दबाव डालते हैं, उनको नहीं करना चाहिए। ध्यान रखिए कि हर आसन के पश्चात् विश्राम (शवासन) अवश्य करें।

ये योगासन शरीर का वजन घटाने के लिए भी उत्तम हैं। इस रोग से पीड़ित महिलाएँ अधिकांशतः वनज बढ़ने की समस्या से भी जूझती है। यदि पीड़िता का 5–10 प्रतिशत वनज भी कम होता है तो यह मासिक धर्म के चक्र के नियमितीकरण में अत्यन्त सहायक हो सकती है।

पीसीओडी/पीसीओएस की समस्या को ठीक करने की एक ही चाबी है और वह है– ''विश्राम'' प्राणायाम एवं ध्यान तनाव को शरीर एवं मन से निकालने के श्रेष्ठ साधन हैं। छोटी उम्र में ही जीवन में योग को बपना अंग बनाने से स्वस्थ मन का विकास होता है और शरीर रोगों से मुक्त रहता है। वर्तमान समय में अच्छे परिणाम लाने के लिए योग एवम् चिकित्सा विज्ञान का सही तालमेल बिठाना आवश्यक है। दोनों को साथ–साथ चलना चाहिए। अच्छे परिणाम हेतु नियमित योगाभ्यास करना आवश्यक है। सही आहार, नियमित योगाभ्यास और जीवन शैली में सुधार करके समस्या से निजात पाई जा सकती है।

प्रस्तुत शोध में प्रश्नावली द्वारा आंकडो का संकलन किया गया है। शोधार्थी ने शोध में 60 महिलाओं का चयन किया है जो सामान्य पीसीओएस से पीड़ित है। सर्वप्रथम हमारा प्रश्न आपकी आयु इस शोध में 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग को लिया गया है। जिसमें से परिणाम स्वरूप देखा गया की 18–25 वर्ष की आयु वाली महिलओं में 38.3 प्रतिशत पीसीओएस की परेशानी है। 25–30 वर्ग में 38.3 प्रतिशत तथा 30–35 वर्ष की आयु वर्ग में 16.7 का परिणाम आया हैं।

पीसीओडी/पीसीओएस सामाजिक संबंधों के सम्बंध में वर्तमान अध्ययन उज्जैन एवं इन्दौर शहर के चार समूह 1. नियंत्रित समूह 2. प्रायोगिक समूह 3. प्राणायाम समूह 4. प्राणायाम एवं प्रायोगिक समूह को लेकर किया गया है। यह वास्तव में एक नई बिमारी नहीं है लेकिन इसे और अधिक महत्व दिया गया है अधिक रोगीरों को समय की कमी के साथ पीसीओएस के नियंत्रण में योग द्वारा निदान किया गया है। हालांकि सटिक पीसीओएस के कारण अभी तक पता नहीं चला है लेकिन मेडिकल शोध तक पहुचं गया है। अंतिम निष्कर्ष है कि पीसीओएस सबसे आम अंतःस्त्रावी ग्रंथी विकारों में से एक है। यह बिमारी महिलाओं की प्रजनन आयु में 5–10 प्रतिशत महिलाओं को प्रभावित करती है। इससे अलग तथ्य यह है कि पीसीओएस रोग तेजी से बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों की राय है कि खाद्य आदते जीवन शैली, तेजी से शहरीकरण और आधुनिकीकरण जैसे कारकों से बदलाव समाज की बदलती मुल प्रणाली से प्रभाव पड़ता है। महिलाओं को योग को दिनचर्या में शामिल न करने से यह बिमारी सामान्यों की तुलना मे ज्यादा बढ़ रही है।

वर्तमान अध्ययन मे जैविक पहलूओं को मानवशास्त्रीय मापदण्डों द्वारा मापा गया है जैसे शरीर का वजन, उचाई, पेट की त्वचा की खाल, कमर, कुल्हें का अनुपात और जैव रसायनिक माप जो कि सामाजिक जन सांख्यिकी पहलू में शामिल है। हमारे शोध में इन्हीं मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए शोधार्थी द्वारा शोध में चार समूह बनाये गये है जिसमें कि 60 महिलाओं को लिया गया है जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष तक कि है जो कि अलग अलग कार्यकारणी वर्गों से संबंधित है। जैसे कुछ इसमें विद्यार्थी है, कुछ

ग्रहणी है, कुछ कामकाजी महिलाऐं है। जिसमें की कामकाजी महिलाए 48.3 प्रतिशत है, ग्रहणी 28.3 प्रतिशत है एवं विद्यार्थी 23.3 प्रतिशत है।

इस शोध में यह देखा गया है कि कैसे कामकाजी महिलाए इस रोग से अधिक ग्रसित है। काम में अधिक व्यवस्तता के चलते आधुनिक जीवन शैली चलते स्वास्थ्य को नजर अंदाज कर देती है। वहीं ग्रहणी घर के आधुनिक तरीकों से जैसे धुलाई जैसे श्रम और समय की बचत करने वाले उपकरणों का उपयोग करते है मशीन, मिक्सर ग्राइंडर, ब्लेंडर और माइक्रोवेव आवेन अनेक घरेलु कार्यो में मशीनरी का उपयोग करती है। पुराने समय में इन उपकरणों के बीना घरेलू कार्य किये जाते थे जिससे कि महिलाओं के स्वास्थ्य में संतुलन बना रहता था। आधुनिकता के चलते ग्रहणीयों में भी बांझपन एवं प्रजनन संबंधी बीमारीयां बढ़ रहीं है इसकी रोकथाम के लिए शोधार्थी द्वारा इस शोध में योगासन, प्राणायाम बंध एवं मुद्राओं द्वारा योगिक उपचार कर पीसीओडी से ग्रसित महिलाओं पर सकारात्मक प्रभाव डालने की कोशिश की गई है।

विद्यार्थीयों मे बाजार में खानपीन का चलन बढ़ गया है। एक नई उभरती हुई प्रवृत्ति नए अंतर्राष्ट्रिय का समावेश है। आधुनिकता के चलते फास्ट फूड खाने का चलन भी बढ़ गया है। रेस्टोरेंट के ब्राण्ड जो लोगों के स्वाद की भावनाओं को बदल रहे है, पारम्परिक या घर के बने व्यंजन कम स्वादिस्ट होते है लेकिन उचित केलोरी मान के होते है। कस्बों और शहरों फास्ट फूड कामर्स के महशूर विकास ने इस बदलाव में योगदान दिया है। भोजन की आदतों ने जिससे परिणाम स्वरूप मोटापे की उच्च वृद्धि दर और अधिक संख्या में हैं। वनज प्रबंधन के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण जो कि जीवन शैली को बदल देता है। उचित आहार, व्यायाम, व्यवहार संशोधन, योग और तनाव में कमी। इसके लिए शोध में शोधार्थी द्वारा योगिक क्रियाओं और जीवनशैली में योगासन और प्राणायाम को शामिल कर पीसीओडी से ग्रसित महिलाऐं योग द्वारा नियंत्रण कर सकती है।

शोधार्थी द्वारा शोध में 60 महिलाओं को लिया गया है जिनकों चार समूहों में बांटा गया है इसमें प्रत्येग समूह में 15 महिलाओं को लिया गया है।

प्रथम समूह : – नियंत्रित समूह
द्वितीय समूह : – प्रायोगिक समूह
तृतीय समूह : – प्रायोगिक प्राणायाम समूह
चतुर्थ समूह : – आसन प्राणायाम समूह

इन समूहों में प्रथम समूह नियंत्रित समूह को सामान्य दैनिक जीवन शैली का पालन करने को कहा गया था। जिसमें कि पोष्टिक आहार लेने पर जोर दिया गया था।

दूसरे समूह में प्रायोगिक समूह के अंतर्गत योगासनों जैसे कि सूर्यनमस्कार, भुजंगासन, मंडूकासन, सर्वांगासन, विपरित कर्णी आसन, हलासन, धनुर्रासन, तितली आसन, भद्रपूर्णासन, मार्जरीआसन, पश्चिमोत्तासन, बालासन, पवनमूक्तासन, शशांकासन, त्रिकोणासन आदि सामान्य योगासनों द्वारा प्रायोगिक समूह को करवाया गया।

तीसरे समूह में प्राणायाम पर जोर दिया गया था। जिसमें कि अनुलोम–विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी, प्रणव, उच्चारण, एवं स्वांस–प्रस्वास की सामान्य अभ्यास कराया गया।

चतुर्थ समूह में योगासन एवं प्राणायाम बंध एवं मुद्राए जैसे योनीमुद्रा, अश्विनीमुद्रा, हस्तमुद्रा, विपरितकर्णीमुद्रा एवं योगासनों में सूर्यनमस्कार, भुजंगासन, मंडूकासन, सर्वांगासन, विपरित कर्णी आसन, हलासन, धनुर्रासन, तितली आसन, भद्रपूर्णासन, मार्जरीआसन, पश्चिमोत्तासन, बालासन, पवनमूक्तासन, शशांकासन, त्रिकोणासन एवं बंध में मुलबंध, जालन्धरबंध, उड्यानबंध एवं महाबंध द्वारा योगिक उपचार एवं क्रियाएं कराई गई।

इन चारों समूहों की महिलाओं का आज की स्थिति का पूर्व परिक्षण करवाया गया, उसके पश्चात समूहों को बांटा गया। हरेक समूह को तीन –तीन माह के प्रशिक्षण एवं देखरेख के बाद पुनः पश्चात परिक्षण बारह सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया गया। प्रशिक्षण के पश्चात कि स्थिती को देखते हुए आगे की योगिक क्रियाएं लगातार 6 माह तक इन चारों समूहों को दिया गया। तत्पश्चात यह निकष्कर्ष निकला कि पहले समूह जो कि नियंत्रित समूह था उस पर सामान्य से कम प्रभाव देखने को मिला एवं द्वितीय, तृतीय, एवं चतुर्थ समूह वाली महिलाओं को सामान्य से अधिक एवं प्रभावकारी परिणाम प्राप्त हुए। इससे निष्कर्ष निकलता है कि इस शोध में जो योगासन, प्राणायाम एवं बंध द्वारा पीसीओडी रोग पर सकारात्मक एवं इस रोग से नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है एवं इस रोग की रोकथाम में योगिक क्रियाए लाभप्रद है।

परिणाम

शोधार्थी द्वारा जो परिकल्पना की गई थी जो कि योगासन, प्राणायाम, मुद्रा एवं बंध का पीसीओडी के नियंत्रण पर सकारात्मक प्रभाव होता है उस परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए चौथे समुह में इसको अपनाते हुए और चारों समुहों की महिलाओं से प्रश्नावली (फीडबेक) लेते हुए उन पर किये गये शोध का

परिणाम जानने के लिए उनसे कुछ प्रश्नावली करवाई गई जिनका उत्तर परिकल्पना के अनुरूप पाया गया है। चार समूहों में से चौथे समूह की महिलाओं के उत्तर में 90 प्रतिशत महिलाओं पर योगिक क्रियाओं का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। और शेष 10 प्रतिशत महिलाओं में भी कुछ हद तक सकारात्मक प्रभाव मिले है। इस शोध से यह परिणाम निकला है कि हमारी परिकल्पना के अनुरूप शोध प्रविधि का उपयोग करते हुए पीसीओडी एवं अन्य महिला रोगों में योग द्वारा उपचार संभव है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. स्वामी विवेकानंद, अनुसंधान संस्था, बेंगलोर
2. पतंजलि योग रिसर्च सेंटर, हरिद्वार
3. बिहार स्कूल ऑफ योग, मुगर, बिहार
4. मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली
5. सम्पूर्ण योग विद्या – राजीव जैन "त्रिलोक"
6. Book name: PCOS DIET, Publisher: Harper Collins, Published In: 200
7. Book Name: Awomen's guide to dealing with polycystic ovary syndrome, Publisher: Coltte Harris, Adam Carey, Published In: 2002
8. https://nirogam.com/yoga-for-pcos/
9. https://www.healthline.com/health/polycystic-ovary-disease#when-to-see-a-doctor
10. Book Name: Pcos the mood cure: your guide to ending the emotional rollercoaster Publisher: Psy.D. Gretchenkubacky, Published In: 2018
11. Book Name: A patient's guide to pcos: understanding and reversing polycystic ovary syndrome, Publisher: Georgeryan, Walter D. Futterweit, Published In: 2006

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

मनुस्मृति तथा याज्ञवलक्य स्मृति में वर्णित स्त्री सम्पत्ति का विवेचन

सोनी कुमारी
नेट, संस्कृत विभाग, दरभंगा हाउस, पटना विश्वविद्यालय

भारतीय संस्कृति का मूलाधार धर्म है। यह धर्म अलौकिक श्रेय की प्राप्ति का साधन है। साथ ही यह विशाल वृक्ष की भौति भारतीय धरातल पर अनादिकाल से लौकिक एवं पारलौकिक सुख के लिए पत्र, पुष्प, एवं फल के रूप में अर्थ, काम, मोक्ष प्रदान कर रहा है। इस धर्मरूपी वृक्ष का ज्ञान चौदह विद्याओं से प्राप्त होता है। इस विषय में याज्ञवलक्य स्मृति में कहा गया है–

''पुराणन्यायमीमांसाधर्मशास्त्रंगमिक्षिताः।
वेदाःस्थानानि विद्यानां धर्मस्य च चतुदेश।।''

इन्हीं विद्याओं को धर्म में प्रमाण माना गया है। मूलरूप से हमारा धर्म वेद एवं धर्मशास्त्र द्वारा प्रतिपादित है तथा अन्य विद्याएँ इसमें सहायिका है। वैदिक एवं धर्मशास्त्रीय ग्रन्थ लोकातीत आर्षचक्षुर्मण्डि द्रष्टाओं की वाणी है जो सार्वदेशिक एवं सार्वकालिक नैतिकता से परिपूर्ण है।

वेदों में सम्पूर्ण मानवजाति के लिए पूर्ण विकास के सिद्धान्त प्रतिपादित है। विकास के इन सिद्धान्त को ही धर्म नाम से अभिहित किया गया है। वेद ज्ञान के असीम भण्डार हैं। इसके उपदेश एवं आदेश मनुष्य को ज्ञान एवं धर्म की शिक्षा देते हैं। वेदों में बुद्धि की पवित्रता देखी जाती है। प्रज्ञा का आत्मस्य किया जा सकता है। गौतम धर्मसूत्र के अनुसार वेद धर्म का मूल है –

'वेदो धर्ममूलम्। तद्विदां च स्मृतिशीले।।

आमस्तम्ब धर्मसूत्र का कथन है – जो धर्मज्ञ है, वेदों को जानते हैं उसका मत ही धर्म प्रमाण है –

''धर्मज्ञसमयः प्रमाणं वेदाश्च''

प्राचीन समय से ही धर्मशास्त्र के अन्तर्गत जीवन की विविध पहलुओं की चर्चा विशद रूप से हुई है। सामाजिक वर्ग, आश्रम, उनके विशेषाधिकार, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्व, सोलह संस्कार, ब्राह्मचारी के कर्तव्य, विवाह एवं तत् संबंधी अन्य बातों, गृहस्थ कर्तव्य, शौच, पञ्चमहायज्ञ, दान, मध्याभक्ष्य, शुदि, अंतयेष्टि, श्राद्ध, स्त्रीधर्म, स्त्रीपुसधर्म, क्षत्रियों एवं राजाओं के धर्म, व्यवहार (कानून, विधि, अपराध, दण्ड, दायभाग, गोद लेना, जुआ आदि) चार प्रमुख वर्ग, वर्णसंकर तथा उनके व्यवसाय, आपद्धर्म, प्रायश्चित, कर्मविपाक, शान्ति, वानप्रस्थ, कर्त्वय, सन्यासी आदि का विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है। इन सभी विषयों का विवेचन धर्मसूत्रों में भी प्राप्त होता है परन्तु ये क्रमवार रूप में नहीं हैं। धर्मशास्त्र संबंधी कुछ अन्य ग्रन्थों मं व्रतों, उत्सर्गों एवं प्रतिष्ठा (जनकल्याण के लिए मन्दिर, धर्मशाला आदि का निर्माण) तीर्थों काल आदि का विस्तार के साथ वर्णन प्राप्त होता है। दायभाग नामक व्यवहार पद में दो मुख्य विषयों तथा विभाजन तथा दाय का निरूपण किया गया है। लगभग एक सहस्त्र वर्ष से दायभाग का निरूपण करने वाले दो सम्प्रदाय भारतवर्ष में प्रचलित रहे हैं जिन्हें मिताक्षरा एवं दायभाग के नाम से जाना जाता है। दायभाग का प्रचलन बंगाल तथा असम में रहा है तो भारत के अन्य भागों में मिताक्षरा का प्राबल्य रहा है।

दाय शब्द का प्रयोग वैदिक साहित्य मे भी प्राप्त होता है। ऋग्वेद में कहा गया है , कि ददातु वीरं शतदायमुक्थ्यम्। सायण के अनुसार ऋग्वेद में वर्णित दाय को अर्थ अधिक सम्पत्ति बताया गया है। तैतरीय संहिता में दाय का तात्पर्य पैतृक सम्पत्ति के रूप में लिया गया है –

'मनुः पुत्रेभ्योः दायं व्यभजत।'

अथर्ववेद और तैतरीय संहिता में दायाद शब्द का प्रयोग किया गया है – 'सोमो हास्य दायादः'। दायाद शब्द का अर्थ है दायम् आदते अर्थात जो दाय (पैतृक सम्पत्ति) को लेता है। इस प्रकार पैतृक सम्पत्ति को दाय कहते है। और पैतृक सम्पत्ति को लेने वालों को दायद कहते है। मिताक्षराकार विज्ञानेश्वर ने दाय के संबंध में कहा है कि धन जो उसके स्वामी के संबंध से किसी अन्य की सम्पत्ति हो जाता है – तत्र दायशब्देन यद् धनं स्वामिसबन्धादेव निमित्ता दन्यस्य एवं भवति तद्च्यते। मिताक्षराकार ने दाय को दो भागों में विभाजित किया है – अप्रतिबन्ध एवं सप्रतिब्रन्ध। अप्रतिबन्ध दाय में पुत्र, पौत्र एवं प्रपौत्र अपने संबंध से ही माता, पितामह एवं प्रतितामह द्वारा आगत वंश परम्परा के धन को प्राप्त करते हैं। इसमें पिता या पितामह को उपस्थिति से पुत्रों एवं पौत्रों की कुल सम्पत्ति के अभिरूचि में कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाता क्योंकि वे उसी कुल में उत्पन्न हुए हैं। इसके विपरित जब कोई व्यक्ति अपने चाचा की संपत्ति पाता है या कोई पिता अपने पुत्र की सम्पत्ति संतानहीन

चाचा या संतानहीन पुत्र के मृत्यु हो जाने पर प्राप्त करता है तो यह सप्रतिबन्ध दाय कहा जाता है। क्योंकि इन परिस्थितियों में भतीजा या पिता क्रम से अपने चाचा या पुत्र की सम्पत्ति पर तब तक स्वामित्व नहीं पाता जब तक चाचा या पुत्र जीवित है, या जब तक चाचा या पुत्र का पुत्र जीवित रहता है –

पितृव्य – शत्रादीनां तु पुत्राभावे स्वाभ्यभावे च स्वं भवतीति सप्रतिबन्धों दायः।

दाय में स्व और स्वामिभाव की भावना नीहित रहती है। स्व से तात्पर्य है जो किसी का है अर्थात सम्पत्ति। तथा स्वःमि से तात्पर्य है – अधिकारी। अतः स्व और स्वामी शब्द परम्परा एक दूसरे से संबंधित है।

मिताक्षराकार ने विभाग के विषय में कहा है कि – जहाँ संयुक्त स्वामित्व हो, वहाँ सम्पूर्ण सम्पत्ति के भागों की निश्चित व्यवस्था ही विभाग है।

''विभागो नाम द्रव्यसमुदाय विषयाणामनेक सवाम्यानां तदेकशेषु व्यवस्थापनम्।''

दायभाग के विभाजन में मनु और याज्ञवलक्य के अनुसार ज्येष्ठ पुत्र को सम्पत्ति विभाजन में सबसे अधिक अंश मिलता है। गौतम, विज्ञानेश्वर और मनु ने विभाजन की तीन अवस्थाएँ बताई है–

1. जीवन काल में पिता की ईच्छा से।
2. जब पिता की सारी भौतिक इच्छाएं मृत हो गई है। वह संभोग से दूर रहता है और माता सन्तानोत्पत्ति के योग्य न रह गई हो उस समय पिता की इच्छा के विरूद्ध भी पुत्र यदि चाहे तो बँटवारा कर सकते हैं, या पिता की इच्छा से भी पुत्र यदि चाहे तो बँटवारा कर सकते है।
3. पिता की मृत्यु के उपरान्त – ''अतः उर्ध्व पितुः पुत्रा विभजेयुर्धनं समम्।

साधारणतया सम्पत्ति के दो प्रकार होते हैं –

1. **विभाज्य सम्पत्ति** :– विभाज्य सम्पत्ति के अन्तर्गत वे सम्पत्तियां आती हैं जिनका विभाजन सम्भव है। अर्थात ये वैसी सम्पत्तियाँ होती है जिनका विभाजन वंश परम्परा से या एक पीढ़ी दर पीढ़ी एक दूसरे के पास आती हैं। तात्पर्य है कि जो सम्पत्ति पिता से पुत्रों के पास आती है, उसे विभाज्य सम्पत्ति कहते हैं। मनु और याज्ञवलक्य के अनुसार इस प्रकार की सम्पत्ति के तीन भेद होते हैं –

1. भू (भूमिखण्ड या घर)
2. निबन्ध
3. द्रव्य (सोना, चाँदी तथा अन्य चल सम्पत्ति) कभी–कभी द्रव्य शब्द सभी प्रकार की सम्पत्तियों का द्योतक माना गया है, चाहे वे चल सम्पत्ति हो या अचल। इस विषय में याज्ञवल्क्य स्मृति कथन है, कि –

''भूर्या पिता महोपात्ता निबन्धो द्रव्यमेव वा। तत्र स्यात्सदृशं स्वाम्यं पितु पुत्रस्य चैव हि।''

बृहस्पति स्मृति के अनुसार –

''द्रव्ये पितामहोपात्ते स्यावरे जंगमेऽपि वा।''

विभाज्य सम्पत्ति को संयुक्त सम्पत्ति या पैतृक सम्पत्ति भी कहा जाता है। इस प्रकार की सम्पत्ति पैतृक सम्पत्ति या बिना पैतृक सम्पत्ति की सहायता से संयुक्त रूप में अर्जित की जाती है या अलग–अलग अर्जित होने पर संयुक्त कर भी जाती है। मनु के इस विषय में अपना मत प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि –

''यत किंचित पितरि प्रेते, धनं ज्योष्ठोऽधिगच्छति। भागो यवीयसां तत्र, यदि विद्यानुपालिनः।''

1. **अविभाज्य सम्पत्ति** :– यह वह सम्पत्ति है जिनका विभाजन सम्भव नहीं है। इस प्रकार की सम्पत्ति स्वार्जित होती है या पैतृक सम्पत्ति के विभाजन के पश्चात प्राप्त होती है। यह उस समय तक ही अविभाज्य होती है जब तक की सम्पत्ति को प्राप्त करने वाला पुत्र, पौत्र या प्रपौत्र न हो। यदि ऐसा होता है तो वह पैतृक सम्पत्ति कहलायेगी। इस प्रकार की सम्पत्ति को पृथक सम्पत्ति भी कहते है। मिताक्षराकार के अनुशार संयुक्त सम्पत्ति का सदस्य हाते हुए भी और उसमें सम्पत्ति अभिरूचि रखते हुए भी व्यक्ति विविध उपायों द्वारा अर्जित धनों से पृथक सम्पत्ति के छः प्रकार होते हैं –

पितृद्रव्याविरोधेन यदन्त्स्वयमर्जितम्। मैत्रमौद्वाहिकं चैव दायादानां न तद् भवेत।। क्रमादभ्यागतं द्रव्यं तहतमण्युद्धरेत्त यः। दायादेभ्यो न तद् दद्याद् विद्यया लब्धमेव च।।

अर्थात–

1. वह सम्पत्ति जो पिता, पितामह, प्रपितामह से प्राप्त न हो अर्थात वह जो भाई या चाचा से प्राप्त हो।
2. वह सम्पत्ति जो पैतृक चल सम्पत्ति से स्नेहवश पिता द्वारा किसी भाग रूप में दान स्वरूप या प्रसाद के रूप में प्राप्त हो।
3. अपनी पृथक सम्पत्ति से पिता द्वारा पुत्रों को दिया गया दान या प्रसाद या उसके द्वारा मरते समय

जो कुछ दिया गया हो।

4. अन्य बन्धुओं या मित्रों द्वारा दिया गया दान। या जो धन विवाह के समय प्राप्त हो।
5. वह सम्पत्ति जो कुल से निकल चुकी हो और किसी सदस्य द्वारा अपने प्रयासों से किसी दूसरों से प्राप्त की जाए।
6. वह सम्पत्ति जो स्वार्जित हो तथा विद्या या ज्ञान से प्राप्त हो।

इसके अतिरिक्त उन्याधन को अविभाज्य सम्पत्ति माना गया है। कन्यादान को नारद, कात्यायन और बृहस्पति ने दो भागों में बाँटा गया है –

1. कन्यागत – जो अपनी जाति की कन्या से विवाह करते समय प्राप्त होता है।
2. वैवाहिक – वह धन जो पत्नी के साथ आता है। मनु और याज्ञवल्क्य इस धन को औद्वाहिक धन कहते है।

धर्मग्रनथों के अध्ययन तथा उपरोक्त विवेचनों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि दायाद का उत्तराधिकारी पुत्र, पौत्र या प्रपौत्र को माना गया है। परन्तु क्या दाय का अधिकारी स्त्रियाँ धर्मशास्त्र के समय होती थी या न की इसे निम्न रूपों में समझा जा सकता है। इसके अन्तर्गत हम नारी के विविध रूपों यथा कन्या, दत्तक पुत्री, पत्नी, माता, बहन आदि का समावेश कर इस तथ्य को स्पष्ट करने का प्रयास करेंगे। वर्तमान समय में भारतीय न्यायिक पद्धति के अनुसार हिन्दू स्त्री सम्पत्ति का अधिकार अधिनियम, 1937 तथा हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 (धारा 14) के द्वारा तथा बाद के समय में हुए इनमें विभिन्न संशोधनों द्वारा स्त्रियों के सम्पत्ति में उत्तराधिकार का अधिकार प्राप्त हुआ।

धर्मशास्त्र के समय में पत्नी को विभाजन की माँग करने का अधिकार प्राप्त नहीं था। परन्तु पिता के रहते यदि पुत्र विभाजन की माँग करते हैं तब जिन पत्नीयों को पति या श्वसुर के द्वारा स्त्री धन प्राप्त नहीं हुआ है, उन पत्नियों को भी पुत्र के समान एक भाग प्राप्त होता था –

''यदि कुर्यात्समानंशान् पत्न्यः कार्याः समांशिकाः।
न दत्तं स्त्रीधनं यासां भर्त्रा वा श्वसुरेण पा।।''

इसके विपरीत मिताक्षराकार विज्ञानेश्वर का मत है कि यदि व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है एवं धर्मशास्त्र में प्रतिपादित बारह प्रकार के पुत्रों के न रहने पर उस व्यक्ति के धन का अधिकारिणी उसकी पत्नी होती है –

''तत्र प्रथम पत्नी धनभावक्।''

जिस स्त्री को पिता आदि ने स्त्रीधन नहीं दिया है और उसके रहते यदि पति दूसरा विवाह करता है तो दूसरे विवाह में किए हुए द्रव्य व्यय के बराबर धन उस स्त्री को देना चाहिए यदि स्त्रीधन दिया गया हो तो उस वैवाहिक व्यय का आधा द्रवय पहली पत्नी को देना चाहिए –

अविविभस्त्रियौ दद्यादाधिवेदनिकं समम्।
न दत्तं स्त्रीधनं यस्यै दत्तै त्वधं प्रकल्पयेत्।।

पिता के मृत्यु के पश्चात सम्पत्ति के विभाजन होने पर माता सम्पत्ति में पुत्र के बराबर भाग ग्रहण करने की अधिकारी है। इस विषय में कहा गया है –

''पितुरूर्ध्व विभजतां माताण्यशं समं हरेतफ।''

मनुस्मृति के अनुसार पुत्र और पुत्री दोनों ही आत्मारूप है। उस आत्मारूप पुत्री के रहते हुए कोई दूसरा धन को कैसे प्राप्त कर करता है ? अर्थात पुत्र के अभाव में पुत्री ही धन की अधिकारिणी होगी –

''यथैवात्मा तथा पुत्रः पुत्रेण दुहिता समा।
तस्याभात्मनि तिष्ठान्तयां कथमन्यो धनं हरेत्।।''

ध्यातव्य है कि मनु ने पुत्र के अभाव मे पुत्री को दाय का अधिकारिणी माना गया है। इसके विपरित मिताक्षराकार ने कात्यायन के मत को प्रस्तुत करते हुए कहा है कि पति के मृत्यु के बाद यदि पत्नी स्यभिचारिणी नहीं है तो वह पति के धन को ग्रहण करती है और उसके न रहने पर अविवाहिता पुत्री धन की अधिकारिणी होती है।

''पत्नी पत्युर्धनही या स्यादव्यभिचारिणी।
तदभावे तु दुहिता यद्यनूढ़ा भवेत्तदा।।''

उपरोक्त तथ्यों से ज्ञात होता है कि धर्मशास्त्र के समय में स्त्रियों के विविधरूपों को आंशिक या पूर्ण रूप से दाय प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त था। परन्तु उस समय मे कोई पत्नी व्यवस्था नहीं थी कि पुत्रों के समान ही स्त्रियों को सम्पत्ति में बराबर का अधिकार प्राप्त हो। इसके अतिरिक्त उन्हें स्त्रीधन रखने का भी अधिकार प्राप्त था।

वर्तमान समय में स्त्रियों को सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके हितों की रक्षा हेतु अनेक प्रकार के अधिनियम बनाए गये हैं –

हिन्दु स्त्री का सम्पत्ति अधिनियम 1937 के अनुसार विधवा के उत्तराधिकारों में विषमता को दूर करने के लिए सन् 1937 में हिन्दू स्त्री के सम्पत्ति में अधिकार अधिनियम पारित किया गया 1937 के इस अधिनियम ने विधवा विवाह, विधवा पुत्र वधु और विधवा पौत्र वधु को उत्तराधिकार के अधिकार प्रदान किए। 1937 में विधवा स्त्रियों को पति का धन प्राप्त था परन्तु इसमें भी अचल सम्पत्ति प्राप्त नहीं था।

1946 में स्त्रीधन पर स्त्रियों का पूर्णाधिकार प्राप्त हुआ तथापि इस कन्या के पुत्र का समानाधिकार प्राप्त नहीं था। परन्तु 2005 में हिन्दू सक्शेसन वहीं 1956 में संशोधन हुआ और स्त्रियों को हिन्दू अविभाजित परिवार सम्पत्ति में सम्पत्ति के हस्तांतरण का अधिकार मिला।

हिन्दू सक्शेसन एक्ट के सेक्शन 6 मे संशोधन कर कहा गया कि स्त्री उत्तराधिकारी को वो समस्त अधिकार प्रापत होंगे जो पुरूष उत्तराधिकारी को प्राप्त है। वर्तमान समय मे 2005 के अधिनियम के तहत चल अचल सभी प्रकार के सम्पत्तियों पर लड़कों के समान लड़कियों को भी 50 प्रतिशत सम्पत्ति मं अधिकार प्राप्त है।

संदर्भ सूची :–

1. पुराणन्याय याज्ञवल्क्य स्मृति 1/3
2. धर्मज्ञसमयः आपस्तम्ब धर्मसूत्र – 1/1/1/2
3. मनुः पुत्रेभ्योः तै.स. 3/31/2
4. ज्येष्ठस्य विशं उद्धार म. स्मृ – 9/112
5. विभागं चेत्पिता कुर्यादिच्छया या स्मृत – 2/114
6. भूर्या पितामहोमाता याज्ञवलक्य स्मृति – 2/121
7. तत्र प्रथम पत्नी धनभाक् याज्ञवलक्य स्मृति – 1/135
8. पितृमातृ पतिभ्रातृदत्तम याज्ञवलक्य स्मृति – 2/196
9. आधुनिक हिन्दू विधि की रूपरेखा – पृ0 सं0 374

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020

2020

औद्योगिक विकास का पर्यावरण पर प्रभाव

समरजीत कुमार सिन्हा
नवरंगा, अमनौर, जिला–सारण, बिहार

सारांश :– 21 शताब्दी के प्रारम्भ होते ही पर्यावरण व मानव का सन्तुलन गड़बड़ाने लगा है। भारत में तेजी से बढ़ती जनसंख्या ने मानव की आवश्यकताओं का अम्बार लगा दिया जिसकी पूर्ति हेतु उसने प्रौद्योगिकी का दामन थामा, फलतः नई–नई प्रौद्योगिकी का विकास हुआ और प्रौद्योगिकी के नवीनीकरण की यह रफ्तार इतनी तेज हुइ कि घरती से लेकर वायुमण्डल तक और जलमण्डल से लेकर अंतरिक्ष मण्डल तक पर्यावरण का हर कोना अतिक्रमित होता चला जा रहा है। वह सूक्ष्म सन्तुलन बहुत पीछे छूट गया, और उसकी जगह गहन स्वार्थ और उपभोक्तावादी प्रवृति छा गई है। इस प्रवृति ने पर्यावरण के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। पर्यावरण, बढ़ते प्रौद्योगीकरण के सन्मुख कमजोर और असहाय नजर आने लगा है। आधुनिक समय में जब भारत में पर्यावरण प्रदूषण का प्रभाव देख रहे हैं तो प्रौद्योगिकी व औद्योगिक विकास की कीमत पर पर्यावरण विनाश नजर आ रहा है। भारत में भी औद्योगिक विकास अपनी चरम सीमा तक पहुंच गया है। उसके अनुपात में पर्यावरण प्रदूषण भी अपनी अधिकतम सीमा तक पहुंच चुका है।

विशिष्ट शब्द :– औद्योगिक, विदोहन, गुणवत्ता, सान्द्रण, प्रदूषण।

भूमिका :– वर्तमान समय में औद्योगिक विकास ने हमारे भौगोलिक वातारण के लिए खतरा पैदा कर दिया है। भारत में पर्यावरण प्रदूषण एक विकट समस्या बन चुकी है। औद्योगिक विकास ने आर्थिक समृद्धि प्रदान की है सामाजिक आर्थिक संरचना को नया आयाम दिया है तथा लोगों को भौतिक सुख प्रदान किया है। परन्तु इसने कई प्रकार की पर्यावरणीय समस्याओं को भी जन्म दिया है। औद्योगिक विकास के दो प्रमुख संघटकों अर्थात प्राकृतिक संसाधनों का तीव्र गति से विदोहन तथा औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा कारखानों में कच्चे पदार्थो में वृद्धि का भी पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कारखानों में कच्चे पदार्थों के उपयोग के लिए प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक विदोहन के कारण निम्न परिणाम उत्पन्न होते हैं जो पर्यावरण की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। 1. पेड़–पौधें की कटाई के कारण वन क्षेत्रों में ह्रास। 2. औद्योगिक विस्तार के कारण कृषि भूमि में ह्रास। 3. भूमिगत जल के अत्यधिक निष्कासन के कारण भूमिगत जल–तल में गिरावट। 4. अत्यधिक औद्योगिक विस्तार के कारण वातावरण प्रदूषित होना आदि। ज्ञातव्य है कि भारत में स्थापित कारखानों में वांछित उत्पादन के अलावा कुछ अनिश्चित उत्पाद भी निकलते हैं जैसे औद्योगिक अपशिष्ट पदार्थ, प्रदूषित जल, जहरीली गैस, रासायनिक अवक्षेप, एयरोसॉल, धूल एवं राख तथा धूम्र आदि।[1] औद्योगिकृत क्षेत्रों ने कारखानों की चिमनियों से निकले प्रदूशकों का जल, मिट्टियों, भूमि तथा वायु में सान्द्रण इतना अधिक बढ़ा दिया है कि पर्यावरण प्रदूषण एवं अवनयन नाजुक सीमा पर पहुंच गया है।

भारत में स्थापित रासायनिक कारखानों से उत्पादित खादों एवं कीटनाशी एवं शाकनाशी कृत्रिम रसायनों के खेतों में प्रयोग के कारण आहार श्रृंखला तथा मिट्टियों के रसायनिक एवं भौतिक गुणों में भारी परिवर्तन हो रहे हैं। कारखानों से निकले अपशिष्ट पदार्थो से तालाबों एवं जलाशयों के स्थिर जल तथा नदियों में विमोचन के कारण जल प्रदूषित हो रहा है। जिस कारण अनेक जीवों की मृत्यु भी हो रही है तथा जलीय पारिस्थितिक तंत्रों का प्राकृतिक सन्तुलन अव्यवस्थित हो रहा है। निरन्तर बढ़ते औद्योगिक प्रसार के कारण अनेक प्रकार के प्रदूषकों का जनन हो रहा है जैसे कलोरीन, सल्फेट बाइकार्बोनेट, नाइट्रेट सोडियम, मैग्नीशियम, फॉस्फेट आदि के आयन। इन आयनों का वाहित मल नालियों द्वारा जलाशयों, नदियों व तालाबों में विमोचन हो रहा है। भारत में लगातार वनों का प्रतिशत घट रहा है। जिसके परिणामस्वरूप आक्सीजन की कमी वन्यजन्तु का पलायन वनों से सम्बन्धित पशुपक्षी व जीवों का ह्रास स्वाभाविक रूप में हुआ है।[2] भारत में बढ़ते जनसंख्या दबाव के कारण नम क्षेत्रों में कमी अंकित की गयी है। एक अध्ययन के आधार पर भारत में लगभग प्रत्येक गांव के अन्तर्गत एक छोटे व बड़ा जलाशय थे। परन्तु वर्तमान समय में उनका अतिक्रमण हो चुका है और नम क्षेत्र निरन्तर घटते जा रहे है। परिणामस्वरूप भूमिगत जल का स्तर कम होता जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप टयूबबैल की गहराई निरन्तर बढ़ती जा रही है जो कि चिन्ता का विषय है।

शोध प्रविधि :– प्रस्तुत शोध आलेख विश्लेषणात्मक एवं वर्णनात्मक प्रकृति का है। शोध कार्य के लिए द्वितीयक स्रोतों का उपयोग किया गया है। इसके लिए मुख्यतः इंटरनेट से प्राप्त सामग्रियों, प्रकाशित ग्रंथ, पत्र–पत्रिकाओं में छपे विवरण, निबंध एवं लेख तथा विभिन्न शोध ग्रंथों को अध्ययन का आधार बनाया गया है।

तथ्य विश्लेषण :– भारत में निरन्तर बढ़ती हुई विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने जहाँ अनेक उपलब्धियां दी है। सुख सुविधाओं से भरपूर साधन भी उपलब्ध कराएँ है और जनसाधरण को वैज्ञानिक सोच का आधार दिया है, वहीं अनेक जटिल समस्याएं भी दी है। औद्योगिक विकास के परिणाम–स्वरूप पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। भारत में जितनी जन सुविधाएं बढ़ रही हैं उसके अनुपात से कहीं ज्यादा जनसंख्या बढ़ रही है। परिणामस्वरूप जनसंख्या एवं जनसुविधाओं का अनुपात निरन्तर दबाव युक्त होता जा रहा है।

बढ़ते औद्योगीकरण के कारण भारत में जनसंख्या वृद्धि व घनत्व भी बढ़ता जा रहा है। उद्योगों के कारण व्यक्तियों को रोजगार आसानी से प्राप्त हो रहे है।

भारत में अत्यधिक औद्योगिकरण होने से यहां की अधिकांश भूमि पर उद्योग स्थापित है तथा इन उद्योगों से जो अपशिष्ट व बेकार पदार्थ निकलते हैं उन पदार्थो से आस–पास के क्षेत्रों का वातावरण अशुद्ध होता जा रहा है। इन अपशिष्ट पदार्थों से प्रभावित क्षेत्रों में गन्दगी बढ़ रही है। औद्योगिक ईकाईयां आस–पास ही गड्ढा खोदकर रासायनिक कचरे का पानी निस्तारित कर देती है यह पानी भूजल में मिल रहा है।[3] जिससे पानी की गुणवत्ता में भारी गिरावट आ रही है। यहां रासायनिक कचरों का जहर जल में घुल रहा है। जिस कारण यहां के निवासियों को अनेक स्वास्थ सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

भारत में औद्योगिक विकास से तीव्र गति से वाहनों की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है। इनसे निकलने वाले धुएं व शोर से वायु व ध्वनि प्रदूषण की समस्या भी उठ खड़ी हुई है। वायु प्रदूषण में घरों से निकलने वाला धुआं भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बढ़ती जनसंख्या व औद्योगिक विकास के कारण नगर में श्रमिक वर्ग, आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण घरों में प्रायः भोजन पकाने के लिए चूल्हा या स्टोव का प्रयोग करते हैं। लकड़ी, मिट्टी का तेल व कोयला प्रयोग में लाया जाता है जो अत्यधिक धुआं छोड़ता है। धुआं से पूरे क्षेत्र के निवासियों पर बहुत बुरा असर पड़ा रहा है जैसे आंखों में जलन, श्वांस नली में सूजन आना, एलर्जी, सिरदर्द व अन्य स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याएं उत्पन्न हो रही है।[4]

औद्योगीकरण और नगरीकरण बढ़ने से विभिन्न प्रकार के परिवहन के साधनों में वृद्धि हुई है। साधनों से निकले प्रदूषकों के कारण मानव जीवन का आधार कही जाने वाली प्राण वायु ऑक्सीजन बुरी तरह से प्रदूषित हो गई है, साथ ही साथ मानव जीवन का आधार जल जिसकी महत्ता एवं आवश्यकता को देखते हुए कहा जाता है कि जल ही जीवन है, वर्तमान समय में भयंकर रूप से प्रदूषित हुआ है। मावन जीवन के आधार इन भौतिक तत्वों–जल एवं वायु के प्रदूषित होने के कारण मानव समाज में अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हुइ है।[5] साथ ही आर्थिक सामाजिक विकास भी नकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ है।

भारत में बढ़ते औद्योगिक विकास के कारण प्रकृति प्रदत्त संसाधन चाहे जल, मृदा, वायु कोई भी तत्व हो खतरनाक स्तर तक प्रदूशित हो चुके हैं। औद्योगिक विकास में जल, मृदा तेजी से उपयोग में लाये जा रहे हैं। इसमें सन्देह नहीं हैं कि ह्रासमान पर्यावरण का कुप्रभाव विभिन्न प्रकार के पर्यावरणीय प्रदूषण जैसे जल प्रदूषण, वायु प्रदषण, मृदा प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, जैवीय प्रदूषण, मौसम व जलवायु में परिवर्तन पेड़ पौधें की कमी आदि पर्यावरणीय पारिस्थितिकी अवक्रमण तथा प्राकृतिक विपदाओं के रूप में दिखाई दे रहा है।[6]

वर्तमान में पेड़–पौधे तेजी से कटते जा रहे हैं, चारागाह एवं घास के मैदान समाप्त हो रहे हैं, जिस कारण वर्तमान में वनों का प्रतिशत घटता जा रहा है। वनों के आभाव के कारण जीव जन्तुओं का प्राकृतिक आश्रय छिनता जा रहा है। नदियां गन्दे नालों के रूप में परिवर्तित होती जा रही है। जलाशय तेजी से सुख रहे हैं और भूमिगत जल का स्तर लगातार गिरता जा है। हवा में जहर घुलता जा रहा है। वर्षा की बूंदों में भी तेजाब बरस रहा है। मैदानी उपजाउ भूमि शुष्क और बंजर होती जा रही है। चारों ओर कंक्रीट के जंगल उगते जा रहे हैं। ये सारा का सारा परिवर्तन प्रौद्योगीकरण के कारण हो रहा है। आज पर्यावरण प्रदूषण के कारण पूरी दुनिया पर ग्लोबल वार्मिग का खतरा मंडरा रहा है।

पर्यावरण प्रदूषण :– आज भारत औद्योगिक विकास के साथ–साथ पर्यावरणीय समस्याओं से अछूता नहीं है। मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्वों में प्रमुख रूप से सल्फयूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, पोटाश, सोड़ा एसिड, कास्टिक सोड़ा आदि आते हैं। इन तत्वों

के प्रयोग में धुंआ, धूल व दुर्गन्ध जैसी अनेक समस्याएं आती हैं। इसी प्रकार भारत में काफी औद्योगिक इकाईयाँ, रंग, डाई आदि का प्रयोग करती हैं उनसे निकलने वाला पानी काफी अम्लीय व क्षारीय होता है। सिन्थेटिक, प्लास्टिक, रेसिन, नायलॉन, कीटनाशक आदि का प्रयोग करने वाली औद्योगिक इकाईयां अपने आस–पास के वातावरण को गन्दा कर रही है। कुछ औद्योगिक इकाईयाँ विषैले पदार्थो का भण्डारण कच्चे माल के रूप में करती है जैसे–अमोनिया, सल्फासाइनाइड, आर्सेनिक, फेरियम ब्रोमाइड आदि जो अपने आस–पास के वातावरण व सम्पर्क में आने वाले अन्य पदार्थों को विषाक्त कर रही हैं। इनसे दुर्घटना की सम्भावना भी हमेशा बनी रहती है।[8]

जहां एक ओर औद्योगीकरण के कारण व्यक्तियों को अच्छे रोजगार मिल रहे है जिससे उनका जीवन स्तर को सुधरने के लिए सुविधाएं भी बढ़ रही है जैसे– विभिन्न प्रकार के वाहन, विद्युत आपूर्ति, जल–आपूर्ति, वातानुकूलित सयंत्र आदि। ये सुविधायें जीवन को सुगम तो बना रही है पर पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचा रहीं है। पिछले कुछ वर्षों के सर्वेक्षण से स्पष्ट है कि पर्यावरण के विभिन्न अवयवों को औद्योगिक क्रियाकलापों द्वारा बहुत नुकसान पहुंच रहा है। पर्यावरण प्रदूषित होने के कारण अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो रही है। जिसका विवरण सारणी संख्या 1.1 में प्रस्तुत किया गया है–

सारणी 1.1: पर्यावरण प्रदूषण से उत्पन्न प्रमुख समस्याएं

क्रं.	समस्याएं	कारण	प्रभाव
1	वायुमंडल में कार्बन डाई–ऑक्साइड की बढ़ती सान्द्रता	जीवाश्म इंधनों का अत्यधिक प्रभाव	वायुमंडल के औसत तापमान में बढ़ोतरी
2.	ग्रीन हाउस प्रभाव और वायुमंडल के तापमान में बढ़ोतरी	कार्बन डाईआक्साइड, मिथेन और नाइट्रोजन के आक्साइड की वायुमंडल में बढ़ती सांद्रता	औसत समुद्र तल में वृद्धि के कारण सागर तटीय शहरों के डूबने का खतरा, जलवायु में परिवर्तन
3.	वायुमंडल के उपरी सतह में स्थित ओजोन परत का क्षरण	सी.एफ.सी. वर्ग के रसायनों का उपयोग	सूर्य की किरणों के साथ पराबैगनी किरणों के पृथ्वी तक आने के कारण चर्म कैंसर में वृद्धि
4.	अम्लीय वर्षा	जीवाश्म इंधनों का अत्यधिक प्रयोग	कृषि, वन संपदा, प्राचभ्म इमारतों पर बुरे प्रभाव
5.	प्लास्टिक प्रदषण	प्लास्टिक वस्तुओं का अत्यधिक प्रयोग	नये–नये रोगों का जन्म
6.	जल प्रदूषण	तमाम मानवीय क्रियाएं, बढ़ता शहरीकरण, उद्योगों का कचरा, जलीय स्रोतों, सतही एवं भू–जलद के अत्यधिक दोहन के कारण नदी में कम पानी का बहाव और वनों की कटाई आदि	दूषित पानी से होने वाले अनेक रोग जैविक संपदा का नाश तथा उपयोग योग्य जल की कमी, भू–जल में कमी
7.	वायु प्रंदूषण	वाहनों का उत्सर्जन, जीवा" म इंधनों का अत्यधिक प्रयोग और तमाम औद्योगिक उत्सर्जन	शुद्ध हवा का अभाव तथा अनेक बीमारियां
8.	ध्वनि प्रदूषण	विभिन्न प्रकार के शोर	बहरापन और किसी कार्य में केन्द्रित नहीं कर पाना
9.	मृदा प्रदूषण	कीटनाशकों और रासानिक उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग और विभिन्न प्रकार के कचरों का भूमि पर संचय	भू–जल का प्रदूषित होना और भूमि की जैविक संपदा का ह्रास
10.	जैविक विविधता में कमी	विभिन्न मानवीय क्रियाएं और विभिन्न प्रकार के प्रदूषण	जल, चारा और इंधन की कमी और जन्तुओं एवं वनस्पतियों का विलुप्तिकरण

स्रोतः भारतीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, द्वारा प्रकाशित पत्रिका

वायु प्रदूषण :– औद्योगिक विकास व नगरीकरण के फलस्वरूप वायुमण्डल में विषैली गैसों, पदार्थों धूल के कणों आदि की उपस्थिति भी बढ़ रही है। जो मनुष्यों, जानवरों और वनस्पतियों के लिए हानिकारक है। वायुमण्डल में विभिन्न गैसों का एक निश्चित अनुपात होता है। और इस अनुपात में ऑक्सीजन के अतिरिक्त किसी अन्य गैस की वृद्धि हो तो इस प्रकार की वायु जीवन के लिए घातक सिद्ध होती है। वायु प्रदूषकों में

सर्व प्रमुख है–कार्बनडाइऑक्साइड, फ्लूरोकार्बन, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर कम्पाउण्ड अपशिष्ट, उष्मा, जल वाष्प, अमोनिया, हाइड्रोकार्बन, मेथिल ब्रोमाइड, क्रिप्टॉन, एयरोसॉल आदि गैसों व तत्वों के बढते हुए अनुपात के कारण वायु प्रदूषित हो रही है।[9] पैट्रोलियम तथा डीजल से चलने वाले स्वचालित वाहन कार्बन मोनोक्साइड के उत्पादन के सर्वप्रमुख स्रोत हैं। इसके अलावा तेल शोधन शालाओं, धातुशोधन प्रक्रियाओं तथा कई प्रकार के दहन इन्जनों से भी कार्बन मोनो ऑक्साइड की उत्पत्ति हो रही है इस तरह स्पष्ट हो जाता है कि औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा नगरीय क्षेत्र कार्बन मोनोक्साइड के प्रधान स्रोत है। वास्तव में कार्बन मोनोक्साइड व वायुमण्डल में स्थित वायु प्रदूषकों के 50 प्रतिशत भाग का प्रतिनिधित्व करती है। वायु को प्रदूषित करने वाली दूसरी प्रमुख गैस कार्बनडाई आक्साईड गैस है। कार्बन डाई ऑक्साइड गैस अपने आप में हानिकारक नहीं होती वरन् यह महत्वपूर्ण संसाधन है क्योंकि हरे पौधे के माध्यम से अपना आहार निर्मित करते हैं। परन्तु घट रहे पेड़ पौधों के कारण के उपभोग में निरन्तर कमी आ गयी है जिस कारण CO_2 का वाय में सान्द्रण बढ़ रहा है। जिससे अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही है। वायुमण्डल में समस्त वायु प्रदूषकों के सकल भार का लगभग 20 प्रतिशत भाग सल्फरडाई आक्साईड (SO_2) का होता है।[10] गन्धक का वायुमण्डल से सान्द्रण होने से यह पौधे तथा जन्तुओं के लिए हानिकारक हो जाता है। क्योंकि गन्धक की मात्रा में वृद्धि के कारण जल का pH मान काफी कम हो जाता है तथा जल की अम्लता में भारी वृद्धि हो जाती है। SO_2 गैस के निरन्तर बढ़ रहें अनुपात में सबसे अहम भूमिका परिवहन के साधनों, ताप शक्तिग्रह व तेल शोधन शालाएँ की है।[11] इन कारकों के द्वारा So_2 की मात्रा में बढ़ोत्तरी हो रही है। जिससे वायु की गुणत्ता का हास हो रहा है।

जल प्रदूषण :– बढ़ते नगरीकरण व औद्योगिक विकास से जहां जल की आवश्यकता बढ़ी है, वहीं जल प्रदूषण भी बढ़ा है जिससे शुद्ध जल की मात्रा कम हो रही है। कीटनाशकों के अधिक व अनुचित उपयोग के कारण भी जल प्रदूषित हो रहा है। कारखानों का अपशिष्ट, नदियों में बहाया जा रहा है। कई औद्योगिक इकाईयां पर्यावरण को काफी हद तक प्रभावित कर रही है कुछ कारखानों में छपाई व रंगाई का कार्य होता है, और रंग से प्रभावित जल नालों के सहारे नदियों में पहुंच जाता है जिससे जल का रंग बदल जाता है।

जनसंख्या वृद्धि के फलस्वरूप डिटर्जेन्ट पाउडर, साबुन आदि का उपभोग बढ़ा है। ये अपमार्जक जल स्रोतों में पहुंचकर उसकी सतह पर एक पतली परत के रूप में एकत्रित हो जाते हैं जिससे वायुमण्डल की ऑक्सीजन उसमें नहीं घुल पाती है, जब ऑक्सीजन पानी में नहीं घुलती तो पानी हानिकारक हो जाता है।[12] भूमिगत जल में बहुत बड़ी मात्रा में रासायनिक तत्वों का मिश्रण होने के फलस्वरूप वह पीने योग्य नहीं रहा है इससे आसानी से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होते हुए भी स्वच्छ स्वास्थ्यप्रद एवं पेयजल की मात्रा बहुत कम है। क्योंकि औद्योगिक इकाईयां अपने स्वार्थों के वशीभूत होकर पानी को निरन्तर औद्योगिक अपशिष्ट पदार्थ से प्रदूषित कर रही हैं। यह प्रदूषित जल विभिन्न प्रकार की बीमारियों के कीटाणुओं और रासायनिक तत्वों के साथ मिलकर दुर्गन्धित एवं विषैले स्वाद के रूप में सामने आता है। इस दृषित जल के प्रयोग से कई प्रकार का गम्भीर व घातक बीमारीयां हो रही है जैसे–वाइरल, इन्फेक्शन हैजा, टायफाइड, खुजली, मलेरिया पीत ज्वर एवं चर्म रोग आदि उत्पन्न हो रहे हैं। यह प्रदूषित जल निवासियों के स्वास्थ को रोग्रगस्त बना रहा है।

अन्य प्रदूषण :– जल व वायु प्रदूषण के अतिरिक्त भी अन्य प्रदषण जैसे ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, ठोस अपशिष्ट प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण व सामाजिक प्रदूषण आदि भी विद्यमान है जिनके कारण भौगोलिक पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इन प्रदूषणों का विवरण इस प्रकार से है।

ध्वनि प्रदूषण :– ध्वनि प्रदूषण भी एक गम्भीर समस्या के रूप मे विद्यमान है जो समय के साथ भयानक और विकराल होती जा रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में कारखानों व फैक्ट्रियों से होने वाला शोर. सड़क पर दौड़ने वाले पेट्रोल व डीजल से चलने वाले वाहन सब मिलाकर सड़क पर ऐसा वातावरण का निर्माण करते हैं कि पैदल चलने वाले तो क्या स्वयं वाहनों पर चलने वाले व्यक्ति भी विषैले धुएं व शोर से परेशान हो जाते है। यह अनुमान है नगरों में 65 प्रतिशत प्रदूषण इन वाहनों के कारण ही होता है। इसके अलावा तेज ध्वनि करते यन्त्र, शादी उत्सव आदि में बजने वाले यन्त्र व त्योहारों पर होने वाली आतिशबाजियां भी इस ध्वनि में वृद्धि करने में साहयक सिद्ध हो रही हैं। मानवीय स्रोतों में मुख्य रूप से मोटरगाड़ियों, रेल वायुयान, जेट विमान, कल कारखानों से निकली आवाजें, नारेबाजी, पूजा, कीर्तन, धार्मिक, राजनीतिक सभायें, धार्मिक एवं राजनीतिक प्रचारों के समय पैदा होने वाली तेज

आवाजें, स्कूल तथा विद्यालयों में उत्पन्न शोरगुल तथा स्वंय भी मानव की ध्वनि प्रदूषण को उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। तेज रफ्तार का अभ्यस्त मानव आगे जाकर जाने कैसी–कैसी मशीनों का निर्माण कर लेगा, वातवारण की गूंज को कितना बढ़ायेगा और बहरेपन के कितना निकट चला जायेगा कोई आश्चर्य नहीं कि आगामी शताब्दी तक बहरापन एक राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय समस्या बन जाये। ध्वनि प्रदूषण से कई प्रकार के रोगों का सामना करना पड़ा है। व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार में अन्तर आ रहा। इसके कारण कार्यकुशलता में भी कमी आ रही है। जो मजदूरों अधिक शोर में काम करते हैं, वे ह्रदय रोग, रक्तचाप, शारीरिक शीथिलता आदि अनेक रोगों से ग्रस्त हो रहे हैं।

मृदा प्रदूषण :– प्राकृतिक स्रोतों या मानव जनित स्रोतों से मिट्टी की गुणवत्ता में ह्रास या अवनयन निम्न कारणों से हो रहा है–तीव्र गति से मृदा अपरदन मिट्टियों में रहने वाले सूक्ष्म जीवों में कमी, मिट्टियों में नमी का आवश्यकता से अधिक या बहत कम होना, तापमान से अत्यधिक उतार चढ़ाव, मिट्टियों में ह्यूमस की मात्रा में कमी तथा मिट्टियों में विभिन्न प्रकार के प्रदूषकों का प्रवेश एवं सान्द्रण।

मृदा प्रदूषण के कारकों में निम्न सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। भूमि उपयोग में व्यापक परिवर्तन यथा–वन विनाश के कारण मिट्टियों का तीव्र गति से अपरदन, कृषि कार्य हेतु रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशी, रोगनाशी तथा शाकनाशी कृत्रिम रसायनों का अत्यधिक प्रयोग, औद्योगिक एवं नगरीय क्षेत्रों के प्रदूषित अपशिष्ट जल का सिंचाई के रूप में प्रयोग, औद्योगिक एवं नगरीय क्षेत्रों के अपशिष्ट ठोस पदार्थों की डम्पिंग, जलभराव आदि।

अत्याधिक औद्योगिकरण होने के कारण अम्ल वर्षा होती है। जिसके कारण मिट्टियों में अम्लता की अधिकता हो जाती हैं। मिट्टियों में अम्लता की अधिक मात्रा का सांद्रण फसलों के लिए हानिकारक होता है। कारखानों से उत्सर्जित क्लोरीन तथा नाइट्रोजन गैस जल से संयुक्त होकर मिट्टियों को प्रदूषित कर रही है, जिससे मिट्टी के रासायनिक संगठन में परिवर्तन कर देती है। कारखानों चूने के भट्ठों, कोयले की खानों, ट्रकों तथा मालगाड़ियों में कोयले को भरते तथा उतारने, ताप शक्ति संयंत्रों आदि से उत्सर्जित कणिकीय ठोस पदार्थ मिट्टियों में पहुँच कर उन्हें प्रदूषित करते रहते हैं।

दूसरी ओर भूमि की किस्म, भौगोलिक परिस्थितियों तथा फसलों की जातियों के अनुसार उर्वरकों की उपयुक्तता निर्धारित किये बिना कुछ तत्वों की अधिकता तथा विषैलापन हो जाता है। कुछ तत्वों की कमी आ जाती है तथा भूमि में लाभकारी जीवाणुओं पर बुरे प्रभाव के कारण भूमि उत्पादन क्षमता में कमी आ जाती है। भूमि के पर्यावरण सुधार की दृष्टि से रासायनिक खादों का इस्तेमाल मिट्टी परीक्षण के आधार पर फसलों की किस्म, भूमि की किस्म, भौगोलिक परिस्थितियों आदि को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिये।

ठोस अपशिष्ट प्रदूषण :– इसमें ठोस, जलीय, वायु व अपशिष्ट पदार्थ जैसे समाचार पत्रों, विभिन्न प्रकार के डिब्बे तथा कनस्तर, बोतल, टूटे काँच का सामान, राख, आवासीय कचरा व औद्योगिक अवशिष्ट पदार्थ आदि। इन ठोस अपशिष्ट पदार्थों की समुचित डम्पिंग तथा निपटान ना होने के कारण ये पदार्थ वातावरण को दूषित कर रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकरण एवं नगरीकरण में तेजी से वृद्धि हो रही है जिस कारण ठोस अपशिष्ट पदार्थो द्वारा उत्पन्न पर्यावरण प्रदूषण की समस्या विकराल होती जा रही है। रद्दी कागज, अपशिष्ट पदार्थ, काँच और टीन के टुकड़े तथा पोलिथीन की थैलियों से मिलकर इस मिट्टी को प्रदूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। औद्योगिक कचरे, धुएँ और गर्द ने इस प्रदूषण को और अधिक बढ़ा दिया। इससे भूमि की उर्वरता कम होती जा रही है।[17] मिट्टी की साख घट गई और साथ ही उपज की क्षमता का ह्रास भी हुआ है। औद्योगिक एवं नगरीय क्षेत्रों से निस्सृत अपशिष्ट पदार्थो के खेतों में डम्पिंग तथा नगरीय गन्दे नालों के प्रदूषित सीवेज जल से फसलों की सिंचाई के कारण मिट्टियों के भौतिक एवं रासायनिक गुणों में परिवर्तन होने के कारण मिट्टियों का अवनयन प्रारम्भ हो गया है।

प्लास्टिक प्रदूषण :– विज्ञान में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया है। प्लास्टिक एवं पॉलीथीन भी विज्ञान की ही देन है। घरेलू उपयोग में पॉलीथीन की थैलियों में पैकिंग की दुनिया में सुविधा के नये आयाम जोड़ दिये हैं। पॉलीथीन की थैलियां प्लास्टिक की ही बनती है, इसलिये प्लास्टिक का उपयोग वर्तमान में बहुत बढ़ गया है। दूध, घी, मसाले या अन्य कई उत्पाद सभी पॉलीथीन पैकिग में आने लगे हैं। प्लास्टिक व पॉलीथीन के अंधाधुंध प्रयोग ने न केवल कूड़ा निस्तारण के क्षेत्र में जटिल समस्या उत्पन्न की है, बल्कि इससे पर्यावरण प्रदूषण का खतरा भी बढ़ा दिया है। आज कूड़े–कचरे में इसकी मात्रा लगभग 20 से 25 प्रतिशत होती है। पॉलीथीन नष्ट न होने से सफाई कार्य में काफी व्यवधान उत्पन्न होता है।

प्लास्टिक को जैविक प्रक्रिया से नष्ट किया जाना अत्यन्त कठिन है। प्लास्टिक को जब हम धरती पर फेंकते हैं तब वह 200 से 300 वर्षों तक मिट्टी में नहीं मिल सकता है। साधारणतया कबाड़ी पुराने प्लास्टिक जैसे सीरिंज, मेडिसिन बोतले, पेस्टीसाइड कन्टेनर, जूते के सोल, पॉलीथीन बैग आदि कूड़े से या घरों से खरीद कर उद्योगों को बेच देते हैं, जिससे पुनः इस प्लास्टिक को गलाकर नयी प्लास्टिक की वस्तुएं तैयार की जा रही है। दुबारा प्लास्टिक की वस्तुएं कम तापक्रम पर लगभग 200 से 250 डिग्री सेन्टीग्रेड तापक्रम पर गलाकर बनाया जाता है। जिससे उससे तापक्रम पर संक्रमित अधिकांश कीटाणु जैसे हिपेटाइटिस–बी. एड्स सालमोनेला, कोलाई नष्ट नहीं हो पाते हैं जो अंततः उपभोक्ता को नये–नये रोगों को जन्म देते हैं।

निष्कर्ष :– औद्योगिक विकास के कारण कृषि फसलों वाली भूमि अन्य उपयोग में परिवर्तित हो रही है। यही कारण है कि भारत में हरित क्षेत्रों का विस्तार घट रहा है जिसका दुष्परिणाम प्रत्येक रूप से देखा जा सकता है। उद्योगों में वायु एवं जलशोधन की व्यवस्थाएं न होने के कारण वायु व जल प्रदूषण नगर क्षेत्रों में तथा प्रमुख राजमार्गों के सहारे निरन्तर बढ़ता जा रहा है। यह आज भौगोलिक पर्यावरण के ह्रास का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। बढ़ता हुआ प्रदूषण, घटते वन क्षेत्रों, घटते हुए नम क्षेत्रों तथा बढ़ती हुई आबादी का प्रतिकूल प्रभाव भारत के भौगोलिक पर्यावरण पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

उपरोक्त तथ्यों के परिपेक्ष्य में यह आवश्यक है कि भारत देश के अन्तर्गत जनजागरण का वृक्षारोपण के प्रति, नम क्षेत्रों के स्वच्छ एवं दीर्घ कालीन विकास के लिए तथा जनसंख्या को नियंत्रित कर ग्रामीण क्षेत्रों की ओर पुनः वितरण की व्यवस्था की जाये जिससे कि भारत का हरित क्षेत्र बढ़ सकें। नम क्षेत्र अधिक उपयोगी हो सकें तथा जनसंख्या दबाव नगरों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाएं बढ़ाकर व्यवस्थित किया जा सकता है। इसके साथ–साथ औद्योगिक ईकाईयों में शोधन प्रक्रियाओं की व्यवस्था तथा नगरों मे हरित पट्टी की, हरे–भरे पार्को की व्यवस्था भारत में इस पर्यावरण की समस्या को हल करने में विशेष रूप से प्रभावी हो सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शर्मा दीप्ति और महेन्द्र कुमार, पर्यावरण संरक्षण, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस ,दिल्ली, 2009, पृ. 132
2. Mamoria C-B., Advance Gepography of India, Agra, 2008, p 292
3. वही
4. http://www.windows-ucar.edu/earth/climate/carbon_cycle-html
5. www.climateclassroom.org/
6. शर्मा दीप्ति और महेन्द्र कुमार, पर्यावरण संरक्षण, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 2009, पृ. 179
7. वही
8. http://www.earthportal.org/
9. वही
10. http://www.epa.gov/climatechange/kids/index.
11. www.edf.org/page.cfm?tagID=65/
12. कौशिक एस. डी., मानव भूगोल, रस्तोगी पब्लिकेशन्स, मेरठ, 2005, पृ. 157

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

असंगठित क्षेत्र में कार्यकारी महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में बदलाव का अध्ययन

डॉ. प्रतीक कुमार
महिला अध्ययन विभाग, मगध वि.वि. बोधगया, बिहार

परिचय :– असंगठित क्षेत्र मजदूर वर्ग का वह विशाल हिंस्सा है जिसमें खेतीहर मजदूर आते है जो खेती, (कृषि) मत्स्य पालन, वृक्षारोपन आदि में संलग्न है। भारत में 93 प्रतिशत कार्यबल अनौपचारिक क्षेत्र में कम मजदूरी पर नियोजित है और उनकी सामाजिक सुरक्षा के उपाय भी नगण्य है असंगठित क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का इंजन है। असंगठित क्षेत्र की महिलाएं वर्तमान युग की बदलती धारणाओं नवीन मूल्यों एवं नगरीकरण ने मन को झिकझोड़ा है। ये अब दोहरी भूमिका निभाती है और अपने परिवार को आर्थिक रूप से सक्षम बना रही है।

असंगठित क्षेत्रों में कृषि कार्य एक बड़ी आर्थिक गतिविधि है। 2011 जनगणना के मुताबिक 80% से अधिक महिलाओं कर्मी कृषि कार्य में संलग्न है। ग्रामीण क्षेत्र में करीब 87% महिलाकर्मी है। शहरी क्षेत्रों में इनका अनुपात मात्र 17.5% है।

इस क्षेत्र की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि इन क्षेत्रों में कार्य करने वाले कर्मियों को किसी तरह का कानून संरक्षण प्राप्त नहीं है, न कोई मिनिमम वेजेज एक्ट है, न कोई चाइल्ड लेबर एक्ट है न कोई एम्पलाइमेन्ट इंश्योरेन्स प्रोग्राम है। ऐसा देखा गया है कि इन सेवाओं में अधिकांशतः महिलाएँ है जो निम्नवर्गीय परिवारों से आती है और बहुत गिरी हुई दशा में कार्य करती है।

नेशनल कमीशन ऑव लेबर जिसने गैर–सरकारी क्षेत्रों में काम करने वाली महिला की दिक्कतों के सम्बन्ध में कुछ विश्लेषण किये है, वे इस प्रकार है :–

1. नियोजन की अस्थायी प्रकृति
2. अशिक्षा एवं अनजानपन
3. बहुत छोटी संस्था जिसमें बहुत कम पूँजी लगी हुई हो।
4. नौकरी की जीर्ण–शीर्ण स्थिति।

कई भागों में जो अध्ययन किये गये हैं उससे पता चलता है कि महिला कर्मियों की स्थिति अत्यन्त ही दयनीय है। अनजानपन, परम्परागत दृष्टिकोण एवं प्रवृति, अशिक्षा, तकनीकी जानकारी का अभाव, नियोजन की अस्थायी प्रवृति, काफी अधिक शारीरिक श्रम, काम के अधिक घंटे उसपर कम वेतनमान, महिला तथा पुरूरूा कर्मियों के बीच नियोजन में भेदभाव, नौकरी की असुरक्षा, प्रताड़ना, भेदभाव इत्यादि स्थितियाँ है जो महिलाओं को सहनी पड़ती है। असंगठित क्षेत्रों में काम स्थानीय स्वभाव के होते है जिसमें स्थानीय नागरिक ही कार्ययशील होते है। ये सभी तरह के कानूनी सुरक्षा एवं आर्थिक लाभों से वंचित होते हैं। इनमें महिलाएँ बहुत असुरक्षित है और उनके काम करने के घंटे भी अधिक है और तनखाह बहुत कम है।

जैसा कि हम देख चुकें है, भारतवर्ष में असंगठित क्षेत्र में करीब 96% (2011 में) महिलाएँ है। इसमें वैसे लोग भी शामिल है जो गरीबी रेखा से नीचे का जीवन गुजर बसर कर रहे है। महिलाओं की स्थिति (2011–14) के अध्ययन हेतु नियुक्त कमिटी की रिपोर्ट है कि महिलाओं को असंगठित क्षेत्रों में नौकरियाँ में भागीदारी, उनकी समस्याएँ तथा उनकी अयोग्यताएँ इस बात पर निर्भर करती है कि संगठन कैसा है और नियोजन का क्षेत्र कैसा है। इसके नीति निर्माताओं द्वारा सामाजिक न्याय अपनाने की प्रक्रिया में निम्न टिप्पणियाँ की है–(1) वस्तु अधिक संख्या में यहाँ (73% करीब) महिलाएँ कार्यरत है (2) इस क्षेत्र में कम पैसे पर श्रमिक उपलब्ध हो जाते है।

शोध पत्र का उद्धेश्य :– यह अध्ययन का असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की भागेदारी को दर्शाता है। इस हेतु मांग और पूर्ति के नियम को भी ध्यान में रखा गया है।

विश्लेषण :– पूर्ति की दिशा में कुछ त्रुटियाँ है जिनके कारण संगठित क्षेत्रों में महिलाओं के प्रवेश नहीं हो पाते है। ये इस प्रकार है– (अ) श्रमिकों में अंगतिशीलता यही इन्हें स्थानीय क्षेत्रों में ही नियोजन हेतु बांध कर रखता है। अलग से अनके अन्दर यह प्रवृति नहीं होती है कि वे एक जगह से दूसरे जगह नियोजन के लिए पलायन करें, यही कारण है कि कम वेतनमान मिलने के बावजूद ये स्थानीय सेवाओं यथा फूड प्रोसेसिंग, घरेलू सेवा इत्यादि में ही संलग्न होकर रह जाते हैं (ब) अशिक्षा अथवा कम तकनीकी ज्ञान भी इन्हें इस क्षेत्र में प्रवेश को रोकता है।

माँग की दिशा में कुछ तत्व ऐसे है जो नियोजन को असंगठित क्षेत्रों में महिलाओं को अधिक

संख्या में नियोजित करने के लिए मजबूर करता है। ऐसे क्षेत्र है कृशि फार्म घरेलू कार्य इत्यादि। जितनी तरह की सेवाएँ है, उनमें घरेलू कार्य से संबंधित कार्यो की स्थिति जिस तरह से गैर–सरकारी और अनियंत्रित है, वैसा कोई नहीं है।

पंचवर्षीय योजना के इस बात पर विशष बल दिया है कि सामाजिक लाभ को प्रश्रय देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम चलाये जाएँ। इसी के तहत सेन्ट्रल सोशल वेल्पफेयर बोर्ड, की स्थापना हुई। 1953 में जो इस बात की तहकीकात करेगा कि सोशल वेल्पफेयर एजेन्सीज की क्या जरूरतें है जिन्हें पूरा करने में समाज हित में अधिक कारगार साबित हो। इस बोर्ड ने अपनी भी कई योजनाएँ शुरू की है जिनमें महिलाओं हेतु कई प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की गयी ताकि महिलाएँ अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। 1962 के अन्त तक ऐसे 75 प्रतिशत शिक्षण केन्द्र खुल चुके थे जिन्हें करीब 4,600 महिलाएँ कार्यरत थी। ऐसा अनुमान किया गया था कि 65–66 तक 25,000 से 30,000 तक और भी महिलाएँ इनमें नियोजन पा सकेंगी।

भवन एवं निर्माण कार्यो में प्रगति के साथ–साथ, सरकारी एवं निजी संस्थानों में महिलाकर्मियों की संख्याएँ काफी बढ़ी है, खासकर अप्रशिक्षित कर्मी के रूप में। 1951 के आंकड़ों के अनुसार करीब 2.4 लाख महिलाएँ इन निर्माणों में व्यस्त थी।

आजादी के बाद के वर्षो में महिलाओं की सफेदपोश सेवाओं में भर्ती बड़ी तेजी से हुई है यथा दुकानों, वाणिज्यिक संस्थानों, बैंकों तथा इंश्योरेन्स कम्पनियाँ में। योजना एवं प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक के द्वारा कराये गये सर्वेक्षण के अनुसार (1961 सितम्बर माह) 25 कर्मचारियों तक भी नियुक्त करने वाले निजी संस्थाओं में करीब 7,962 महिलाएँ क्लर्क के रूप में 3,138 महिलाएँ स्टेनोग्राफर के रूप में 933 महिलाएँ टाइपिस्ट के रूप में 51 महिलाएँ, बुक कीपर के रूप में 652 महिलाएँ कम्प्यूटर क्लर्क के रूप में तथा मशीन ऑपरेटर के रूप में और करीब 348 महिलाएँ सेल्स वोमैन तथा शॉप एसिस्टेन्ट के रूप में कार्यरत थीं।

शिक्षण एवं स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में जहाँ महिलाएँ एक लम्बे अर्से से शिक्षा प्राप्त कर रही है, उन्हें एक बड़ा क्षेत्र अपने नियोजन के लिए मिला है। जैसा कि आंकलन किया गया है, 1960–61 तथा 1950–51 के बीच महिला शिक्षको की संख्या 86,200 से बढ़कर 1,74,500 तक प्राइमरी स्तर पर चली गयी है, वही मिड़ल स्तर पर 20,700 से बढ़कर 45,800 तक चली गयी और उच्च तथा उच्चतर स्तर पर 8,000 से बढ़कर 22,600 तक चली गयी। 1955–56 में जहाँ महिला डाक्टरों की संख्या 5,000 थीं, वह 1960–61 में करीब 7,130 हो गयी। जिन महिलाओं ने अपने आपकों नर्सिग अथवा दाइयों के रूप में प्रशिक्षित किया, उनके नियोजन के भी अवसर काफी बढ़े है।

खास काम के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण एक अलग अध्याय ही आ गया जहाँ औघोगिक प्रतिष्ठान में महिलाओं के नियोजन का एक विशेष मार्ग खुल गया। एक साल के कोर्स का प्रशिक्षण विश्वविद्यालयों अथवा सरकारी विभागों में दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। ब्यूरो ऑफ शोकेशनल गाइडेन्स में जितने लोगों को इस हेतु प्रशिक्षण दिया गया है उन लोगों के सारे विस्तृत विवरण विभाग के पास होते है।

बहुत सारी महिलाएँ रेडियों विभाग में भी उदघोशिका स्क्रीन कंट्रोलर स्क्रिट लेखक इत्यादि के रूप में कार्यरत है। इसी विभाग की अन्य सेवाओं यथा क्लर्क, टाइपिस्ट, स्टेनोग्राफर, नाट्य कार्यकर्ता इत्यादि कलकारों के रूप में भी कार्यरत है।

हवाई यात्रा के क्षेत्रों में भी एरहोस्टेस के रूप में महिलाएँ अधिक संख्या में कार्यरत है।

फिल्मी उद्योग में महिलाओं की भागेदारी में वृद्धि एक विवादास्पद विषय है फिर भी यह कहा जा सकता है कि हाल के वर्षो में उच्चवर्गीय परिवारों से भी फिल्मी उद्योग में महिलाओं का तेजी से आना शुरू हो गया है।

लाभकारी कार्यो में महिलाओं की संलग्नता के पीछे कई कारण है। घरों में रोजी और रोटी कमाने वाले पुरूषों की आमदनी इतनी नहीं होती है कि परिवार का संचालन बहुत अच्छे ढंग से हो सकें, इस तथ्य ने कई महिलाओं को किसी न किसी रोजगार की तलाश की ओर उत्सक किया है। इसके अलावे मुख्य रोटी कमाने वाले व्यक्ति के साथ घर जाने वाली अकस्मात घटनाएँ जिसमें वे कुछ दिनों के लिए अथवा हमेशा के लिए अपंग हो सकता है अथवा अकाल मृत्यु हो जाये तो महिलाओं को अपने बच्चों के भारण–पोशण के लिए आग आना उनकी विवशता हैं। इसके अतिरिक्त महिलाओं के अन्दर पनपी इच्छाएँ जिने तहत वे आर्थिक स्वरूप से आजाद होना चाहती है, वे किसी–न–किसी रोजगार की तलाश करती है ताकि पैसे कमाकर अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। तुरत

वेतन पाने कार्यो में संलग्नता की दिशा' में प्रगति सबसे अधिक देखी गयी है यद्यपि कि वेतन स्तर बहुत कम है तथा न तो उनके लिए अथवा उनके ऊपर निर्भर करने वालों के लिए किसी तरह की भविष्य सुरक्षा योजना नहीं है।

घरेलू कार्यो से लेकर बाहर जाकर काम कर पैसे अर्जित करने में महिलाओं को कई तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ा है। यद्यपि कि इस स्थित से गुजरकर वे अब अभ्यस्त हो गयी है फिर भी तीव्र औद्योगीकरन ने उनके सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में कितना बदलाव ला दिया है, इन्हें इसका अन्दाजा नहीं है।

शुरू में काम में जब कार्यशील महिलाओं की हितों की सुरक्षा में सम्बन्धित विधन के बारे में सोचा भी नहीं जाता था, उस व्यक्ति गरीब परिवारों से आने वाली महिलाओं को कम वेतनमान पर नियोजकों ने बड़े पैमाने पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों में नियुक्तियाँ हुई और धीरे–धीरे जब उनकी तकलीफें प्रकाश में आने लगीं जैसे– अधिक घंटे तक काम करना, मातृत्व काल में अनुपस्थिति के कारण सेवा से बंचित कर दिया जाना, रात्रिकाल मे कई तरह की उत्पीड़न और भारी कामों को असमर्थता के बावजूद करना इत्यादि, तो सरकार को विवश होकर उनके हित रक्षा में कई बिल पारित करना पड़ा और धीरे–धीरे महिलाकर्मी सुरक्षित क्षेत्रों में आती गयी और विशेष परिस्थितियों में उन्हें बिना सेवा समाप्ति के विशेष लाभ मिलने लगे।

भारतवर्ष सहित अन्य राष्ट्रों में महिलाओं के शोषण को रोकने से सम्बन्धित विधन पारित किये गये। इसमें सबसे बड़ा योगदान 'अतराष्ट्रीय श्रम संगठन' का है जिसने 1915 में पूरे विश्व के देशों के लिए 'मातृत्व रेखा', रात्रिकाल में कार्य करने पर रोक, खतरनाक कार्यो से उन्हें बंचित रखना, भारी अथवा स्वास्थ्यनाशक कार्यो में उन्हें नहीं लगाना, नियोजनों एवं प्रशिक्षणों में पुरूषों की तुलना में उनके साथ भेदभाव नहीं बरतना इत्यादि विधन पारित कर महिलाओं की हित रक्षा की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

''माइन्स एक्ट, 1952 तो माइन्स के अन्दर महिलाओं के नियोजन पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा दिया है। खतरनाक कामों पर लगायें जाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देशक फैक्ट्रीज एक्ट से मिलते हैं जो स्पष्ट कहता है– किसी भी महिला और बच्चे को 'प्राइमभूवार' को साफ करने, इसे तैलीय करने अथवा इसके एडजस्टमेंट करने की इजाजत नही है और इसी तरह से ट्रान्समीशन पैशिन्स' के साथ भी और इस तरह कि किसी भी मशीन को साफ करने, तैलीय करने अथवा एडेजस्टमेंट करने पर पूर्ण प्रतिबन्ध है जहाँ खतरे की संभावना है।''

इसी तरीके से किसी भी महिला को जूट प्रेस करने पर नहीं लगाया जा सकता है, उस स्थिति को छोड़कर जहाँ कोई अवरोध गमन स्थल पर लगा हो। हॉ गर्मन स्थल के इर्द–गिर्द महिलाओं को काम पर लगाया जा सकता है। फैक्ट्रीज एक्ट और माइन्स एक्ट दोनों यह निर्देशित करता है कि वैसा भार महिलाओं को उठाने के लिए नहीं कहा जा सकता है जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़े और यह भार–सीमा केन्द्र सरकार व राज्य सरकार अपने किसी विधन द्वारा तय कर सकती है।

इसी तरह महिलाओं के लिए अलग बाथरूम एवं लेवेटरी पेशाबघर इत्यादि बनाये जाने है जहाँ यह आवश्यक है। कार्यस्थल पर महिलाकर्मी के बच्चों की देखभाल भी उचित व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता बतायी गयी है। जहाँ 50 से अधिक महिलाएँ किसी फैक्ट्री में कार्यरत है वहाँ महिलाओं के बच्चों की देखभाल के लिए अलग से व्यवस्था किये जाने का प्रावधन फैक्ट्रीज एक्ट में है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत साफ सुथरे कमरे की व्यवस्था करनी है जहाँ कोई प्रशिक्षण महिला परिवारिका को जो ऐसे बच्चों (6 वर्ष से कम उम्र के) की देखभाल करती हो। पालना घर की व्यवस्था करना।

सबसे महत्वपूर्ण प्रावधन जो है वह मातृत्व लाभ के सम्बन्ध में है। प्रसूति काल एवं प्रसूत उपरान्त इस छुट्टी की अवधि का वेतनमान उन्हें दिये जाने का प्रावधन महिलाओं की हित रक्षा में उठाया गया सर्वाधिक महत्वपूर्ण कदम है। विकसित राष्ट्रों में मातृत्व लाभ उन्हें स्पेशल इन्श्योरेन्स फंड के अन्तर्गत दिये जाते है, अतः नियेाजकों पर इस सम्बन्ध में कोई विशेष बोझ नहीं रह जाता है। भारतवर्ष में कुछ फैक्ट्रीज, जो इम्प्लाईज स्टेट इन्श्योरेन्स स्कीम के तरह आते है को छोड़कर अधिकांश मामलों में नियोजकों को ही सीधे मातृत्व लाभ के राशि की अदायगी करनी पड़ती है। इस तरीके के कानून बने हुए हैं जहाँ प्रसूति पूर्व, प्रसूति काल एवं प्रसूति उपरान्त की छुट्टियों एवं अन्य सम्बन्धित लाभ एवं छुट्टियों के दिनों के वेतनमानकी अदायगी रोकड़ों में नियोजकों को करनी पड़ती है। यह करीब–करीब सम्पूर्ण भारत में प्रचलित है। बिहार में मैटरनिटी बेनिपिफट एक्ट करीब। 1945 में पारित हुआ था जो यहाँ के राज्यपाल द्वारा लागू किया गया

था क्योंकि गर्वनमेंट ऑफ इन्डिया एक्ट, 1935 के तहत राज्यपाल को यह शक्ति प्रदत थी। 1947 में उसे पुनः पारित किया गया। इसमें बिहार एक्ट 18,1953 के द्वारा संशोधन भी किया गया। इस विधान के पारित होने से पूर्व यह सिर्फ कुछ नन सीजनल फैक्ट्रीज पर ही लागू होता था परन्तु अब ये सभी फैक्ट्रियों पर एक ही रूप में लागू होता है (सिपर्फ जूट पेसिंग फैक्ट्रीज, लाख और चीनी, उत्पादक फैक्ट्रीज जो फैक्ट्रीज एक्ट, 1948 से निर्देशित होते है। इस एक्ट के तहत कोई भी नियोजन किसी महिला को प्रसूति के तुरंतबाद नियोजित नहीं कर सकता है। हाँ प्रसूति के दिन से चार सप्ताह के बाद नियोजित कर सकता है और नहीं इस काल में कई महिला किसी फैक्ट्री में कार्य कर सकती है। प्रत्येक महिला जो फैक्ट्रीयों में काम करती है, अपने नियोजकों से 6 महीने का मातृत्व लाभ की दावेदार है और नियोजक उन्हें उनके प्रतिदिन के वेतन के आधार पर यह लाभ देने को बाध्य है इसकी एक शर्त यह भी है कि जब कोई महिला मातृत्व लाभ की नोटिस देती है तो उस तिथि के पूर्व उसे पिछले तीन महीने की अवधि में उनकी पूर्णकालिक सेवा होनी चाहिए।

चूंकि हर राज्य में मैटरनिटी बेनिपिफट एक्ट के स्वरूप अलग–अलग थे और लागू राशि की अलग–अलग थे इसीलिए भारत सरकार ने मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट, 1961 के तहत पूरे देश में एकरूपता लाने के उद्देश्य से पारित किया जो पूरे दश की सभी फैक्ट्रियों, माइन्सों, प्लान्टेशन्स पर एक साथ लागू होता था, सिर्फ, स्टेट इम्प्लाईज इन्ययोरेन्स स्कीम को छोड़कर। वर्तमान में मैटरनिटी बेनिफिट–26 सप्ताह का कर दिया गया है।

मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट, 1945, तथा मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट, 1961 दोनों अपने–अपने क्षेत्र मे कार्यरत है। मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट, 1961 के अन्तर्गत मातृत्व लाभ जितने दिनों तक ही महिलाओं की अनुपस्थिति होती है, उतने दिनों की दी जाती है (6 सप्ताह प्रसूति काल के पूर्व और 6 सप्ताह प्रसूति काल उपरान्त) प्रतिदिन के औसत वेतनमान के आधार पर और फिर। रू. प्रतिदिन में जो भी अधिक हो। मैटरनिटी एक्ट, 1961 के तहत यह भी प्रावधन है कि प्रसूति की तिथि से पूर्व एक साल में 160 दिनों तक उनकी कार्यविधि होनी चाहिए, तभी उन्हें मातृत्व लाभ दिया जायेगा। एक्ट बताता है–

1. प्रत्येक महिला कर्मी को उनके नियोजकों द्वारा मातृत्व काल के तुरंत पहले तथा प्रसूति के उपरान्त (6 सप्ताह अधिकतम) तथा प्रसूति काल की अवधि का वेतनमान उनके प्रतिदिन के औसत वेतनमान के आधार पर दिया जाएगा।

स्पष्टीकरण– औसत प्रतिदिन के वेतनमान से तात्पर्य प्रसूति के पूर्व के तीन महीनों में उठाये गये प्रतिदिन के औसत वेतनमान से है और फिर 1 रू. प्रतिदिन, इनमें जो भी बड़ा हो।

2. वैसी किसी भी महिला को मातृत्व लाभ नहीं मिलेगा जो प्रसूति तिथि के पूर्व के 1 वर्श के काल में कुल 160 दिनों तक काम नहीं किया हो।

इस प्रावधन से उन्हें वंचित रखा गया है जो आसाम क्षेत्र बाहर से आयी है अथवा जाने के समय ही गर्भवती थी।

व्याख्या इसमें यह देखा जाता है कि उक्त महिला ने कितने दिनों तक कार्य किया है और इस से कबतक अवकाश पर रही है और प्रसूति के पूर्व के 1 साल कितने दिनों तक काम किया गया है।

3. महिलाएँ मातृत्व लाभ के सम्बन्ध में महत्तम 12 सप्ताह तक का दावा कर सकते हैं यार्पन 6 सप्ताह प्रसूति पूर्व और 6 सप्ताह प्रसूति उपरान्त।

यदि प्रसूति के दरम्पान महिला की मृत्यु हो जाती है तो मृत्यु के दिन तक के वेतनमान की अदायगी उसे की जायेगी। अगर महिला ने किसी बच्चे का जन्म दिया है और, जन्म के समय अथवा उसकी मृत्यु हो जाती है तो उसे पूरे 6 सप्ताह की अवधि के राशि की अदायगी उसे की जायेगी और यदि इस अवधि के पूर्व महिला की मृत्यु हो जाती है परन्तु बच्चा जीवित रहता है उसकी कुछ दिनों बाद बच्चे की मृत्यु हो जाती है तो बच्चे की मृत्यु की अवधि तक का वेतनमान उसके परिवार वालों को दिया जायेगा।

निष्कर्ष :– उपरोक्त प्रस्तुति के अनुसार, यह कहा जा सकता है कि आधुनिक समाज सेवा हेतु ऐसे संगठनों की सेवा काफी प्रशंसनीय रही है। पब्लिक सेक्टर की तुलना मे प्राइवेट सेक्टर की गति परिवर्तन हुआ। अंसगठित क्षेत्र में कार्यकारी महिलाओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति में कई बदलाव आये है। महिलायें पुरूषों से कदम से कदम मिला कर साथ दे रही है।

श्रम का उचित मूल्य ही असंगठित क्षेत्र की गरीबी को दूर करने का प्रामाणिक उपाय है।

संदर्भ–सूची :–

1. मोहनदास करमंचद गांधी, वूमैन्स रोल सोसायटी, नवजीवन प्रकाशन अहमदाबाद, गुजरात वर्ष 1959, पृ.–5
2. सिविल सर्विसेज सस्परेंट्स टाइम्स, मासिक हिन्दी पत्रिका, अंसारी रोड, दरियागंज दिल्ली, अप्रैल 2008, पृ.–48
3. प्रभा आप्टे, भारतीय समाज क नारी, क्लासिक पब्लिकेशन जयपुर, वर्ष 1996, पृ.–11
4. सुमित्रा कुमारी, डायनेमिक्स ऑफ वूमन एम्पावरमेंट अल्फा पब्लिकेशन दिल्ली, 2006 पृ–15
5. योजना, हिन्दी मासिक पत्रिका, नई दिल्ली, जून 2012, पृ.– 18
6. वही पत्रिका
7. ऑफिस ऑफ द यूनाइटिड नेशस हाई कमिशनर फॉर ह्यूमन राइट्स
8. प्रतियोगिता दर्पण, हिन्दी मासिक पत्रिका, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा, जनवरी 2008, पृ.–1047

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

भारतीय न्याय व्यवस्था में महिलाओं के अधिकार

स्वीटी वर्मा
शोध छात्रा, जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट ऑफ लाडनूराजस्थान
डॉ. पुष्पा मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट ऑफ लाडनू, राजस्थान

सारांश :– महिलाओं का प्रश्न अब सिर्फ सामाजिक जीवन के विभिन्न प्रकरणों में पुरूष के साथ उनके अधिकारों की समानता अथवा परिवार में महिलाओं की स्थिति से ही सम्बन्धित नहीं रहा है। अपितु यह उसके परिवर्तन की दिशा में सम्बन्धित वृहद प्रश्न का अंश बन गया है और महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन समाज में पुरूषों व महिलाओं की बदलती हुई भूमिकाओं पर निर्भर करता है। दुनिया की आधी जनसंख्या महिलाओं की है किन्तु यह आधी जनसंख्या पुरूष प्रधान समाज में पुरूष निर्मित नियमों के तहत किसी तरह से अपना जीवनयापन कर रही है। विकास को सदैव समाज के विभिन्न वर्गों को प्रभावित करने वाली बहुआयामी प्रक्रिया होना चाहिए। महिलाओं की स्थिति में सुधार समाज के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक पहलुओं तथा सामाजिक ढाँचे को प्रभावित करेगा। महिलाओं के व्यक्तित्व में समाज के आर्थिक सामाजिक, सांस्कृतिक पहलू स्वाभाविक रूप से निहित होते हैं। अतः उनसे सम्बन्धित मुद्दे अलग रखने व उपेक्षित करने के लिए नहीं हैं। अपितु सम्पूर्ण विकास की समस्याओं में भी सम्मिलित है।

भारत में महिलाएँ कमजोर वर्ग में आती हैं तथा असमानता, भेदभाव, क्रूरता शोषण आदि की घटनायें महिलाओं के साथ आम हैं शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा जनसंख्या की दृष्टि से देश में महिलाओं की हस्तक्षेप भागीदारी लगभग पुरूषों के लगभग बराबर हैं परन्तु विभिन्न क्षेत्रों में हिस्सेदारी निर्णय लेने के आर्थिक प्रस्थिति आदि में पुरूष वर्ग से पिछड़ी हुई हैं। देश में इनके स्तर के उच्ची करण हेतु काफी प्रयास किये गये हैं तथा लगातार हो रहे हैं विभिन्न तरह के कानून एवं योजनाएँ महिलाओं के आर्थिक सामाजिक, राजनैतिक स्तर को ऊँचा उठाने हेतु देश में प्रचलित भी हैं। इन कानूनों का ज्ञान होना देश की आधी आबादी के लिए आवश्यक है जिससे कि महिलायें अपने हित की लड़ाई स्वयं लड़ने में सक्षम हो सकें। महिलाओं की इस स्थिति को देखते हुए ह पारिवारिक न्यायालय का गठन किया गया है। महिला संरक्षण हेतु विभिन्न कानूनों की जानकारी देश की आधी आबादी तक पहुँचाये जोन के प्रयास किये जाने चाहिए। महिला कानूनों के उचित क्रियान्वयन एवं महिला संरक्षण हेतु आवश्यक है कि देश की अन्तिम महिला तक को अपनी बात कहने तथा स्वयं के लिए निर्णय लेने का अधिकार एवं छूट की जिम्मेदारी दायित्व समाज को सुनिश्चित करना होगा।

मुख्य बिन्दु :– महिला अधिकार, पारिवारिक न्यायालय, कानून योजनाएँ, संरक्षण।

सरल शब्दों में महिला सशक्तिकरण को महिलाओं को शक्ति देने के रूपमें समझा जा सकता है अपने स्वयं के जीवन का फैसला करें या उनमें ऐसी क्षमताओं को विकसित करें ताकि वे सक्षम हो सकें समाज में उनकी सही जगह पाते हैं। आधी मानव आबादी का गठन करने वाली महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है और देश की परवाह किए बिना उनका शोषण किया जाता है व वे जिस धर्म में रहती हैं व उस धर्म के बारे में अनभिज्ञ होती हैं। हर जगह महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अधिक या कम डिग्री वाले सभी समाजों में महिलाओं और लड़कियों को शारीरिक व यौन और मनोवैज्ञानिक शोषण के अधीन किया जाता है जो आय व वर्ग और संस्कृति की रेखाओं में कटौती करते हैं। दुर्भाग्य से व भारत उन कुछ देशों में से एक है व जहां महिलाओं के खिलाफ अपराध जबरदस्त तरीके से बढ़ रहे हैं। वास्तव में युगों से भारत में महिलाओं की स्थिति और स्थिति एक विवादास्पद विषय है व क्योंकि यह भारतीय समाज के विरोधाभासी और विरोधाभासी स्वरूप को दर्शाता है। एक तरह से लोग भारतीय परंपरा से अधिक देवी के रूप में महिलाओं को प्रार्थना की पेशकश करते हैं व और संस्कृति कहती है कि ''यात्रा नारी पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवता''। लेकिन एक ही समय में और दूसरी तरफ महिलाओं को द्वितीयक स्थिति में माना जाता है और उन्हें जन्म से मृत्यु तक भी अत्याचार के लिए रखा जाता है। इस बीच व न्याय पालिका के माध्यम से संवैधानिक कानून और सामान्य कानून अत्याचारों से महिलाओं के उद्धारकर्ता के रूपमें काम कर रहा है और अपने जीवन के सभी भाले में महिलाओं की स्थिति के लिए कई तरीकों से मदद कर रहा है। हमारे देश में महिलाओं की स्थिति वर्तमान स्तर तक बढ़ गई है जो कि निशान तक नहीं हो

सकती है व लेकिन फिर भी संतोषजनक है क्योंकि सक्रिय न्याय पालिका के साथ–साथ सार्वजनिक उत्साही लोग हैं जिन्होंने हमारे देश की महिलाओं की स्थिति को सफलता पूर्वक वर्तमान स्तर तक पहुंचाया है। निष्पक्ष और स्वतंत्र न्यायपालिका ने हमेशा न्याय के सच्चे संरक्षक की भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से कई बार न्यायपालिका ने समाज की आधी आबादी यानी व हमारे देश की महिलाओं के पक्ष में विधायी प्रावधानों के दायरे में सक्रिय रूप से व्याख्या और प्रवर्धन किया है।

संवैधानिक अधिकार महिलाओं की रक्षा करते हं सुरक्षात्मक भेद–भाव की अवधारणा :– भारत के संविधान ने न केवल पुरुषों के साथ महिलाओं की बराबरी का दर्जा दिया है व बल्कि राज्य को यह भी अधिकार है कि वह महिलाओं के पक्षमें सकारात्मक भेदभाव के उपायों को अपनाओ ताकि उनके द्वारा सामना किए जा रहे संचयी सामाजिक आर्थिक व शिक्षा और राजनीतिक नुकसान को बेअसर किया जा सके। सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उन्नति के लिए संवैधानिक बंधुओं ने राज्य को लोकतांत्रिक राजनीति के भीतर विशेष कानून व नीतियां व योजनाएं और कार्यक्रम बनाने का अधिकार दिया। संविधान के निर्माताओं ने लिंग के बावजूद न्याय व स्वतंत्रता और समानता प्रदान करने का लक्ष्य रखा है व इसे प्रस्तावना, मौलिक अधिकार व राज्यनीति के निर्देशक सिद्धांत व मौलिक कर्तव्यों और अन्य प्रावधानों में देखा जा सकता है। प्रस्तावक निर्माताओं के दिमाग को खोलने की कुंजी है। संवैधानिक फ्रैमर का उद्देश्य लिंग व स्थिति, धर्म व पंथ और जाति आदि के बावजूद लोगों को न्याय व स्वतंत्रता और समानता प्रदान करना है व इससे कोई भी समझ सकता है कि फ्रैमर लैंगिक समानता वाले समाज की स्थापना करना चाहते हैं व जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसे बनाए रखने की कोशिश करता है। महिला सशक्तिकरण भारत में महिलाको उपलब्ध अधिकारों को संवैधानिक अधिकारों और कानूनी अधिकारों के रूप में दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। संवैधानिक अधिकार वे हैं जो संविधान के विभिन्न प्रावधानों में प्रदान किए गए हैं व जो भूमि का मूल कानून है। दूसरी ओर व कानूनी अधिकार वे हैं व जो विभिन्न कानूनों में प्रदान किए जाते हैं। भारत का संविधान पुरुषों और महिलाओं को स्थिति और अवसर की समानता का वचन देता है।

भारत में महिलाओं के लिए संवैधानिक अधिकार–

1. समानता का अधिकार और कानूनों का समान संरक्षण (अनुच्छेद 14),
2. राज्य लिंग के आधार पर भारत के किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव नहीं करेगा (अनुच्छेद 15(1)
3. राज्य को महिलाओं के लिए कोई विशेष प्रावधान बनाने का अधिकार है। दूसरे शब्दों में व यह प्रावधान राज्य को महिलाओं के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव करने में सक्षम बनाता है (अनुच्छेद 15(3)
4. कोई भी नागरिक व लिंग के आधार पर राज्य के अधीन किसी भी रोजगार या कार्यालय के लिए भेदभाव या अयोग्य नहीं होगा (अनुच्छेद 16(2)
5. मनुष्यों में जबरदस्ती और जबरन श्रमवर्जित है (अनुच्छेद 23 (1)
6. पुरुषों और महिलाओं के लिए सुरक्षित रूप से राज्य आजीविका के पर्याप्त साधनों का अधिकार (अनुच्छेद 39(ए)
7. भारतीय पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान काम के लिए समान वेतन को सुरक्षित करने के लिए राज्य (अनुच्छेद 39(डी)
8. राज्य को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि महिला श्रमिकों के स्वास्थ्य और शक्ति का दुरुपयोग नहीं किया जाता है और उन्हें आर्थिक मजबूती के लिए मजबूर नहीं किया जाता है ताकि वे अपनी ताकत के लिए अवोकेन में प्रवेश कर सकें (अनुच्छेद 39 (ई)।
9. राज्य काम और मातृत्व राहत की उचित और मानवीय स्थितियों को सुरक्षित करने के लिए प्रावधान करेगा (अनुच्छेद 42)।
10. राज्य विशेष रूप से लोगों के कमजोर वर्गों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देने और उन्हें सामाजिक अन्याय और सभी प्रकार के शोषण से बचाने के लिए बढ़ावा देता है (अनुच्छेद 46)।
11. पोषण के स्तर और अपने लोगों के जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए राज्य (अनुच्छेद 47,। (10)
12. यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा कि वह महिलाओं की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करे (अनुच्छेद 51–ए (ई),।
13. प्रत्येक पंचायत में प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा भरी जाने वाली सीटों की एक तिहाई संख्या महिलाओं के लिए आरक्षित होगी (अनुच्छेद 243–डी (3),।
14. प्रत्येक स्तर पर पंचायतों में अध्यक्षों की कुल संख्या का एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा (अनुच्छेद 243–डी (4)।
15. प्रत्येक नगर पालिका में प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा भरी

जाने वाली सीटों की एक तिहाई महिलाओं के लिए आरक्षित होगी (अनुच्छेद 243–टी (3)।

16. नगर पालिकाओं में अध्यक्षों के कार्यालय ऐसे शिष्टाचार में महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे, जिन्हें राज्य विधान मंडल (अनुच्छेद 243–टी (4) प्रदान कर सकता है। आदि।
17. हर राज्य के विधानसभा और विधानसभा के चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे व कहने का तात्पर्य यह है कि प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और जो मतदाता होने के लिए लिंग व स्थिति आदि के अठारह वर्ष से कम आयु का नहीं है। (अनुच्छेद३२५ (११) और ३२६ (१२))।

महिलाओं के लिये सामाजिक विधायन :–

1. सती प्रथा निवारण अधिनियम 1829 (संशोधन 1987)
2. हिन्दू विवाह पुर्नविवाह अधिनियम 1856
3. हिन्दू स्त्रियों का सम्पत्ति पर अधिकार अधिनियम 1937
4. बाल विवाह निरोधक अधिनियम 1929 (संशोधन 1978)
5. विशेष विवाह अधिनियम 1872 (संशोधन 1923, 1954)
6. हिन्दू विवाह तथा विवाह विच्छेद अधिनियम 1955 (संशोधन 1976)
7. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956
8. दहेज प्रतिबन्ध अधिनियम 1961 (संशोधन 1984, 1986)
9. मुस्लिम विवाह (विवाह के अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम
10. महिलाओं तथा लड़कियों का अनैतिक व्यापार दमन अधिनियम 1956 (संशोधन 1986)
11. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005
12. मातृत्व लाभ अधिनियम 1961
13. समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976

निष्कर्ष :– भारत में विधायिकाओं द्वारा कई कानून व प्रशासक और न्यायिक घोषणाओं के नियम और अधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति के साथ–साथ समूह महिला संगठन महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए निरंतर संबंध रखते हैं व लेकिन महिलाओं के लिए गैर बराबरी व गैर हित के कारण उनके लिए बहुत कम न्याय और समाज में लोग महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाना समय की जरूरत है। एक सशक्त महिला न केवल अपनी सुरक्षा करती है बल्कि अपने आस पास के लोगों की भी रक्षा करती है।इसलिए व मौन तोड़ने का समय आ गया है व महिलाओं को इस पुरुष प्रधान समाज में अपनी जगह के लिए लड़ना चाहिए। इसकी शुरुआत परिवार से ही होनी चाहिए। मानसिकता और पितृ सत्तात्मक विचारों ने भारतीय लोगों की मानसिकता को जन्म दिया है क्योंकि उम्र में बदलाव होना चाहिए व तभी कानून का असली फल महिलाओं को मिलेगा। ''एक आवाज वाली महिला व परिभाषा के अनुसार व एक मजबूत महिला है।'' – मेलिंडागेट्स

ग्रन्थ सूची :–

1. महिला विकास और सशक्तिकरण, प्रज्ञा शर्मा (2001), अविष्कार पालि शर्मा डिस्ट्रीब्यूटर्स
2. राज्य की महिला नीति, महिला व बाल विकास विभाग, द्वारा यूनिसेफ, जयपुर (2004)
3. धावन हरिमोहन एवं कुमार अरूण, महिला आरक्षण व भारतीय समाज
4. सिंह (डॉ) निशान्त, महिला राजनीति और आरक्षण।
5. गर्ग (डॉ) वीना, भारतीय महिलाएँ।
6. यादव (डॉ) वीरेन्द्र , महिला स" ाक्तिकरण।
7. राठौर, कमल सिंह, महिलाओं का राजनैतिक जागरूकता।
8. http://www.socialresearchfoundation.com/upoadreserchpapers/1/44/1506261215321st%20sapna%20yadav.pdf
9. http://www.livelaw.in/women-laws-india/
10. http://www.legalserviceindia.com/legal/article-116-judicial-activism-in-protection-and-promotion-of-women-in-india-with-special-reference-to-indian-constitution.html

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

जैन दर्शन में स्मृति प्रमाण का समीक्षात्मक अध्ययन

कुँवर नीरज सिंह
शोध छात्र, दर्शनशास्त्र विभाग, टी.डी.पी.जी.कालेज(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल वि.वि.), जौनपुर, उ.प्र.

जैन दर्शन में स्मृति को एक स्वतन्त्र प्रमाण के रूप में स्वीकार किया गया है। पूर्व में जाने हुए किसी पदार्थ का बाद में स्मरण कराने वाला ज्ञान स्मृति कहलाता है। इसमें हम पूर्व में जाने गये किसी पदार्थ का बाद में जब प्रत्यक्ष करते हैं तो वहाँ स्मृति आ जाती है। यहाँ पर प्रत्यक्ष ज्ञान को स्मृति का निमित्त कारण माना गया है। धारणा नामक संस्कार के कारण ही स्मृति ज्ञान उत्पन्न होता है। धारणा नामक संस्कार ही स्मरण को उत्पन्न करने का कारण बनता है। स्मरण में जो पदार्थ हमारे सामने आता है वह तो वर्तमान समय में हमारे सामने नहीं होता फिर भी वह पदार्थ हमारे पूर्व अनुभव का विषय तो रहा ही है और इसी अनुभव का दृढ़ संस्कार सादृश्यता आदि के माध्यम से पदार्थ को हमारे सामने ला देता है। स्मृति ज्ञान के माध्यम से ही हमारा सम्पूर्ण लोक व्यवहार चलता है। उदाहरण के लिए मेरे द्वारा कार को अपने पड़ोसी को कुछ दिन के लिए उधार पर दिया गया। पुनः यदि हमें वह कार लेना होगा तो स्मरण के आधार पर वह कार मुझे मिल पायेगी।

जैन दार्शनिकों का मानना है कि धारणा नामक अनुभूत पदार्थ में हमें 'इदम्' का बोध कराते हैं तथा संस्कार से उत्पन्न होने वाली स्मृति उसी अनुभूत पदार्थ को 'तत्' के रूप में जानती है। इस प्रकार जैन दार्शनिक संस्कार विषय से उत्पन्न होने वाले अनुभूत विषय को 'वह' रूप में जानने वाले ज्ञान को स्मृति कहते हैं। जैन दार्शनिकों ने इसे अन्य ज्ञानों से भिन्न माना है। जैसे–प्रत्यक्ष ज्ञान ज्ञानेन्द्रियों से उत्पन्न ज्ञान होता है जबकि स्मृति ज्ञान पूर्व संस्कारों के अनुभूत होने से उत्पन्न होने वाला ज्ञान है। इन दोनों ज्ञानों का विषय तो एक है फिर भी इसमें भेद पाया जाता है। प्रत्यक्ष में जिस देवदत्त को देखकर हम कहते हैं 'यह देवदत्त' उसे ही स्मृति में 'वह देवदत्त' इस रूप में जाना जाता है। स्मृति का विषय सदैव अनुभूत पदार्थ होता है जबकि प्रत्यक्ष का विषय वर्तमान पदार्थ होता है। इस प्रकार प्रत्यक्ष एवं स्मृति में स्वरूप भेद पाया जाता है।

जैन दार्शनिकों द्वारा प्रत्यक्ष एवं अनुमान प्रमाण से भिन्न एक स्वतन्त्र प्रमाण के रूप में स्मृति को स्वीकार किया गया है। तत्वार्थ सूत्र में मतिज्ञान के पर्यायवाची शब्दों में स्मृति ज्ञान को गिनाया गया है।[1] मतिज्ञान के इसी पर्यायवाची शब्दों से अकलंक देव ने स्मृति को प्रमाण के रूप में स्थापित किया है। अकलेक देव से पूर्व स्मृति को जैन दर्शन में प्रमाण की संज्ञा नहीं मिली थी। अतः अकलंक देव ही स्मृति को प्रमाण के रूप में स्थापित करने वाले आचार्य माने गये हैं। विद्यानन्द के अनुसार– तत् (वह) आकार वाले एवं अनुभूत अर्थ को विषय करने वाले ज्ञान को स्मृति कहा जाता है।[2] माणिक्य नन्दी के अनुसार संस्कार की जागृति से 'तत्' अकारक ज्ञान स्मृति है।[3] संस्कार का तात्पर्य जैन दर्शन में धारणा भी होता है। अनुभूति में निर्णीय ज्ञान को दृढ़ता पूर्वक ग्रहण करना ही धारणा या संस्कार कहलाता है। संस्कार से ही स्मृति की उत्पत्ति होती है इसलिए अकलंक देव स्मृति को संस्कार या धारणा का फल मानते हैं। वादिदेव सूरि कहते हैं–संस्कार की जागृति से उत्पन्न अनुभूत अर्थ को विषय करने वाला एवं तत् आकार वाला ज्ञान स्मृति है।[4] हेमचन्द्र सूरि के अनुसार–वासना अर्थात् संस्कार के उद्बोध से उत्पन्न तत् आकार ज्ञान स्मृति है।[5]

जैन दर्शन को छोड़कर सम्पूर्ण भारतीय दर्शन में स्मृति को स्वीकार तो किया गया है परन्तु एक स्वतन्त्र प्रमाण के रूप में इसे केवल जैन दर्शन में ही स्वीकार किया गया है।

जैनियों के स्मृति प्रमाण को अप्रमाण मानने का सर्व प्रमुख कारण यह रहा है कि स्मृति 'गृहीतग्राही' होती है। मीमांसकों का मानना है कि अनुभव के द्वारा पदार्थ को जिस रूप ग्रहण किया जाता है स्मृति उससे अधिक कुछ भी ग्रहण नहीं करती है और न ही स्मृति के किसी नये अंश का बोध कराया जाता है। इस कारण स्मृति को एक स्वतन्त्र प्रमाण मानना उचित नहीं है। वैशेषिक दर्शन में स्मृति को विद्या का एक प्रकार बताया गया है। श्रीधर के अनुसार– स्मृति पूर्वानुभूत विषय के ही उपदर्शन से अर्थ का निश्चय कराती है, इसलिए वह पूर्वानुभूत के परतन्त्र होने से प्रमाण नहीं कही जा सकती है।[6] न्याय दर्शन में बौद्धों के क्षणिकवाद का खण्डन करने के लिए स्मृति को हेतु के रूप में स्वीकार किया गया है। यह न तो प्रमा ही है और न ही प्रमाण। वात्स्यायन का मानना है कि क्षणिक विज्ञानों के प्रवाह मात्र को आत्मा कहकर आत्मा की नित्यता का खण्डन करना न तो अनुभव और न ही स्मरण की सत्ता को सिद्ध करता है। अतः इनके आधार के रूप में नित्य

आत्मा की सत्ता को मानना आवश्यक है। अतः स्मृति को हेतु के रूप में स्वीकार करके ही आत्मा की सत्ता को स्थापित किया जा सकता है। जयन्तभट्ट द्वारा अर्थजन्य न होने के कारण स्मृति को प्रमाण नहीं माना गया है। इनका मानना है–स्मृति गृहीतग्राही ज्ञान होने से अप्रमाण नहीं है, अपितु पदार्थ से नहीं उत्पन्न होने के कारण अप्रमाण है।[7] यहाँ यह ध्यान देने योग्य बात यह है कि न्याय–वैशेषिक दर्शन में धारावाहिक ज्ञान को गृहीतग्राही होने के बावजूद भी प्रमाण माना गया है। इस रूप में यह मीमांसकों के प्रमाण लक्षण अनधिगतार्थग्राही का खण्डन करते हैं। वाचस्पति मिश्र ने भी स्मृति को प्रमा नहीं माना है क्योंकि ये शब्द एवं अर्थ के सम्बन्ध को लोकाधीन मानते हैं।[8] आचार्य उदयन मानते हैं कि ऋषियों ने स्मृति ज्ञान के लिए कभी प्रमाण शब्द का प्रयोग नहीं किया है, इसलिए स्मृति ज्ञान प्रमाण नहीं है।

स्मृति को प्रमाण न मानने के सम्बन्ध में सबसे प्रबल तर्क बौद्ध दार्शनिकों द्वारा दिया गया है। ये तर्क निम्नलिखित हैं–

1.स्मृति गृहीतग्राही है अर्थात् ये प्रत्यक्ष आदि द्वारा गृहीत अर्थ का ज्ञान करती है। इस कारण यह प्रमाण नहीं है।

2.स्मृति की उत्पत्ति ज्ञान अर्थ से नहीं होती है। जो ज्ञान अर्थ से उत्पन्न होता है, वही अर्थ का अव्यभिचरित ज्ञान कराने से प्रमाण होता है।

3.स्मृति को यदि प्रमाण माना जाएगा तो इच्छा, द्वेष आदि को भी प्रमाण मानना पड़ेगा, जिससे अव्यवस्था होगी।

4.स्मृति ज्ञान विसंवादक है।

5.स्मृति ज्ञान से किसी प्रकार का कोई नया अर्थ नहीं निकलता है, इसलिए स्मृति ज्ञान प्रमाण नहीं है।

उपर्युक्त सभी प्रकार के आक्षेपों का निराकरण करते हुए स्मृति ज्ञान को प्रमाण के रूप में स्थापित करने के लिए अकलंक देव निम्नलिखित तर्क देते हैं।

1.स्मृति का सम्बन्ध अतिसंवादी ज्ञान से होता है, इसलिए स्मृति को प्रमाण कहा जाता है।[9] प्रत्यक्ष ज्ञान भी अर्थाकार होने के कारण प्रमाण नहीं माना जाता अपितु यह अविसंवादी होने के कारण ही प्रमाण माना जाता है। यदि प्रत्यक्ष को अर्थाकार होने से प्रमाण माना जाएगा तो व्यवस्था नहीं बन सकेगी क्योंकि प्रत्यक्ष का ग्राह्य एवं प्राप्य अर्थ भिन्न होता है।[10] इस प्रकार प्रत्यक्ष को अविसंवादी होने के कारण प्रमाण कहा जाता है। स्मृति द्वारा भी अर्थक्रिया में विसंवाद उत्पन्न नहीं होता। अतः उसे भी प्रत्यक्ष की भाँति प्रमाण मानना चाहिए।[11] जब स्मृति में किसी भी प्रकार का विसंवाद आएगा तो वह प्रमाणाभास कहलाएगा।

2.कथंचित् गृहीतग्रह ही होने से प्रत्यक्ष द्वारा गृहीत विषय का ग्राही होने से यदि स्मृति को अप्रमाण माना जाता है तो यह उचित नहीं है क्योंकि स्मृति को प्रमाण मानने का प्रत्यक्ष से भिन्न प्रयोजन है।[12] किसी के द्वारा ज्ञात अर्थ के सदृश आकार एवं भेद वि'ोषों की उत्तरोत्तर पर्याय विशेष की अर्थ क्रिया को सिद्ध करने की अभिलाषा होने पर स्मृति का प्रमाण अविरुद्ध रहता है।[13] स्मृति के द्वारा अज्ञान का निवारण तथा अपने विषय में प्रवृत्ति होने के कारण स्मृति को प्रमाण की संज्ञा दी जाती है। इसके अलावा यदि कालगत भेद से देखा जाए तो स्मृति का ज्ञान तो अगृहीतग्राही ही रहता है। अतः स्मृति प्रमाण है।

3.स्मृति को प्रमाण मानने के विषय में सबसे प्रबल तर्क यह है कि स्मृति को माने बिना व्याप्ति ज्ञान सम्भव ही नहीं हो सकता है और व्याप्ति ज्ञान के सम्भव न होने पर अनुमान की सिद्धि नहीं हो सकती है। यदि लिंग और लिंगी की समस्त क्षेत्र एवं काल में व्याप्ति जानने के पश्चात् अनुमेय का ज्ञान करने के लिए अनुमान प्रमाण की प्रवृत्ति होती है तो यह व्याप्ति ज्ञान स्मृति के बिना असिद्ध है।[14] पर्वत पर धुआँ है क्योंकि वहाँ पर आग है। इस व्याप्ति के सिद्ध हुए बिना अनुमेय अर्थ का ज्ञान नहीं हो सकता है। यदि ऐसा भी मान लिया जाए कि व्याप्ति के बिना ही अनुमान की प्राप्ति हो जाती है तो भी इसकी प्राप्ति स्मृति के बिना सम्भव नहीं है क्योंकि अनुमान प्रत्यक्ष के उपरान्त होने वाला ज्ञान है। अतः यह प्रत्यक्ष पर आधारित है। इस प्रकार लिंग एवं लिंगी के प्रामाण्य एवं अप्रामाण्य की व्यवस्था का आधार स्मृति ही है। यदि देशादि से रहित सामान्य धूमादि को विषय करने वाली व्याप्ति से पर्वतादि विशिष्ट अग्नि आदि का ज्ञान हो जाता है तो फिर पूर्व अनुभूत स्मृति से भी उस प्रकार की व्याप्ति हो जाती है।[15]

4.स्मृति के द्वारा अज्ञान की निवृत्ति की जाती है तथा विषय का प्रकाशन किया जाता है। इस कारण स्मृति को प्रमाण कहना उचित है। अकलंक देव कहते हैं–'स्मृति प्रमाण है तथा प्रत्यभिज्ञा उसका फल है। बिना स्मृति के प्रत्यभिज्ञा सम्भव ही नहीं है।'[16] इनका मानना है कि स्मृति ज्ञान से ही स्मृति की प्रामाण्यता सिद्ध हो जाती है।

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि

अकलंक देव स्मृति को अविसंवादी होने से, कालगत दृष्टि से अनधिगतार्थ ग्राही होने से, लिंग–लिंगी के सम्बन्ध पर आधारित व्याप्ति की प्रमाणता एवं अप्रमाणता के आधार पर अनुमान की विवेचना करने से प्रमाण की कोटि में रखते हैं। अतः स्मृति ज्ञान स्मृति प्रमाण ही है।

यहाँ पर यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि जैन दर्शन में सभी स्मृतियों को प्रमाण की कोटि में नहीं रखा गया है। जैन दार्शनिकों द्वारा केवल उन्ही स्मृतियों को प्रमाण की कोटि में रखा गया है जो अविसंवादी हों, अनधिगतार्थग्राही हों, स्व तथा पर का नि"चायक ज्ञान कराने वाली हों और व्यवहार में उपयोगी हों। यद्यपि जैनाचार्यों द्वारा स्मृति की उत्पत्ति में ही स्मृति का प्रमाण स्वीकार किया जाता है परन्तु स्मृति की सबको अनुभति होने के बावजूद भी व्यावहारिक स्तर पर इसमें विसंवाद देखा जाता है। इस विसंवादकता का निराकरण स्वयं स्मृति द्वारा सम्भव नहीं है क्योंकि स्मृतियाँ सदैव धारणा या संस्कार के अनुरूप होती हैं। प्रत्यक्ष के द्वारा हमें जिस अर्थ का ज्ञान होता है, उस अर्थ या विषय के सम्बन्ध में यदि हमारा संस्कार धूमिल है अथवा अप्रमाणित है अथवा बहुत समय पहले विषय को देखे जाने के कारण शंकाग्रस्त है तो स्मृति ज्ञान कभी भी सम्यक् ज्ञान नहीं हो पाएगा। इस कारण स्मृति प्रमाण भी सम्भव नहीं हो पाएगा और अविसंवादकता के स्थान पर विसंवादकता पायी जाएगी। स्मृति की विसंवादकता का ज्ञान सदैव या तो प्रत्यक्ष से या प्रत्यभिज्ञान से ही किया जा सकता है।

स्मृति प्रमाण को लेकर किये गए सम्पूर्ण अध्ययन का सार यह है कि जैन दार्शनिकों द्वारा स्मृति को प्रमाण के रूप में स्थापित करने का प्रयास स्वयं इनका मौलिक प्रयास है। इनके अतिरिक्त अन्य किसी भी भारतीय दर्शन में स्मृति को प्रमाण के रूप में स्थापित नहीं किया गया है। इसका कारण है कि जैन दार्शनिकों को छोड़कर सभी भारतीय दार्शनिकों ने स्मृति ज्ञान की प्रामाणिकता को प्रत्यक्ष के द्वारा प्राप्त अर्थों एवं भूतकाल के आधार पर भविष्य का ज्ञान कराने के अर्थों में ही लिया है। इन्होने इसे किसी नवीन ज्ञान की प्राप्ति में सहायक नहीं माना है।

सन्दर्भ

1.तत्वार्थ सूत्र, 1/13
2.तदित्याकारानुभूतार्थविषया स्मृतिः। –प्रमाण परीक्षा, पृ0 42
3.संस्कारोद्बोधनिबन्धना तदित्याकारा स्मृतिः। –परीक्षामुख 3/3
4.तत्र संस्कार प्रबोधसम्भूतः अनुभूतार्थ विषयं, तदित्याकारं वेदनम् स्मरणम्।–प्रमाणनयतत्वालोक, 3/3
5.वासनोद्बोधहेतु का तदित्याकारा स्मृतिः। –प्रमाणमीमांसा, 1/2/3
6.अतएव न प्रमाणं तस्याः पूर्वानुभवविषयत्वोपदर्शनेनार्थ निश्चिन्वत्या अर्थपरिच्छेदे पूर्वानुभवपारतन्त्र्यात्। –न्यायकन्दली, पृ0 627
7.न स्मृतेरप्रमाणत्वं गृहीतग्राहिताकृतम्। अपित्वनर्थजन्यत्वं तदप्रामाण्यकारणम्।।–न्यायमंजरी, पृ0 21
8.न्यायवार्तिक तात्पर्यटीका, पृ0 21
9.प्रमाणमविसंवादात्।–सिद्धिविनिश्चय 3/3
10(1).प्रत्यक्षस्यापि प्रामाण्यमविसंवादात् न पुनरर्थाकारानुकारितया अति प्रसंगात्।–सिद्धिविनिश्चय वृत्ति, 3.2, पृ0 175
(2).प्रमाणमर्थसंवादात् प्रत्यक्षान्वयिनी स्मृतिः।–प्रमाण संग्रह कारिका 10
11.न हितयाऽर्थ परिच्छिद्य अर्थक्रियायां विसंवाद्यते।–सिद्धिविनिश्चय वृत्ति 1.9, पृ0 38
12.गृहीत ग्रहणान्नो चेन्न प्रयोजनभेदतः।–सिद्धिविनिश्चय, 3.2
13.क्वचित् सदृशाकारभेदविशेषामामुत्तरोत्तर पर्याय विशेषसाध्यार्थ क्रियावाच्छायां तथैव प्रामाण्यविरोधात्।–सिद्धिविनिश्चय वृत्ति, 3.2, पृ0 175
14.साकल्येनादितो व्याप्तिः पूर्व चेल्लिङ्.गलिङ्.गनोः। अनुमेयस्मृतिः सिद्धा न प्रमाणं विशेषवत्।।–सिद्धिविनिश्चय, 3.3
15.सिद्धिविनिश्चय वृत्ति, 3.3, पृ0 177
16.प्रत्यभिज्ञा फलं तस्याः प्रामाण्यं प्रतिपत्तितः।–प्रमाण संग्रह, 10

International Journal of Social Science & Management Studies - I.J.S.S.M.S.
Peer Reviewed - Refereed Research Journal & Impact Factor - 5.2, Ex - UGC S.N. 5351
ISSN : 2454 - 4655, Vol. - 6, No. – 9, Oct. - 2020
2020

वैदिक काल में शिक्षा व्यवस्था –एक अध्ययन

डॉ. विजयलक्ष्मी देवांगन
सहा.प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)
पं. देवी प्रसाद चौबे शास. महाविद्यालय, साजा जिला– बेमेतरा (छ.ग.)

सारांश– वैदिक कालिन शिक्षा व्यवस्था भारतीय पद्धति की मूलभूत पहचान रही है, जिसके अंन्तर्गत बालको को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान की जाती । जिसका उद्देश्य बालको को भावी जीवन में एक सफल व कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाना था जिसके तहत आयु के अनुसार अनौपचारिक शिक्षा ''विद्यारम्भ'' नामक संस्कार से घर पर ही माता पिता के द्वारा बालकों को दी जाने वाली शिक्षा थी। गुरूकुल में प्रवेश के पश्चात बालको को वेदाभ्यास के साथ–साथ व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करना , ब्रम्हचर्य का पालन कराना , गृहत्यागी तथा भीक्षाटन भी सिखाया जाता ताकि बालक अहंकार, वासनाओं से दूर रहकर अपना जीवन सहज बनाने की प्रेरणा प्राप्त कर सके। वैदिककालीन शिक्षा व्यवस्था अत्यंत उन्नत थी जहां नारी शिक्षा का भी प्रावधान था। नारी को वेदाध्यन तथा यज्ञ संपादन का अधिकार प्राप्त था। बिना पत्नि के कोई भी पुरूष यज्ञ का संपादन नही कर सकता था। वैदिक कालिन शिक्षा याज्ञिक एवं धार्मिक थी अतः स्त्रियों को भी यज्ञ करने का अधिकार था । वैदिक युग में पुत्रियों की शिक्षा पुत्रों के समान होती थी उपनयन संस्कार पुत्रों की भांति होते थे ।

शुद्रों को भी इच्छानुसार वैदिक साहित्य पढ़ने का अधिकार था तथा ज्ञान व विद्या प्रदान की जाती थी शुद्र शिक्षा ग्रहण कर सकते थे इसका उपनिषदो में उल्लेख भी मिलता था। जो कि धीरे–धीरे समय के साथ विलुप्त होता गया। वैदिक काल में शिक्षा के प्रारंभिक चरण में पिता या आचार्य मौखिक शिक्षा प्रदान करते थें जिसके तहत शुद्ध उच्चारण एवं पाठ सिखाने के साथ ही साथ वादविवाद को विशेष महत्व दिया जाता था। बालक अपने पाठ को बार–बार दोहराकर कंठस्थ करते थे। इसके साथ ही आरंभिक गणित, व्याकरण तथा ज्योतिष तथा छंद शास्त्र का बोध कराया जाता था। उपनयन संस्कार के पश्चात बालक वेदों का पठन–पाठन का अभ्यास करता था । वेदों को लिपिबद्ध करना प्रतिबंध होने के पर भी लिपि का समुचित ज्ञान कराया जाता था । जनभाषा संस्कृत का ज्ञान आवश्यक रूप से कराया जाता था ।

की वर्ड– वैदिक काल, शिक्षा, गुरूकुल, आचार्य, पठन पाठन, उपनयन संस्कार, वेद, वैदिक साहित्य, शिक्षा व्यवस्था अध्यात्म।

प्रस्तावना– भौतिकता के प्रति व्यक्ति का एक सहज स्वभाव है किन्तु उसका सत् से परिपूर्ण मन उसे सदैव अध्यात्म की ओर प्रेरित करता है यही कारण है कि व्यक्ति अपने मूल अंतस चेतना को सदैव जानना चाहता है जो उसे 'सत्' और 'असत' का भेद कराती है और निरंतर आगे बढ़ने को प्रेरित करती है । इसी चेतना के सबसे सहज स्वरूप को 'ज्ञान' के माध्यम से जान सकते है क्योंकि ज्ञान ही वह भाव है जो व्यक्ति के सहज विकास के साथ–साथ उसके अंतस स्थित चेतन तत्व को उजागर करती है। ज्ञान का सदविकास प्रत्येक अवस्था पर वाछंनीय है इसी कारण हमारे पुरातन मनिषियों ने ज्ञान की अवधारणा को शिक्षा के साथ जोड़ा ताकि बालपन से ही 'सत्' तथा अध्यात्मिक चेतना की प्राप्ति के उद्देश्य को बालक उपने संपूर्ण जीवन काल में प्राप्त कर सके। इसी उद्देश्य से वैदिक कालिन शिक्षा व्यवस्था की स्थापना हमारे मनिषियों ने की जिसके अंतर्गत गुरूकुल के माध्यम से बालको को शिक्षा प्रदान किया जा सके। वैदिक कालिन ' शिक्षा के अनुसार शिक्षा ही मानव के सर्वागींण विकास का आधार रही जिसे अभीष्ट मानकर उसमें नैतिक चरित्र का निर्माण, व्यक्तित्व निमार्ण, सांस्कृतिक संरक्षण का बीजारोपण किया जाता था ।

वैदिक काल में प्रारंभिक शिक्षा– वैदिक कालीन शिक्षा व्यवस्था में प्रारंभिक शिक्षा घर पर ही माता पिता द्वारा दी जाती थी जिसके लिए 'विद्यारम्भ' नामक संस्कार का उल्लेख उपनिषदों में मिलता है। यह एक अनौपचारिक शिक्षा हुआ करती थी। जो व्यवहारिक ज्ञान तथा शिष्टाचार का बोध बालकों के भीतर कराती थी। यह कार्य आमतौर पर पिता का माना जाता था जिसके कारण पिता के कर्तव्यों में बच्चे के लालन पालन के साथ ही साथ शिक्षा प्रदान करना भी जोड़ दिया गया। विद्यारम्भ के साथ–साथ '' अक्षरारम्भ'' नामक संस्कार का उल्लेख भी मिलता है जिसके अंतर्गत किसी शुभ दिन तथा मुहुर्त देखकर सभी वर्णो के बालकों को अक्षर का अभ्यास प्रारंभ कराया जाता था जिसमें पहले श्री गणेश की पूजा, विद्या की देवी सरस्वती, लक्ष्मी तथा कुल देवता की विधिवत आराधना

की जाती थी। बालको को लकड़ी की काली पट्टीका पर स्वास्तिक बनाकर अक्षरारम्भ का विधिवत शुभारंभ किया जाता था। यह परंपरा बालकों की अनौपचारिक शिक्षा से संबंधित थी। किन्तु अक्षरों और वर्णमाला का ज्ञान इसी दौरान कराया जाता था किन्तु कोई विशेष पाठशाला की स्थापना इस समय नही है अक्षरों तथा वर्णमाला के ज्ञान के साथ ही शुद्ध उच्चारण एवं पाठ भी सिखाया जाता था । बालक अपना पाठ बार–बार दुहराकर कण्ठस्थ करते थे। प्रारंभिक शिक्षा मूलतः मौखिक थी इसी कारण बालकों के ज्ञान वर्धन हेतु वाद विवाद को अधिक महत्तव दिया जाता था किन्तु उत्तर वैदिक काल में लेखन कला से ज्ञान को पठन पाठन में सम्मिलित कर लिया गया। वेदों को लिपिद्ध करना निशिद्ध था उसके बाद भी बालकों को लिपि का अभ्यास कराया गया जिसके अन्तर्गत आरंभिक गणित उच्चारण, व्याकरण, ज्योतिष तथा छंद शास्त्र का सामान्य ज्ञान कराया जाता था हांलाकि लिपि का ज्ञान होने के पश्चात भी तात्कालिक प्रारंभिक शिक्षा मौखिक ही थी । वास्तव में इस प्रकार की प्रारंभिक शिक्षा बालकों के लिए पूर्णतः माता पिता के संरक्षण में अनौपचारिक प्रकार से होती थी जिसमें बालक जीवनोपयोगी सामान्य व्यवहार आस पड़ोस के साथ शिष्टाचार सामाजिक एवं धार्मिक व्यवहार सीखता।

वैदिक शिक्षा में उपनयन संस्कार–

वैदिक काल में शिक्षा, सामाजिक, मानसिक, आध्यात्मिक प्रगति का मूल आधार रही। शैक्षणिक संस्कारों के दिए जाने के पीछे यह प्रयोजन रहा कि बालको को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाकर उनके भावी जीवन को व्यवहारिक व सरल बनाया था सके ताकि वह स्वयं के जीवन को उत्कृष्ठ बनाने के साथ–साथ समाज का भी एक अभूतपूर्व व जिम्मेदार अंग बन सके। इस हेतु बालकों का गुरूकुल में प्रवेश कार्य उपनयन संस्कार के माध्यम से होना था। उपनयन का शाब्दिक अर्थ है गुरू के पास शिक्षा के लिए ले जाना। अथर्ववेद में उपनयन का अर्थ ब्रम्हचारी को आचार्य द्वारा ग्रहण करने के अर्थ में लिखा गया है। उपनयन संस्कार उनके लिए किया जाता है जो विद्या सीखना चाहता है। वास्तव में विद्यारम्भ के अनौपचारिक शिक्षण के पश्चात औपचारिक शिक्षा हेतु गुरूकुल में बालकों का प्रवेश किया जाता था। जिसमें उन्हे वेदों का अध्ययन कराया जाता जो बालको का मुख्य पाठ्यक्रम होता था जिसके अन्तर्गत प्रारंभ में '' त्रयी वेद '' अर्थात् ऋगवेद, यजुर्वेद, सामवेद का अध्ययन किया जाता है तदान्तर अथर्ववेद को भी जोड़कर नया पाठ्यक्रम अर्थात् चारो वेदो का पठन पाठन किया जाने लगा । विद्यार्थी वैदिक ग्रंथों को अच्छी तरह कण्थस्थ करते थे छंद शास्त्रो का अध्ययन करने के साथ–साथ विद्यार्थियों को काव्यों की रचना हेतु भी प्रेरित किया जाता था। उपनयन संस्कार के अंतर्गत ही वैदिक संहिताओं, वेदांगों याज्ञिक विधाओं आदि के अतिरिक्त पराविधा तथा ब्रम्हविधा भी अध्ययन के अंग थे जिसका उल्लेख उपनिषदों में भी मिलता है। इसके साथ ही साथ वेद, इतिहास , पुराण, व्याकरण विधा, छंद विधा, वाक्योवाक्यम, निरूक्त छन्द शास्त्र , ज्योतिष राशि, एकायन विधा जैसे विभिन्न विषयों की शिक्षा उच्च शिक्षा के अंतर्गत प्रदान की जाती। वास्तव में यह शिक्षा मौखिक अधिक होती थी क्योंकि वेदों को लिपिबद्ध नहीं किया जाता था लेकिन उसके बाद भी बालकों को लिपि का समुचित ज्ञान कराया जाता था जिसके लिए भोजपत्र एंव ताड़पत्रों का इस्तेमाल किया जाता था , जिस पर आचार्य मयूर पंखों से लेखक कार्य किया करते थे।

गुरूकुल में शिक्षण कार्य का भी एक सत्र हुआ करता था शिक्षा का प्रारंभ अर्धवार्षिक तथा वार्षिक अवधि निर्धारित होती जिसे ''उपागम'' तथा ''उत्सर्जन'' संस्कार से संबोधित किया जाता था। शिक्षण सत्र मुख्यतः पाँच या छः मास का उपागम अर्थात् वेदाअभ्यास प्रारंभ करना एंव उत्सर्जन अर्थात् वेदाअभ्यास से विराम या किसी ऋतु विशेष में वेदाअध्यय का त्याग जिसे धर्मसूत्र में समापन भी कहा गया। इस प्रकार उपनयन संस्कार के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी अपना मानसिक व शारीरिक दोनों ही स्तर पर समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बन पाता। इसके साथ ही विषय की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा भी हुआ करती थी जो कि आमतौर पर मौखिक हुआ करती थी, वास्तव में यह परीक्षा किसी एक दिन विशेष की ना होकर प्रतिदिन गुरू द्वारा ली जाने वाली परीक्षा होती थी क्योंकि वैदिक काल में बालक आचार्य के सीधे संपर्क में रहता था तथा गुरू विद्यार्थियों की प्रतिभा, योग्यता तथा उत्कृष्ठता का सदैव अवलोकन करता था। कभी कभी स्नातक शिष्यों को विद्वत मंडली में उपस्थित किया जाता था जहाँ शिष्य, वादविवाद शास्तार्थ आदि में भाग लेकर स्वंय की योग्यता का परिचय तथा गुरूकुल के सम्मान की वृद्धि कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करता।

<u>वैदिक काल में नारी शिक्षण</u> :– वैदिक काल में नारियों का सम्मान मर्यादायुक्त था तथा उनकी सामाजिक और धार्मिक स्थिति पुरूषों के समकक्ष भी वैदिक काल में नारियों की स्थिति का ज्ञान हमें वैदिक संहिताओं उपनिषदों से होता है। इस युग में पुत्रियों

को पुत्रों के समान अधिकार प्राप्त होते थे , उनको भी उपनयन, शिक्षा दीक्षा प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त था। वैदिक शिक्षा मुख्यतः धार्मिक और याज्ञिक होने के कारण स्त्रियों को भी यज्ञ संपादित करने का अधिकार था पत्नी अपने पति के साथ सहचरी रूप से यज्ञ का भाग बनती, यज्ञ करने हेतु निश्चित ही वेदों की ऋचाओं का ज्ञान आवश्यक था इसके लिए निश्चित रूप से स्त्रियों को शिक्षा दीक्षा प्राप्त होती थी। उपनयन संस्कार के अंतर्गत स्त्रियों जनेव भी धारण कर सकती थी व ब्रम्हचर्य का पालन करते हुए अपनी शिक्षा प्राप्त करती थी तथा ब्रम्हचारिणी का जीवन जीतीं थी। इस काल में वह अपनी शारीरिक व बौद्धिक क्षमता का विकास करते हुए संस्कृति तथा धर्म संबंधी अध्ययन करते हुए अपने भावी गृहस्थ जीवन को शुद्ध बना सकती थी। वैदिक काल में पुत्रियां अपने दाय भाग के लिए दावा कर सकती थी तथा न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकती थी इसके अलावा वे सार्वजनिक समारोह में हिस्सा ले सकती थी जो उनके शिक्षित होने का पर्याप्त सबूत देते हैं। ऐसी कई विदूषी नारियां हुई हैं जिन्होनें ना केवल वेदाभ्यास किया अपितु वेदों के ऋचाओं की रचना भी की। अपाला, व्योपाकाक्षीवति, लोपामुद्रा, निवावरि, सिकता कुछ विदूषियाँ ने ऋगवेद की ऋचाएं तक रच डाली रोमसा , उर्वशी भी हुई, उनके द्वारा रचित मंत्र वैदिक साहित्यों में सम्मिलत किए गए ।

वैदिक कालिन शिक्षा व्यवस्था व शूद्र शिक्षा :–

वैदिक कालिन शिक्षा व्यवस्था पर नजर डाले तो हम देखते हैं कि संपूर्ण समाज का दो भागों में विभाजन वर्गीय एंव सांस्कृतिक मात्र था। उत्तर वैदिक काल में आर्य और अनार्य का विरोध और द्विवर्ण समाप्त हो चुका था उसके स्थान पर चतुर्वण्य का उल्लेख मिलने लगा। त्रिस्तरीय तथा ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य तथा रथकार जिन्हें वर्षा ऋतु में यज्ञ कराने का अधिकार प्राप्त था इससे स्पष्ट होता हैं कि वे अन्य तीन जातियां से भिन्न थी ये शूद्र नहीं थे अपितु उच्च जातियां से निम्न श्रेणी के अवश्य थें, किंतु वे पाणिनी की रचना में शूद्र कहलाएं। वैदिक समाज में शूद्रों को भी उचित स्थान प्राप्त था। सामान्यतः प्राचीन भारतीय आचार्यों के अनुसार शूद्रों को विशिष्ट सेवा द्विजातियों की करना तथा उनसे भरण पोषण पाना था। किंतु फिर भी वैदिक काल में शूद्रों को अत्यधिक निम्न नहीं माना गया उन्हें वैदिक साहित्य पढ़ने का अधिकार था वैस्तरीय संहिता अनुसार कहा गया ''हमारे ब्राम्हणों में प्रकाश भरों, हमारें मुख्यों (राजाओं) में प्रकाश भरों वैश्यों एंव शूद्रों में प्रकाश भरों और अपने प्रकाश से मुझसे भी प्रकाश भरो '' इसी आधार पर डॉ शर्मा ने यह मत रखा कि प्रारंभ में शूद्र का भी उपनयन संस्कार होता रहा होगा हालांकि इस युग के कई ऐसे विद्वान हुए जो अपनी विद्वता के कारण पूजजीय हुए । इतर शूद्र से उत्पन्न आचार्य ''महिदास'' ऐतरेय ने ''ऐतरेय' ब्राम्हमण की रचना की। श्वपाक नारी से पाराशर ऋषि, धीवर कन्या से व्यास ऋषि गणिका से वशिष्ट चांडाल नारी से कपि जाबाद एंव नाविक स्त्री से उत्पन्न ऋषि मदनपाल शूद्र होते हुए भी समाज में अपनी विद्वता के कारण पूजनीय थे। इस प्रकार उत्तर वैदिक युग तक उपनयन संस्कार से वंचित होने पर भी शूद्रों को शिक्षा का अधिकार पूरी तरह से छीना नहीं गया था।

निष्कर्ष :– वैदिक कालिन शिक्षा व्यवस्था अपने आप में भारतीय शिक्षा व्यवस्था की पहचान है जो प्राचीनतम होने के साथ ही साथ महानतम भी है। वैदिक कालिन शिक्षा व्यवस्था बालकों को केवल शब्द ज्ञान नहीं कराती अपितु उसे भावी जीवन में होने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों के प्रति सचेत करते हुए शिक्षित करती हैं। वैदिक काल में शिक्षा के अंतर्गत संपूर्ण विकास का कार्य किया जाता जो बालक की प्रारंभिक शिक्षा से प्रारंभ होकर उपनयन संस्कार के अंतर्गत उच्च शिक्षा की ओर ले जाती।

जिसमे नारियों को भी समान अधिकार प्रदान करते हुए शिक्षा से वंचित नहीं किया गया। यहां तक की वैदिक काल में शूद्रों को भी शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार था, इस प्रकार एक सहज व्यवस्था होते हुए भी वैदिक कालिन शिक्षा व्यवस्था महानतम शिक्षा पद्धति थी।

संदर्भ ग्रंथ सूची–

1) वृहदारण्यक उपनिषद 5.2.1
2)अ.स.अल्तेकर, प्राचीन भारतीय शिक्षण पद्ति पृ. 202
3) वृहदाण्यक उपनिषद 6.2.7.1
4) आचार्य कुल वासिन। छान्दोग्य उपनिषण 2.23.2.1
5) अपनयनमानो ब्रम्हाचाारिणम्। अथर्ववेद 11.531
6) पी. वी. काणे धर्मशास्त्र का इतिकास पृ. 206
7) तेत्तिरीय संहिता 7.5.161
8) R.K. Mukerji, Ancient Indian Education.P.6